

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, आइए दिल से करें दिल की बात व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आश्विन कृष्ण पक्ष द्वादशी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 186, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान
आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।
सूर्योदय 06 : 07
सूर्यास्त 06 :03

मुरादाबाद, रविवार, 29 सितंबर 2024

देवरा की बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरुआत...15

# हिजबुल्ला प्रमुख नसरल्ला मारा गया

तेल अवीव, एजेंसी

- चरमपंथी संगठन ने की पुष्टि, ईरान के एक जनरल की भी मौत



इजराइली सेना ने हिजबुल्ला के साथ महीनों से जारी संघर्ष में उसे अब तक बड़ा झटका देते हुए बेरूत में शुक्रवार को हमला कर चरमपंथी समूह के नेता हसन नसरल्ला को मार गिराया।

लेबनान के हिजबुल्ला समूह ने भी अपने नेता और समूह के संस्थापकों में से एक नसरल्ला के मारे जाने की शनिवार को पुष्टि की। नसरल्ला हिजबुल्ला का अभी तक का सबसे ताकतवर नेता था। इस बीच ईरान ने कहा की कि उसके अर्धसैनिक बल रिवॉल्यूशनरी गार्ड के एक प्रमुख जनरल की भी बेरूत में हुए उस हवाई हमले में मौत हो गई, जिसमें नसरल्ला मारा गया। इजराइली सेना ने कहा कि जब हिजबुल्ला का नेतृत्व बेरूत के दक्षिण में दहियेह स्थित अपने मुख्यालय में बैठक कर रहा था, तभी एक सटीक हवाई हमला किया गया। इजराइली सेना ने कहा कि हिजबुल्ला के दक्षिणी मोर्चे के कमांडर अली कार्की और उसके अन्य कमांडर भी हमले में मार गिराए गए। इजराइल के चीफ ऑफ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल हर्जी हलेवी ने शनिवार को कहा कि नसरल्ला का खात्मा अंत नहीं है। हलेवी का बयान दर्शाता है कि अभी और हमले किए जा सकते है। हलेवी ने कहा कि हिजबुल्ला के नेतृत्व को निशाना बनाकर हमला किए जाने की लंबे समय से योजना बनाई जा रही थी।

इससे पहले इजराइली सेना ने बताया था कि उसने नसरल्ला को निशाना बनाकर शुक्रवार को बेरूत स्थित हिजबुल्ला के केंद्रीय मुख्यालय पर हमला किया, जहां एक के बाद एक भीषण विस्फोटों से कई ऊंची इमारतें ध्वस्त हो गईं। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि इस हमले में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 91 अन्य लोग घायल हो गए।

# दुश्मन को घर में घुसकर मारता है नया भारत : मोदी

## जम्मू में बोले प्रधानमंत्री -हमने गोली का जवाब गोले से दिया, कहा-कश्मीरियों को भ्रष्टाचार, आतंकवाद मुक्त सरकार की आस

जम्मू, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 सितंबर 2016 में की गई सीमापार सर्जिकल स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा कि आतंक के आका जानते हैं कि यदि वे कुछ गलत करेंगे तो मोदी उन्हें पाताल से भी ढूंढ़ निकालेगा। कहा कि इस दिन भारत ने दुनिया को संदेश दिया था कि यह नया भारत है और यह घर में घुसकर मारता है। मोदी ने यहां शनिवार को एमएएम स्टेडियम में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, नेशनल कॉन्फ्रेंस (नेकां) और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) को निशाने पर रखा। इन दलों को संविधान का सबसे बड़ा दुश्मन करार देते हुए मोदी ने कहा कि जम्मू कश्मीर के लोग शांति और अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए भ्रष्टाचार, आतंकवाद और अलगाववाद से मुक्त सरकार की आस लगाए हुए हैं।

मोदी ने रैली में दावा किया कि भाजपा के प्रति लोगों में जबर्दस्त उत्साह है। जम्मू-कश्मीर के लोग तीन परिवारों-कांग्रेस, एनसी और पीडीपी को वापस नहीं चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वे नौकरियों में भ्रष्टाचार एवं भेदभाव, आतंकवाद, अलगाववाद एवं रक्तपात नहीं चाहते हैं। इसके बजाय वे शांति और अपने बच्चों के लिए बेहतर भविष्य चाहते हैं। मोदी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पीढ़ियों के नुकसान के लिए सबसे बड़ी जिम्मेदार पार्टी है। आजादी के समय से ही पार्टी की गलत नीतियों ने विरोधी ताकतों का हौसला बढ़ाया। भाजपा सरकार ने आतंक के आकाओं के दिमाग को ठिकाने पर लाने के लिए गोलियों का जवाब मोर्टार गोलों से दिया। 28 सितंबर 2016 में हमने दुनिया को संदेश दिया था कि नया भारत घर में घुसकर मारता है।

### कांग्रेस पर अर्बन नक्सलियों का प्रभाव

मोदी ने आरोप लगाया कि यह वही कांग्रेस है जिसने यह सोचकर सशस्त्र बलों से झूठ बोला कि 'वन रैंक, वन पेंशन' सरकारी खजाने पर बोझ होगा। कांग्रेस पर 'अर्बन नक्सलियों' के प्रभाव में होने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि जब बाहर से घुसपैठिए आते हैं, तो उन्हें अच्छा लगता है, क्योंकि वे उन्हें वोट बैंक के रूप में देखते हैं। लेकिन हमारे अपने लोगों की समस्याओं के लिए वे चुटकुले सुनाते हैं।

### कांग्रेस-नेकां, पीडीपी संविधान की दुश्मन

मोदी ने कहा कि कांग्रेस, नेकां और पीडीपी संविधान की सबसे बड़ी दुश्मन हैं। उन्होंने इन दलों पर विभिन्न वर्गों के लोगों को मताधिकार से वंचित कर आंबेडकर के संविधान की भावना की गला घोंटने का आरोप लगाया। कहा कि भाजपा ने संविधान का सम्मान किया और पश्चिमी पाकिस्तानी शरणार्थियों, गोरखाओं और वाल्मीकि को मतदान का अधिकार दिया।

मास्टर कूपन सं.-5
उपहार ही उपहार
29.09.2024

# निर्मला सीतारमण पर एफआईआर

## कोर्ट के निर्देश पर प्राथमिकी, इलेक्टोरल बॉण्ड्स के जरिए जबरन वसूली का आरोप

## दावा : वित्तमंत्री व अन्य आरोपियों ने आठ हजार करोड़ से अधिक का उठाया फायदा

बेंगलुरु, एजेंसी



चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित एक शिकायत के बाद यहां की एक अदालत के निर्देश पर केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण और अन्य के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया। हालांकि इस योजना को अब निरस्त किया जा चुका है। पुलिस के अनुसार एक विशेष अदालत के आदेश के आधार पर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर भाजपा के पदाधिकारियों के खिलाफ जबरन वसूली और आपराधिक साजिश के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली की और 8,000 करोड़ रुपये से अधिक का फायदा उठाया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि सीतारमण ने ईडी अधिकारियों की गुप्त सहायता और समर्थन के माध्यम से राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर दूसरों के फायदे के लिए हजारों करोड़ रुपये की जबरन वसूली की। शिकायत में कहा गया है कि चुनावी बॉण्ड की आड़ में जबरन वसूली का काम विभिन्न स्तरों पर भाजपा के पदाधिकारियों की मिलीभगत से चलाया जा रहा था।

वित्तमंत्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद राज्य की सत्ताधारी पार्टी ने उनके इस्तीफे की मांग की है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जद (एस) नेता एवं केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने कहा, 'निर्मला सीतारमण को इस्तीफा क्यों देना चाहिए? क्या चुनावी बॉण्ड का पैसा निर्मला सीतारमण के निजी खाते में गया है, जिससे वह इस्तीफा दें? क्या उन्होंने आपकी (सिद्धारमैया) तरह सत्ता का दुरुपयोग कर खुद को फायदा पहुंचाया है?' विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं भाजपा नेता आर. अशोक ने कहा कि कांग्रेस को केंद्रीय वित्त मंत्री पर टिप्पणी करने का नैतिक अधिकार नहीं है और उनके खिलाफ चुनावी बॉण्ड मुद्दे और सिद्धारमैया के खिलाफ एमयूडीए मामले के बीच कोई तुलना नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा कि मुद्दा (चुनावी बॉण्ड) खत्म हो गया है। इस पर उच्चतम न्यायालय ने फैसला दिया है और हमारे नेता (प्राथमिकी के संबंध में) कानून के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे।

### सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दी थी चुनावी बॉण्ड योजना

वर्ष 2018 में शुरू किया गया चुनावी बॉण्ड राजनीतिक दलों को अनाम दान की अनुमति देता है और आलोचकों का तर्क है कि इस प्रणाली में पूरी तरह से पारदर्शिता नहीं है, जिससे चुनाव अभियानों में अवैध धन का इधर से उधर होने की प्रबल आशंका जताई गई है। सुप्रीम कोर्ट ने गत फरवरी माह में चुनावी बॉण्ड योजना को यह कहते हुए रद कर दिया था कि इससे संविधान के तहत सूचना के अधिकार और भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उल्लंघन होता है।

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की सीतारमण के इस्तीफे की मांग

**बेंगलुरु।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश देने पर मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को वित्त मंत्री के इस्तीफे की मांग की। सिद्धारमैया ने सवाल उठाया कि भाजपा ने इस मामले पर क्यों चुप्पी साधी हुई है। उन्होंने सुझाव दिया कि निष्पक्ष जांच करने से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का इस्तीफा भी हो सकता है। उन्होंने भाजपा के सहयोगी एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी के इस्तीफे की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा कि अदालत ने चुनावी बॉण्ड घोटाले के सिलसिले में सीतारमण के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया है। कर्नाटक भाजपा उनके इस्तीफे के लिए कब विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि अगर निष्पक्ष जांच की जाए तो प्रधानमंत्री को भी पद छोड़ना पड़ेगा। कुमारस्वामी को भी इस्तीफा दे देना चाहिए, जो जमानत पर बाहर हैं।

## एक नजर

### एनआईए का छत्तीसगढ़ में आठ स्थानों पर छापा

**कांकेर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने वर्ष 2023 में सेना के जवान की हत्या के मामले में छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले के आमाबेड़ा थाना क्षेत्र के उसेली, गुमझीर, बड़े तेवरा और ऊपर कामता में आठ से अधिक जगहों पर शनिवार को छापेमारी की है। गत 25 फ़रवरी 2023 को अज्ञात सशस्त्र नक़ाबपोश माओवादियों ने उसेली के वार्षिक मेला में घुम रहे सेना के जवान की गोली मार कर हत्या की थी। जवान का नाम मोती राम आचला था और वह ग्राम बेड़ तेवड़ा का निवासी था।

### दिल्ली में प्रदूषण मुक्ति के लिए धूल रोधी अभियान

**नई दिल्ली।** सर्दियों के दौरान बढ़ते धूल प्रदूषण को रोकने के लिए, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने शनिवार को शहर की 'शीतकालीन कार्य योजना' के हिस्से के रूप में एक व्यापक 14–सूत्री निर्माण दिशानिर्देश जारी किए। राय ने कहा कि नियमों का उद्देश्य निर्माण स्थलों से होने वाले धूल प्रदूषण से निपटना है। सात अक्टूबर से इन दिशा–निर्देशों को सख्ती से लागू किया जाएगा।

# हटाए जाएंगे जिलों में तीन साल पूरा कर चुके अधिकारी

- उपचुनाव वाले जिलों के लिए चुनाव आयोग के निर्देश

**लखनऊ।** भारत निर्वाचन आयोग ने विधानसभा उप चुनाव वाले जिलों से ऐसे प्रशासनिक अधिकारियों को हटाने का निर्देश दिया है, जो वर्तमान तैनाती स्थल पर तीन साल पूरा कर चुके हैं। आयोग ने उप चुनाव को स्वतंत्र व निष्पक्ष कराने को यह निर्देश दिया है। उप चुनाव के लिए अगले माह चुनाव कार्यक्रम भी जारी होने की संभावना है।

सूत्रों के अनुसार जिन अधिकारियों की सेवानिवृत्ति में छह माह या उससे कम समय बचा है, उन्हें भी दूसरी जगह स्थानांतरित करने का निर्देश दिया गया है। शासन के सूत्रों के अनुसार आयोग के इन निर्देशों की परिधि में कोई आईएएस अधिकारी नहीं आ रहे हैं, जबकि लगभग 40 एसडीएम दायरे में हैं। इन अधिकारियों को स्थानांतरित कर जानकारी आयोग को दी जाएगी। प्रदेश में जिन 10 विधानसभा सीटों पर उप चुनाव होने हैं, उनमें मैनपुरी की करहल, कानपुर की सीसामऊ, अयोध्या की मिल्कीपुर, अंबेडकर नगर की कटेहरी, मुरादाबाद की कुंदरकी, अलीगढ़ की खैर, गाजियाबाद, प्रयागराज की फूलपुर, मिर्जापुर की मझवा व मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट शामिल हैं।

# कुलगाम में हुई मुठभेड़ दो आतंकी मार गिराए

श्रीनगर, एजेंसी

- जम्मू-कश्मीर पुलिस के एएसपी समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल



जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच शनिवार को हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और एक अधिकारी समेत पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेर लिया था।

पुलिस ने बताया कि देवसर क्षेत्र के आदिगाम गांव में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया था, इसी दौरान उनके एवं आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल के निकट गोली लगने से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) मुमताज अली घायल हो गए हैं। आतंकवादियों के खिलाफ जारी अभियान में सेना के चार जवान भी घायल हुए हैं। कुलगाम मुठभेड़ पर कश्मीर के आईजीपी वीके बिरदी ने कहा कि शुक्रवार देर रात सुरक्षा बलों को आदिगाम इलाके में आतंकवादियों की गतिविधि के बारे में सूचना मिली थी। जब सुरक्षा बल वहां पहुंचे तो उन पर गोलीबारी की गई।

पुलिस ने बताया कि दो आतंकवादी मारे गए हैं तथा क्षेत्र में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। मुठभेड़स्थल से आपत्तिजनक सामग्री, हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया। मारे गए आतंकवादियों की पहचान और उनके समूह का पता लगाया जा रहा है।

### कठुआः आतंकियों के साथ मुठभेड़ में पुलिसकर्मी शहीद

**जम्मू।** कठुआ जिले के एक सुदूर गांव में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ के दौरान शनिवार शाम जम्मू–कश्मीर पुलिस का एक हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और एक सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि बिलावर तहसील के कोग–मंडली गांव में मुठभेड़ शाम लगभग साढ़े 5 बजे शुरू हुई, जब सुरक्षा बलों ने एक घर में आतंकवादियों के एक समूह की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच भारी गोलीबारी शुरू हो गई। गोलीबारी में एक पुलिस हेड कांस्टेबल शहीद हो गया और सहायक उपनिरीक्षक घायल हो गया।

# दिल्ली में 4 दिव्यांग बेटियों के साथ पिता ने की आत्महत्या

नई दिल्ली, एजेंसी

- घर से मिले सल्फास के 3 पैकेट



दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत कुंज दक्षिण थाना क्षेत्र के रंगपुरी गांव में 46 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी चार बेटियों के साथ जहर खाकर जान दे दी। उनके शव किराए के उनके घर से बरामद किए गए हैं।

पुलिस ने शनिवार को बताया कि चार में दो बेटियां दिव्यांग थीं और शवों की हालत से ऐसा लगता है कि उनकी मौत कई दिन पहले हो चुकी थी। मृतकों की पहचान पिछले 28 साल से वसंत कुंज में इंडियन स्पाइनल इंजरी सेंटर में बढ़ई के तौर पर काम करने वाले हीरालाल शर्मा और उसकी चार बेटियों नीतू (26), निक्की (24), नीरू (23) और निधि (20) के रूप में की गई है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि शव शुक्रवार दोपहर को मिले और उन पर चोट के कोई निशान नहीं है लेकिन घर में सल्फास जहर के तीन पैकेट, पांच गिलास और एक संदिग्ध तरल पदार्थ के साथ एक चम्मच मिली है। पुलिस को संदेह है कि यह आत्महत्या का मामला है क्योंकि किसी भी तरह की साजिश का कोई सबूत नहीं मिला है। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति की दो छोटी बेटियां दिव्यांग थीं जबकि पड़ोसियों ने बताया कि चारों दिव्यांग थीं।

# स्टालिन ने बेटे उदयनिधि को बनाया उपमुख्यमंत्री



**चेन्नई।** तमिलनाडु सरकार ने शनिवार को मंत्रिमंडल में फेरबदल करते हुए मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे एवं खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उप मुख्यमंत्री बनाया, जबकि पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को वापस मंत्रिमंडल में शामिल किया गया। सेंथिल बालाजी को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 471 दिनों की कैद के बाद दो दिन पहले जेल से रिहा किया गया था।

राजभवन की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि एमके स्टालिन द्वारा किए गए मंत्रिमंडल के बड़े फेरबदल में तीन मौजूदा मंत्रियों को हटाया गया, जबकि कुछ मंत्रियों के विभाग बदले गए। मंत्रिमंडल में दो नए मंत्री शामिल किए गए हैं। शपथ ग्रहण समारोह रविवार को दोपहर 15ः30 बजे होगा। 2021 के विधानसभा चुनावों में द्रमुक के शानदार बहुमत के साथ दस साल के अंतराल के बाद सत्ता में वापस आने और स्टालिन के पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद यह तमिलनाडु मंत्रिमंडल का पांचवां फेरबदल है।

# भुखमरी के कगार पर हैं, पेंशन बहाल करा दें साहब

डीपी शुक्ल, लखनऊ

- वर्ष 1991 में पीलीभीत में हुई मुठभेड़ में बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने डीजीपी से लगाई गुहार

**अमृत विचार :** 'भुखमरी की कगार पर हैं साहब, हमारी पेंशन बहाल हो जाती तो हमें व हमारे परिवार को बहुत राहत मिल जाती' यह गुहार 33 साल पहले पीलीभीत में 10 सिख आतंकवादियों को मुठभेड़ में ढेर करने वाले बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने डीजीपी प्रशांत कुमार से लगाई है। डीजीपी ने उन्हें न्याय का भरोसा दिया है।

बता दें कि 12 जुलाई 1991 को पीलीभीत के जंगलों में एक साथ तीन जगह हुई मुठभेड़ में यूपी पुलिस ने प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन आर्मी के नेता बलजीत सिंह उर्फ पप्पू समेत 10 सिख आतंकवादियों को मार गिराया था। मुठभेड़ पर सवाल उठे और सियासी हंगामा मचा तो हाईकोर्ट के न्यायाधीश केपी सिंह की अध्यक्षता में गठित आयोग ने जांच की।

रिपोर्ट में आयोग ने मुठभेड़ को सही करार दिया तो मारे गए आतंकियों के परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर सीबीआई जांच हुई। 4 अप्रैल, 2016 को दिए फैसले में सीबीआई कोर्ट ने सभी पुलिसकर्मियों को दोषी मानते हुए उम्रकैद सुनाई। इस पर आरोपी पुलिसकर्मियों के परिजनों ने हाईकोर्ट में अपील की। 15 दिसंबर 2022 को दिए अपने फैसले में हाईकोर्ट ने सीबीआई कोर्ट के आदेश को खारिज करते हुए मुठभेड़ को सही माना और पुलिसकर्मियों को आवश्यक से अधिक बल प्रयोग करना बताया। यही नहीं, आजीवन कारावास की सजा को निरस्त करते हुए 7 साल की सजा सुनाई। फैसला आने तक 10 पुलिसकर्मियों की मृत्यु हो चुकी थी। सजा काटने के बाद 13 बर्खास्त पुलिसकर्मियों ने बदहाल आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए सेवानिवृत्त आईजी बद्री प्रसाद सिंह के नेतृत्व में डीजीपी को प्रार्थना पत्र देकर पेंशन बहाली की गुहार लगाई है। बताया जाता है कि इस संबंध में डीजीपी मुख्यालय विधिक राय लेकर अपनी आख्या शासन को भेजेगा।

> मैं उस वक्त सिख आतंकवाद निरोधक अभियान का पुलिस अधीक्षक हुआ करता था। उक्त मुठभेड़ में बर्खास्त हुए व सात साल की सजा पूरी करने वाले 13 पुलिसकर्मियों के साथ मैं डीजीपी प्रशांत कुमार से 20 सितंबर को मिला और उनकी पेंशन बहाली के लिए निवेदन किया। डीजीपी ने न्याय का भरोसा दिया है।
> **–बद्री प्रसाद सिंह,** सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक



**उपलब्धि** पंत विश्वविद्यालय की शोधार्थी को मिली कार्बन नैनो ट्यूब बनाने में सफलता, कृषि रोबोटिक्स को मिलेगा बढ़ावा

# देश में बनेगी लीथियम आयन बैटरी, मोबाइल–लैपटॉप होंगे सस्ते

मृगांक मौली, पंतनगर



**अमृत विचार :** वह दिन दूर नहीं, जब लीथियम आयन बैटरियों का मुख्य घटक कार्बन नैनो ट्यूब देश में ही बनने लगेगा। पंत विवि की शोधार्थी को इसमें सफलता मिली है, जिसे ताइवान की एनएसटी यूनिवर्सिटी ने चार माह के लिए फेलोशिप दी है।

इस तकनीक से मोबाइल और लैपटॉप की बैटरियां सस्ती होंगी और उनकी स्टोरेज क्षमता बढ़ने सहित खेती भी सरसब्ज होगी, क्योंकि इन बैटरियों का उपयोग अब कृषि संबंधी रोबोटिक्स में भी किया जाने लगा है। गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय स्थित सीबीएसएच कालेज के रसायन विज्ञान विभाग में डॉ. एमजीएच जैदी और डॉ. समीना महताब के मार्गदर्शन में मनीषा पांडे शोधरत हैं। वह लीथियम आयन बैटरियों को बनाने में प्रयुक्त होने वाले कार्बन नैनो ट्यूब को ग्रीन प्रक्रम विधि से विकसित कर रही हैं, जिसमें वह काफी हद तक सफलता हासिल कर चुकी हैं। मनीषा को नेशनल सुन यटसेन यूनिवर्सिटी (एनएसटीसी) ताइवान में चार माह की फेलोशिप मिली है। इसके तहत वह वहां लीथियम आयन बैटरी और आर्गेनिक इश्यूज ऑफ कार्बन नैनो ट्यूब पर शोध करेंगी। मनीषा नेचुरल रिसोर्सेज से कार्ब नैनो ट्यूब बनाने के बाद पता लगाएंगी कि वह लीथियम आयन बैटरी पर किस तरह काम करती है और बैटरी की स्टोरेज क्षमता कितनी बढ़ सकती है। इससे उद्योगों को खर्चीले लेजर सिस्टम से निजात मिलेगी और उसकी जगह ग्रीन फ्रेंडली विधि से नैनो ट्यूब बनाकर देश में ही लीथियम आयन बैटरी बनाई जा सकेंगी।

**क्या है लीथियम आयन बैटरी :** वर्तमान में लैपटाप और मोबाइल में जो बैटरियां प्रयोग होती हैं, वह लीथियम आयन बैटरी होती हैं। इनमें कार्बन नैनो ट्यूब नामक नैनो मैटीरियल का प्रयोग होता है, जिसे अभी लेजर प्रक्रिया से बनाया जाता है। इस प्रक्रिया में ग्रेफाइट पर हाई एनर्जी की लेजर को अप्लाई करते हैं, जिसके बाद उसे आयरन से कैटेलाइज करना पड़ता है। जब यह कैटेलाइज होती है, तब उससे कार्बन नैनो ट्यूब बनती है। इस विधि में कार्बन नैनो ट्यूब तो बनती है, परंतु उसमें ग्रेफाइट की शुद्धता क्षीण हो जाती है। ग्रेफाइट से कार्बन नैनो की उत्पादकता मात्र 28–30 प्रतिशत ही है। यदि ग्रीन प्रक्रम विकसित होता है, तो कार्बन नैनो ट्यूब आसानी से बन सकेंगी। लेजर सेटअप काफी महंगा है। ऐसे में सस्टेनेबल स्माल स्केल पर ग्रीन फ्रेंडली अल्टरनेट कार्बन नैनो ट्यूब बनाया जा सकता है।

> कार्बन नैनो ट्यूब को इंडिया में ग्रीन फ्रेंडली विधि से बनाने में सफलता मिली तो हमारी चीन व अन्य देशों पर निर्भरता कम हो जाएगी। जिससे विदेशी मुद्रा देश में आएगी। अभी लीथियम आयन हमें अन्य देशों से खरीदना पड़ता है, फिर अन्य देश हमसे खरीदेंगे। **– डॉ . एमजीएच जैदी,** प्राध्यापक रसायन विज्ञान विभाग।

# विमान यात्री के खाने में मिला कॉकरोच

- दिल्ली से न्यूयार्क जा रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट

**नई दिल्ली।** एयर इंडिया के एक यात्री ने राष्ट्रीय राजधानी से न्यूयॉर्क जाने वाले विमान में परोसे गए ऑमलेट में कॉकरोच मिलने की शिकायत की है। वहीं, एयर इंडिया ने कहा है कि उसने आगे की जांच के लिए खानपान सेवा प्रदाता के समक्ष यह मामला उठाया है। यात्री ने कहा कि जब हमें यह पता चला तब तक मेरा दो साल का बच्चा आधे से ज्यादा ऑमलेट खा चुका था। इसके परिणामस्वरूप वह बीमार हो गया। यात्री ने एक छोटा वीडियो और तस्वीर भी साझा की। उसने पोस्ट में एयर इंडिया, डीजीसीए और नागरिक उड्डयन मंत्री को टैग किया।

# लखनऊ–छपरा एक्सप्रेस को बेपटरी करने की साजिश

बलिया, एजेंसी

- बलिया में रेलवे ट्रैक पर मिला पत्थर चालक की सूझ-बूझ से टला हादसा



बलिया-छपरा रेलखंड पर बलिया-मांझी स्टेशन के बीच शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक पर बड़ा पत्थर रखा मिला। लोको पायलट की सूझ-बूझ से बड़ी घटना होने से बच गई।

लखनऊ-छपरा एक्सप्रेस के लोको पायलट ने बकुला-मांझी रेलवे स्टेशनों के बीच रेलवे ट्रैक पर पत्थर देखा, जिसके बाद उसने इमरजेंसी ब्रेक लगाए। बाद में पत्थर सेफ्टी गार्ड से टकराने के बाद ट्रैक से हट गया, जिसके बाद लोको पायलट ने सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद ट्रेन को गंतव्य की ओर रवाना किया। घटना की सूचना के बाद छपरा, बलिया, वाराणसी और गोरखपुर के सुरक्षा अधिकारी व इंजीनियरों की टीम कुछ घंटे में मौके पर पहुंच गई। सीओ आरपीएफ, आरपीएफ प्रभारी बीके सिंह, छपरा प्रभारी और क्षेत्राधिकारी बैरिया मो. उस्मान, थाना प्रभारी बैरिया रामायण सिंह दलबल के साथ पहुंचे।

## शहर में आज



☞ भाजपा किसान मोर्चा की ओर से किसान सम्मेलन लोटस बैंक्वेट हाल निकट गागन तिराहा में 11:30 बजे

☞ विद्या भारती द्वारा क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ 9वीं बटालियन पीएसी का मैदान सुबह 9:00 बजे

☞ आर्य समाज (महानगर) रेलवे हरथला कॉलोनी का तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का पहला दिन सुबह 8:00 बजे

## एक नजर

### ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा में न हो ढिलाई

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने शनिवार को ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया। उन्होंने ईवीएम वेयर हाउस में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में आयोग के निर्देश और मानकों का सख्ती से पालन अधिकारी सुनिश्चित कराएं। इस दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन गुलाब चंद्र भी रहे।

### उर्स में रईस अनीस साबरी कव्वाल ने बांधा समा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के पीली कोठी स्थित हजरत शाह मोहम्मद इस्हाक मियां के उर्स के अंतिम दिन शनिवार को सुबह से ही अकीदतमंदों का तांता लगा रहा। सेक्रेटरी हाजी मोहम्मद इकबाल इस्हाकी ने बताया कि आखिरी दिन सुबह से ही दरगाह पर भीड़ रही। मगरिब के नमाज के बाद खास कुल शरीफ हुआ। मुफ्ती मुस्तजाब कदीरी ने दुआ कराई। कुल शरीफ में सीकरी शरीफ के नायब सज्जादानशी अदील लतीफी, रामपुर से आए फहद मियां, ऑल इंडिया खानकाही एकता मिशन के गुल्लू मियां, आरिफ मंसूरी, सरवर मियां, अली नईम चिश्ती सहित अनेक दरगाहों के सज्जादानशी ने शिरकत की। सज्जादानशी इकबाल इस्हाकी ने बताया कि कुल के बाद कव्वाली की महफिल सजी। जिसमें रईस अनीस साबरी और जावेद अजीम ने समां बांधा। मोहम्मद अफजाल इस्हाकी, मोहम्मद जमाल इस्हाकी, मोहम्मद कमाल इस्हाकी, हाजी नदीम इस्हाकी, आतीक सिद्दीकी, मोहम्मद जमाल, मोहम्मद कमाल, सुहेल इस्हाकी, बिलाल, खालिक, तारिक, सलीम शामिल रहे।

# प्रतियोगिताओं से निखरती है प्रतिभा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



कार्यक्रम को संबोधित करते डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, साथ में उपस्थित अन्य लोग।

- भाजपा महानगर की ओर से सेवा पखवाड़े के तहत कराई स्कूलों में निबंध, कला प्रतियोगिता

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर की ओर से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शनिवार को महानगर के कई विद्यालयों में प्रतियोगिताएं हुईं। इसमें कला, निबंध और भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने प्रतिभा दिखाई।

मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरती है और उन्हें आगे बढ़ने और समाज का नेतृत्व करने के अवसर प्राप्त होते हैं। परीक्षा कार्यक्रम संयोजक महावीर सिंह ने कहा कि यह प्रतियोगिता छात्रों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करेगी। विशिष्ट अतिथि सेवा पखवाड़ा अभियान के महानगर संयोजक व महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता आरएन इंटर कॉलेज, कौशल्या इंटर कॉलेज, महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज, एसडीएम इंटर कॉलेज लाइन पार, दिव्य सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज लाइनपार, डिप्टी जगन्नाथ सिंह सरस्वती विद्या मंदिर कटघर, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गुलाबबाड़ी सहित अन्य कॉलेजों में कराई। अभियान के संयोजक व भाजपा महानगर उपाध्यक्ष दिनेश सिसोदिया ने विद्यालय प्रबंधन, प्रधानाचार्यों, अध्यापकों के सहयोग के लिए आभार जताया। भाजपा के निमित जायसवाल ने बताया कि सभी विजेताओं को सोमवार-मंगलवार को उनके कालेजों में पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता के आयोजन में आरएन इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य छोटेलाल, चित्रगुप्त इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वीर सिंह, डॉ. सतीश चौहान, जफर हसन, नितिन शर्मा, बबीता महरोत्रा ने सहयोग किया।

### फ्लाई बिग कंपनी की महाप्रबंधक शिवानी जैन ने बताया दिवाली तक सेवा का होगा विस्तार

# कानपुर, देहरादून के लिए उड़ान की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



मुरादाबाद एयरपोर्ट का फाइल फोटो।

**अमृत विचार :** मुरादाबाद के मूंढापांडे हवाई अड्डे से दिवाली तक देहरादून, गाजियाबाद व कानपुर के लिए सेवा शुरू होने की उम्मीद है। वहीं एयरपोर्ट के विस्तार के काम में भी तेजी आई है। इसका दायरा बढ़ाने के लिए किसानों से सहमति पत्र लिया जा रहा है।

छह गांवों के 2207 किसानों की जमीन खरीद के सहमति ली जानी है। किसानों से कुल 169.76 हेक्टेयर जमीन खरीदने की तैयारी है। एयरपोर्ट विस्तार के लिए जमीन रिजर्व करने के लिए किसानों से सहमति पत्र लिया जा रहा है। भदासना स्थित हवाई अड्डे का भविष्य में विस्तार 169.76 हेक्टेयर में किया जाना है। भदासना गांव में स्थित हवाई अड्डा 157.65 एकड़ में फैला है। इसके विस्तार के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने नवंबर 2023 में पत्र लिखा था। इसमें 500 एकड़ जमीन और उपलब्ध करवाने की मांग की थी। इसके लिए अब हवाई अड्डे से सटे गावों भदासना, सिरसखेड़ा, हरसेनपुर, नियामतपुर, इकरौटिया, मूंढापांडे और टाहमदन गांव 169.76 हेक्टेयर जमीन इसमें शामिल किया जाना प्रस्तावित है। एयरपोर्ट से कानपुर, देहरादून, गाजियाबाद के लिए दिवाली तक उड़ान की तैयारी में विमान सेवा प्रदाता फ्लाई बिग कंपनी प्रबंधन जुटा है। कंपनी की महाप्रबंधक शिवानी जैन ने बताया कि एयरपोर्ट के विस्तार के साथ विमान सेवा का भी विस्तारित होगा। गाजियाबाद, कानपुर, देहरादून के लिए विमान सेवा की तैयारी की जा रही है। उम्मीद है कि दिवाली तक यह सेवा प्रारंभ हो जाएगी।

### 10 अगस्त को शुरू हुई थी लखनऊ के लिए हवाई सेवा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद के मूंढापांडे हवाई अड्डे से 10 अगस्त को विमान सेवा की उड़ान की शुरुआत हुई थी। इस दिन आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार में पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह थे। लखनऊ के लिए सप्ताह में मंगलवार, गुरुवार व शनिवार को विमान सेवा की सुविधा शुरु होने से स्थानीय लोगों को काफी राहत मिली थी। कार्यक्रम के दौरान आगामी दिनों में गाजियाबाद, देहरादून और अन्य शहरों के लिए हवाई सेवा का जल्द शुरू करने आश्वासन फ्लाई बिग कंपनी और एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों ने दिया था।

# बुखार के मरीजों से भरा जिला अस्पताल

### पैथोलॉजी में जांच कराने के लिए आए मरीजों व स्टाफ में हुई नोकझोंक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में जांच कराने पहुंचे लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** इन दिनों वायरल बुखार के मरीजों की संख्या अस्पतालों में बढ़ी है। शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में फिजिशियन कक्ष में बुखार के मरीजों की संख्या अधिक रही। वहीं पैथोलॉजी में जांच कराने वालों की लंबी कतार लगी रही।

मौसम के असंतुलन से लोग बीमार पड़ रहे हैं। वायरल बुखार के अलावा मलेरिया, डेंगू के लक्षण वाले मरीज भी जिला अस्पताल के अलावा निजी चिकित्सकों से इलाज कराने पहुंच रहे हैं। शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में फिजिशियन कक्ष में वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. राम किशोर मरीजों को परामर्श दे रहे थे। उनकी ओपीडी में भीड़ थी। उन्होंने बताया कि इन दिनों वायरल बुखार के मरीजों की संख्या अधिक है। कुछ में मलेरिया, डेंगू बुखार के भी लक्षण दिखाई देने से रक्त जांच के लिए परामर्श दिया है। बताया कि ओपीडी में 150-200 मरीज प्रतिदिन पहुंच रहे हैं। जिसमें अधिकांश बुखार, सर्दी, खांसी, सांस फूलने की समस्या वाले हैं। इन दिनों इम्यूनिटी कम होने से लोगों को दिक्कत हो रही है। मरीजों को सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। ठंडी चीजों, बाजार के खुले खाद्य सामग्री से परहेज करें। बारिश में भीगने से बचने की जरूरत है। पानी उबालकर पीएं। उन्होंने बताया कि बुखार के मरीजों को डेंगू, मलेरिया आदि की जांच कराने के लिए परामर्श दिया जा रहा है।

वहीं जिला अस्पताल की पैथोलॉजी में रक्त जांच कराने वालों की लंबी कतार लगी रही। कई मरीजों की वहां कार्यरत स्टाफ से जांच जल्द कराने को लेकर नोकझोंक भी हुई। पैथोलॉजी में तैनात सुरक्षा कर्मियों ने व्यवस्था संभाली। लोगों को कतार में लगने व धैर्य बनाए रखने की सलाह दी।

जिला अस्पताल की प्रमुख अधीक्षक डॉ. संगीता गुप्ता का कहना है कि मौसम में असंतुलन के चलते इन दिनों वायरल बुखार के मरीजों की संख्या अधिक है। अस्पताल में बुखार और डेंगू के मरीजों के लिए अलग वार्ड बना हुआ है। पैथोलॉजी में जांच कराने वालों की संख्या अधिक होने से कभी असहज स्थिति होने पर सुरक्षा गार्ड संभालते हैं। मरीजों के इलाज व दवा की पर्याप्त व्यवस्था है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अक्टूबर से

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



बैठक करते जिलाधिकारी अनुज सिंह, साथ में सीडीओ सुमित यादव व अन्य।

- स्वास्थ्य केंद्रों पर उपचार व जांच का पर्याप्त प्रबंध कराएं चिकित्साधिकारी: जिलाधिकारी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण, दस्तक अभियान की द्वितीय जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय बैठक और जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने अभियान की सफलता के लिए सभी से अपनी जिम्मेदारी ईमानदारी व गंभीरता से निभाने का निर्देश दिया।

बताया गया कि विशेष संचारी रोग अभियान का द्वितीय चरण 1 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें दस्तक अभियान तृतीय चरण 11 से 31 अक्टूबर तक प्रस्तावित है। जिलाधिकारी ने माइक्रो प्लान के अनुसार कार्य बेहतर तरीके से करने का निर्देश दिया।

जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक के अंतर्गत वैक्सीन अवाइडेंस बिहेवियर चिह्नीकरण में बिलारी की स्थिति खराब होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने इसमें सुधार करने के लिए कहा। जिले में डिप्थीरिया के मामले मिलने पर जिलाधिकारी ने सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को डिप्थीरिया आउटब्रेक पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर दवा की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कहा। कहा कि जन सामान्य की सुविधा के लिए इसका डिस्प्ले बोर्ड पर किया जाए। जिलाधिकारी ने चिकित्साधिकारियों से कहा कि पैथोलॉजी जांच की रिपोर्ट मरीजों को कम्प्यूटराज्ड रूप में उपलब्ध कराई जाए। स्वास्थ्य केंद्रों पर सफाई, ओपीडी में बैठने, बिजली, पेयजल आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के लिए कहा। स्वास्थ्य केन्द्रों पर मानव संसाधन, एम्बुलेंसों में आवश्यक दवाओं की उपलब्धता निश्चित करने के लिए कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ कुलदीप सिंह, उपमुख्य चिकित्साधिकारी/नोडल अधिकारी डॉ संजीव बेलवाल, जिला मलेरिया अधिकारी पीएन यादव, बीएसए, एसीएमओ, अपर नगर आयुक्त, जिला विकास अधिकारी, खण्ड विकास अधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी मौजूद रहे।



समीक्षा करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, साथ में अन्य अधिकारी।

# बैठक से नदारद रहे तीन अधिकारी, मांगा जवाब

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय सभागार में शनिवार को समीक्षा बैठक हुई। इसमें 1 करोड़ रुपये से अधिक लागत के निर्माणाधीन कार्यों व त्वरित विकास योजना के अन्तर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा हुई। बैठक से नदारद रहने पर संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा, उपनिदेशक उद्यान और क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने का निर्देश मंडलायुक्त ने दिया।

मंडलायुक्त ने निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति संतोषजनक न होने पर नाराजगी जताई। मुख्य अभियंता लोनिवि, प्रोजेक्ट मैनेजर राजकीय निर्माण निगम, एसई (आरईएस) और एसई (जल निगम शहरी) को भी स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। सीएंडडीएस द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति पर भी मंडलायुक्त ने असंतोष जताया।

# परिवहन विभाग की कनेक्टिविटी न होने से आवेदनकर्ता परेशान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** संभागीय परिवहन विभाग में परमानेंट लाइसेंस की प्रक्रिया में लोगों को 15 दिन से दिक्कतों का सामना करना पढ़ा रहा है। कार्यालय में कभी कनेक्टिविटी नहीं होती तो कभी फोटो आवेदक की फोटो ऑनलाइन फाइल बायोमेट्रिक पर चली जाता है। या फिर कभी फोटो लेने वाले कर्मचारी अपनी जगह पर नहीं मिलते। ऐसे में अस्थायी लाइसेंस बनाने के बाद विभाग की वेबसाइट पर परमानेंट के लिए सैकड़ों लाइसेंस पेंडिंग पड़े हैं। जिससे दूरदराज से आने वाले आवेदकों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

आजकल संभागीय परिवहन विभाग के कार्यालय में कनेक्टिविटी फेल होना आम बात है। यदि आप दूरदराज के रहने वाले हैं तो पहले फोन करके जानकारी कर लें नहीं तो बिना कार्य पूरा हुए ही वापस जाना पड़ सकता है। विशेषकर शनिवार को कनेक्टिविटी दोपहर बाद परेशान करती है। ऐसे में आवेदन करने वालों को अक्सर बिना कार्य पूरा हुए वापस जाना पड़ रहा है। शनिवार को अपनी बेटी का ड्राइविंग लाइसेंस बने पहुंचे मोहल्ला नवाबपुरा के निवासी मोहम्मद जमील ने बताया कि पिछले 15 दिनों में दो बार संभागीय परिवहन विभाग का चक्कर लगाना पड़ रहा है। पहले फोटो खिंचवाने के बाद कनेक्टिविटी फेल होने के कारण फोटो साइट पर अपलोड नहीं हो पाया। दोबारा फोटो खिंचवाने के बाद बायोमेट्रिक के लिए बुलाया गया। तीसरी बार आने पर फोटो लेने वाला ही सीट से गायब है।ठाकुरद्वारा के गांव नाहरवाला के निवासी रणवीर सिंह ने बताया कि मैंने चार पहिया के लिए आवेदन किया था। लेकिन जब लाइसेंस मेरे घर पहुंचा तो वह दो पहिया का लाइसेंस था। जिसके बाद दोबारा से आवेदन करने के लिए कहा गया है। जिसमें मैंने दोबारा अस्थायी लाइसेंस के लिए एक महीने पहले आवेदन किया था। अब दो बार परमानेंट लाइसेंस के लिए आ चुका हूं, पहले भी कनेक्टिविटी फेल होने के कारण वापस जाना पड़ा था। अब भी कनेक्टिविटी नहीं है।

> संभागीय परिवहन विभाग की कनेक्टिविटी कुछ दिन से परेशान कर रही है। शनिवार को दोपहर से कनेक्टिविटी अक्सर नहीं रहती। यूपी को छोड़कर केंद्र व अन्य राज्यों में शनिवार रविवार की छुट्टी रहती है। इसलिए नेटवर्क भी बंद होने के कारण परेशानी आती है।
>
> **-हरिओम सिंह, आरआई संभागीय परिवहन विभाग**

### क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह आज

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा रविवार को क्षत्रिय स्वाभिमान व हित चिंतन समारोह रविवार को मूंढापांडे ब्लॉक के गांव भीतखेड़ा स्थित उत्सव मंडप में होगा। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने बताया कि समारोह में सरधना से पूर्व विधायक संगीत सोम, विधान परिषद सदस्य डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त, बढ़ापुर के विधायक कुंवर सुशांत सिंह, दातागंज विधानसभा के विधायक राजीव कुमार सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह व मंडल अध्यक्ष महेंद्र कुमार सिंह अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा। जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचने की अपील की है।




### दिक्कत: घर जाने वाले लोगों ने अभी से ट्रेनों में करा लिया आरक्षण, 15 हजार के ऊपर पहुंची वेटिंग

# दिवाली और छठ से पहले ही ट्रेनों में होने लगीं सीटें फुल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



> त्योहार के कारण लोग कई दिन पहले से टिकट की बुकिंग कर रहे हैं। जिसके चलते कई स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की गई है। त्योहार के नजदीक आने पर कुछ और ट्रेनों की घोषणा होगी।
>
> **-आदित्य गुप्ता, सीनियर डीसीएम**

**अमृत विचार :** दिवाली और छठ पूजा का त्योहार आने में लगभग एक महीना से ज्यादा का समय है। लेकिन उससे पहले ही पूरब की ओर जाने वाली लगभग सभी ट्रेनों में सीटें फुल हो गई हैं। जिसमें 15 हजार से ज्यादा यात्रियों के टिकट वेटिंग में है। 10 नवंबर तक वाराणसी, लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर व बिहार समेत पूरब दिशा के अन्य जिलों की ओर जाने वाली ट्रेनों में सीटें पूरी तरह आरक्षित हो चुकी है। वहीं दूसरी ओर पंजाब, जम्मू व दिल्ली जाने वाली ट्रेनों में भी टिकट बुक होने लगे हैं। दिवाली और छठ पूजा के लिए अभी से ट्रेनों के फुल होने पर रेलवे प्रशासन द्वारा लगातार स्पेशल ट्रेनों के संचालन के लिए एलान किया जा रहा है।

हर साल दिवाली और छठ पूजा पर ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ उमड़ती है। दोनों ही त्योहारों के आने से काफी समय पहले ही पूरब की ओर जाने वाली ट्रेनों में सीट बुक हो जाती है। इस बार दिवाली एक नवंबर को है। जबकि छठ पूजा आठ नवंबर को मनाई जाएगी। जिसके लिए मुरादाबाद में रहने वाली पूरब के लोग दिवाली व छठ पूजा पर्व मनाने के लिए बिहार, लखनऊ, गोरखपुर समेत अन्य जनपदों में जाते हैं। इस बार एक महीने पहले ही पूरब की ट्रेनों में सीटें फुल हो गई। रेलवे के आंकड़े के अनुसार मुरादाबाद से हर दिन लगभग चार हजार से ज्यादा यात्री ऑनलाइन काउंटर से टिकट बुकिंग कराते हैं। लेकिन मौजूदा समय में यह आंकड़ा पांच हजार को पार करने लगा है। जिससे रेलवे की आय में भी इजाफा हुआ है। शहीद एक्सप्रेस, श्रमजीवी एक्सप्रेस, अवध असम, गरीब नवाज, काशी विश्वनाथ, दुर्गियाना एक्सप्रेस सामान्य ट्रेनों के स्लीपर कोच से लेकर प्रथम एसी में भी फुल हो चुके हैं। वहीं दिल्ली, जम्मू, पंजाब व चंडीगढ़ के लिए भी ट्रेनों में बुकिंग शुरू हो गई है। जिसके चलते रेलवे प्रशासन स्पेशल ट्रेनों की लगातार घोषणा कर हा है।

### विकल्प स्कीम बनेगी मददगार

**मुरादाबाद, अमत विचार :** अगर आप भी त्योहार पर घर जाने का प्लान बना रहे हैं और ट्रेन में कंफर्म टिकट नहीं मिल रहा तो आपके लिए विकल्प स्कीम मददगार साबित होगी। जिसके लिए यात्री को आईआरसीटीसी से ऑनलाइन बुकिंग करते समय विकल्प का ऑप्शन चुनना होगा। जिससे आपकी ट्रेन में सीट कंफर्म न होने पर समान रूट की किसी दूसरी ट्रेन में उपलब्धता के आधार पर सीट दे दी जाएगी। आपको दोबारा बुकिंग नहीं करनी पड़ेगी।

### सुभासपा ने मनाई भगत सिंह की जयंती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** शनिवार को सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने शहीद भगत सिंह की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई। जिसमें सुभासपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

दिल्ली रोड स्थित गागन चौराहे से सुभासपा के जिला कार्यालय तक रैली का आयोजन किया गया। तत्पश्चात जिला कार्यालय पर शहीद भगत सिंह के चित्र पर फूल अर्पित कर मिठाई का वितरण किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रवि चौधरी ने बताया भगत सिंह महान स्वतंत्रता सेनानी थे, जिन्होंने अंग्रेजों से आजादी पाने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष मनोज कुमार जाटव, अमित चौधरी, जतिन राय, हर्ष गौतम, आर्यन, प्रशांत सिंह, मनीष जैन, सूरज सैनी, अनमोल ठाकुर, जीशान, अमन प्रधान, सौरभ, आशीष, क्रिश, शोभित, नाजिर, प्रिंस, लड्डू, राहुल ठाकुर व आकाश शामिल रहे।

# डीआईजी ने कहा, निष्पक्ष कार्रवाई करेगी पुलिस

**ठाकुरद्वारा बवाल** गांव पहुंचकर मुनिराज जी ने घटना की ली जानकारी, परिजनों को दी सांत्वना

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव तरफ दलपतपुर में शुक्रवार को ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद हुए बवाल के बाद डीआईजी मुनिराज ने घटना का संज्ञान लेकर शनिवार को टीम के साथ गांव पहुंचे। वहां मृतक के परिजनों से मिलकर सांत्वना दी। इसके बाद उन्होंने घटनास्थल का भी निरीक्षण किया। डीआईजी ने मृतक के परिवार को मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

थाना क्षेत्र तरफ दलपतपुर गांव निवासी धर्मपाल का बेटा लोकेश उर्फ मोनू (25) की ट्रैक्टर के पहिये से कुचलकर मौत के बाद ग्रामीणों ने पुलिस को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। दो घंटे तक से अधिक चले बवाल में 2 पुलिसकर्मी जख्मी हुए थे। ग्रामीणों ने पुलिस कर्मियों पर अवैध खनन के शक में खाली ट्रैक्टर ले जा रहे मोनू का पीछा कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए दो पुलिसकर्मियों अनीस और नरेश को नामजद करते हुए चार पुलिस कर्मियों के खिलाफ हत्या करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने सीओ ठाकुरद्वारा राजेश कुमार को सर्किल से हटाकर जिला मुख्यालय संबद्ध कर दिया और थानेदार सुदेश पाल सिंह, सिपाही आरोपी अनीस समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया है।

डीआईजी मुनिराज जी शनिवार को घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने मृतक के परिजनों के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक मोनू के परिजनों को भी सांत्वना दी है। डीआईजी मुनिराज जी ने बताया है कि गांव वालों के आरोपों के आधार पर आरोपी पुलिस कर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की गई है। मामले में एसएसपी सतपाल अंतिल घटना की जांच करा रहे हैं। साथ ही पूरे प्रकरण की बिंदुबार जांच हो रही है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।


गांव तरफ दलपतपुर में घटनास्थल का निरीक्षण करते डीआईजी मुनिराज जी।

### घटनास्थल पर भी पहुंचे डीआईजी

डीआईजी मुनिराज जी ने शनिवार को गांव पहुंच कर मृतक मोनू के परिजनों से बातचीत की। परिजन डीआईजी को घटनास्थल पर लेकर पहुंचे। डीआईजी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। साथ ही परिजनों ने डीआईजी के सामने दो मांगें रखीं हैं। परिजनों ने डीआईजी से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच और पुलिस पर हमलावर ग्रामीणों के खिलाफ कार्रवाई न हो इसकी मांग की है। परिजन इन्हीं दो मांगों के आधार पर शुक्रवार देर रात मोनू का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुए थे। डीआईजी मुनिराज जी ने परिजनों को मामले की निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया है।

# ट्रैक्टर के पिछले टायर से कुचलकर हुई मोनू की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद शुक्रवार सुबह हुआ बवाल शांत होने के बाद भी ग्रामीण और मृतक के परिजन स्थानीय पुलिस को कटघरे में खड़ा करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। वारदात के दौरान के कई वीडियो और फोटो सामने आए हैं, जो बेहद चौकाने वाले हैं। एक फोटो में मोनू का शव ट्रैक्टर के पीछे के टायर के नीचे दबा हुआ है, जबकि उसका सिर टायर के बीच वाले हिस्से से सटा है। फोटो देखकर ग्रामीण सवाल खड़े कर रहे हैं कि ट्रैक्टर के चालक की सीट से उछलकर गिरने के बाद मोनू टायर के नीचे दबा गया, लेकिन उसी के बाद ट्रैक्टर बंद कैसे हुआ ? हालांकि छोटी-मोटी बाधा ट्रैक्टर आसानी से पार कर देता है। फिलहाल एसएसपी की निगरानी में पूरे प्रकरण की जांच की जा रही है।

ठाकुरद्वारा पुलिस द्वारा अवैध खनन की आशंका में पीछा करने के दौरान ट्रैक्टर चालक थाना क्षेत्र के तरफ दलपतपुर गांव निवासी धर्मपाल के बेटे लोकेश उर्फ मोनू (25) की मौत हो गई थी। इसके बाद ग्रामीण भड़क गए थे और पुलिस पर हमला कर दिया था। इस दौरान घटना को लेकर लगातार कई वीडियो और फोटो सामने आ रहे हैं। गांव के पूर्व प्रधान मनोहर सिंह ने बताया कि मोनू करीब 2:30 बजे घर ट्रैक्टर ट्राली लेकर घर से निकला था। इसी दौरान के एक सीसीटीवी फुटेज में करीब 3 बजे पुलिस की सफेद रंग की कार मोनू के ट्रैक्टर का पीछा करती नजर आ रही है। पुलिस से बचने के लिए मोनू ने ट्रैक्टर धान के खेत में घुसा दिया। इसी दौरान करीब 4 बजे मोनू ट्रैक्टर के टायर के नीचे दबने से मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने थाना पुलिस पर मोनू की हत्या करके शव ट्रैक्टर के नीचे दबाने का आरोप लगाया था और दो नामजद समेत चार पुलिस कर्मियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

ग्रामीणों ने शनिवार को मौके का फोटो देखकर अपने आरोपों को और तेजी के साथ दोहराना शुरू कर दिया है। इस फोटो में मोनू ट्रैक्टर के पिछले टायर के नीचे दबा दिख रहा है और उसका सिर टायर के बीच वाले हिस्से से सटा है। ग्रामीणों का तर्क है कि अगर मोनू ट्रैक्टर की सीट से उछल कर गिरा और उसके पहिये के नीचे आ गया, जिससे उसकी मौत हुई है। ऐसे में ट्रैक्टर उसके शरीर पर ही आकर कैसे बंद हो गया, जबकि ट्रैक्टर शरीर से भी मोटी और ऊंची आंट आसानी से पार कर जाता है। दूसरा कि ट्रैक्टर का पीछा कर रहे कार सवार पुलिस कर्मी कहां थे? ऐसे में मोनू की मौत में स्थानीय पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। फिलहाल एसएसपी की निगरानी में पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है। एसएसपी ने शुक्रवार को ही ठाकुरद्वारा थानेदार समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित किया था। साथ ही सीओ राजेश कुमार को भी सर्किल से हटाकर जिला मुख्यालय से संबद्ध कर दिया था।


ट्रैक्टर के पिछले पहिये से दबा मोनू का शव। ● अमृत विचार

### एक घंटे तक जिंदगी और मौत की जंग लड़ता रहा मोनू

धान के खेत में ट्रैक्टर घुसाने के बाद उछलकर ट्रैक्टर के पहिये से दबने के बाद मोनू करीब एक घंटे तक जिंदगी और मौत की जंग लड़ता रहा। सूत्रों के मुताबिक टायर से दबने के बाद मोनू चीखा चिल्लाया, लेकिन गांव से 500 मीटर दूर उसकी चीखें किसी ने नहीं सुनी। मोनू के घर से निकलने के आधे घंटे बाद ही पुलिस की गाड़ी ने उसका पीछा करना शुरू कर दिया था। ट्रैक्टर को भगाते-भगाते मोनू गांव से 500 मीटर दूर निकल गया था। इसी दौरान धान के खेत में अनियंत्रित ट्रैक्टर घुस गया। टायर से निकलने के लिए मोनू ने प्रयास किया था, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद एक घंटे तक जिंदगी और मौत से लड़ते-लड़ते मोनू ने दम तोड़ दिया।

### आज का मौसम

मौसम साफ रहेगा, हल्के बादल रहेंगे।

| 31.0° अधिकतम तापमान | 24.0° न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| सूर्योदय 06:06 | सूर्यास्त 06:04 |

श्री बाली जी एण्ड पार्टी

हमारे यहाँ श्रीमदभागवत कथा, श्रीराम कथा एवं समस्त धार्मिक प्रोग्रामों को संगीतमय कराने हेतु सम्पर्क करें।



भागवत आचार्य:- श्री शिव कुमार जी
मो.- 9410478735
पता- गोविन्द नगर, ब्लॉक-बी, मुरादाबाद-244001

## एक नजर

### पीड़ित परिवार को पारिवारिक लाभ योजना से मिलेगी मदद

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा के दलपतपुर प्रकरण में जिला प्रशासन की ओर से मृतक के परिवार के आश्रितों को पारिवारिक लाभ योजना के अन्तर्गत आर्थिक मदद मिलेगी। मामले में शासन की ओर से अभी कोई सहायता की घोषणा नहीं की गई है। ठाकुरद्वारा प्रकरण में जान गंवाने वाले युवक के परिवार वाले गम में डूबे हैं। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी लगातार पीड़ित परिवार के संपर्क में हैं। वहीं जिलाधिकारी अनुज सिंह प्रकरण वाले दिन ही मौके पर गए थे। जहां उन्होंने परिवार के लोगों को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया था। अब जिलाधिकारी ने परिवार को पारिवारिक लाभ योजना के तहत सहायता दिलाने के लिए कदम उठाया है। बताया कि इस योजना के तहत परिवार को आर्थिक सहायता दी जा रही है। यदि शासन की ओर से कोई मदद की घोषणा होगी तो उसे भी जरूर दिलाया जाएगा।




निगरानी के लिए लगे सीसीटीवी कैमरे।

### सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे फोटो

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव में शुक्रवार हुए बवाल की फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहे हैं। वीडियो में सैकड़ों ग्रामीण आक्रोशित नजर आ रहे हैं, तो कई लोग सहानुभूति दिखा रहे हैं। ट्रैक्टर ट्राली का पीछा करने वाली पुलिस की सफेद रंग की कार का भी वीडियो वायरल हो रहा है। ठाकुरद्वारा थाना के गांव तरफ दलपतपुर में अवैध खनन के शक में ट्रैक्टर ट्राली का पीछा कर रही पुलिस की सफेद रंग कार खेत में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

# अफसरों को रखा अंधेरे में, बिगड़ गए हालात

प्रदीप यादव, मुरादाबाद

- पुलिस उग्र भीड़ के मंसूबे भांप पाती तब तक हालात बिगड़ गए
- अफसरों को बिगड़े हालात संभालने के लिए बहाना पड़ा पसीना

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के गांव में शुक्रवार को ट्रैक्टर चालक की मौत के बाद ग्रामीणों के उग्र तेवरों के चलते हुए बवाल में स्थानीय पुलिस की घोर लापरवाही सामने आई है। आला अधिकारियों को अंधेरे में रखकर स्थानीय पुलिस अपने स्तर से ही मामला सुलटाने में लग गई। इससे ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ता गया और लगातार भीड़ बढ़ती गई। पुलिस उग्र भीड़ के मंसूबे भांप पाती तब तक हालत बिगड़ गए। डीएम और एसएसपी भारी पुलिस फोर्स के साथ पहुंचने पर स्थित पर काबू पाया गया।

थाना क्षेत्र के थाना क्षेत्र तरफ दलपतपुर गांव निवासी लोकेश उर्फ मोनू (25) की मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों से सुबह 6 बजे धान के खेत से ट्रैक्टर के पहिये से दबे शव को निकालकर कब्जे में ले लिया था। परिजनों ने सुबह आठ बजे पुलिस को घटना की सूचना दी थी। दो घंटे में ग्रामीणों ने मोनू की मौत का राज जानने के लिए रोड पर लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल डाले। फुटेज देखने के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने ट्रैक्टर का पीछ करते हुए पुलिस की सफदे रंग की कार की शिनख्त कर ली। ट्रैक्टर चालक की मौत की सूचना मिलने के बाद भी उसी सफदे रंग की कार से सिपाही अनीस समेत अन्य पुलिस कर्मी गांव पहुंच गए। ग्रामीणों ने सफेद रंग की कार की पहचान करके पुलिस कर्मियों को घेर लिया। मृतक मोनू सिपाही अनीस पर पहले भी अवैध वसूली का आरोप लगा चुका था।

धीरे-धीरे भीड़ बढ़ती गई और गुस्से के कारण वह अनियंत्रित भी होती गई। मौका पाकर ग्रामीणों ने सभी पुलसकर्मियों को घेर लिया। सूचना पर थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ भी मौके पर पहुंच गए। आठ बजे से 11 बजे तक स्थानीय पुलिस अपने स्तर से ही मामला निपटाने में लगी रही। ग्रामीणों के मंसूबों को पुलिस भांप पाती। इससे पहले भीड़ अनियंत्रित हो गई और फिर पुलिस वालों पर ही हमलावर हो गयी। सिपाही अनीस को देखकर भीड़ का गुस्सा और उग्र हो गई। हालात बिगड़ने के बाद भी स्थानीय पुलिस आला अधिकारियों को अंधेरे में रखे रही, जिससे हालत और बिगड़ गए, जबकि स्थानीय पुलिस को अवैध खनन के मामले में आला अधिकारियों की अनुमति के बिना कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए गए थे। हालांकि स्थानीय पुलिस आला अधिकारियों के निर्देशों पर खरी नहीं उतरी। बाद में डीएम अनुज सिंह और एसएसपी सतपाल अंतिल ने भारी पुलिस बल और पीएसी के साथ पहुंच कर हालात को नियंत्रित किया। ग्रामीणों और मृतक परिजनों से वार्ता करके उनके आक्रोश को भी शांत कराया। इसके बाद ही हालात काबू में आ सके।


ठाकुरद्वारा के गांव तरफ दलपतपुर में मृतक लोकेश के घर पर गमजदा परिजन।

> ठाकुरद्वारा में शुक्रवार को हुए बवाल की हर बिंदु पर गहना से जांच की जा रही है। आरोपी सिपाही को सुरक्षा के कारण निजी अस्पताल में भर्ती किया गया है। मामले की जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।
>
> -सतपाल अंतिल, एसएसपी

### बवाल के बाद मृतक के घर में छाया मातम

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** मोनू की मौत के बाद मृतक के घर और गांव में सन्नाटा पसर गया है। चौपालों पर बैठकर महिलाएं और पुरुष कल की घटना दोहराते हुए नजर आए। सड़कों पर इक्का-दुक्का व्यक्ति चलता फिरता दिखाई दिया।

खेती किसानी के चलते अक्सर शांत रहने वाला गांव शुक्रवार की सुबह अचानक अशांत हो गया। ट्रैक्टर चालक लोकेश कुमार उर्फ मोनू की मौत के बाद ग्रामीण पुलिस से भिड़ गए थे। इस घटना के बाद गांव में पुलिस फोर्स तैनात हो गया था। रात ही पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में मोनू के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया था। शनिवार की सुबह पूरे गांव में सन्नाटा पसरा था, ज्यादातर घरों के दरवाजे बंद थे। आबादी के बीच स्थित मोनू के घर पर मां सुनीता देवी के साथ गांव की महिलाएं विलाप करती दिखाई दी तो बैठक में पिता धर्मपाल सिंह को गांव के लोग ढांढस बंधा रहे थे। पिता मोनू को याद कर बार बार कहते रहे कि घर का अकेला कमाने वाला था। गांव के नुक्कड़ पर चौपाल पर बैठे बुजुर्ग कहते सुनाई दिए कि जीवन में पहली बार ऐसी घटना गांव में देखी है।

# सांत्वना देने सैनी समाज के लोग जुटे

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** तरफ दलपतपुर में मृतक मोनू के परिजनों को सांत्वना देने के लिए सैनी समाज के लोग जुटे। उन्होंने घटना की निंदा कर जल्द ही उप मुख्यमंत्री से मिलने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही मृतक के परिवार को न्याय दिलाने की मांग की है।

तरफ दलपतपुर में मृतक लोकेश कुमार उर्फ मोनू के घर पर शनिवार की शाम जनपद भर के सैनी समाज के लोगों ने पहुंचकर शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। कहा कि दुख की घड़ी में पूरा समाज पीड़ित धर्मपाल सिंह के साथ खड़ा है। पुलिस प्रशासन से घटना की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई की मांग की है। ब्लॉक प्रमुख के प्रतिनिधि डा. वीर सिंह सैनी ने कहा कि परमेश्वर लाल सैनी की उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या से बात हो गई है। जल्द ही सैनी समाज का एक प्रतिनिधि मंडल उप मुख्यमंत्री से मिलेगा। इस बीच पहुंचे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल चौहान ने भी घटना पर अफसोस जताया। शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। इस मौके पर सैनी सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष करन सिंह, सैनी, लाखन सिंह सैनी, मनमोहन सिंह सैनी, किशन सिंह सैनी, नेत्रपाल सिंह सैनी, किशन लाल सैनी, अशोक सैनी आदि थे।


ठाकुरद्वारा के गांव तरफ दलपतपुर में सैनी समाज के लोग। ● अमृत विचार

**आश्वासन**

- मृतक के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग
- उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

# जिले में हमेशा सुर्खियों में रहता है अवैध खनन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** जिले में अवैध खनन हमेशा सुर्खियों में रहा है। इसके पीछे मोटी कमाई का लालच खनन माफिया और इनके मददगारों को किसी भी हद तक गुजरने के लिए मजबूर कर देता है। कई सफेदपोश भी इस धंधे में लगे हैं। इसमें कुछ जिम्मेदारों के अप्रत्यक्ष सहयोग की चर्चाएं भी समय समय पर सुर्खियों में रहीं हैं।

सरकारी खनन के नाम पर अवैध खनन धड़ल्ले से होता है। इसमें मददगारों की भी खूब चांदी कटती है। कई सफेदपोश भी पर्दे के पीछे इसमें लिप्त रहते हैं। हालांकि उनके नाम का फायदा खनन माफिया व उनके गुर्गे बदस्तूर उठाते हैं। ठाकुरद्वारा के अलावा सदर तहसील का कई क्षेत्र भी खनन के मामले में चर्चाओं में रहता है। बीते रविवार को सदर तहसील के भोजपुर धर्मपुर में अवैध खनन की सूचना मिलने पर रोकने पहुंचे एसडीएम सदर राम मोहन मीणा व तहसीलदार रामवीर सिंह को ट्रैक्टर से कुचलने की असफल कोशिश भी की गई थी। हालांकि संयोग ही था कि ईंख के खेत में ट्रैक्टर फंसने के बाद उसे छोड़कर अवैध खनन करने वाले भाग गए थे। मामले में रिपोर्ट दर्ज है, लेकिन अभी कोई शिकंजे में नहीं आया है। यह स्थिति तब है जब प्रशासनिक अधिकारियों की जिंदगी दांव पर लग गई थी। अब हालिया प्रकरण ठाकुरद्वारा के दलपतपुर में युवक की मौत का मामला शासन तक गूंज रहा है। हालांकि इसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सीओ को हटाने के साथ ही कई पुलिस कर्मियों को निलंबित भी कर दिया है। मगर अभी भी मामला पूरी तरह से शांत नहीं हुआ है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अधिकारी लगातार निगरानी में लगे हैं। लेकिन यदि पिछली घटनाओं से सबक लेकर प्रशासनिक तंत्र ने सख्त तेवर नहीं दिखाए तो कभी मामला और भी गंभीर हो सकता है। जिलाधिकारी अनुज सिंह का कहना है कि अवैध खनन करने वालों पर सख्ती निश्चित होगी। ठाकुरद्वारा मामले में उच्चाधिकारियों को जानकारी दी गई है। हर स्थिति पर नजर है। फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है।


खनन कर ट्रैक्टर-ट्राली पर मिट्टी लाता किसान। ● फाइल फोटो

- ठाकुरद्वारा के साथ सदर तहसील में भी कई बार मुश्किल में पड़े हैं अधिकारी

# खड़े ट्रक में भिड़ी बाइक, युवक-बेटी की मौत

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**दुखद**

- पत्नी गंभीर रूप से घायल, नोएडा से हरदोई जा रहा था बाइक सवार
- मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दलपतपुर के निकट हाईवे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार :** दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र में बेकाबू बाइक केमिकल से भरे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में युवक और उसकी 10 माह बेटी की मौत हो गई। जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर परिजन भी पहुंच गए।

हरदोई जिले के बिलग्राम थाना क्षेत्र के गांव मैलपुरवा निवासी विश्वनाथ प्रताप सिंह (28) नोएडा में निजी कंपनी में नौकरी करते थे। वह परिवार सहित नोएडा सेक्टर 62 में ही रह रहे थे। मौके पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि शनिवार तड़के विश्वनाथ प्रताप सिंह अपनी पत्नी रमा (28) और 10 माह की बेटी अवंतिका को लेकर बाइक से घर के लिए निकले थे।

शनिवार सुबह करीब 6 बजे दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मूंढापांडे थाना क्षेत्र के दलपतपुर पहुंचे तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे बने सर्विस रोड पर खड़े केमिकल ले जाने वाले टैंकर में पीछे से टकरा गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना में विश्वनाथ और उसकी बेटी अवंतिका की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि पत्नी रमा गंभीर रूप से घायल हो गई। सुबह टहलने के लिए निकले लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जबकि विश्वनाथ और उसकी बेटी का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना मिलते ही नोएडा से विश्वनाथ के भाई-बहन समेत अन्य परिवार वाले दोपहर करीब 12 बजे जिला अस्पताल पहुंच गए। इसके साथ ही हरदोई भी परिजनों को सूचना दी गई।

पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया। हादसे की खबर से परिवार में कोहराम मच गया। सभी का रोते-रोते बुरा हाल था। थाना प्रभारी मूंढापांडे आरपी शर्मा ने बताया कि हादसे में 2 की मौत हुई है। घटनास्थल से क्षतिग्रस्त बाइक बरामद की है। परिजनों की तहरीर पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।


घटनास्थल पर पड़ी क्षतिग्रस्त बाइक।


घटनास्थल पर खड़ा टैंकर।

### किशोरी से युवक ने किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में किशोरी से युवक ने दुष्कर्म किया और किसी से शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

थाना क्षेत्र के फकीरपुरा चौकी क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय किशोरी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मझोला थाना क्षेत्र के कांशीरामनगर स्थित बुद्धा पार्क निवासी आशिद से उसकी जान पहचान हो गई थी। किशोरी के अनुसार बीते 6 अगस्त को आरोपी आशिद उसे फकीरपुरा पुल के पास मिला और अपने साथ बाइक पर बैठाकर ले गया। बुद्धापार्क के पास ही स्थित पार्क में ले जाकर आरोपी ने किशोरी से दुष्कर्म किया। इस संबंध में एसएचओ सिविल लाइंस मनीष सक्सेना ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी आशिद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

**ट्रेड शो** विदेशी ग्राहकों ने हाथोंहाथ खरीदे उत्पाद

# चौथे दिन कारोबारियों को मिले आर्डर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सरकार व इंडिया एक्सपो मार्ट के तत्वावधान में ग्रेटर नोएडा में आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के चौथे दिन महानगर के स्टालों पर अच्छा कारोबार हुआ। कई ग्राहकों ने उत्पादों को पसंद कर हाथोंहाथ खरीदारी भी की। वहीं, स्टाल पर उत्पादों का स्टॉक सीमित रहने के चलते मुरादाबाद के प्रतिभागियों ने अधिकतर ग्राहकों को उनकी पसंद के उत्पाद उपलब्ध कराने के लिए ऑर्डर बुक कर लिए हैं।

शनिवार को ट्रेड शो में विदेशी ग्राहकों से ज्यादा एनसीआर के खरीदारों की संख्या अधिक रही। मुरादाबाद के कारोबारी इकराम ने बताया कि घरेलू बाजार के साथ ही मिडिल ईस्ट के खरीदार भी शो में पहुंचे हैं। शो के चौथे दिन हर तरफ से पहुंचे खरीदारों ने उत्पादों को खरीदने के लिए जबरदस्त गर्मजोशी दिखाई। मुरादाबाद के उद्यमियों ने शनिवार को कारोबार के नजरिये से बंपर रहने और अच्छे ऑर्डरों के साथ अपने शहर के लिए वापसी होने की उम्मीद जताई। ऑल इंडिया हैंडीक्राफ्ट बोर्ड के पूर्व सदस्य आजम अंसारी ने शो के दूसरे आयोजन को सफल बताते हुए उम्मीद जताई कि यह मुरादाबाद के हैंडीक्राफ्ट उद्योग को एक नई उड़ान देगा। वहीं मुरादाबाद के हैंडीक्राफ्ट फर्म के संचालक अनुराग, अभिनव और कोमल ने बताया कि उनके स्टाल पर स्टॉक कम रहने के चलते बड़ी संख्या में खरीदारों के ऑर्डर बुक किए हैं। अब जल्द माल तैयार कराकर इसकी डिलीवरी की जाएगी।


ट्रेड शो में स्टॉल पर मौजूद ऑल इंडिया हैंडीक्राफ्ट बोर्ड के पूर्व सदस्य आजम अंसारी।

## एक नजर


प्रशिक्षण के लिए पहुंचे खिलाड़ी।

### मेरठ के क्रिकेट खिलाड़ियों को दिया प्रशिक्षण

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** दिल्ली में होने वाले अंडर 14 व 16 क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस सोनकपुर स्टेडियम में तीन दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। अब यह सभी खिलाड़ी दिल्ली जाएंगे। आगामी छह से आठ अक्टूबर को दिल्ली में अंडर 14 व 16 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। जिसमें उत्तर प्रदेश के खिलाड़ी भी प्रतिभाग करेंगे। जनपद मेरठ के क्रिकेट खिलाड़ियों ने इस टूर्नामेंट में हिस्सा लेने के लिए सोनकपुर स्टेडियम में प्रशिक्षण किया। तीन दिन तक क्रिकेट कोच बिट्टू व जूनियर कोच शिवम कुमार ने इन खिलाड़ियों को लगातार तीन दिन तक प्रशिक्षण किया। शनिवार को तीन दिवसीय प्रशिक्षण लेने के बाद सभी खिलाड़ी मेरठ के लिए रवाना हो गए। इस दौरान सैय्यद जिया मेहंदी, विपिन फोगाट व जगदीश त्यागी शामिल रहे।

### बार बालाओं के अश्लील नृत्य का वीडियो वायरल

**मैनाठेर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव में बार बालाओं द्वारा वैवाहिक समारोह में नृत्य का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में अश्लीलता का आरोप लगाया जा रहा है। वीडियो में कुछ युवक बार बालाओं पर नोट बरसाते दिखाई दे रहे हैं। मैनाठेर थाना क्षेत्र के गांव निवासी युवक का शादी समारोह था। इसमें शामिल होने वाले मेहमानों के मनोरंजन के लिए बार बालाओं को बुलाया गया था। यहां बार बालाओं के नाचने के लिए गांव के मैदान में स्टेज बनाया गया। जिसमें आरोप है कि बार बालाएं अश्लील नृत्य कर रही हैं और कई लोग बार बालाओं पर नोट बरसा रहे हैं। बार बालाओं के नृत्य और नोट उड़ाने का वीडियो बनाकर किसी ने वायरल कर दिया है। इंपेक्टर किरनपाल सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# डॉक्टरों, अस्पताल के बीच होना चाहिए अनुबंध: डीएम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- जिलाधिकारी की सख्ती के बाद रुकेगी निजी अस्पतालों में मनमानी

**अमृत विचार:** जिले में कई अस्पतालों में झोलाछाप या केवल चिकित्सकों के नाम का इस्तेमाल कर चिकित्सा कराने वालों पर अब सख्ती होगी। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने नेशनल मेडिकल काउंसिल के दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत पालन कराने का निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिया है।

जन स्वास्थ्य की अनदेखी अब निजी अस्पतालों में नहीं चलेगी। जिलाधिकारी ने इसके लिए कदम उठाया है। उन्होंने बताया कि जानकारी में आया है कि जिले में कई ऐसे अस्पताल व क्लीनिक संचालित हैं जो स्वास्थ्य विभाग से पंजीकृत नहीं हैं। कुछ ऐसे हैं जो पंजीकृत हैं लेकिन जिस चिकित्सक के नाम पर अस्पताल पंजीकृत है लेकिन वह अस्पताल में नहीं मिलते। ऐसे अस्पतालों में अप्रशिक्षित व्यक्तियों द्वारा सर्जरी व अन्य बीमारियों का इलाज किया जा रहा है जो कि स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है। यह स्थिति आपत्तिजनक भी है। जिलाधिकारी ने बताया कि इसके लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया है कि सभी अस्पतालों में यह सुनिश्चित करें कि चिकित्सक व अस्पताल के बीच अनुबंध पत्रावली पर रक्षित हो। मात्र चिकित्सक के शपथ पत्र के आधार पर उसे कार्यरत न माना जाए। उन्होंने कहा कि नेशनल मेडिकल काउंसिल (एनएमसी) के निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित कराना होगा। अन्यथा कार्रवाई तय है।

## छात्र की हत्या करने वाले स्कूल प्रबंधक व पिता पर कार्रवाई की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की जिला कमेटी की बैठक में हाथरस के रसगवां गांव में कक्षा 2 के छात्र की गई हत्या की कड़ी निंदा की गई। बैठक में स्कूल प्रबंधक और उसके पिता को राष्ट्रपति को ज्ञापन के माध्यम से कड़ी सजा दिलाने की मांग की गई।

शनिवार को हुई बैठक में जिला सचिव थान सिंह ने कहा कि स्कूल के मैनेजर और उसके तांत्रिक पिता व अध्यापकों ने स्कूल की तरक्की के लिए बालक की बलि देकर दरिंदगी की सारी हदें पार कर दी हैं। घटना विज्ञान के इस युग में सभ्य समाज पर कलंक है। उन्होंने प्रदेश सरकार से बच्चे की हत्या में शामिल स्कूल के मैनेजर, उसके पिता सहित सभी अध्यापकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## लाइनपार रामलीला मैदान में किया गया नारद मोह और रावण के जन्म का मंचन

# दिव्य प्रेरणा से महर्षि वाल्मीकि ने लिखी रामायण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


लाइनपार मैदान में वाल्मीकि द्वारा रामायण की रचना का मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** महानगर के लाइनपार के रामलीला मैदान में रामलीला का मंचन शनिवार को शुरू हुआ। शुक्रवार को मुकुट पूजन और खाटू श्याम का कीर्तन किया गया था।

शनिवार को भगवान वाल्मीकि द्वारा रामायण लिखना, नारद मोह और रावण के जन्म का मंचन किया गया। सर्वप्रथम गणेश वंदना और फिर मां सरस्वती की पूजा कर आह्वान किया गया। जिसके बाद मंचन की शुरूआत की गई। मंच पर महर्षि वाल्मीकि अपनी कुटिया में बैठे होते हैं। तभी दिव्य शक्ति ने उन्हें रामायण लिखने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने रामायण लिखी। जिसके बाद नारद मोह का मंचन हुआ। नारद भ्रमण कर रहे थे तभी उनकी नजर विश्व मोहनी पर पड़ती है। उन्हें विश्वमोहनी के स्वयंवर की भी सूचना मिली। अब नारद जी स्वयंवर में जाने के लिए भगवान विष्णु के पास जाकर उनका स्वरूप मांगते हैं। भगवान विष्णु समझ जाते हैं कि इन्हें अहंकार हो गया है। वह नारद को बंदर का स्वरूप दे देते हैं और स्वयं वास्तविक स्वरूप में स्वयंवर में पहुंच जाते हैं। विश्व मोहनी नारद को छोड़ भगवान विष्णु को वर माला पहना देती हैं। इससे नारद का मोह भंग हो जाता है और वह भगवान विष्णु को श्राप दे देते हैं। आखिर में रावण के जन्म का मंचन किया जाता है। इस मौके पर राजीव प्रकाश बंसल, सुरेंद्र कुमार अग्रवाल, संदीप बंसल, रोहित बंसल, रोबिन अग्रवाल, अनुज अग्रवाल समेत भारी संख्या श्रद्धालु शामिल रहे।

# मंदिरों के लिए नए कानून बनाए जाएं

## विश्व हिंदू परिषद ने मंडलायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कमिश्नर कार्यालय के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करते विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद ने तिरुपति बालाजी मंदिर में महाप्रसाद के मामले में शनिवार को मंडलायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन किया और प्रदेश की राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में पहुंचे विश्व हिंदू परिषद के पदधिकारियों व कार्याकर्ताओं ने कहा कि सरकार मंदिरों के लिए जल्द ही नए कानून की व्यवस्था करे, अन्य बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

विश्व हिंदू परिषद के सैकड़ों लोग आंबेडकर पार्क पर एकत्रित हुए। यहां से जुलूस के रूप में मंडलायुक्त कार्यालय पर पहुंचे। इस दौरान सभी ने तिरुपति बालाजी मंदिर में महाप्रसाद मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए नारेबाजी की। जिसके बाद उत्तर प्रदेश की राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि तिरुपति बालाजी मंदिर में वितरित होने वाले महाप्रसाद की पवित्रता के संबंध में आस्थावान हिंदुओं की बहुत श्रद्धा है। दुर्भाग्य से इस महाप्रसाद को बनाने वाले घी में गाय व सुअर की चर्बी और मछली के तेल की मिलावट के समाचार आ रहे हैं। जिससे देश का हिंदू समाज आक्रोशित है। विहिप के प्रांत मंत्री राजकुमार ने बताया कि देश में संविधान के सर्वोपरि होने की दुहाई दी जाती है, परंतु हिंदुओं की आस्थाके केंद्र मंदिरों पर विभिन्न सरकारें अपना नियंत्रण स्थापित कर उनकी से खिलवाड़ कर रही हैं। विहिप मांग करता है कि राज्य सरकार जल्द ही सभी हिंदू मंदिरों के लिए नए कानून की व्यवस्था करें नहीं तो विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आंदोलन करेगा। इस मौके पर केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य राजकमल गुप्ता, ब्रजेश कुमार, नवदीप अग्रवाल, गौरव भटनागर, अमित गुप्ता, धीर शांतदास, जयवीर यादव, मोनू विश्नोई बजरंगी, अवनीश यादव, विनय चौधरी पंकज रोहिल्ला, पवन दिवाकर आदि कार्यकर्ता शामिल रहे।

# विभिन्न खेलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र।

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय में 30 सितंबर तक चलने वाली चार दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में दूसरे दिन खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में दमखम दिखाया।

शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता के दूसरे दिन चार सदन बनाए गए। जिसमें नेताजी सुभाषचंद्र बोस सदन, अब्दुल कलाम, चन्द्रशेखर व आंबेडकर सदन हैं। हर सदन को दो वर्गों में बांटा गया। इसमें कक्षा 6 से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। छात्र विद्यालय स्तर पर व्यक्तिगत खेल प्रतिस्पर्धा में बैडमिंटन, कैरम बोर्ड, एथलेटिक्स, कुश्ती व टीम खेल प्रतिस्पर्धा में कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकशी, एथलेटिक्स खेलों में विभिन्न दौड़, ऊंची व लंबी कूद और भाला व गोला फेंक में जौहर दिखा रहे हैं। शिक्षक जितेंद्र ने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों की सूची विद्यालय स्तर तैयार की जा रही है। इसके मेधावी विद्यार्थियों को 27 अक्टूबर को होने वाली मंडल स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना जाना है। इसके अलावा समूह वाले खेल में उपविजेता टीम से बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को चुना जाएगा।

वहीं खेल प्रतियोगिताओं में बैडमिंटन जूनियर वर्ग में देवराज और भूपेंद्र, सीनियर वर्ग में अम्बेडकर सदन से अभिषेक व विनय, 200 मीटर दौड़ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस सदन के नितिन, अंबेडकर सदन के रितिक, अब्दुल कलाम सदन के सुग्रीव, ऊंची कूद सीनियर वर्ग में चन्द्रशेखर आजाद सदन के शिवम, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के रितिक और अम्बेडकर सदन के देव, गोला फेंक सीनियर वर्ग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस सदन के रवि , अब्दुल कलाम सदन से हरवेंद्र सिंह, चन्द्रशेखर सदन से सोहित, वॉलीबॉल सीनियर वर्ग में अम्बेडकर सदन से अभिषेक दिवाकर, निशांत, अरुण, आदित्य, प्रियांशु प्रभाकर, अंकुश व संजय, कैरम बोर्ड जूनियर वर्ग में अब्दुल कलाम सदन से श्याम, रस्साकशी जूनियर वर्ग में अम्बेडकर सदन से सिवेंद्र, दीपक,वंश, अमरजीत, आदर्श, रितिक, शिव, सुधांशु व लम्बी कूद सीनियर वर्ग में नेताजी सुभाष चंद्र बोस सदन से रोबिन ,चन्द्रशेखर आजाद सदन से शिवम, अब्दुल कलाम सदन से कक्षा अनुराग विजयी रहे।


स्काउट गाइड कैंप के समापन पर उपस्थित अतिथि व छात्र छात्राएं।

# तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर में टेंट बनाना सीखा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** टीडीआई सिटी स्थित गोल्डन गेट ग्लोबल स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का शनिवार को समापन हो गया।

प्रधानाचार्य डॉ. सचिन घावरी ने बताया कि तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर में कक्षा छह से कक्षा आठ तक के बच्चों ने प्रतिभाग किया था। जिसमें सभी बच्चों ने तरह-तरह के टेंट बनाकर कैंपिंग की। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बिना आग के खाना बनाना व बांस पर टेंट बनाना सीखा। समापन पर सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिथियों ने बच्चों को उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विद्यालय के निर्देशक अंकुर खन्ना, उप प्रधानाचार्य गरिमा भटनागर समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## बीएसएनएल दिवस पर कराईं प्रतियोगिताएं

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नगर क्षेत्र के बेसिक शिक्षा परिषद के कम्पोजिट विद्यालय गंज गांधी पार्क में बीएसएनएल दिवस के उपलक्ष्य में भारत संचार निगम, पश्चिमी परिक्षेत्र की ओर से पेंटिंग/चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित कराई गई।

प्रतियोगिता में स्मार्ट लर्निंग बाय यूजिंग भारत फाइबर विषय पर बच्चों ने आकर्षक पेंटिंग्स बनाई। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विजेता बच्चों को बीएसएल की ओर से उपहार और 1 सिम प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बीएसएनएल के उप महाप्रबंधक दूरसंचार सुरेंद्र सिंह बर्टवाल, सहायक महाप्रबंधक मनोज कुमार, उप मंडलीय अभियंता चंद्र प्रताप सिंह, हिंदी अनुवादक कपिल सक्सेना, विद्यालय के प्रधानाध्यापक राहुल शर्मा, आयशा नूर, सुजाता यादव मोनिका पाल, रेखा चौहान आदि मौजूद रहे।

# देवी-देवताओं से होती है भगवत धाम की प्राप्ति : अर्द्धमौनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


कथा सुनाते कथा व्यास। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** रामगंगा विहार स्थित केसरी कुंज में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास आचार्य धीरशान्त अर्द्धमौनी ने बताया कि देवी-देवताओं व गुरु कृपा से भगवत धाम की प्राप्ति होती है।

उन्होंने कहा कि यह तीन दुर्लभ हैं और देवताओं की कृपा से ही मिलते हैं मनुष्य जन्म, मोक्ष की इच्छा और महापुरुषों का आश्रय। विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव यह चेष्ठा करते हैं कि वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं। कथा व्यास ने बताया कि संसार में बहुधा यह बात कही और सुनी जाती है कि व्यक्ति को ज्यादा सीधा और सरल नहीं होना चाहिए। सीधे और सरल व्यक्ति का हर कोई फायदा उठाता है। यह भी लोकोक्ति कही जाती है कि टेढ़े वृक्ष को कोई हाथ भी नहीं लगाता सीधा वृक्ष ही काटा जाता है। टेढ़े लोगों से दुनिया दूर भागती हैं वहीं सीधों को परेशान किया जाता है। तो क्या फिर सहजता और सरलता का त्याग कर टेढ़ा हुआ जाए, पर यह बात जरूर समझ लेना दुनिया में जितना भी सृजन हुआ है वह टेढ़े लोगों से नहीं सीधों से ही हुआ है। मंदिर में जिस शिला में से प्रभु का रूप प्रकट होता है वह टेढ़ी नहीं कोई सीधी शिला ही होती है। सीधे लोग ही गोविंद के प्रिय होते हैं।

कथा की व्यवस्था में दिनेश अग्रवाल, क्षमा अग्रवाल, शिवानी अग्रवाल, शिवांग अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, देवांश अग्रवाल, ज्ञान चन्द्र शर्मा, सुधा शर्मा, सपना सिरोही, अरविन्द चौधरी, रामजी राम, पार्षद अर्चना शर्मा, प्रभा बब्बर, आशीष अग्रवाल, निमिष अग्रवाल आदि ने सहयोग किया।

### अधेड़ ने 4 वर्षीय बच्ची के साथ किया दुष्कर्म का प्रयास, गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में अधेड़ उम्र पड़ोसी ने चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया। पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। थाना क्षेत्र के हरथला चौकी क्षेत्र निवासी महिला ने पुलिस को दी तरहीर में बताया कि उसके पड़ोस में 50 वर्षीय कमल अपने परिवार के साथ रहता है। उसकी चार वर्षीय बेटी अक्सर कमल की बेटी के पास खेलने जाती थी। शुक्रवार को भी वह कमल की बेटी के पास खेलने गई थी। इसी दौरान दोपहर को वह अपनी बेटी को कमल के घर लेने गई तो वह बुरी तरह रो रही थी। पूछने पर बच्ची ने चौकाने वाली बात बताई। आरोप है कि आरोपी कमल ने उसकी बच्ची के साथ अश्लीलता करते हुए दुष्कर्म करने का प्रयास किया। थाना प्रभारी मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी कमल के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। शनिवार को आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।


## कार्यालय मुरादाबाद विकास प्राधिकरण, मुरादाबाद

पत्रांक 261/मु०वि० प्रा०/सम०अनु०/2024 **सार्वजनिक सूचना** दिनांकः-28/09/2024

जनसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की आवासीय / व्यवसायिक/रेन्ट/ नजूल / इम्प्रूयमेंट ट्रस्ट योजनाओं के निम्नलिखित आवेदकों द्वारा उनके नाम के सामने अंकित सम्पत्ति का हस्तांतरण / नामांकरण किये जाने हेतु प्राधिकरण में प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत किया गया है:-

| क्र. सं. | मूल आवंटी का नाम | भवन/भूखण्ड संख्या | योजना का नाम | मृत्यु / विक्रय विलेख दिनांक | मूल आवंटी के उत्तराधिकारी / क्रेता का नाम | उत्तराधिकारी के पक्ष में अपनापत्तिकर्ताओं का नाम | मूल आवंटी से आवेदक का संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | श्री नाजिम खान पुत्र स्व० मौ० इल्यास खाँ, निवासी-द्वारा रफत अली खाँ, पंजाब नेश्नल बैंक, जनपद सम्भल, उ०प्र०। | 16E-43 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 22.03.2013 | श्रीमती नीरज पत्नी श्री कपिल कुमार, निवासी-फूलबाग कालोनी, शुगर मिल रोड़, धामपुर जिला बिजनौर, उ०प्र०। (मो०नं० 9212223043) | - | विक्रेता-क्रेता |
| 2 | श्रीमती फरहा नाज पत्नी श्री आशकार हुसैन, निवासी-219. एम.एम. आई.जी.-1. आजाद नगर, एम०डी०ए० कालोनी, मुरादाबाद, उ०प्र०। | 5B-374 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 23.08.2024 | एडवोकेट अभिषेक शर्मा पुत्र स्व० ए०के० शर्मा, निवासी-नया गांव, अवन्तिका तिराहा, नजदीक गिरधारी सीमेन्ट स्टोर, मुरादाबाद, उ०प्र० । (मो0नं0 9897982767) | - | विक्रेता-क्रेता |
| 3 | श्री अजय कुमार शर्मा पुत्र श्री बी०पी० शर्मा, निवासी-गली भुर्जियान घंटाघर हाथरस, उ०प्र०। | 3B-04 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 12.07.2017 | उपहार प्राप्त कर्ता-श्रीमती प्रीति गुप्ता पत्नी स्व० नरेन्द्र कुमार गुप्ता पुत्री स्व० ब्रजराज सरन गुप्ता, निवासी-मौहल्ला सिंहमन हजारी, कटघर, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र० । (मो. नं. 8430243650) | - | विक्रेता-क्रेता |
| 4 | श्रीमती कोमल खन्ना पुत्री श्री राकेश जलोटा, निवासी-45. भट्टी स्ट्रीट, मण्डी चौक, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र०। | R7-C/147 (भवन) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 29.06.2024 | श्री रजत शर्मा पुत्र श्री अवनीत कुमार शर्मा, निवासी-मंडी समिति एकता कालोनी, अब्दुल्लापुर, मुरादाबाद, उ०प्र० । (मो०नं० 7983759636) | - | विक्रेता-क्रेता |
| 5 | श्री बलवन्त राय बगई पुत्र स्व० गंगा राम बगई. निवासी-भगवती इण्डस्ट्रीज, एस०डी० कालेज बिल्डिंग, जी०टी० रोड़, गाजियाबाद, उ०प्र०। | 8A-06 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 06.11.2024 | श्री गगन दीप पुत्र श्री सुरेन्द्र कुमार, निवासी-मकान नं० A33/AS/F, ख नं-823, छत्तरपुर एक्सटेन्शन, छत्तरपुर, दक्षिणी दिल्ली। (मो0नं0 9711787819) | - | विक्रेता-क्रेता |
| 6 | श्रीमती कृष्णा गुप्ता पत्नी श्री पुष्कर चन्द्र गुप्ता, निवासी - मौ० दिनदारपुर, मुरादाबाद, उ०प्र०। | 3D-61 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 03.12.2016 | श्री राजीव चन्द्र गुप्ता पुत्र श्री पुष्कर चन्द्र गुप्ता, निवासी-मौहल्ला दिनदारपुरा, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र० । (मो०नं० 9927378288) | - | माता-पुत्र |
| 7 | श्री देशराज यादव पुत्र श्री राम बहादुर यादव, निवासी-ग्राम आयासपुर डीही, पुरे भवन पोस्ट-भुएमऊ, रायबरेली, उ०प्र०। | 16D-15A (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 27.07.2019 | श्रीमती कमलेश सचान पत्नी श्री महेन्द्र सिंह, निवासी-पैसपिक स्टार्स होम, मकान नं0 334, कांठ रोड, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र० । (मो०नं० 9410477993) | - | विक्रेता-क्रेता |
| 8 | सादका रईस पुत्री मौ० रईस, निंवासी-बी/2 कर्मान्चल नगर, सर्वोदय नगर, लखनऊ, उ०प्र०। | 5B-45 (भूखण्ड) | नया मुरादाबाद | विक्रय विलेख दिनांक 22.02.2022 | श्री रासिख अदील पुत्र श्री इरशाद हुसैन, निवासी-म०नं० 65, एफ/10, कासदी टोला, मुगलपुरा प्रथम, जनपद मुरादाबाद, उ०प्र० । (मो०नं० 9193511322) | - | विक्रेता-क्रेता |

उपर्युक्त नामान्तरण के आवेदन के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह साक्ष्य सहित प्रकाशन तिथि से 15 दिनों अन्दर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त करा दें। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति प्राप्त न होने पर प्राधिकरण अभिलेखों में कॉलम 6 पर बखित व्यक्ति का नाम दर्ज कर लिया जायेगा तथा उसके बाद किसी आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**प्रभारी सम्पत्ति**


**प्रतियोगिता** एचएस चड्ढा मेमोरियल चैंपियंस कप के दूसरे दिन पुलिस एकेडमी में हुए मुकाबले

# नोएडा के नवीन को संजीव जैन ने दी करारी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


प्रतियोगिता में भाग लेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय टेनिस संघ व ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित एचएस चड्ढा मेमोरियल चैंपियंस कप में शनिवार को दूसरे दिन हुए मुकाबले में 50 वर्ष आयु वर्ग में मुरादाबाद टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव जैन ने नोएडा के नवीन को 6-2, 6-2 से हराया।

शनिवार को दूसरे दिन डॉ. बीआर आंबेडकर पुलिस एकेडमी के पुलिस गेम्स क्लब में पहला मैच हर्षवर्धन व अमित रंजन के बीच 50 वष आयु वर्ग में हुआ। जिसमें हर्षवर्धन ने जीत हासिल की। मुजफ्फरनगर के आयुष मित्तल से 35 वर्ष आयु वर्ग में जतिन विश्नोई 6-3, 6-2 से जीते। मुंबई के गौतम गॉडगिल, विपिन से 6-1,6-0 से जीते। विजय वर्मा 50 वर्ष आयु वर्ग में शलभ सिंह से जीते। 45 वर्ष आयु वर्ग में नीतेश रुंगटा को आमिर हसन ने 75, 6-4 से शिकस्त दी। 40 वर्ष आयु वर्ग में दिल्ली के पुनर भसीन ने नोएडा के फरीद उस्मानी को 6-4, 6-4 के स्कोर से पराजित किया।

गोल्ड मेडल विजेता लक्षित एवं चंद्रील सूद की जोड़ी ने विविध व मयंक की जोड़ी को 6-0, 6-0 के स्कोर से पराजित किया। लक्षित सूद ने अपने 30 वर्ष आयु वर्ग में पंजाबी बाग क्लब चीफ कोच मयंक को 6-0, 6-1 से पराजित किया। 50 वर्ष आयु वर्ग में बंटी तालान ने जयप्रकाश को पराजित किया। 60 वर्ष आयु वर्ग में अनिल निगम को मनोज खेमु ने पराजित किया। पवन जैन रोहिणी क्लब ने 60 वर्ष आयु वर्ग में गिरीश कत्याल को और दिल्ली के राजन बेरी ने डीएस रावत हल्द्वानी वालों को पराजित किया। सोलन निवासी हतिंद्र पंवार को दीपक वगोघरा ने 6-0, 6-1से पराजित किया।

टूर्नामेंट सचिव अवनीश रस्तोगी ने बताया कि स्टैग के राकेश कोहली ने 65 आयु वर्ग में राजू को 6-2,6-3 पराजित किया। उन्होंने आगे बताया कि टूर्नामेंट के मैच रविवार को तीसरे दिन भी सुबह से जारी रहेंगे। इस मौके पर हरेंद्र सिंह, अमिताभ चतुर्वेदी, संजय शाह, करनवीर समेत अन्य लोग शामिल रहे।

# संविधान बदलने की मंशा पूरी नहीं होने देंगे : भारती

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** आने वाला समय आंबेडकर और समाजवादी सोच रखने वाले लोगों का होगा। समाजवादी बाबा साहेब आंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने लखनऊ से देहरादून जाते हुए सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं से मिलने के दौरान यह बातें कही। शनिवार को उन्होंने आंबेडकर वाहिनी के प्रमुख पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिसमें उन्होंने बताया कि आगामी विधानसभा के उप चुनाव को लेकर निर्णय लिया गया कि सपा उम्मीदवार को कार्यकर्ता जिताने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जिस तरह से पूरे देश में पीडीए के लोगों ने संविधान बचाने के लिए एकजुट होकर भाजपा को सबक सिखाया है। उसी प्रकार उप चुनाव में भाजपा को सबक सीखा कर सपा की जीत का परचम लहराया जाएगा। कहा कि भाजपा और आरएसएस की जो संविधान बदलने की मंशा है उसे वाहिनी के कार्यकर्ता कभी पूरा नही होने देंगे। कहा कि सभी साथी बूथ स्तर पर पीडीए जन चौपाल कार्यक्रम करना शुरू कर दें। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने की। बैठक में लाखन सिंह सैनी, नाग भारती, धर्मेन्द्र यादव, मनीष जाटव, वेद प्रकाश सैनी, सौरभ रत्नाकर, महेंद्र पाल सिंह जाटव, दिव्यांश जाटव, अमरजीत सिंह, नन्हें जाटव, हनी जाटव, सुनीता सिंह आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### मन्दिर के पास लगा कूड़े का ढेर हटवाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम गंझेड़ा आलम घोटो की मंडैयो के ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि चामुण्डा मन्दिर के पास कुछ लोगों ने कूड़े के ढेर लगा रखे हैं। जिससे बीमारियों के फैलने का खतरा बना हुआ है। इससे उठने वाली दुर्गंध से भक्तों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। ग्रामीण ने बताया कि लोगों को संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका है। लोगों ने कूड़ा हटवाने की मांग की है। शिकायती पत्र देने वालों में रविकुमार गोविंद, निपेन्द्र चन्दपाल, हरि सिंह, पवन कुमार रहे।

### ब्लॉक कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर पर हमला

**भोजपुर/ डिलारी, अमृत विचार :** भगतपुर थाना क्षेत्र के गांव रायपुर समदा धर्मपुर निवासी मोहम्मद इकबाल ब्लॉक भगतपुर में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर तैनात है। शनिवार को तीन बजे रायपुर समदा के प्रधान के पति साबिर व उनका पुत्र नफीस अज्ञात व्यक्ति के साथ कार्यालय में आया और काम को लेकर दवाब बनाने लगा। कंप्यूटर ऑपरेटर के मना करने पर उस पर हमला कर दिया। घायल कंप्यूटर ऑपरेटर ने किसी तरह जान बचाई और पीआरबी पुलिस को मौके पर बुला लिया। पुलिस के मौके पर पहुंचने की सूचना मिलने पर आरोपी घायल को ब्लॉक के बाहर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित का कहना है कि पहले भी यह लोग मुझे कई बार जान से मारने की धमकी दे चुके हैं। मुझ पर गलत तरह से काम करने का दबाव बनाते हैं। पीड़ित ने थाना प्रभारी श्याम वीर सिंह को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।

### ताबीज देकर महिला से 1100 रुपये ठगे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शनिवार को दो युवक तांत्रिक के वेश में कॉलोनी में घर-घर जाकर भिक्षा मांग रहे थे। इसी दौरान वीआईपी कॉलोनी निवासी फिरोज के घर दोनों भीख मांगने पहुंचे। वहां अंजुम जहां ने 20 रुपये दे दिए। इसी दौरान दोनों ने महिला को तंत्र-मंत्र का ताबीज देकर 1100 रुपये ठग लिए। मोहल्ले के लोगों ने जब उनसे पूछताछ की तो उन्होंने अलग-अलग धर्म और जाति व अपने नाम बताए। मोहल्ले के लोगों ने दोनों को पुलिस को सौंप दिया। नोशाद अली, वकील रजा, जुबेर, साकिब पुलिस को तहरीर देकर कहा कि दोनों आरोपी भिक्षा मांगने के नाम पर महिलाओं से ठगी कर रहे थे। पुलिस दोनों से पूछताछ कर रही है।

# शिकायतों का समय से समाधान करें : डीआईजी

## लेखपालों की अनुपस्थिति पर जताई नाराजगी, किसी भी समस्या का नहीं हुआ समाधान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** थाना समाधान दिवस में कोतवाली में डीआईजी ने शिकायतें सुनीं। जिसमें तीन फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराईं।

थाना दिवस में पहुंचे डीआईजी मुनिराज जी ने लेखपालों को अनुपस्थिति देखकर उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह से नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि महीने में दो बार लगने वाले थाना समाधान दिवस में भी लेखपाल गायब रहेंगे तो फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण कैसे होगा। उन्होंने उपजिलाधिकारी से लेखपालों के थाना दिवस में उपस्थिति तय करने की बात कही। जिससे सभी फरियादियों की समस्याओं का सही समय से गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण किया जा सके। वहीं, तीन फरियादियों ने पहुंचकर शिकायतें दर्ज कराईं। थाना दिवस में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह, सीओ अपेक्षा निंबाड़िया, नायब तहसीलदार आदित्य कुमार, लेखपाल राधेश्याम, हैप्पी उपस्थित रहे।



थाना दिवस के दौरान मौजूद डीआईजी मुनिराज जी व एसडीएम प्रीति सिंह।



थाना समाधान दिवस में उपस्थित अधिकारी एवं फरियादी। ● अमृत विचार

### सात शिकायतें हुईं दर्ज

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली बिलारी में थाना समाधान दिवस पर मात्र सात शिकायतें दर्ज की गईं। जिनमें से किसी का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। कोतवाली प्रभारी लखपत सिंह ने बताया की थाना समाधान दिवस में सात शिकायतें मिलीं। जिनमें से ज्यादातर शिकायतें राजस्व विभाग की थी। बताया कि किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान समाधान दिवस में कानूनगो और लेखपाल भी मौजूद रहे।

### भूमि संबंधी विवादों में पुलिस टीम के साथ करें पैमाइश

**छजलैट/कांठ, अमृत विचार :** कांठ में थाना समाधान दिवस में आठ फरियादी शिकायतें लेकर पहुंचे। जिसमें दो शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। थाना छजलैट में तीन शिकायतें दर्ज की गईं, जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। थाना समाधान दिवस में उपस्थित राजस्व निरीक्षक लेखपाल एवं पुलिसकर्मियों को संबोधित करते हुए एसडीएम प्रिंस वर्मा ने कहा कि शिकायतों का मौके पर जाकर निष्पक्ष रूप से जांच करने के बाद निस्तारण करें और रजिस्टर में शिकायत का निस्तारण विवरण के साथ अंकित करें। इसमें किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकतर शिकायतें इस तरह की है कि शिकायत का मौके पर जाकर निस्तारण नहीं किया जाता है। इस बात का सभी कर्मचारी ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग भूमि संबंधित शिकायतों में पुलिस की टीम को अवश्य लेकर जाए। भूमि संबंधी विवादों की पैमाइश राजस्व विभाग और पुलिस की टीम की मौजूदगी में हो और निष्पक्ष रूप से उसका निस्तारण होना चाहिए। इस अवसर पर इंस्पेक्टर जयदेव सिंह यादव, वरिष्ठ उप निरीक्षक सुभाष धनकर, नायब तहसीलदार योगेश कुमार शर्मा, राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल उपस्थित रहे। वहीं, थाना समाधान दिवस में छजलैट में तीन शिकायतें दर्ज की गईं। जिनका मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस मौके पर थाना अध्यक्ष मनोज कुमार एवं स्टाफ मौजूद रहे।

# नामांकन रद होने पर किसानों का धरना शुरू

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** बिलारी सहकारी गन्ना विकास समिति में अबू नगर के 10 नामांकन पत्र रद करने के विरोध में प्रत्याशी शुक्रवार रात से गन्ना समिति में धरने पर बैठ गए।

शनिवार सुबह प्रत्याशियों के समर्थन में किसान और किसान यूनियन के नेता भी पहुंच गए। जहां सभी ने कहा कि प्रशासन ने अवैध तरीके से नामांकन पत्रों को खारिज किया है। धरना-प्रदर्शन में भाकियू असली के ऋषभ चौधरी ने कहा कि किसानों के चुनाव में दखल बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एक ही गांव के 10 पर्चे खारिज किए हैं। यदि उन्हें बहाल नहीं किया तो सोमवार को गन्ना समिति में महापंचायत होगी। किसानों ने कहा कि जब तक खारिज पर्चे बहाल नहीं होते तब तक धरना प्रदर्शन ऐसे ही जारी रहेगा। गन्ना समिति के पूर्व चेयरमैन अरविंद मोहन ने कहा कि धांधली बर्दाश्त नहीं होगी। शुभम राठी ने कहा कि किसानों के हक के लिए यूनियन उनके साथ है। धरना का संचालन सुनील लाठर ने किया। इस दौरान चौधरी हुकुम सिंह, भाकियू असली के चौधरी महक सिंह, भाकियू टिकैत के जयवीर सिंह, चौधरी भयराज सिंह, उदयपाल सिंह, ललित चौधरी, ग्राम प्रधान नवजीत सिंह व समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। धरना में पूर्व भाजपा एमएलसी भारत सिंह यादव भी पहुंचे जहां उन्होंने किसानों से बात की। धरना-प्रदर्शन में किसानों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए प्रशासन भी सतर्क हो गया। शनिवार सुबह से ही एसडीएम विनय कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी, कोतवाली प्रभारी लखपत सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



बिलारी में धरना-प्रदर्शन में बोलते अबू नगर के अजयपाल सिंह। ● अमृत विचार

- पर्चे स्वीकार नहीं करने तक प्रदर्शन जारी रखने की चेतावनी

# मौके पर गए बिना जांच रिपोर्ट लगाई तो होगी कड़ी कार्रवाई

संवाददाता, कांठ

- एसडीएम ने लेखपालों एवं राजस्व निरीक्षकों को दिए लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण करने के निर्देश

**अमृत विचार :** एसडीएम ने तहसील में लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों की बैठक की। उन्होंने पिछले सप्ताह हुए कार्यों की समीक्षा की और जिन कार्यों का लक्ष्य दिया है, उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए।

एसडीएम प्रिंस वर्मा ने समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्व परिषद लखनऊ द्वारा 10 से 30 सितंबर तक अभियान चलाकर प्रत्येक गांव में जाकर लेखपालों को खतौनी के अंश निर्धारण में हुईं त्रुटियों का निस्तारण करने के निर्देश दिए गए थे। सभी लेखपालों को इस संबंध में निर्देश भी जारी किए गए थे, परंतु कई गांवों से शिकायत मिली है कि अंश निर्धारण में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह की लापरवाही किसी भी कीमत पर नहीं होनी चाहिए। इसके साथ ही आईजीआरएस के प्रार्थना पत्रों की निष्पक्ष रूप से मौके पर जांच करने के बाद उनका निस्तारण करने को कहा। बिना मौके पर जाए कोई भी अधिकारी अथवा कर्मचारी शिकायत की जांच रिपोर्ट देता है और इसके बाद उसके लापरवाही सामने आती है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। इस अवसर पर तहसीलदार आनंद कुमार नायक, नायब तहसीलदार लोकेश कुमार, राजस्व निरीक्षक महेंद्र सिंह पाल सहित राजस्व निरीक्षक एवं लेखपाल उपस्थित रहे।

# योगेंद्र बने अध्यक्ष व मनोज महासचिव

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतगणना के बाद योगेंद्र सिंह चौहान को अध्यक्ष और महासचिव मनोज कुमार पाल को घोषित किया गया। चुनाव के बाद साथी अधिवक्ताओं ने नए पदाधिकारियों का स्वागत किया।

शनिवार को बार एसोसिएशन ठाकुरद्वारा का चुनाव सुबह 11 बजे चुनाव अधिकारी हीरालाल अग्रवाल, सफदर अली खान, रणवीर सिंह त्यागी की देखरेख में शुरू हुआ। चुनाव अधिकारी ने बताया कि 182 मतदाताओं में से 181 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान करीब चार बजे शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। इसके उपरांत मतगणना की गई। अध्यक्ष पद के लिए योगेंद्र सिंह चौहान, आबिद चौधरी और हरस्वरूप सिंह चुनावी मैदान में थे। इसमें योगेंन्द्र सिंह चौहान के पक्ष में 104 अधिवक्ताओं ने मतदान किया, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी आबिद चौधरी के पक्ष में 74 ने मतदान किया। इसमें योगेंद्र चौहान ने 30 मतों से जीत हासिल की। महासचिव पद के लिए मनोज कुमार पाल और सतीश कुमार वत्सल मैदान में थे। इसमें मनोज कुमार पाल ने 98 मत लेकर सतीश कुमार वत्सल को 21 मतों से पराजित किया। उपाध्यक्ष पद के लिए कुलवंत सिंह 130 मत लेकर विजयी रहे। उप कोषाध्यक्ष पद पर विपिन कुमार विश्नोई ने 98 मत प्राप्त कर शैलेंद्र कुमार को 15 मतों से पराजित किया। परिणाम की घोषणा होते ही विजेताओं के समर्थक मालाएं पहनाकर अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों का स्वागत किया। इस मौके पर रामरत्न सिंह चौहान, अशोक गहलौत, केके विश्नोई, रजनीश प्रताप, विमल विश्नोई, कुलदीप कुमार आदि अधिक्ता शामिल रहे।



बार एसोसिएशन के चुनाव में विजयी अध्यक्ष व कार्यकारिणी।

- बार एसोसिएशन का वार्षिक चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न

# रेट रॉट से प्रभावित खेतों का किया निरीक्षण

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** त्रिवेणी चीनी मिल रानी नांगल क्षेत्र के ग्राम रतुपुरा, दारापुर, मदारपुरा विजयरामपुर, शरीफनगर, भायपुर, ताराबाद, सबलपुर, दुल्लोपुर, अमानताबाद, कुआंखेड़ा, रामपुर घोघर, सुरजननगर, पीपली, लालापुर, मलकपुर सेमली, बड़ाहपुर में जिला गन्ना अधिकारी रामकिशन ने चीनी मिल के महाप्रबन्धक (गन्ना) टीएस यादव एवं ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक के साथ रेट-रॉट से प्रभावित गन्ने के खेतों का निरीक्षण किया।

शनिवार को निरीक्षण के दौरान डीसीओ रामकिशन ने किसानों से कहा कि क्षेत्र में रेट-रॉट का प्रकोप देखने को मिल रहा है। उन्होंने प्रभावित खेतों को चिह्नित कर रोग से ग्रसित गन्नों को खेत से निकलवाकर नष्ट कराने को कहा और उस स्थान पर ब्लीचिंग पाउडर डालकर गड्ढा बंद कराने को कहा। महाप्रबन्धक गन्ना टीएस यादव ने किसानों से कहा कि गन्ना प्रजाति को 0238 में रोग आने की वजह से इसके स्थान पर को 0118, 98014, 15023, एवं कोलख 14201 गन्ना प्रजातियों की बोआई करें। कहा कि चीनी मिल द्वारा उपलब्ध कराए सरसों/लाही के बीज के साथ गन्ने की बोआई करें। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक हसमुल हसन ने कहा कि नए किसान रसीद बनवा लें। इस अवसर पर सहायक महाप्रबन्धक (गन्ना) हरिओम शुक्ला, विक्रम पन्त, हरिओम शर्मा एवं नेहर सिंह सहित किसान मौजूद रहे।



खेतों का निरीक्षण करते त्रिवेणी चीनी मिल के अधिकारी।

### लाल सड़न रोग से सैकड़ों एकड़ गन्ना बर्बाद

**कांठ, अमृत विचार :** सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ क्षेत्र में तीन चीनी मिलें संचालित हैं। तीनों चीनी मिलों द्वारा 038 व कुछ अन्य गन्ने की प्रजातियों पर प्रतिबंध लगाया था। फिर भी किसानों ने प्रतिबंधित प्रजाति के गन्ने की बोआई की। जिससे दोबारा लाल सड़न रोग गन्ने में लग गया है। इससे हजारों एकड़ गन्ना खराब हो गया है। ग्राम मल्हपुर खैया निवासी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में किसानों को लग रहा था कि दोबारा यह रोग नहीं आएगा, लेकिन लाल सड़न से हजारों एकड़ गन्ना खराब हो गया है। स्योहारा मिल के अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि पिछले वर्ष किसानों को आगाह किया था कि जिस गन्ने में रोग लगा है, उस प्रजाति को न बोएं, लेकिन किसानों ने प्रतिबंध गन्ने की रोपाई कर दी। इस रोग का कोई इलाज भी नहीं है। उन्होंने क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि दोबारा प्रतिबंधित प्रजाति के गन्ने की बुवाई न करें।

**रामलीला मंचन** रामलीला मैदान में बरेली के कलाकारों के अभिनय से दर्शक भावविभोर

# भगवान राम के जन्मोत्सव एवं विद्या अध्ययन का मंचन

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** रामलीला मंचन अस्थायी समिति द्वारा कराई जा रही रामलीला मंचन के तीसरे दिन रामजन्म, विद्या अध्ययन एवं आखेट का मंचन किया गया।

शनिवार को रामलीला ग्राउंड में श्री रामलीला आदर्श युवा मण्डल ग्राम बजरिया बरेली के कलाकारों द्वारा रामजन्म, विद्या अध्ययन एवं आखेट की लीला का मंचन किया गया। मंच पर राम का जन्मोत्सव धूमधाम से दिखाया गया। इसके बाद राम और उनके भाइयों की विद्या अध्ययन की लीला का मंचन किया। अंत में श्रीराम की आखेट की लीला को भी दिखाया। इस अवसर पर भाजपा नेता मुकेश माहेश्वरी, कुंवर सुरेन्द सिंह विश्नोई, धर्मपाल सिंह चौहान, राधेश्याम भुईयार, बीनू चौहान, सचिन कुमार, निपेंद्र चौहान, शनि कश्यप, ब्रह्मपाल सिंह, नीरज कुमार चौहान, प्रदीप कुमार चौहान, शिशुपाल, हरपाल सिंह चौहान, गौरव कुमार चौहान, दानवीर सिंह चौहान आदि रहे। संचालन मास्टर राजवीर सिंह बिश्नोई ने किया।

**भक्त प्रह्लाद की कथा का किया वर्णन :** ग्राम नींगू नंगला में श्रीमद्भागवत कथा के पांचवे दिन पंडित रामकृष्ण दास महाराज ने भक्त प्रह्लाद और भगवान विष्णु के अवतार नरसिंह की कथा का वर्णन किया। पंडित रामकृष्ण दास ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म अधर्म के नाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ था। उन्होंने श्रीकृष्ण जन्म की कथा भी कही। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण की जन्मकथा जीवन में धर्म, न्याय और प्रेम की स्थापना के महत्व को दर्शाती है। इस अवसर पर सतेंद्र शर्मा, केशव शर्मा, कृष्णकांत शर्मा, तपेंद्र शर्मा और सुशील शर्मा रहे।



रामलीला मंचन के दौरान रावण, कुम्भकर्ण और विभीषण के वेश में कलाकार।

### आवी हफीजपुर में निकाली श्याम बरात

**छजलैट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के ग्राम आवी हफीजपुर में श्रीमद्भागवत कथा के अंतर्गत श्याम बरात का विशेष आयोजन किया गया। श्याम बरात में श्याम प्रेमियों के उत्साह और भक्ति का नजारा देखते ही बनता था। गांव की गलियों से गुजरती श्याम बरात को देखने के लिए लोग बड़ी संख्या में एकत्र हुए। जगह-जगह बरात को रोककर श्रद्धालुओं ने आरती उतारी और फूलों की वर्षा कर बरात का स्वागत किया। श्याम बरात में भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न रूपों और लीला प्रसंगों का चित्रण किया गया, जिसने सभी भक्तों को भावविभोर कर दिया। भक्तों ने भजन-कीर्तन गाते हुए आयोजन में भाग लिया।

# नाबालिग के अपहरण में दो महिलाओं सहित छह पर रिपोर्ट

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- घर से किशोरी को बहलाकर ले गए थे सभी आरोपी

**अमृत विचार :** घर में मौजूद अकेली किशोरी का गांव के लोगों ने अपहरण कर लिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर मामले में दो महिलाओं सहित छह आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव पानूवाला निवासी व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 25 सितंबर की सुबह प्रार्थी व उसकी पत्नी अपने पुत्र की दवा दिलाने के लिए बाहर गए हुए थे। इस दौरान गांव का विवेक अपने साथियों के साथ उनकी नाबालिग पुत्री को बहलाकर कहीं ले गया। इसकी जानकारी पीड़िता की बड़ी बहन को हुई तो उसने पिता को फोन कर बताया। तब पीड़िता के माता-पिता घर लौटे और छात्रा के बारे में जानकारी की। तब गांव के लोगों ने बताया कि उसकी बेटी को विवेक, रवि, हिमांशु, सुमित पुत्रगण परम सिंह व उसकी बहन अंचल और बीना देवी अपने साथ कहीं ले गए हैं। किशोरी के परिजनों ने विवेक व उसके परिजनों से इस बारे में बात की तो सभी आरोपियों ने गाली गलौज की और प्रार्थी की पुत्री के बारे में किसी और से बताने पर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भगा दिया। शनिवार को कोतवाली पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी विवेक, रवि, हिमांशु, सुमित पुत्रगण परम सिंह व उसकी बहन अंचल, बीना देवी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर नाबालिग की तलाश शुरू कर दी है।

## सार संक्षेप

### इंटर कॉलेज में शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई

**बिलारी, अमृत विचार :** स्योंडारा के आरपी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। कॉलेज के प्रवक्ता सुदेश कुमार ने भगत सिंह के जीवन के बारे में छात्र-छात्राओं को बताया और आह्वान किया कि हमें उनके आदर्शों पर चलकर देशभक्त बनना चाहिए। इस अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत एक पेड़ मां के नाम तथा कई अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्रधानाचार्य राजीव कुमार शर्मा तथा संचालन मनमोहन कौशिक ने किया।

### पुष्प अर्पित कर भगत सिंह को याद किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** शरीफनगर में बाबू सिंह के आवास पर महान क्रांतिकारी भगत सिंह की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के प्रदेश अध्यक्ष धर्मपाल सिंह के नेतृत्व में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता बाबू सिंह ने की। डॉ. सईद सिद्दीकी, शाकिर हुसैन, बलराम सिंह कहा कि समाज को भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों की अब भी आवश्यकता है। किसान नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि घरेलू खपत के लिए 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाए। इस दौरान दयाराम, नाथू सिंह, रऊफ अहमद, शारदा देवी, शीला देवी, गजन देवी, बबली, रामवती देवी, संगीता देवी, महिपाल सिंह, जगदीश सिंह पांडे, वीर सिंह, नरेश सिंह, पृथ्वी सिंह, हर स्वरूप सिंह,अर्जुन सिंह आदि मौजूद रहे।

### जयंती पर प्रस्तुत किए कार्यक्रम

**कांठ/छजलैट, अमृत विचार :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व विद्या भारती की ओर से कई विद्यालयों में भगत सिंह की जयंती मनाई गई। शनिवार को नगर स्थित प्राथमिक विद्यालय माननगर व साहू बृज रतन अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में भगत सिंह की जयंती मनाई गई। जिसमें मानगर प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य भुवनेश देवी ने सरदार भगत सिंह के बलिदान की जानकारी दी। विद्यालयों में कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में आरएसएस के नीटू, नगर कार्यवाह अभिषेक व आनंद प्रकाश कश्यप रहे। ग्राम गढ़ी के प्राथमिक विद्यालय, शेरपुर एत्मादपुर के प्राथमिक विद्यालयों में भी सरदार भगत सिंह को याद किया गया।



एचएससी इंटर कॉलेज में भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित करते लोग।

### पुष्प अर्पित कर भगत सिंह को याद किया

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्रामीण उत्थान विकास समिति ने इंटर कॉलेज में भगत सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। क्षेत्र के एचएससी इंटर कॉलेज किशनपुर गामड़ी में शनिवार को ग्रामीण उत्थान विकास समिति ने शहीद आजाद भगत सिंह के जन्म दिवस पर पुष्प अर्पण कर जयंती मनाई। जिसमें ग्रामीण उत्थान विकास समिति के अध्यक्ष मोहम्मद मोनिस, बाबूराम प्रधानाचार्य एचएससी इंटर कॉलेज व कॉलेज के समस्त अध्यापक, अध्यापिकाओं ने छात्रों को भगत सिंह के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि भगत सिंह महान क्रांतिकारी थे। जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता के लिए जीवन का बलिदान दिया। उनका नारा इंकलाब जिंदाबाद अब भी युवाओं के दिलों में गूंजता है।




वृक्ष का पोस्टर दिखाते बच्चे।

### बच्चों ने गणित की गतिविधि में किया प्रतिभाग

**कुंदरकी, अमृत विचार :** शनिवार को एडवांस किसान पब्लिक स्कूल में नर्सरी के बच्चों द्वारा गणित की गतिविधि करवाई। जिसमें कक्षा के बच्चों ने प्रदर्शन किया। विशेष तौर पर मोहम्मद बिलाल, भूमिका, नमन, अली हमजा और रिफा नूर ने बेहतर प्रदर्शन किया। इस मौके पर सहप्रशासक इंतेखाब आलम, इंचार्ज रियासतउल्ला, अरकान अहमद, वकील अहमद, अरविंद कुमार, लुबना सय्यद, शहरीन खान, निधि आर्य भावना आदि मौजूद रहे। इस दौरान पर्यावरण के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से बच्चों ने छायादार वृक्ष का चित्रण किया।



मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते भारत विकास परिषद के पदाधिकारी।

### भारत विकास परिषद ने मेधावियों को किया सम्मानित

**कांठ, अमृत विचार :** एनएस संस्कार एकेडमी में भारत विकास परिषद की शाखा कांठ द्वारा आयोजित गुरु वंदन छात्र अभिनंदन कार्यक्रम में हुमैरा पुत्री शमीम को कक्षा एक में, अदीबा पुत्री सद्दाम हुसैन ने कक्षा दो में, अर्श पुत्र इशरत को कक्षा तीन में, अनुराग पुत्र हरीश को कक्षा चार में, अब्दुल आहद पुत्र मोहम्मद रफीक को कक्षा चार में, शफक पुत्र शाकिर को कक्षा पांच में एवं शरीम पुत्र खुर्शीद को कक्षा छह में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। सवश्रेष्ठ शिक्षिका शहरीन को भी सम्मानित किया गया। परिषद के अध्यक्ष सचिन कुमार उर्फ बंटी चौहान ने कहा कि भारत विकास परिषद मेधावी छात्रों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ समाज सेवा के कार्यों में अग्रसर रहती है। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के अध्यक्ष सचिन चौहान, दीपक विश्नोई, महेश चंद्र गुप्ता, सुरेश चौहान, राजवीर गुरु, प्रमोद विश्नोई, जितेंद्र बिश्नोई, पवन राजपूत आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रजत प्रभाकर शाखा सचिव ने किया।

### बदलते मौसम में बुखार व जुकाम के बढ़ रहे मरीज

**कांठ, अमृत विचार :** कभी छांव और कभी चिलचिलाती धूप में बुखार, जुकाम और चर्म रोगी बढ़ रहे हैं। सरकारी और निजी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। चिकित्सकों का कहना है कि दिन में कई बार मौसम बदल रहा है। मौसम बदलने के कारण ही बुखार, जुखाम और खांसी के रोगी बढ़े हैं। चिकित्सकों मरीजों को सलाह दे रहे हैं कि घर से बाहर निकलें तो पूरे कपड़े पहनें, तेज धूप में सिर को कपड़े से ढकें, शरीर में पानी की कमी न होने दें और बुखार होने पर चिकित्सक को दिखाएं। विशेषकर बच्चों का विशेष ध्यान रखें। रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग अवश्य करें। जिससे बच्चों को बीमारियों से बचाया जा सके। वहीं, पैथोलॉजी लैब पर भी ब्लड की जांच कराने वालों की कतार लग रही है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में भी प्रतिदिन 800 से 1000 मरीजों की ओपीडी की जा रही है।

### रोडवेज के 10 संविदा कर्मियों पर गिरी गाज

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रोडवेज में ड्यूटी से गैर हाजिर रहने वाले 10 संविदा कर्मियों पर गाज गिर गई है। जिसमें सात संविदा चालक व परिचालकों की सेवा समाप्त करने के आदेश भी दिए गए हैं। जबकि तीन अन्य संविदा कर्मियों की रिपोर्ट आरएम कार्यालय को भेजी गई है। इन कर्मियों को कार्रवाई बतौर दूसरे डिपो में भेजे जाने के आसार है। रोडवेज प्रबंधन ने अपने विभागीय कर्मियों के खिलाफ लापरवाही को लेकर कार्रवाई की है। मुरादाबाद में पीतल नगरी डिपो में कार्यरत संविदाकर्मियों पर विभागीय अधिकारियों ने एक्शन लिया है। विभाग की माने तो सभी अपनी ड्यूटी से लंबे समय से गायब थे। ड्यूटी पर न लौटने व विभागीय पत्राचार के बाद भी कोई असर नहीं हुआ।

## एक नजर



भोट थाने का निरीक्षण करते एसपी विद्यासागर मिश्र।

### एसपी ने महिला और भोट थाने का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने शनिवार को महिला थाना और भोट थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने अपराध व त्योहार रजिस्टर, फ्लाई शीट एवं उनके रख रखाव को चेक किया। पुलिस अधीक्षक ने कम्प्यूटर कक्ष, आगन्तुक कक्ष, महिला हेल्प डेस्क आदि को भी देखा। इसके बाद भोट थाने में मालखाना रजिस्टर, माल निस्तारण, फ्लाई शीट आदि को देखा। उनके रख रखाव तथा उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को भी चेक किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी बिलासपुर एवं प्रशिक्षणाधीन उपाधीक्षक भी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत हुआ नगर स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

# नए-नए अविष्कारों से विश्व में कीर्तिमान स्थापित कर रहे वैज्ञानिक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी मुख्य अतिथि सुनील कुमार सक्सेना ने छात्र-छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि विज्ञान आज की जरूरत है। हर क्षेत्र में विज्ञान ने व्यापक स्वरूप ले लिया है। हमारे देश के वैज्ञानिक आज विदेश में काम कर रहे हैं। भारतीय वैज्ञानिक नये नये आविष्कार करके विश्व में अपना कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं।

बेसिक शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा अभियान के तहत किला परिसर स्थित मॉडल मांटेसरी स्कूल में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत नगर स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता हुई। इसमें नगर क्षेत्र के सभी उच्च प्राथमिक व कम्पोजिट विद्यालयों के बच्चों ने प्रतिभाग किया। कक्षावार प्रारम्भिक चरण में 25 सर्वश्रेष्ठ छात्र-छात्राओं को रैंडम आधार पर 5-5 छात्र-छात्राओं के 5 समूहों में विभाजित करते हुए 5 सर्वश्रेष्ठ छात्र-छात्राओं का जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल चयनित किया गया। इसके साथ जिले पर होने वाले राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग के लिए भी उच्च प्राथमिक विद्यालय आगापुर से 2 छात्राओं, उच्च प्राथमिक विद्यालय कमरलका, मॉडल मांटेसरी स्कूल व उच्च प्राथमिक जुठिया से 1-1 छात्र-छात्रा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 5 छात्र-छात्राओं ने जिला स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। खंड शिक्षा अधिकारी नगर क्षेत्र ने सभी 10 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो, विज्ञान किट व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।



विजयी छात्र-छात्राओं के साथ मौजूद स्टाफ एवं मुख्य अतिथि सुनील कुमार सक्सेना।

### यह लोग रहे मौजूद

एआरपी रुचि सक्सेना, सत्यपाल सिंह, डॉ. रूपा रानी, मोहित सक्सेना, अनिल कुमार शर्मा, डॉ. शैफाली शर्मा, अरविन्द कुमार, शशी प्रभा, शारदा कुमारी, मधु राजपूत, इल्मास, रूही हसीब, वर्षा, अदिति विश्नोई, परबजीत कौर, सुरभि चौरसिया, जुनैद नासिर, राशिद अहमद, प्रियंका, शमा परवीन, शमालया शकील, अनुजा सिंह, अल्का सिंह, हुमा शब्बीर, तलत फात्मा, नादरीन, कृष्ण मोहन, मोहम्मद जहांगीर, प्रियंका भाटिया, हुमा शब्बीर, कामरान खा, दानिश, तस्खीर उल्लाह, आसिम आदि उपस्थित रहे। संचालन एआरपी डॉ. रूपा रानी व रुचि सक्सेना ने किया।

### बच्चों में वैज्ञानिक मनोवृति का विकास करना आवश्यक

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान कार्यक्रम में शनिवार को सैदनगर ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में विज्ञान विषय में अभिरुचि विकसित करने के लिए कंपोजिट स्कूल घाटमपुर में विज्ञान विषय से संबंधित ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता हुई। सैदनगर के खंड शिक्षा अधिकारी मदन लाल वर्मा ने कहा कि उच्च प्राथमिक विद्यालयों के बच्चों में वैज्ञानिक मनोवृति का विकास करना आवश्यक है। प्रतियोगिता में 5 बच्चे उत्तीर्ण हुए। प्रत्येक बच्चे को 3000 रुपये पुरस्कार स्वरूप दिए जाएंगे। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 25 बच्चों को सैदनगर के खंड शिक्षा अधिकारी ने विज्ञान किट देकर पुरस्कृत किया। 10 बच्चों को ट्रॉफी दी गई। इस अवसर पर डायट प्रवक्ता राजीव कुमार, एसआरजी ताराचंद, सरफराज अहमद, एआरपी भारत सिंह, अभिनव गुप्ता, अनीसा लतीफ, रहमत अली, मुजाहिद खान, चिरंजीव गुड्डू, सुरेंद्र सिंह, दीपक पुंडीर, संगीता कुमारी यादव, मजहर अली, मोहम्मद इमरान, मोहित शर्मा, विकास, जगमीत, शीला रानी, संगीता गौतम, ममतेश, बबली, ज्योति कश्यप, अली अहमद, प्रतिभा अग्रवाल, सुखवीर, पुष्पेंद्र, शाजिया बी आदि उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट में किया भजन-कीर्तन

### मंदिर की जमीन कब्जा मुक्त कराने को राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना ने एडीएम को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में भजन-कीर्तन किया। इसके बाद जिलाधिकारी के नहीं होने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय के सामने बैठकर काफी देर तक भोले बाबा के भजन गाए।

राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को पदाधिकारी सिविल लाइन स्थित कार्यालय पर एकत्र हुए। यहां से पूर्वाह्न 11:30 बजे बैनर के साथ हाथों में गेरुआ झंडा व तिरंगा झंडा लेकर भजन कीर्तन करते हुए स्टार चौराहे से होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और भजन-कीर्तन करने लगे। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अधिकारी जोगिन्दर सिंह के नहीं होने पर अपर जिलाधिकारी को सौंपा। संजय गुप्ता ने बताया कि भमरौआ शिव मंदिर की जमीन पर मुस्लिम समाज के कुछ लोगों ने मदरसे का निर्माण कराकर इस्लामिक शिक्षा देनी शुरू कर दी है। यह नई परंपरा है। इस समय भमरौआ शिव मंदिर को भव्य बनाने के लिए निर्माण कार्य चल रहा है। इसके लिए जमीन की आवश्यकता है। मंदिर की जमीन कब्जा मुक्त कराने के लिए कई बार लिखित व मौखिक रूप से प्रशासन से अनुरोध किया जा चुका है। लेकिन मंदिर की जमीन कब्जा मुक्त नहीं हुई है। इससे शिव भक्तों में रोष है। यदि अब भी मंदिर की जमीन कब्जा मुक्त नहीं हुई, नई परंपरा डालते हुए खोला गया मदरसा बंद नहीं कराया गया तो राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना से जुड़े हजारों कार्यकर्ता तथा सदस्यों को आंदोलन की राह पकड़ने के लिए विवश होना पड़ेगा।



कलेक्ट्रेट परिसर में भजन-कीर्तन करते राष्ट्रीय शिव शक्ति सेना के पदाधिकारी।

### भजन कीर्तन करने में यह लोग रहे शामिल

राजेंद्र प्रसाद लोधी, गेंदन लाल सैनी, शिव नरेश तोमर, गुरनाम सिंह सिद्धू, गुरमन जीत सिंह, जसमेर सिंह लक्की, वीरेंद्र सिंह, विवेक अग्रवाल, बबलू, विपिन कुमार सिंह, विश्वास कुमार, विशाल जौहरी, कामेश लोधी, विवेक गुप्ता, वीरेंद्र कटारिया, लता देवी, नीलम सक्सेना, पूनम शर्मा ,मीना सैनी, मीना पाल, जय कश्यप आदि।

# चिकित्सक के गलत इलाज से 6 दिन के बालक की मौत

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** नगर के एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती छह दिन के बालक की शनिवार को उपचार के दौरान मौत हो गयी। परिजनों ने चिकित्सक एवं स्टॉफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर कर लोगों को शांत किया। बाद में अस्पताल संचालक व पीड़ित पक्ष में समझौता हो गया।

मुरादाबाद के थाना भगतपुर क्षेत्र के ग्राम मलहूपुरा हरदौडांडी का एक परिवार अपने 6 दिन के बच्चे की तबियत खराब होने पर उपचार के लिए शुक्रवार को नगर स्थित एक अस्पताल में लेकर आया। जहां चिकित्सक ने उसे भर्ती कर लिया। शनिवार को चिकित्सक ने बच्चे को हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन उसे मुरादाबाद स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर बताया कि बच्चे की मौत कई घंटे पहले हो चुकी है। परिजन मुरादाबाद से फिर यहां के अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अस्पताल स्टॉफ पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। सूचना पर पुलिस भी पहुंच गई। हंगामा कर रहे लोगों को समझा बुझाकर शांत किया। बाद में कुछ लोगों ने पीड़ित व चिकित्सक के बीच समझौता करा दिया।

> मामला मेरे संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर स्वास्थ्य विभाग से अस्पताल के रजिस्ट्रेशन एवं घटना के संबंध में जांच कराई जाएगी।
> **- विकास कुमार वर्मा,** एसडीएम, टांडा

### दुकान के गल्ले से 25 हजार रुपये चुराने का आरोप

**मिलक, अमृत विचार :** नवीन कृषि मंडी के पास भल्ला कालोनी निवासी प्रीतम प्रसाद की रेता, बजरी व सीमेंट इत्यादि बेचने की दुकान है। प्रीतम ने बताया कि सुबह 2 युवक सामान लेने आये थे। उन्होंने 50 रुपये के खुले देने को कहा। प्रीतम ने जेब में रखे 25 हजार रुपये दिखाते हुए कहा कि उनके पास 50 रुपये का सिर्फ एक ही नोट है। इसके बाद उन्होंने सभी रुपये गल्ले में डाल दिए। इस दौरान एक युवक गल्ले से 25 हजार रुपये निकालकर खिसक लिया। मौके पर एकत्र हुए लोगों ने युवक को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। कोतवाल धनजंय सिंह ने बताया कि तहरीर नहीं मिली है।

# स्कूल में बेहोश हुई कक्षा 9 की छात्रा, मची खलबली

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** राजकीय इंटर कॉलेज में पढ़ने वाली कक्षा 9 की छात्रा शनिवार को अचानक बेहोश हो गई। इससे कॉलेज में हड़कंप मच गया। स्टॉफ ने छात्रा को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

क्षेत्र के ग्राम कुंडेसरा निवासी बिंदर सिंह की 14 वर्षीय पुत्री कोमल ग्राम बादली स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका आवास के छात्रावास में रहती है। वह नगर स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में कक्षा 9 में पढ़ती है। शनिवार को दोपहर का खाना खाने के बाद वह अचानक बेहोश हो गई। इससे कॉलेज स्टॉफ में हड़कंप मच गया। अध्यापकों ने इसकी सूचना तुरंत कस्तूरबा गांधी छात्रावास को दी। इसके बाद उसे सीएचसी ले गए। कस्तूरबा गांधी बालिका आवास से भी स्टॉफ सीएचसी पहुंच गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद छात्रा को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि छात्रा को सांस लेने में दिक्कत आ रही थी। बालिका के परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल रवाना हो गए।



छात्रा का परीक्षण करते चिकित्सक।

## सिलाई सेंटर पर युवती से गाली गलौज, 4 पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** सिलाई सेंटर पर युवती के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने में पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

स्वार थाना क्षेत्र के गांव मानपुरी उत्तरी निवासी इरशाद हुसैन की बेटी फरहा सिलाई सीखने जाती है। 27 सितंबर को शानू 3 दोस्तों के साथ और इकरा नाम की युवती को एक पर्ची देकर उसे फरहा को देने के लिए कहा। कुछ देर बाद शानू फिर आया और फरहा के साथ गाली-गलौज की। विरोध पर लोगों को आता देख आरोपी दोस्तों के साथ वहां से भाग गया। घर जाकर पीड़िता ने अपने पिता को सारा मामला बताया। पिता उसे लेकर थाने पहुंचे और शानू तथा उसके 3 दोस्तों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने चारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चौराहे पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित कराने के लिए किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आजादी के नायक शहीद-ए-आजम भगत सिंह के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी सुनील यादव के नेतृत्व में युवाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इसमें मांग की कि जिले के किसी मुख्य चौराहे पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा स्थापित कराई जाए।

शनिवार की दोपहर शहीदे आजम भाम सिंह की प्रतिमा लगाने के लिए जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह को ज्ञापन दिया। इसमें मांग की गई कि जिस प्रकार जिले में अन्य स्वतंत्रता सेनानियों के नाम से पार्क और उनकी प्रतिमाएं लगी हैं, ठीक उसी प्रकार अंग्रेजी हुकूमत से आजादी दिलाने वाले क्रांतिकारी भगत सिंह की प्रतिमा भी स्थापित की जाए। सुनील यादव ने कहा कि पूर्व में भी मुख्य विकास अधिकारी, विधायक आकाश सक्सेना के माध्यम से यह मांग कर चुके हैं। जिले में किसी मुख्य चौराहे को चिन्हित कर भगत सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि देने के लिए उनकी प्रतिमा स्थापित की जाए।

चेतावनी दी कि यदि जल्द उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो वह युवाओं के साथ धरने की शुरूआत करेंगे। ज्ञापन देने वालों में श्याम यादव, प्रियांशी काला, गुरदीप, आकाश, सोनू राजपूत, केतन सागर, राजकुमार, अनुज पांडेय, अमन, सोनू लोधी, विशाल, आशुतोष, केपी यादव, विष्णु, मुकेश, अर्णव, विशाल, अजय राजपूत, सौरभ, वितन, अमन ठाकुर समेत सैकड़ों युवा मौजूद रहे।



शनिवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते युवा।

**ट्रेड शो** | विदेशी ग्राहकों को खूब भा रहे हैं हाथों से बनाए गए सामान

# रामपुर के उद्यमियों को विदेशियों से मिल रहे दनादन आर्डर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ग्रेटर नोएडा में 25 सितंबर से शुरू हुआ ट्रेड शो 29 सितंबर तक चलेगा। इसमें उत्तर प्रदेश के तमाम जिलों के उत्पादों के स्टॉल लगे हैं। लेकिन रामपुर के उद्यमियों को विदेशियों से दनादन आर्डर मिल रहे हैं। विदेशी ग्राहक अपने विजिटिंग कार्ड देकर भी जा रहे हैं। ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में जिले के 7 उद्यमियों ने अपने स्टॉल लगाए हैं। ट्रेड शो में हैंडीक्राफ्ट की खूब बिक्री हो रही है।

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क स्थित इंडिया एक्सपो एंड मार्ट में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में रामपुर के जरी जरदोजी, पैचवर्क, हैंडलूम और त्योहारों में इस्तेमाल होने वाले सामान का जलवा है। शहर और टांडा के कारोबारी इस ट्रेड शो में शामिल होने गए हैं। वहां अपनी कारीगरी का जलवा बिखरे रहे हैं। ट्रेड शो में आस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका के लोग इनके बनाए गए सामान को देख रहे हैं। इनसे संपर्क करने के लिए मोबाइल नंबर भी ले रहे हैं। ताकि पंसद आने पर सामान का आर्डर दिया जा सके।



ट्रेड शो में लगा हबीब अहमद का स्टॉल।



> काफी समय से ओडीओपी और हैंडीक्राफ्ट से सामान बनाया जाता है। ट्रेड शो में स्टॉल लगाया है। रिस्पॉस अच्छा मिला है। आस्ट्रेलिया, साउथ अफ्रीका से आर्डर मिले हैं।
> **- फरहा, एमीगोज स्टूडियो हैंडीक्राफ्ट**



> ग्रेटर नोएडा में चल रहे यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में तमाम लोगों ने स्टॉल लगाए हैं। काफी अच्छा रिस्पांस मिल रहा है। विदेशी लोग सामान के बारे में जानकारी ले कर आर्डर भी दे रहे हैं।
> **- हबीब अहमद, आरएम यू ट्रेडर्स हैंडीक्राफ्ट**



> ट्रेड शो में विदेशी लोग जमकर खरीदारी कर रहे हैं। सामान के बारे में काफी देर तक जानकारी लेते हैं। उन्हें सामान पंसद आ रहा है। संपर्क नंबर लेकर जा रहे हैं।
> **-मिनी अग्रवाल, आरएस इंटरनेशल**



> ट्रेड शो में लगे स्टॉल पर काफी विदेशी आ रहे हैं। वह माल के बारे में जानकारी ले रहे हैं। हमारा विजिटिंग कार्ड भी ले जा रहे हैं। अच्छे आर्डर मिलने की उम्मीद है।
> **- अमित अग्रवाल, आरएन इंटरनेशनल**

# खो-खो प्रतियोगिता के समापन पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** होली चाइल्ड स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर-19 खो-खो प्रतियोगिता समापन पर विजेता टीमों को ट्रॉफी और मेडल से सम्मानित किया गया। समापन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही।

चार दिवसीय सीबीएसई क्लस्टर-19 खो-खो बालिका वर्ग प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग में परमहंस पब्लिक स्कूल गाजियाबाद की टीम विजेता रही। अंडर-17 आयु वर्ग में देहरादून पब्लिक ग्लोबल स्कूल गाजियाबाद की टीम विजेता रही। अंडर-19 में नोएडा एजुकेशनल एकेडमी नोएडा की टीम विजेता रही।

समापन पर जीडी गोयनका स्कूल डबडिबा के बच्चों ने रंग-बिरंगे छातों व पंखों का प्रयोग करके मनमोहक प्रस्तुति दी गई। सर्व संस्कृति स्कूल बिलासपुर की छात्राओं ने राजस्थानी लोक नृत्य, होली चाइल्ड स्कूल की छात्राओं ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश देते हुए गीत नृत्य व अभिनय किया।

मुख्य अतिथि क्रीड़ा अधिकारी एवं सचिव क्रीड़ा परिषद कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल उत्तराखंड तथा विशिष्ट अतिथि द मेडिसिटी हॉस्पिटल निदेशक राहुल चन्द ने विजेता टीमों को ट्राफी तथा मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। वाइस चेयरमैन विकास बत्रा ने अति विशिष्ट अतिथि, विशिष्ट अतिथि तथा अन्य गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। प्रधानाचार्य मिन्टू दूबे ने शिक्षक वर्ग व गैर शिक्षक वर्ग कार्यक्रम सफल बनाने के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर सीबीएसई पर्यवेक्षक सोनू कुमार, तकनीकी प्रतिनिधि मुशीर खां आदि मौजूद रहे।

## सार संक्षेप



जल निगम के अधिशासी अभियंता को समस्या बताते व्यापारी नेता।

### सड़क की मरम्मत को अधिशासी अभियंता से मिले व्यापारी

**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा के नेतृत्व में व्यापारी पहाड़ी गेट के निकट बागीचा एमना की ध्वस्त हुई सड़क दुरुस्त कराने के लिए जल निगम के अधिशासी अभियंता से मिले। अधिशासी अभियंता से वार्ता के बाद सड़क की मरम्मत का काम शुरू करा दिया गया। जिला अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि 2 महीने से सड़क बदहाल है। जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। सीवर लाइन ध्वस्त हो चुकी है। क्षेत्र के कई मकान गिर चुके हैं और कई गिरने के कगार पर हैं। गड्ढों में गिरकर लोग जख्मी हो रहे हैं। उन्होंने शुक्रवार को शहर के व्यापारियों एवं निवासियों के साथ बैठक करके आश्वासन दिया था कि शनिवार को अधिशासी अभियंता जल निगम एवं ईओ नगर पालिका से मिल कर इस सड़क को बनवाने का प्रयास करेंगे। इसी के तहत शनिवार को व्यापारी अधिशासी अभियंता से मिले और सड़क निर्माण का कार्य शुरू हो गया। इस मौके पर शाहिद शम्सी, शुएब मोहम्मद खान, इमरान, हारिस शम्सी, जगन्नाथ चावला, प्रदीप खंडेलवाल, मोहसिन खान, उजैर शम्सी, बिलाल शम्सी, शाकिब अहमद, अवतार सिंह, नजमी खान, वाजिद अली आदि मौजूद रहे।

### 4 लाख और कार के लिए महिला को घर से निकाला

**रामपुर, अमृत विचार :** दहेज में 4 लाख रुपये और कार नहीं मिलने पर ससुरालियों ने महिला को मारपीट कर घर से निकाल दिया। उसने पटवाई थाने में पति सहित 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने ससुर पर छेड़खानी का आरोप भी लगाया है। पटवाई थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला का कहना है कि उसकी शादी 7 जून 2021 को उत्तराखंड के राशिद से हुई थी। शादी के बाद कुछ दिन तक सब कुछ सही रहा। मगर इसके बाद ससुराल वालों ने दहेज में 4 लाख रुपये और कार की मांग शुरू कर दी। मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वाले उसके साथ मारपीट करने लगे। महिला के अनुसार ससुर उस पर बुरी नजर रखता था। मौका पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करता था। पीड़िता का आरोप है कि 1 अगस्त को सभी लोगों ने दहेज की मांग करते हुए उसे मारपीट करके घर से भगा दिया। वह उस समय दो माह की गर्भवती थी। पटवाई पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर उसके पति राशिद सहित 6 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मसवासी में एक और छात्र में डेंगू की पुष्टि

**मसवासी, अमृत विचार :** नगर में डेंगू से पीड़ित एक और छात्र मिला है। उसका अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। छात्र में डेंगू की पुष्टि होने से परिजनों में हड़कंप मचा है। नगर सहित आसपास के कई मोहल्लों में मौसम के बदलाव के साथ ही बीमारियों ने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। टंकी वाला मोहल्ला निवासी 15 वर्षीय छात्र दो दिन से बुखार से पीड़ित था। परिजनों ने उसके रक्त की जांच कराई। इसमें डेंगू की पुष्टि हुई है। छात्र का अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। इससे पहले भी नगर में 3 छात्र व 5 चिकुनगुनिया से पीड़ित रोगी मिल चुके हैं। भूबरा निवासी उमंग पुत्र विक्रम सिंह दिमागी बुखार से पीड़ित है। उसका उपचार लखनऊ स्थित हायर सेंटर में चल रहा है।

### नो एंट्री में घुसे डंपर को किया सीज

**मसवासी, अमृत विचार :** नो एंट्री में घुसे रेत लदे ओवरलोड डंपर को पकड़ कर चौकी इंचार्ज मनोज कुमार मिश्रा ने सीज कर दिया। नो एंट्री में खनन लदे वाहनों के गुजरने पर प्रतिबंध लगाने की चेतावनी के बाद भी शनिवार की दोपहर पट्टीकलां की ओर से रेत लदे ओवरलोड डंपर को देखकर चौकी इंचार्ज का पारा चढ़ गया। उन्होंने पुलिस टीम के साथ पीछा करके डंपर को मिलक-नौखरीद के नजदीक पकड़ लिया। इसके बाद डंपर को सीज कर दिया।

### महिला की कनपटी से तमंचा सटाकर लूट का प्रयास

**मसवासी, अमृत विचार :** घर में घुसे बदमाशों ने महिला की कनपटी पर तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी देते हुए नकदी लूटने की कोशिश की। परिजनों के जागने एवं शोर-शराबा होने पर बदमाश अपने मकसद में कामयाब नहीं हो सके। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना चौकी क्षेत्र के गांव हसनपुर-उत्तरी में गुरुवार की देर रात की है। गांव निवासी अमर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह घर के नजदीक स्थित पशुशाला में सोया हुआ था। जबकि उसकी पत्नी राजवती, बेटा केशव और बेटियां घर में सो रहीं थीं। इस दौरान घर में घुसे बदमाशों ने उसकी पत्नी की कनपटी पर तमंचा सटा दिया और घर में रखी नकदी के बारे में पूछने लगा। इस बीच बदमाशों को देखकर उसकी बेटियों की चीख निकल गई। इससे आसपास रहने वाले लोग भी जाग गए और गांव में शोर-शराबा हो गया। शोर सुनकर अमर सिंह भी ग्रामीणों के साथ घटना स्थल की ओर दौड़ पड़ा। ग्रामीणों को अपनी ओर आता देख बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। अमर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। अभी मामले में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई है। चौकी इंचार्ज ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### फर्रुखाबाद एसओजी ने 5 लोगों को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर, अमृत विचार :** फर्रुखाबाद एसओजी ने नगर में छापेमारी करके 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। कस्बा चौकी प्रभारी ललित कुमार ने बताया कि फर्रुखाबाद एसओजी की टीम ने मोहल्ला बिशारतनगर और चांद के पार में दबिश देकर 5 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसओजी द्वारा पकड़े गए सभी आरोपी चोरी के मामले में वांछित थे। इन्होंने फर्रुखाबाद में किसी बड़ी चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पकड़े गए लोगों के परिजनों ने आईजीआरएस पर फर्रुखाबाद एसओजी की शिकायत की है।

### किशोरी को भगाने में 3 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**ढकिया, अमृत विचार :** प्रेम प्रसंग के चलते क्षेत्र के गांव दिवियापुर से एक किशोरी मंगलवार की रात अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई थी। परिजनों बुधवार सुबह इसका पता लगा। काफी तलाशने पर भी किशोरी का पता नहीं चलने पर परिजनों ने शुक्रवार बरेली जनपद के थाना सिरौली क्षेत्र के गांव बिहारीपुर निवासी मोनू, सोनू और अन्नू के खिलाफ बेटी का अपहरण कर ले जाने की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर मोनू व उसके दो भाइयों सोनू, अन्नू के खिलाफ किशोरी के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कर ली। शनिवार को पुलिस ने किशोरी व आरोपियों की तलाश में बरेली जनपद में कई स्थानों पर दबिश दी, लेकिन सफलता नहीं मिली।

### स्पेलर में फंसकर युवक का हाथ कटा

**ढकिया, अमृत विचार :** क्षेत्र के रवानी पट्टी गांव में राम सिंह मौर्य के स्पेलर पर उनका 17 वर्षीय भतीजा धर्मवीर मौर्य सरसों के तेल की पेराई कर रहा था। इस दौरान स्पेलर में फंसकर अचानक धर्मवीर मौर्य का हाथ कट गया। बुरी तरह घायल धर्मवीर को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुछ समय पहले स्पेलर संचालक राम सिंह मौर्य की भी चार उंगलियां स्पेलर में फंसकर कट चुकी हैं।

### चोरों ने एक ही रात में 4 घरों से 5 लाख का माल समेटा

**सैफनी, अमृत विचार :** सैफनी थाना क्षेत्र के रवाना गांव में चोरों ने एक ही रात में 4 घरों से 5 लाख रुपये का माल चुरा लिया। पीड़ितों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। चोरों ने एक के बाद एक 4 घरों में गुरुवार की रात चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। गांव निवासी गृह स्वामी महफूज हुसैन ने बताया कि दीवार फांदकर घर में घुसे चोर 1.65 लाख रुपये और ढाई तौले सोने के जेवर चुराकर ले गए। इसके बाद चोर रईस अहमद के घर का मुख्य गेट का खोल अंदर घुसे और घर में रखा संदूक ले गए। संदूक में रखे 20 हजार रुपये और सोने चांदी के जेवर चुरा लिए। इसके बाद चोरों ने जसवीर के घर से भी संदूक चुराया। इसमें से 15 हजार रुपये और सोने चांदी के आभूषण निकाल लिए। चौथी घटना विधवा सुशीला के घर में हुई। चोर यहां से भी संदूक चुरा ले गए। इसमें रखे चांदी के जेवर और 3 हजार रुपये निकाल लिए। नकदी व जेवर निकालने के बाद चोरों ने सभी संदूकों को खेत में फेंक दिया। इसके अलावा चोरों ने शुक्रवार की रात नवाब बेग के घर में चोरी करने का प्रयास किया। चारों ग्रामीणों ने चोरी गए सामान की कीमत 5 लाख रुपये बताई है। इसके अलावा टांडा के बैजना निवासी वाजिद अली के डेरे से भी शुक्रवार की रात चोर मौका काफी सामान ले गए।

## एक नजर

### डीएम ने प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने एडरा इंडिया कोर ग्रुप के जिला समन्वयक इरशाद हुसैन को टीकाकरण पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम व नियमित टीकाकरण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.एसपी सिंह, डॉ. केके चहल आदि उपस्थित रहे। इरशाद हुसैन ने बताया कि वह 20 वर्ष से स्वास्थ्य विभाग के सहयोगी अन्तर्राष्ट्रीय संगठन एडरा इंडिया के साथ जिले में समन्वयक के पद पर कार्य कर रहे हैं।

### स्कूल में हुआ टीकाकरण

**रामपुर, अमृत विचार :** ग्रीनवुड सीनियर सेकेंड्री स्कूल में जेई टीकाकरण अभियान के तहत छात्र-छात्राओं का टीकाकरण हुआ। स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रात: 9 बजे ग्रीनवुड स्कूल पहुंची। विद्यालय के प्रबंधक शाहिद खान, प्रधानाचार्य नीरज तिवारी की निगरानी में टीकाकरण प्रारंभ हुआ। 1 से 15 वर्ष तक के बच्चों का टीकाकरण किया गया। टीम में शामिल एएनएम मिथलेश और आंगनबाड़ी आरती ने छात्र-छात्राओं का टीकाकरण किया।

# श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारें

## डीएम-एसपी ने फीता काटकर किया रामलीला मंचन का उद्घाटन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



फीता काटकर रामलीला का शुभारंभ करते डीएम-एसपी।

**अमृत विचार :** शहर के कोसी मंदिर मार्ग स्थित रामलीला मैदान में श्रीराम लीला के मंचन का शनिवार देर रात जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। मथुरा के कलाकारों द्वारा किए गए मंचन से दर्शक अभिभूत हो गए।

शनिवार की देर रात फीता काटने के बाद अतिथियों और रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों ने ठाकुर जी की आरती की। रामलीला इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गान प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी ने कहा कि भगवान श्रीराम ने समाज से ऊंच-नीच को दूर करने का संदेश दिया। एक उन्नत समाज की स्थापना की। भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलकर ही अच्छे समाज का निर्माण किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र ने कहा कि आज समाज को भगवान श्रीराम कि आदर्शों को आत्मसात करने की जरूरत है। जिससे अच्छे समाज का निर्माण हो सके। कमेटी की ओर से डीएम-एसपी को समृति चिह्न देकर सम्मानित किया। अतिथियों को रामलीला इंटर कॉलेज के छात्र बैंड की धुन पर मंचन स्थल तक लाए।

इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल, महामंत्री वीरेंद्र गर्ग, संदीप अग्रवाल सोनी, भारत भूषण गुप्ता, सुनील कुमार गोयल सोनी ताऊ, सुभाष चन्द्र अग्रवाल, वेद प्रकाश वर्मा, निर्भय कुमार गर्ग, कमलेश कुमार अग्रवाल, शैलेन्द्र कुमार गोयल, डॉ. अजय कुमार अग्रवाल, श्याम कृष्ण शर्मा, अनिल कुमार चौरसिया, राजीव सरन गर्ग, नितिन कुमार सर्राफ, श्रीराम अग्रवाल, डॉ. सुमित कुमार गोयल आदि मौजूद रहे।

### तुलसी दास के जीवन चरित्र का हुआ मंचन

उद्घाटन के बाद कोसी मार्ग स्थित रामलीला मैदान पर श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी की ओर से रामलीला मंचन किया गया। मथुरा के कलाकारों ने शनिवार को तुलसी दास जी के जीवन चरित्र का मंचन किया।

### पूर्व मंत्री आज करेंगे रामलीला का शुभारंभ

**रामपुर, अमृत विचार :** श्री आदर्श रामलीला कमेटी ज्वालानगर के तत्वावधान में प्रभु श्री राम की लीला का मंचन रविवार से होगा। रामलीला कमेटी के संरक्षक एवं पूर्व मंत्री शिव बहादुर सक्सेना रात 8 बजे गणेश पूजन करेंगे। उसके बाद फीता काटकर रामलीला का उदघाटन करेंगे। मीडिया प्रभारी डॉ .ओम प्रकाश सक्सेना ने बताया कि विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल भी मौजूद रहेंगे।

### 30 सितंबर से होगा रामलीला का मंचन

**बिलासपुर, अमृत विचार :** श्री सनातन रामलीला परिषद के अध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि 30 सितंबर से 77वें वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इसमें बाहर से आए कलाकारों द्वारा श्री रामलीला का मंचन किया जाएगा। बताया कि 30 सितंबर से रामलीला का मंचन शुरू होगा जो 14 अक्टूबर तक चलेगा।

### विजयी बच्चों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रीय अविष्कार अभियान प्रतियोगिता श्री गुरु नानक इंटर कॉलेज बिलासपुर में हुई। दो चरणों में हुई प्रतियोगिता में बिलासपुर विकासखंड के 126 उच्च प्राथमिक, संविलियन विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बिलासपुर के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

प्रथम तथा द्वितीय चरण के सम्मिलित प्राप्तांकों के आधार पर उच्चतम स्कोर हासिल करने वाले पांच प्रतिभागियों को जनपद स्तर के लिए चयनित किया गया। पांच छात्र-छात्राओं को ब्लॉक स्तर पर पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए नामांकन समिति, मूल्यांकन समिति, कक्ष निरीक्षक, निर्णायक समिति, साक्षात्कार समिति तथा भोजन समितियों का गठन किया गया। निर्णायक समिति के रूप में प्रधानाचार्य सुखदेव, एआरपी रामचंद्र राठौर, अजहर अहमद तथा श्री गुरुनानक इंटर कॉलेज के विज्ञान के दो विज्ञान अध्यापक सम्मिलित रहे। इस मौके पर एआरपी हवलदार राम, अमर सिंह, आशुतोष, माधव गुप्ता, सौरभ, जयप्रकाश, अनिल, गुरप्रीत सिंह, विपेंद्र कुमार, रामचंद्र गौतम, पंकज पंडालिया मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### छात्रों ने स्कूल में चलाया स्वच्छता अभियान

**रामपुर, अमृत विचार :** स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिषद द्वारा नेहरू नगर पालिका कन्या इंटर कॉलेज में श्रमदान, पौधरोपण, हस्ताक्षर अभियान, मानव शृंखला और शपथ ग्रहण कार्यक्रम कराए गए। प्रधानाचार्य बबीता सक्सेना ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाना और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। श्रमदान में सभी ने परिसर की सफाई की। पौधरोपण से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। हस्ताक्षर अभियान एवं मानव शृंखला से जन जागरूकता का प्रदर्शन किया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में स्वच्छता और पर्यावरण की रक्षा के संकल्प लिए गए।

### रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

**मिलक, अमृत विचार :** शनिवार को बिलासपुर रोड स्थित डॉ. रामबहादुर सिंह मेमोरियल महाविद्यालय मिलक में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत रैली निकाली गई। महाविद्यालय के प्रबन्धक अनिल गंगवार ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। महाविद्यालय से शुरू हुई रैली बिलासपुर रोड से तीन बत्ती चौराहा होते हुए पुन: महाविद्यालय पहुंची। छात्र-छात्राओं ने मिलक रेलवे स्टेशन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व महाविद्यालय द्वारा गोद लिया गया गांव धनेली उत्तरी में साफ-सफाई कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ.मनोज कुमार, ओमेन्द्र पाल, खूबकरन, सुभाष सिंह, अनुराग पांडेय, दिनेश कुमार, विपिन कुमार, मृत्युजंय सिंह, श्रवण कुमार पांडेय, जितेन्द्र कुमार, आनंद, प्राची गंगवार, कल्पना शर्मा, रति गंगवार आदि मौजूद रहे।

### विद्यालयों को निपुण बनाने पर हुई चर्चा

**टांडा, अमृत विचार :** मोहल्ला रांड स्थित मास्टर नफासत अली के आवास पर हुई शिक्षकों की बैठक में परिषदीय विद्यालयों को निपुण बनाने को लेकर चर्चा हुई। इसमें शिक्षकों ने विद्यालयों को जल्द से जल्द निपुण बनाने का संकल्प लिया। कहा कि निपुण भारत मिशन सरकार एवं विभाग की प्राथमिकता में शामिल है। विद्यालयों के बेहतर रखरखाव, संचालन एवं शिक्षण कार्य में अपने दायित्वों का भलीभांति निर्वहन करें। इस अवसर पर मोहम्मद अतीक, मोहम्मद रईस, गोहर अली, मौलाना सादिक, अहसानुल हक, सईद सागर, हाजी नफीस, अब्दुल रऊफ, मोहम्मद मुस्तफा, नफासत अली, मोहम्मद तनवीर, सईद रहमानी, राकेश वर्मा आदि शामिल रहे।

### विज्ञान क्विज में छा गए परिषदीय स्कूलों के बच्चे

**शाहबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत हुए विज्ञान क्विज में परिषदीय स्कूल की तमाम प्रतिभाएं उभरकर सामने आ गईं। चयनित बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को बीआरसी पर क्विज प्रतियोगिता हुई। ब्लॉक के जूनियर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। दो चरणों में आयोजित क्विज के प्रथम चरण में चयनित छात्रों ने द्वितीय चरण में प्रतिभाग किया। तृतीय चरण में सफल छात्रों को पुरस्कार दिए गए। हिम्मतपुर स्कूल के विवेक और नैतिक, मधुकर के सुदेश, सूपा के अरुण और ऋषु, तुरखेड़ा के कपिल देव, खुशी और राहुल, सुहावा के विष्णु मौर्य, रम्पुरा के अमन यादव, लश्करगंज के सतेंद्र, चकरपुर कदीम के शिवम, मतवाली के शैजी, सुहावा के प्रवीण मौर्य, भीतरगांव के अर्जुन का चयन हुआ। इस दौरान ब्लॉक व्यायाम शिक्षक फजल आफाक, अफजाल अहमद, सुभाष कुमार पाण्डे, सुरेंद्र, रजा जैदी आदि मौजूद रहे।

### निबंध प्रतियोगिता में सोफिया रहीं प्रथम

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कालेज में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत भाषण, पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताएं हुईं। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा 12 की फवेहा बी प्रथम, सोफिया तारिक द्वितीय और अन्हार फात्मा तृतीय रहीं। निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 10 की सोफिया शेख प्रथम, कक्षा 9 की आदिवा द्वितीय और कक्षा 9 की अलीशा तृतीय स्थान पर रहीं। पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 7 की अमरीन तुफैल प्रथम, कक्षा 8 की अदीबा खान द्वितीय और कक्षा सात की मेहरीन बी तृतीय रहीं। प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर शमीम खान, रेनू देवी, प्रगति गोयल, नाजिया, खदीजा, तबस्सुम, राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, नितिन कुमार, राशिद खान, बाबू आदि उपस्थित रहे।

### हेड ब्वॉय और हेड गर्ल को दिलाई शपथ

**रामपुर अमृत विचार :** पटवाई स्थित तारक एजुकेशनल अकादमी में शनिवार को विद्यार्थियों की चयनित काउंसिल बॉडी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। इसमें हेड ब्वॉय, हेड गर्ल तथा वाइस हेड ब्वॉय और वाइस हेड गर्ल को उनकी जिम्मेदारियों को ईमानदारी तथा कर्तव्यनिष्ठा से निभाने की शपथ दिलाई। विद्यालय के चारों हाउस के कैप्टन तथा वाइस कैप्टन को भी जिम्मेदारियों का उचित निर्वहन करने की शपथ दिलाई गई। एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर परमजीत कौर ने कहा कि एक अच्छे विद्यार्थी को कौऐ की तरह चतुर, बगुले की तरह ध्यान केंद्रित तथा श्वान की तरह कम नींद वाला होना चाहिए। शिक्षकों को विद्यालय की 4 हाउस टीमों में विभाजित किया गया। इसके तहत कैप्टन और वाइस कैप्टन बनाया गया। प्रबंधक सुरेन्द्र सिंह ने भी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को बधाई दी। इस मौके पर सह प्रधानाचार्य अमित बैनर्जी, विद्यालय हेड्स पूजा अरोरा तथा कुलदीप कौर के साथ दीपेंद्र तथा दीपा सिंह को चुना गया।

### कबड्डी में महिला वर्ग का ट्रायल 1 अक्टूबर से

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि कबड्डी के जिला एवं मंडल स्तरीय ट्रायल 1 अक्टूबर से होंगे। जिला स्तर पर चयनित खिलाड़ियों को मंडलीय चयन के लिए मुरादाबाद भेजा जायेगा। कबड्डी में महिला वर्ग का जनपद स्तरीय ट्रायल 1 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे शहीद-ए-आजम स्टेडियम में किया जायेगा। हैंडबाल पुरुष प्रतियोगिता का ट्रायल 8 अक्टूबर को, बाक्सिंग पुरुष प्रतियोगिता का ट्रायल 9 अक्टूबर को, एथलेटिक्स महिला व पुरुष प्रतियोगिता का ट्रायल 15 अक्टूबर को, वॉलीबाल महिला प्रतियोगिता का ट्रायल 16 अक्टूबर को एवं हॉकी पुरुष प्रतियोगिता का ट्रायल 17 अक्टूबर को शहीद-ए-आजम स्टेडियम में होगा। मंडल स्तरीय ट्रायल में कबड्डी में महिला वर्ग का ट्रायल 3 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम मुरादाबाद में किया जाएगा। हैंडबाल पुरुष प्रतियोगिता का ट्रायल 9 अक्टूबर, बाक्सिंग पुरुष प्रतियोगिता का ट्रायल 10 अक्टूबर, एथलेटिक्स महिला व पुरुष प्रतियोगिता का ट्रायल 16 अक्टूबर, वॉलीबाल महिला प्रतियोगिता का ट्रायल 17 अक्टूबर एवं हॉकी पुरुष प्रतियोगिता का ट्रायल 18 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस स्टेडियम मुरादाबाद में होगा।

# परिषदीय स्कूलों के शिक्षकों की भूमिका पर की गई चर्चा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर




हस्ताक्षर करते जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की भूमिका पर चर्चा की। शिक्षकों के टीएलएम की सराहना करते हुए उत्साहवर्धन किया।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उत्तर प्रदेश एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय नवाचार मेला व कला क्राफ्ट एवं संस्कृति महोत्सव का आयोजन शनिवार को रंगोली मंडप में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी ने दीप जला कर किया।

प्रशिक्षुओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य शैली, प्राथमिक विद्यालय स्योंडरा विकासखंड मिलक के छात्रों ने मेडिटेशन और योग संबंधित माइंड रीडिंग एक्टिविटी प्रस्तुति की। उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियाल के छात्रों ने पीटी की। डायट की प्राचार्य नीलम रानी टम्टा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया। रजा डिग्री कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अरुण कुमार, डॉ.सोमेंद्र कुमार व डॉ.वंदना राठौर ने श्रेष्ठ टीएलएम का चयन किया। आयोजक वरिष्ठ प्रवक्ता अशोक कुमार और सह-संयोजक लता गंगवार, तृप्ति चन्द्रा रहे।

### सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करने पर जुर्माना लगाएं

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह की अध्यक्षता में त्रैमासिक जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इसमें तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा किए गए कार्य की समीक्षा की गई। जनपद में चलाए जा रहे तंबाकू मुक्त युवा अभियान में उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह से कहा कि सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त घोषित किया जाए। जनपद में कोटपा अधिनियम को पूर्ण रूप से लागू किया जाए। सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने पर जुर्माना लगाया जाए। जन जागरूकता के लिए जिलाधिकारी ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ भी किया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार, जिला सलाहकार डॉ. शहजाद हसन खान एवं जनपद के चिकित्साधिकारी उपस्थित रहे।

### विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति की करें जांच

**रामपुर, अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक हुई। इसमें जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने खंड विकास अधिकारी एवं पंचायत सचिवों से कहा कि विद्यालयों में पाठ्यपुस्तकों की आपूर्ति की जांच करें। जिन विद्यालयों में पुस्तकें उपलब्ध नहीं हुई हैं, उनमें पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता तय करें। खंड विकास अधिकारियों से कहा कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में मरम्मत, शौचालय, चहारदीवारी बनवाने के साथ ही सभी कक्षाओं में टायलीकरण कराना तय करें। बैठक में सीएमओ डॉ.एसपी सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राघवेंद्र सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।

# मुझे खींच लाती हैं रामपुर वालों की मोहब्बतें : रजा मुराद

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- शहर के मुख्य चौराहे पर फिल्मी सितारे को देख रोड हुआ जाम



रजा मुराद।

**अमृत विचार :** प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता रजा मुराद शनिवार की देर रात शहर के मुख्य चौराहे शाहबाद गेट पर मीडिया से मुखातिब थे। अमृत विचार के एक सवाल पर रजा मुराद ने दो टूक जवाब दिया कि उन्हें रामपुर वालों की मोहब्बत खींच लाती है।

शहर के मुख्य चौराहे शाहबाद गेट पर जैसे ही रजा मुराद की कार आकर रुकी, सड़क से गुजर रहे लोग उन्हें कार में बैठे देख रुक गए। लोगों को रुकता देख रजा मुराद भी अपनी कार से नीचे उतर आए। इस दौरान लोगों ने उनके साथ खूब सेल्फी लीं।

रजा मुराद ने कहा कि उनके बुजुर्गों ने रामपुर में अपना जीवन जिया है। उनका बचपन भी रामपुर में ही गुजरा है। उन्हें रामपुर वालों से बहुत मोहब्बत है। यही मोहब्बत उन्हें बार-बार रामपुर खींच लाती है।

उन्होंने कहा कि उनके बुजुर्ग रामपुर की मिट्टी में दफन हैं। रामपुर को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कहा कि उनसे यहां के लोग भी बेइंतहा मोहब्बत करते हैं। इसीलिए वह खुद को रोक नहीं पाते और रामपुर की ओर खिंचे चले आते हैं। रजा मुराद ने शाहबाद गेट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उनके सवालों के जवाब भी दिए।

# प्लास्टिक का टिकाऊ विकल्प है जूट का बैग : डॉ. सुनीता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



प्रतियोगियों के क्रॉफ्ट को चेक करतीं निर्णायक डॉ. सबीहा परवीन।

**अमृत विचार :** महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुनीता जायसवाल ने कहा कि जूट का इस्तेमाल करने का मुख्य कारण यह है कि जूट के बैग प्लास्टिक बैग का टिकाऊ विकल्प हैं। क्योंकि यह बायोडिग्रेडेबल और पर्यावरण के लिए फायदेमंद होते हैं। पर्यावरण के क्षरण और प्लास्टिक कचरे को कम करते हैं।

राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों के बीच स्वच्छता जागरूकता के लिए थैला प्रतियोगिता हुई। इसमें स्वयंसेविकाओं ने वेस्ट मैटेरियल से थैला बनाया। इसमें कागज और जूट का प्रयोग किया। प्राचार्य ने कहा कि स्वच्छता और पर्यावरण के संरक्षण के लिए आवश्यक है कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े और जूट के बैग का प्रयोग करें।

प्रतियोगिता में मेघा ठाकुर, सुमबुल, खुशी गौतम, साफिया, यशि, अंशिका, सानिया, रूबीना, काजल, सलोनी, शीतल आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में डॉ. सबीहा परवीन व डॉ. टिकेंद्र सिंह रहे। इस अवसर पर डॉ. अनिता देवी, डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. निशात बानो, डॉ.रजिया परवीन, डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. प्रतिभा यादव आदि मौजूद रहे।

### बिना लाइसेंस संचालित मेडिकल स्टोर पर मारा छापा

**ढकिया, अमृत विचार :** क्षेत्र के घारमपुर नरेंद्रपुर गांव में कई मेडिकल स्टोर बिना लाइसेंस के चल रहे हैं। लोगों का कहना है कि इन पर प्रतिबंध दवाएं भी धड़ल्ले से बेची जा रही हैं।

ग्रामीणों ने बिना लाइसेंस के चल रहे व प्रतिबंधित दवा बेचने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों के खिलाफ कार्रवाई के लिए औषधि निरीक्षक से शिकायत की थी। इस पर औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार ने शनिवार को गांव में बिना लाइसेंस के संचालित मेडिकल स्टोरों पर कार्रवाई के लिए छापा मारा। लेकिन औषधि निरीक्षक के आने की सूचना लीक हो जाने के कारण बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर चलाने वाले लोग मेडिकल स्टोर बंद करके फरार हो गए। औषधि निरीक्षक ने बताया कि फिर से छापा मारकर इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मेडिकल स्टोर संचालकों में खलबली मची रही।

# मॉडल निर्माण में मिलक निब्बी सिंह और कल्याणपुर की टीम रहीं विजेता

कार्यालय संवाददाता, रामपुर




बच्चों के साथ खंड शिक्षाधिकारी राजेंद्र सिंह बोरा एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चमरौआ के ब्लॉक संसाधन केंद्र शंकरपुर में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता एवं मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में उच्च प्राथमि विद्यालय मिलक निब्बी सिंह के अभिषेक प्रथम, मुंडिया खेड़ा के अरविंद द्वितीय, शंकरपुर की तानिया तृतीय स्थान पर रहीं। विज्ञान क्विज प्रतियोगिता में 12 बच्चों का चयन किया गया। इन्हें शिक्षण किट, ज्यामेट्री बॉक्स व डिसेक्शन बॉक्स दिए गए। चयनित 12 बच्चों को ट्रॉफी व विज्ञान किट दी गई। जबकि टॉप 5 को ट्रॉफी दी गई। मॉडल निर्माण में यूपीएस मिलक निब्बी सिंह और कल्याणपुर को संयुक्त विजेता घोषित किया गया। द्वितीय स्थान पर यूपीएस मुंडियाखेड़ा और तृतीय स्थान पर यूपीएस अहमद नगर खेड़ा रहे।

कार्यक्रम के संरक्षक खंड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र सिंह बोरा ने प्रतिभागी बच्चों को प्रोत्साहित किया। संचालन व संयोजन विज्ञान विषय के एआरपी डॉ. वीरेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर गणित के एआरपी ओमपाल सिंह, अंजुम सक्सेना, चरण सिंह, एकता माथुर, फराह, फौजिया खान, आरिफ, शिव कुमार, संजय सिसोदिया, उमेश पाल सिंह, ओमप्रकाश सिंह, शीतल, शालिनी रावत, अंजलि सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

परेशानी | लोगों ने मकान ध्वस्त कराकर जगह-जगह बना लीं दुकानें

# बाजार नसरुल्लाह खां में पूरे दिन लगा रहा जाम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



शहर में बेतरतीब ई-रिक्शा की वजह से लगा जाम।

- बाजार अब्दुल्लाह गंज से चौकी चौक तक सुबह से रात तक रहता है जाम, लोगों को होती है दिक्कत

**अमृत विचार :** शहर में सुबह से शाम तक बस जाम ही जाम लगा रहता है। इससे लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नगर के चांदनी चौक यानी नसरुल्लाह खां बाजार में स्कूलों में छुट्टी के समय निकलना दुश्वार हो जाता है। इसी सड़क पर बाजार अब्दुल्ला गंज में संकरी सड़क पर डिवाइडर लगे होने से घंटों वाहन रेंगते रहते हैं। चौकी चौक तक जाम रहता है।

बाजार नसरुल्लाह खां से बाजार सफदर गंज की ओर जाने के लिए सड़क की चौड़ाई लगभग 30 फिट थी। लेकिन, अब लोगों ने मकान ध्वस्त कराकर मार्केट बनवा ली हैं। इसके कारण सड़क संकरी हो गई है। इसके चलते लोगों का सड़क से गुजरना दुश्वार हो जाता है। नसरुल्लाह खां बाजार में कई होटल भी हैं। इसके अलावा देर रात तक खुलने वाली चाय की दुकानें हैं। पान विक्रेता भी देर रात तक दुकानें खोले रहते हैं। इन पर काफी भीड़ रहती है। रही सही कसर शहर में बेतरतीब दौड़ने वाले ई-रिक्शा पूरी कर देते हैं। इनके चालकों का जहां मन होता है, वहीं रोक देते हैं। हर दिन दोपहर और शाम को नसरूल्लाह खां बाजार में जाम लगना आम बात है। जिसमें अक्सर स्कूल के बच्चों की रिक्शाएं फंस जाती हैं। जिसके कारण बच्चे दोपहर में तीन बजे तक अपने घरों को पहुंचते हैं।

### डिवाइडर भी बन रहा लोगों के लिए मुसीबत

बाजार अब्दुल्लाह गंज में राजकीय हामिद इंटर कालेज के सामने बनवाया गया डिवाइडर भी मुसीबत बन रहा है। डिवाइडर बनने के बाद सड़क इतनी संकरी हो गई है कि एक ई रिक्शा ही गुजर सकती है। जिसके कारण यहां ट्रैफिक रेंगता रहता है।

सड़क पर लगे डिवाइडर को हटवाने के लिए बोर्ड से प्रस्ताव पास होगा। इसके बाद ही बाजार अब्दुल्ला गंज से डिवाइडर हट पाएंगे। इसके अलावा जिन लोगों ने मकान तोड़कर मार्केट बनवा ली हैं उनकी जांच कराई जाएगी।

**- दुर्गेश्वर त्रिपाठी**
ईओ, नगर पालिका



स्वच्छता अभियान के तहत बाइक रैली निकालते पीआरडी के जवान।

# पीआरडी के जवानों ने स्वच्छता बाइक रैली निकाली

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** स्वच्छता पखवाड़े के तहत युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में स्वच्छता बाइक रैली का आयोजन विकासखंड चमरौआ में हुआ।

बाइक रैली में पीआरडी के जवान एवं युवक मंगल दल के सदस्य शामिल हुए। रैली का शुभारंभ प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी वरुण राठी ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली का समापन सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाकर पनवड़िया स्थित नुमाइश ग्राउंड पर हुआ। इस दौरान क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी बृजेश कुमार, वेदराम, महेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे। रैली में शामिल सभी जवानों का प्रभारी जिला युवा कल्याण अधिकारी ने आभार व्यक्त किया।

कर्मजं बुद्धियुक्ता हि फलं त्यक्त्वा मनीषिणः।
जन्मबन्धविर्मुक्ताः पदं गच्छन्त्यनामयम।। ५१।।
in fond & loving memory of
SH. NAND LAL NANDA
On His Thirty Two Death Anniversary

भूतानां देवचरितं दुःखाय च सुखाय च। सुखायैव हि साधूनां त्वादृशामच्युतात्मनाम्।।
भंजति ये तथा देवान् देवा अपि तथैव तान्। छायेव कर्मसचिवाः साधवो दीनवत्सलाः।।
Today on 29th September 2024
his 32 Death Anniversary,
We once again pledge to carry further the tradition of excellence with a much stronger sense of commitment
Deeply missed & remembered by All family members & staff of
M/S MENTHA & ALLIED PRODUCTS PVT. LTD.
New Delhi-8.....Rampur (U.P.),Kashipur (U.K)

# स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित देश


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी हैं। वह रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, "युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था"।

देश स्त्री उत्पीड़न की घटनाओं से चिंतित है। यह समाज और राज दोनों के लिए पीड़ादायी है। स्त्री उत्पीड़कों को दंडित करने के लिए अनेक कानूनी प्रावधान हैं। कानून पालन कराने वाले शासकीय तंत्र द्वारा अपना काम किया जा रहा है,लेकिन समाज में ऐसी घटनाओं पर समुचित चिंतन नहीं हो रहा है। हम सहस्त्रों वर्ष प्राचीन राष्ट्र हैं। संस्कृति ही समाज की गतिशीलता तय करती है। संस्कृति ही राष्ट्र जीवन की संचालक है। स्त्री-पुरुष संबंधों पर वैदिक काल में काफी चिंतन हुआ था। संस्कृति की महत्ता का चिंतन इसलिए और जरूरी है कि भारत का राष्ट्र जीवन संस्कृति और दर्शन के क्षेत्र में बहुप्रतिष्ठित था और समाज के नियमन का काम करता रहा है। स्त्री महत्ता और प्रतिष्ठा के अनेक सूक्त ऋग्वेद से लेकर आधुनिक काल तक विद्यमान हैं। स्मृतियों में दीर्घकाल तक अविवाहित बने रहने की आलोचना की गई है और गृहस्थ धर्म की प्रशंसा। विवाहित होना सम्मानीय था। एक सुंदर मंत्र में अग्नि से प्रार्थना है कि वह सभी देवों को पत्नी सहित लाएं। पत्नीहीन पुरुष को यज्ञ करने के अधिकार से वंचित किया गया है।

भारतीय समाज में स्त्रियां प्रत्येक स्थिति में सम्मानीय रही हैं। वैदिक काल में स्त्री सम्मान की अनेक कथाएं चलती थीं। वैदिक काल की एक प्रतिष्ठित महिला मुदग्लानी हैं। वह रथ पर चढ़कर युद्ध में हिस्सा लेती थीं। उनकी वीरता की प्रशंसा थी। युद्ध के वर्णन में कहा गया है कि, "युद्ध के समय उनके वस्त्रों का संचालन वायु देव ने किया था।" ऋग्वेद के अनुसार युद्ध में विपशला का पैर कट गया। अश्वनी देवों ने उसे धातु का पैर लगा दिया था। पति और पत्नी को मिलाकर दंपत्ति बनता है। दंपत्ति में नारी की प्रतिष्ठा है। दंपत्ति स्त्री-पुरुष दोनों से मिलकर बना है। ऋग्वेद में अनेक सूक्तों में किसी न किसी रूप में स्त्री सम्मान का तत्व मौजूद है। सृष्टि की उत्पत्ति जल से होने का तथ्य चार्ल्स डार्विन ने भी स्वीकार किया है। ऋग्वेद में 'आपः मातरम'-जलमाताओं को नमस्कार किया गया है। सृष्टि के आदितत्व की खोज महत्वपूर्ण अभिलाषा है, लेकिन उसे स्त्रीलिंग में याद करना स्त्री का आदर है। ऐसा यूनान में भी नहीं रहा। ऐसे ही ऋग्वेद में अदिति नाम की एक महादेवी अदिति हैं। वह अखंड अस्तित्व हैं। कहा गया है, "इस अस्तित्व के सभी तत्व अदिति हैं। अब तक जो कुछ हो गया है और जो कुछ भविष्य में होगा वह सब अदिति है।"

ऋग्वेद का सूक्त पठनीय है। अदितिः द्यौः अदितिः अन्तरिक्षं अदितिः माता सः पिता सः पुत्रः अदितिः विश्वेदेवाः अदितिः पंचजनाः अदितिः जातम जनित्वम-द्युलोक अदिति है, अंतरिक्ष उसके नीचे है, वह भी अदिति है, माता-पिता-पुत्र सब अदिति हैं, सारे देव अदिति हैं, जो पंचजन सप्तसिंधु में निवास करते हैं, वह सब अदिति हैं,जो कुछ उत्पन्न हुआ है और जो कुछ आगे उत्पन्न होगा, वह सब अदिति है। (ऋग्वेद 1.89.10) इस तरह एक अद्वैत शक्ति की अनुभूति देवी के रूप में की गई है। यूनानी देवतंत्र में अदिति के समान भाव और गूढ़ दार्शनिक अर्थ रखने वाली कोई भी देवी नहीं है। विवाह नाम की संस्था का विकास धीरे-धीरे हुआ है। ऋग्वेद के रचनाकाल तक विवाह संस्था का समुचित विकास हो रहा था। ऋग्वेद में अनेक मंत्रों में विवाह की प्रतिष्ठा है। विवाह सूक्त के एक सुंदर मंत्र में नववधू को आशीर्वाद दिया गया है और नववधू को शुभकामनाएं देते हुए कहा गया है कि, "यह नववधू दीर्घकाल तक जिए। दीर्घकाल तक काम करे। ससुर और सभी परिजनों पर शासन करे।" यह भारतीय संस्कृति का प्राचीन तत्व है। परंपरा पीछे सहस्त्रों वर्ष से चली आ रही है। किसी स्त्री को तंग करने और परेशान करने की कोई छूट प्राचीन परंपरा में नहीं है। तुलसीदास जी ने स्त्री अपमान के विरुद्ध चौपाई में कहा है, "अनुज बधू भगिनी सुत नारी/सुनु सठ ए कन्या सम चारी/इन्हहि कुदृष्टि बिलोकइ जोई/ताहि बधे कछु पाप न होई।-तुलसीदास ने स्त्री उत्पीड़क को सीधे मौत की सजा सुनाई है। कानून अपना काम करे और समाज अपना। समाज के लिए वर्तमान समय चुनौतीपूर्ण है।

भारत में नारी की स्थिति सभी कालों में सम्माननीय रही है। उन्हें मातृशक्ति की संज्ञा दी गई है। पूर्वजों ने स्त्री को समाज का संरक्षक माना है। बृहदारण्यक उपनिषद के अनुसार एक समय राजा जनक ने विद्वानों की सभा बुलाई थी। बहुत दूर-दूर के विद्वान इस गोष्ठी में सम्मिलित थे। उनमें से एक गार्गी भी थी। विद्वानों की सभा में गार्गी ने याज्ञवल्क्य से सीधे सवाल पूछे थे। पूछा गया था कि, "यह संपूर्ण अस्तित्व किस तत्व पर टिका हुआ है?" गार्गी ने तमाम सवाल पूछे थे। उनमें से एक सवाल यह भी था कि, "सृष्टि किस आधार पर खड़ी है।" उत्तर दिया, "जल पर।" फिर पूछा गया कि, "इस अस्तित्व को कौन देवता आधार देते हैं?" गार्गी ने उत्तर के बाद कहा, "जल किसमें आधारित हैं?" गार्गी ने पूछा, "इस विराट अस्तित्व का आधार क्या है?" याज्ञवल्क्य ने उत्तर दिया ब्रह्म ही सबको धारण करता है। ब्रह्म ही सर्वोच्च हैं। गार्गी ने अगला प्रश्न पूछा कि, "ब्रह्म किस पर आधारित हैं"। याज्ञवल्क्य ने कहा, "ब्रह्म सर्वोच्च हैं। ब्रह्म ही भिन्न-भिन्न रूपों में प्रकट होते हैं। हे गार्गी ब्रह्म को लेकर सवाल नहीं पूछा करते। ब्रह्म का कारण ब्रह्म हैं। इस संसार के सभी कारक तत्व ब्रह्म में ही सक्रिय हैं। ब्रह्म असीम हैं। अनंत है"।

गार्गी की प्रतिभा अद्भुत थी। राम सीता की जोड़ी में सीता और राम दोनों की विशिष्टता देखी जाती है। कोई बड़ा नहीं। कोई छोटा नहीं। सीता जैसा चरित्र दुनिया के किसी भी देश में नहीं मिलता। शिव पार्वती में पार्वती प्रथमा हैं और वह सभी अवसरों पर शंकर जी से विभिन्न विषयों पर गहन प्रश्न पूछा करती हैं। कैकई और दशरथ के कथानक में कैकई विचारणीय हैं। भारतीय परंपरा व साहित्य में सर्वत्र स्त्री सम्मान की गूंज है। यत्र नारी अस्तु पूजते रमंते तत्रदेवता-जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवता रहते हैं। नारी माता हैं। अनेक प्रतीकों में स्त्री को मां कहा गया है। माता से बढ़कर दूसरा कोई प्रतीक नहीं है। यहां भारत को भी भारत माता कहा गया है। अथर्ववेद के भूमि सूक्त में पृथ्वी को मां बताया गया है। अधिकांश नदियों को भी हम माता ही कहते हैं। वैदिक काल में यज्ञ की अतिरिक्त प्रतिष्ठा रही है। यज्ञ विधान के अनुसार पूजा में पत्नी की उपस्थिति अनिवार्य है। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में ऋषि पत्नी से कहते हैं, "तुम ऋक हो। मैं साम गान हूं। मैं अंतरिक्ष हूं। तुम पृथ्वी हो।" भारतीय संस्कृति में मां सर्वोत्तम अनुभूति है। वह जननी है और स्त्री है। हम हिन्दू समाज के लोग अवतारवाद भी मानते हैं। संसार में अवतरित होने के लिए एक मां की आवश्यकता होती है। भगवान भी अपने अवतार में मां को ही माध्यम बनाता है। हम भारत के लोग मां का विस्तार हैं। मां न होती तो हम न होते। भारत के लोकजीवन को स्त्री अपमान की वर्तमान घटनाओं को लेकर सजग रहना चाहिए। देश को इस समय एक सशक्त स्त्री विमर्श की आवश्यकता है।

# समाज में स्त्री की स्वतंत्रता

मेरे ख्यालों में स्त्री की सबसे सशक्त छवि तब उभरती है जब मैं उसे अपने एकांत में सिर्फ खुद के लिए सुकून से बैठा देखूं। अपने में खोए हुए कुछ गुनगुनाते, कुछ ऐसा सोचते कि दृढ़ता से होठ भिंच जाएं या पांच बरस की एक छोटी सी बच्ची की तरह खेलते हुए-किसी भी चीज से, लेकिन सच तो यह है कि मैंने अपने आसपास कभी किसी स्त्री को अकेले नहीं देखा। परंपरागत परिवारों से आई या छोटे शहरों की स्त्रियां अपने परिवार के लोगों के साथ होती हैं। महानगरों में भी वो कभी अकेले नहीं दिखतीं। उनके साथ उनका कोई पुरुष या स्त्री दोस्त होता है। अकेली सड़क पर वे कानों में हेडफोन लगाए किसी से बतियाती हुई जाती हैं। किसी कॉफी हाउस या रेस्त्रां में कोई अकेली स्त्री दरअसल किसी का इंतजार कर रही होती है या फिर उसकी कॉफी के दौरान कोई न कोई उसके फोन पर होता है।


डॉ. बीएन सिंह
बीएचयू, वाराणसी

अकेले निकलने वाली कामकाजी स्त्रियां भी अकेले कहां होती हैं? वे अपने बच्चे को स्कूल छोड़ने जा रही होती हैं। समय से दफ्तर पहुंचने की हड़बड़ी में होती हैं या घर लौटने के निर्धारित समय से देर हो चुकी होती है। उनका आगत उनके वर्तमान में शामिल रहता है हमेशा। वे या तो कहीं जा रही होती हैं या कहीं से लौट रही। आगे बढ़ने के लिए उनके पांव हवा में उठते ही कोई 'अन्य' दूसरे छोर पर मौजूद होता है। वे जैसे खला में एक सफर तय करती हैं किसी और के अधूरेपन को भरने के लिए। मैंने किसी स्त्री को अकेले बैठकर कुछ सोचते भी नहीं देखा। उसे सोचने के लिए कोई चाहिए। वे गौर से सामने वाले की प्रतिक्रियाओं को सुनती हैं और फिर अपना फैसला सुनाती हैं। वह जो चाहती है उसकी पुष्टि किसी और से करती है और उसकी 'चाहना' अक्सर उसकी नकारात्मक प्रतिक्रियाओं में निकलती है। वह अपनी खुशी और अपने दुःख में भी किसी के साथ होना चाहती है। उसके लिए साथ के बिना ये दोनों ही अधूरे हैं। खुशी के रंग हल्के पड़ जाते हैं और दुःख उमड़ता ही नहीं कि बाहर बह निकले और मन को हल्का कर दे।

स्त्री अपने एकांत को सबसे छुपाती है। इस तरह उसका एकांत एक रहस्य बन जाता है। उसके छोटे-छोटे राज कभी खुलते नहीं हैं। जब खुलते हैं तो सिर्फ उनका एक हिस्सा जगमगाता है बाकी रहस्य में आवरण से ही ढका रहता है। जैसे लगता है कि स्त्री का सबसे निजी सुख बहुत अमूल्य सी चीज है, जिस पर सूरज की रोशनी नहीं पड़नी चाहिए नहीं तो वह भाप की तरह उड़ जाएगा। ठीक इसी तरह जब स्त्री अपने दुःख में बिल्कुल अकेली हो जाती है तब वह नहीं चाहती कि उसका दुःख कोई और देखे। वह खुद को दुनिया की नजरों से छिपाकर रो लेती है, अपनी स्मृतियों को तहस-नहस कर देती है, अपनी यादों को खुरच-खुरचकर मिटा देना चाहती है। यहां उसे किसी का साथ नहीं चाहिए। वह कभी नहीं चाहती कि इन जख्मों को कोई देखे। वह अंतिम समय तक अपने भीतर के नन्हें से स्वाभिमान को मरने नहीं देना चाहती। इसीलिए अपने अस्तित्व के लिए जब वह संघर्ष कर रही होती है तब भी उसको अकेलापन चाहिए, किसी का साथ नहीं।

अपनी अंतिम लड़ाई, अंतिम संघर्ष, दर्द की अंतिम लहर में स्त्री अकेली होती है। दांत भींचकर, उभरी हुई नसों और माथे पर आए पसीने के साथ वह लड़ती है, बहुधा जीतती है, कई बार हार भी जाती है। मैंने किसी स्त्री को अकेले नहीं देखा तो किसी स्त्री को हारते भी नहीं देखा। उसकी हार दिखती भी है तो उसमें हमारी कायरता के प्रति एक उपहास होता है। स्त्री को हारने के लिए मजबूर करना एक किस्म की कायरता है, जैसे प्रकृति का विध्वंस करना। पर सवाल वही है, अपने दुःख और संघर्ष में अकेली हो जाने वाली औरत अपनी खुशियों के साथ कब स्वतंत्र होगी? कब अपने अकेलेपन के प्रति आत्मविश्वास से भरी होगी? वह भीतर से कब इतनी हल्की और मुक्त हो सकेगी जैसे प्रकृति में उसके जैसी तमाम सुंदर चीजें हैं।

# लाहौर नेशनल कॉलेज में भगत सिंह- छबील दास


प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

क्रांतिकारी भगत सिंह को तो बस देश की आजादी की ही लग्न थी। क्रांति ही उसका धर्म था और वह किसी और देवी देवता में विश्वास नहीं रखता था। भगत सिंह मुझसे हर राजनैतिक विषय पर बातचीत करता था।

भगत सिंह जहां एक जोशीला इंकलाबी था वह एक बहुत अच्छा विद्यार्थी भी था। उसके अध्यापक होने के नाते मैं यह बात दावे से कह सकता हूं कि उसे पढ़ाने में बहुत आनंद आता था। भगत सिंह को पढ़ने का बेहद शौक था। जब किसी भी किताब का नाम उसके सामने लिया गया तो उसने फौरन उसे पढ़ने की फरमाइश की। वैसे तो भगत सिंह ने न जाने इतिहास की कितनी ही किताबें पढ़ डाली होंगी,लेकिन मुझे अभी तक याद है कि उसे जो किताब सबसे ज्यादा पसंद थी वह 'क्राइ फॉर जस्टिस' थी। भगत सिंह ने लाल पेंसिल से इस किताब के बहुत हिस्सों पर निशान लगाए थे। इनसे पता चलता था कि उसके हृदय में बेइंसाफी के खिलाफ लड़ने की भावना किस तरह कूट-कूट कर भरी हुई थी। वह पुस्तक लाजपतराय भवन लाहौर में हमारे घर में वर्षों तक रही। स्वयं मेरे बच्चों विजय, संतोष और मनोरमा ने कई बार इस किताब को लेकर मुझसे ढेरों सवाल पूछे। मेरे बच्चे भी यह जानना चाहते थे कि भगत सिंह को कौन-सी किताब पसंद थी और क्यों?

मैंने नेशनल कॉलेज में और बाहर भी भगत सिंह को हमेशा हंसते हुए देखा, लेकिन उस हंसी के पीछे भी उसका पक्का इरादा और अपने मकसद को पूरा करने की भावना झलकती थी। लगता था कि भगत सिंह को जीवन के सांसारिक बंधनों से गहरी चिढ़ थी इसलिए उसने कभी शादी करवाने की हामी नहीं भरी। भगत सिंह को विश्वास था कि शादी का बंधन इंकलाब के रास्ते में बहुत भारी रुकावट है। मुझे याद है एक बार लाहौर में दरिया रावी में मैं और भगत सिंह कश्ती की सैर कर रहे थे, मेरी तरह भगत सिंह को भी दरिया में कश्ती की सैर का बहुत शौक था। उस वक्त शाम का अंधेरा होने ही वाला था। भगत सिंह ने हंसते हुए मुझसे पूछा- "गुरुजी सुना है आप शादी कर रहे हैं? क्या यह खबर ठीक है"। जब मैंने कहा, 'हां' तो भगत सिंह एकदम से कहने लगा "फिर इंकलाब कैसे आएगा? आप घर गृहस्थी में पड़ जाएंगे या मुझ जैसे नौजवानों को इंकलाब का सबक पढ़ाएंगे? मैंने महसूस किया भगत सिंह को मेरी शादी करने का फैसला पसंद नहीं आया"।

हमारे सौभाग्य में जिन दिनों देशभर में महात्मा गांधी तथा स्वराज्य आंदोलन की लहर मची हुई थी, उन्हीं दिनों विदेशी विशेषतः आयरलैंड तथा सोवियत रूस से धड़ाधड़ राजनीतिक लिटरेचर, किताबें, टेक्स्ट, अखबारों और मैग्जीनों का आना शुरू हो गया था। आयरिश लिटरेचर तो केवल यही नारा लगाता था कि किसी भी देश अथवा जाति को आजादी प्राप्त करने के लिए बंदूकों, पिस्तौलों, बमों तथा हवाई जहाजों की भारी जरूरत होती है। भारत में अंग्रेजी शासन अपनी फौजों तथा छावनियों से सशस्त्र सैनिकों तथा टैंकों द्वारा स्थापित हुआ है और अब तक चल रहा है। बाइबिल में स्पष्ट घोषणा दी गई है कि 'इफ यू हैव फेथ इन द सोर्ड, बाई द सोर्ड यू शैल बी पनिश्ड' अर्थात यदि तुम तलवारों और बंदूकों द्वारा किसी को गुलाम बनाते हो तो समय और अवसर आने पर वही लोग तुमसे अधिक तेज शस्त्रों व बंदूकों से तुम्हें अपने हाथ से धकेल कर बाहर करेंगे। अतः यदि सचमुच ही भारत की जनता अपनी दासता का जुआ अपनी गरदन से उतार फेंकना चाहती है तो किसी न किसी ढंग से अणु शस्त्र प्राप्त करे। वे साधन बेग-बारो-स्टील अर्थात कहीं से मांगकर, उधार लेकर अथवा जबरदस्ती कहीं से चुराकर अथवा लूटकर प्राप्त करें।

क्रांतिकारी भगत सिंह को तो बस देश की आजादी की ही लग्न थी। क्रांति ही उसका धर्म था और वह किसी और देवी देवता में विश्वास नहीं रखता था। भगत सिंह मुझसे हर राजनैतिक विषय पर बातचीत करता था। हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मियों की गतिविधियों की बातें वह मुझसे नहीं करता था,क्योंकि वह सभी गुप्त कार्रवाहियां थीं,जो आर्मियों के सदस्यों के बीच की बातें थीं। मैं हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी का सदस्य नहीं था। जब भी हम असहयोग आंदोलन की प्रगति और गांधी के विषय में बातचीत करते तो भगत सिंह उत्तेजित होकर गांधीजी की आलोचना करता। गांधीजी के प्रति भगत सिंह का रवैय्या सुभाष चंद्र बोस की तरह था। सुभाष चंद्र बोस ने गांधी जी से कहा था-"बापू, आइए हम वही भाषा सीखें जो अंग्रेज समझते हैं। अहिंसा और जुर्म सहने की फिलोस्फी अंग्रेजों की समझ में नहीं आ सकती। उनका साम्राज्य ताकत के सहारे टिका हुआ है। हमारे पास भी अगर वैसे ही हथियार हों तो निःसंदेह हमारी विजय होगी। अंग्रेज चार करोड़ हैं और हम चालीस करोड़ हैं।'' भगत सिंह भी इसी तरह का दृष्टिकोण रखता था।

भगत सिंह के साथ मेरी अंतिम भेंट जनवरी के प्रथम सप्ताह 1929 में कलकत्ता में हुई। वह अप्रैल 1929 को गिरफ्तार कर लिया गया था। भगत सिंह ने अपने केश कटवा दिए थे। वह कोट-पैंट और हैट पहनता था। मैं भी कलकत्ता में कांग्रेस अधिवेशन में भाग लेने गया हुआ था। भगत सिंह से मेरी मुलाकात कांग्रेस अधिवेशन में नहीं, बल्कि एक दोस्त के घर हुई थी। मैं पोर्टिको में खड़ा था। भगत सिंह तेजी से आया और सीढ़ियों के रास्ते ऊपर चला गया। उस समय मेरी भगत सिंह से बातचीत नहीं हुई। हमने एक दूसरे की ओर देखा। उसने मुझे नमस्ते की और वह गायब हो गया। उसके बाद भगवती चरण मेरे पास आए और कहने लगे "गुरुजी, आपने भगत सिंह को देख लिया है। कृपया यह रहस्य किसी को न बताएं कि आपने उसे कलकत्ता में देखा था।" मुझे समझ में आ गया कि क्या बात थी। भगवती चरण, भगत सिंह से पढ़ाई में एक साल सीनियर था।

लाहौर में भगत सिंह, सुखदेव और भगवती चरण अक्सर मेरे कमरे में आया करते थे। साथ ही गुसलखाना था,जिसमें वे नहाते थे। मुझे बहुत से लोगों से पता चला कि हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन आर्मी की शाखाएं बंगाल, बिहार और उत्तर प्रदेश में थीं। दिल्ली और महाराष्ट्र में भी उनका प्रभाव था। राजगुरु तो महाराष्ट्र के रहने वाले थे।

# स्वतंत्र पुरुषार्थ नहीं धर्म

वार्ता में शब्द और अभिप्रेत अर्थ का अपरिहार्य संबंध है। वक्ता जिस अर्थ में शब्द का प्रयोग करता है, श्रोता उससे भिन्न अर्थ ग्रहण करता है तो वार्ता असंभव हो जाती है। ऐसी वार्ता वार्ता के लिए नहीं वितंडावाद के लिए होती है। 'सनातन' नाम का कोई धर्म विशेष नहीं है। कारण, सनातन संज्ञा शब्द है ही नहीं, विशेषण है। सनातन का अर्थ है- नित्य, निरंतर, शाश्वत, स्थायी, पुरातन। ये सभी अर्थ विशेषण हैं।


कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

'एष धर्मः सनातनः' का तात्पर्य यह नहीं कि यह सनातन नामक धर्म है। इसका तात्पर्य है कि यह धर्म नित्य और पुरातन है। कौन सा धर्म नित्य और पुरातन है? कोई धर्म विशेष नहीं, जो भी नित्य और पुरातन है वह। या किसी भी धर्म का जो घटक नित्य और पुरातन है,वह। केवल धर्म नहीं, संसार और अस्तित्व भी सनातन हो सकता है। सांख्य, मीमांसा, वेदांत, बौद्ध, जैन दर्शन व्यक्त या अव्यक्त रूप में सृष्टि को सनातन मानते हैं। डार्विन के विकासवाद और स्टीफन हॉकिंग के बिग बैंग के पहले, (मसीहाई धर्मों को छोड़कर) सृष्टि को सभी सनातन मानते थे। सूर्य और चंद्र को भी सनातन मानते थे। 'यावत् चंद्रदिवाकरौ' का यही निहितार्थ था/है। जब और जहां धर्म शब्द अस्तित्व में आया तब और वहां किसी अन्य धर्म का प्रचलन नहीं था कि उसे कोई नाम देना पड़ता। वह बस धर्म था। धर्म माने ध्रियते लोकोऽनेन, धरति लोकं वा इति धर्मः। जिसके द्वारा लोक या संसार को धारण किया जाता है, संसक्त रखा जाता है या जो लोक या संसार को धारण करता है, संसक्त रखता है वह धर्म है।

धर्म का यह अर्थ संसार या ब्रह्मांड के परिप्रेक्ष्य में है, जिसमें मनुष्य भी आता है। वेदों में धर्म से पहले ऋत शब्द का इस्तेमाल होता था, जो सत्य का पूरक था। ऋत माने उचित, सही, स्थिर और निश्चित नियम। बाद में ऋत की जगह धर्म का प्रयोग होने लगा, किंतु अर्थ वही उद्दिष्ट रहा। मनुष्य के विशेष संदर्भ में धर्म का अर्थ है आद्य गुण, कानून, नैतिक नियम। पद्मपुराण के अनुसार धर्म का सर्वस्व सुनो और सुनकर उसे अमल में लाओ, जो अपने को प्रतिकूल लगता है, वैसा दूसरों के साथ न करो। इस तरह तीन पुरुषार्थों में धर्म, अर्थ और काम का तात्पर्य हुआ धर्मानुरूप (नैतिकता की सीमा में) अर्थ (जीविकोपर्जन) और धर्मानुरूप काम (दैहिक सांसारिक एषणाओं की पूर्ति)। वस्तुतः धर्म कोई स्वतंत्र पुरुषार्थ नहीं है, यह अर्थ और काम का नियामक है, इसलिए प्रथम है। इसका फलित है अनैतिकता और अति का निषेध।

# संगीत लोकवार्ता

संगीत (गायन-वादन नृत्य) की तीन धाराएं प्रवाहित हो रही हैं- एक को राज दरबार में प्रश्रय मिला था, इन्द्र के दरबार से लेकर विक्रमादित्य, समुद्रगुप्त, हर्षवर्धन, बंगाल के राजा लक्ष्मणसेन, देवगिरि के यादव-नरेश, अलाउद्दीन खिलजी, मेवाड़ के राणाकुंभा, मुगलदरबार, रीवा के राजा रामचंद, गुजरात के सुल्तान बहादुरशाह, ग्वालियर दरबार मानसिंह तोमर और मुहम्मद शाह रंगीले तक। गोपालनायक, अमीरखुसरो, बैजूबाबरा, बख्शू, तानसेन, अदारंग, सदारंग दरबार के ही गायक तो हैं।


डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दरबारों में राग मालाओं का विकास हुआ। दूसरी धारा को आप अध्यात्म अथवा भक्ति की धारा कह सकते हैं। सामगान प्रकृति पूजा का गान है। गीतगोविंद के गायक जयदेव, पदावली के गायक विद्यापति, मध्यकालीन भक्ति-आंदोलन की वह धारा, जो स्वामी हरिदास, कुंभनदास, परमानंददास, सूरदास, गोविंद स्वामी आदि के स्वरों में स्फुरित हुई।

तीसरी धारा लोकजीवन में बहती रही है। राग आसावरी, बिहाग, मल्हार, काफी, मालकोस, बिलाबल, रामकली, भीमपलासी, दरबारी, कालिंगड़ा, मारूबिहाग, भैरव, भैरवी, तोड़ी, गूजरीतोड़ी आदि के स्रोत लोक में हैं,लेकिन इन तीन धाराओं में भिन्न-भिन्न युगों में संगीत की वे धाराएं भी अंतर्भुक्त होती रहीं, जो अन्य देशों से आने-वाले जनसमूहों और जातियों, परंपराओं के साथ भारत में आती रहीं, जैसे ईरानी-संगीत। पश्चिमी संगीत की धाराएं आज भी यहां आ रही हैं और यहां के संगीत में अंतर्भुक्त हो रही हैं। अमीर खुसरो इस अंतर्भुक्ति का एक बहुत महत्वपूर्ण उदाहरण है।

# आस्तिकता और नास्तिकता


डॉ.राजीव अग्रवाल
चिकित्सक, शाहजहांपुर

यदि हम आस्तिक और नास्तिक की आम मानी जाने वाली परिभाषा को न भी बदलें तो हम नास्तिक शब्द को एक अपशब्द के रूप में कहना और मानना बंद कर सकते हैं।

अमर बलिदानी भगत सिंह सदैव नमन के योग्य हैं। वह आस्तिक थे या नास्तिक बहुधा भगत सिंह के लिए इस विषय में वाद-विवाद होते हुए अक्सर देखा जाता है। ऐसा विवाद संभवतः इसलिए होता है, क्योंकि उन्होंने जेल से एक लेख लिखा था- "मैं नास्तिक क्यों हूं"। ईश्वर के संबंध में विचार, उस पर विश्वास करना अथवा न करना, किसी व्यक्ति के व्यक्तिगत विचार होते हैं या व्यक्तिगत विचार होने चाहिए। किसी व्यक्ति के सामाजिक रूप से अच्छा या बुरा व्यक्ति होने का उसके ईश्वर में विश्वास करने या न करने से कोई सीधा संबंध नहीं है। ईश्वर में विश्वास करने वाला कोई व्यक्ति सामाजिक रूप से अच्छा अथवा बुरा हो सकता है और इसी प्रकार उसमें विश्वास न करने वाला व्यक्ति भी।

किसी व्यक्ति का सामाजिक महत्व और उसकी सामाजिक महानता उसकी मानवता, देश और समाज के प्रति भावना और उसके इनके प्रति सार्वजनिक विचारों और कार्यों से निर्धारित होती है-उसके ईश्वर में विश्वास करने अथवा न करने से नहीं। इसलिए हमें किसी व्यक्ति की आस्तिकता अथवा नास्तिकता देखने को केवल इतना ही महत्व देना चाहिए। हमें इसे केवल उसके व्यक्तिगत विचारों के रूप में देखना चाहिए और इसे उसके सामाजिक रूप से अच्छे अथवा बुरे होने से नहीं जोड़ना चाहिए। किसी व्यक्ति की महानता अथवा लघुता दिखाने के लिए यह सिद्ध करने की आवश्यकता नहीं है कि वह आस्तिक अथवा नास्तिक था या है। क्या भगत सिंह के देश-प्रेम के विचारों पर इस बात से कोई अंतर पड़ता था कि वह ईश्वर पर विश्वास करते थे अथवा नहीं? वह उस पर विश्वास करते रहे हों अथवा नहीं, यदि उनके मन में देश-प्रेम की भावनाएं थीं तो क्या वास्तविक महत्व उनका ही नहीं है? समाज और देश के लिए क्या आस्तिक अथवा नास्तिक होने का महत्व है अथवा समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्य को पूरा करने की भावनाओं का? मैं ईश्वर पर विश्वास करता हूं अथवा नहीं, क्या इस बात का इस पर रत्ती भर भी कोई प्रभाव पड़ता है कि मैं एक अच्छा चिकित्सक हूं अथवा नहीं या मैं एक अच्छा इंसान हूं अथवा नहीं? वास्तविक महत्व किस बात का है? ईश्वर है अथवा नहीं, इसका महत्व वहां तो हो सकता है, जहां इस ब्रह्मांड के मूलभूत कारणों को देखने में इसकी आवश्यकता हो। यदि हमें यह सच्चा ज्ञान प्राप्त करना हो कि इस ब्रह्मांड की उत्पत्ति कैसे हुई - क्या इसे किसी अलौकिक शक्ति ने केवल अपनी इच्छा से पैदा किया है अथवा यह क्वांटम नियमों का उत्पाद है-वहां या इस प्रकार के अन्य प्रश्नों को हल करते समय, तो ईश्वर की अवधारणा का महत्व हो सकता है अन्यथा सार्वजनिक जीवन में इसका क्या महत्व है? हां, व्यक्ति अपने व्यक्तिगत जीवन में कैसे भी विश्वास रखने के लिए स्वतंत्र है बशर्ते उनका कोई बुरा प्रभाव समाज पर न पड़ रहा हो।

यदि हम आस्तिक और नास्तिक की आम मानी जाने वाली परिभाषा को न भी बदलें तो हम नास्तिक शब्द को एक अपशब्द के रूप में कहना और मानना बंद कर सकते हैं। अभी आस्तिकों द्वारा अपने विचारों से विपरीत विचार रखने वाले व्यक्तियों को एक अपशब्द और व्यंग्य के रूप में नास्तिक शब्द से संबोधित किया जाता है। वह किसी अलौकिक शक्ति में विश्वास न रखते हुए केवल इस संसार की बेहतरी चाहने वाले लोगों को, 'चार्वाक' जैसे शब्दों से भी संबोधित करते हैं। ऐसे लोग स्वयं से विपरीत विचार रखने वालों व्यक्तियों को हेय नजर से देखना तो बंद नहीं करेंगे, लेकिन उनके विचारों से सहमत न होने वाले लोग नास्तिक शब्द को एक गर्व के रूप में ले सकते हैं - जैसे गांधी जी ने जेल जाने को भय और घृणा के पर्याय से हटा कर देश-सेवा और गर्व का पर्याय बना दिया था। मनवता ने इस विषय में विभिन्न धारणाओं और विश्वासों में अंतर के कारण जितना रक्तपात देखा है, उतना संभवतः किसी अन्य अंतर के कारण नहीं। इतिहास साक्षी है कि इस विषय में अपने विश्वासों को लेकर समाज में कितने अन्याय, कितनी हत्याएं और कितने युद्ध हुए हैं, कितने धर्म-युद्ध, ज़ेहाद और क्रूसेड्स हुए हैं। मैं तो यहां तक कहूंगा कि इस प्रकार के रक्तपात में जितना रक्त आस्तिकों ने बहाया है, उतना नास्तिकों ने नहीं। इसका कारण यह है कि आमतौर पर आस्तिक अपने विश्वासों के प्रति कट्टर होते हैं और वह दूसरों के भिन्न विचारों को सहन नहीं कर पाते हैं, जबकि आम तौर पर नास्तिक तर्कशील होते हैं। क्या तमाम बलि प्रथाओं के पीछे आस्तिक लोग ही नहीं थे? मैं जानता हूं कि मेरे इन विचारों पर अनेक असहमतियां आ सकती हैं। मेरा कहने का अर्थ केवल यह है कि क्या हम अपनी सोच एक व्यापक स्तर पर नहीं रख सकते हैं? क्या हम सार्वजनिक रूप से उन गुणों को अधिक महत्व नहीं दे सकते हैं, जो मानवता के हित में हों? क्या हम आस्तिकता और नास्तिकता जैसे विषयों को केवल व्यक्तिगत जीवन तक सीमित नहीं कर सकते हैं? क्या हमें ऐसा नहीं करना चाहिए?

# बैंक की एफडी में निवेश का समय

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है, लेकिन इसमें रोजगार पैदा करना एक बड़ी चुनौती भी है। सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर अधिक खर्च से ग्रोथ रेट को बल मिला है, लेकिन प्राइवेट इंवेस्टमेंट में कमी और बैंक डिपॉजिट में धीमी ग्रोथ से आर्थिक संतुलन बिगड़ रहा है। बैंक कर्ज तभी दे पाएंगे, जब उनके पास कर्ज बांटने जितना पैसा रखा हो, लेकिन डिपॉजिट की कमी और लोन बांटने के अनियंत्रित नियमों ने आर्थिक विकास को धीमा कर दिया है।


संजीव मेहरोत्रा
बरेली

इन सबके बीच, घरों की बचत का निवेश शेयर मार्केट और पूंजी बाजार में बढ़ रहा है। समझने की जरूरत है कि ये पूरा घटनाक्रम भारत के आर्थिक विकास और अर्थव्यवस्था को कैसे प्रभावित कर सकता है, लेकिन अभी भी सीनियर सिटीजन का रुझान बैंक एफडी की ओर ही है। एक मोटे अनुमान के अनुसार बैंक की एफडी में 43 प्रतिशत निवेश सीनियर सिटीजन का ही है, विगत कुछ वर्षों में देश के बैंकों ने एफडी की ब्याज दर बढ़ाकर आकर्षण पैदा किया है, किंतु हाल में यूएस में ब्याज दरें घटने का क्रम देखा जा रहा है ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले समय में भारतीय बैंक भी अपनी ब्याज दरें घटा सकते हैं। एक्सपर्ट का मानना है कि जब बैंकों को फंड्स की जरूरत होती है तो बैंक ज्यादा ब्याज दरें ऑफर करते हैं, किंतु हो सकता है कि रिजर्व बैंक रेपो रेट कुछ कम कर दे तो ब्याज दरें कम भी हो सकती है।

इस समय यह दरें पीक पर है (कुछ बैंक 8 प्रतिशत तक दे रहे हैं) आने वाले त्योहारी सीजन के बाद इनके कम होने की संभावना लग रही है। ऐसे में यह सही समय होगा जब दो साल की एफडी में सुरक्षित निवेश किया जाए। खासकर वो लोग जो एफडी के ब्याज पर निर्भर है वो इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। आज भी लो रिस्क लो गेन,और हाई रिस्क हाई गेन को कहावत सही लगती है।

## एक नजर

### कचरा जमा कर दिया स्वच्छता का संदेश

**संभल अमृत विचार :** एमजीएम कॉलेज संभल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवक सेविकाओं ने महाविद्यालय प्रांगण की सफाई करते हुए प्लास्टिक, कचरा को इकट्ठा किया। समाज के लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सिंह, कार्यक्रम अधिकारी नेमपाल सिंह, डॉ. दिलदार हुसैन, डॉ. निलेश कुमार, डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. रियाज अनव,र डॉ. संजय बाबू, डॉ. प्रकाश नारायण, डॉ. निरंकार सिंह आदि रहे।

### उधार चुकाने के बहाने दुकानदार पर कैंची से हमला

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना में सरायतरीन के मुहल्ला कछुआवान निवासी मोहम्मद नासिर जींस सिलाई का कारखाना स्थित है। व्यक्ति ने एक वर्ष पहले जींस सिलाई के लिए धागा, चैन व अन्य सहित 48000 रुपये का उधार सामान मोहम्मद नासिर से खरीदा था। रुपये मांगने पर व्यक्ति टालमटोल कर रहा था। आरोप है कि शनिवार को व्यक्ति ने रुपये देने के बहाने मोहम्मद नासिर को कारखाने में बुलाया था और रुपये मांगने पर व्यक्ति ने कैंची से हमला कर मोहम्मद नासिर को घायल कर दिया।

### चोरी की बैटरी के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र में चंदौसी बाईपास तिराहे के पास खड़े कोतवाली क्षेत्र में आदमपुर बस स्टैंड नई बस्ती निवासी फहीम को पुलिस ने दो माह पहले चोरी हुई बैटरी के साथ गिरफ्तार कर लिया। आलोक कुमार ने 28 जुलाई को निर्माणाधीन मकान से बैटरी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार को फहीम बैटरी बेचने जाने के लिए किसी वाहन का चंदौसी बाईपास तिराहे पर इंतजार कर रहा था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बैटरी कब्जे में लेकर फहीम को गिरफ्तार कर लिया।

### पुलिस ने वापस कराए साइबर ठगी के 2 लाख रुपये

**संभल अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के गांव हिसामपुर निवासी नफीस अहमद की तहरीर पर थाना साइबर क्राइम जनपद संभल में मुकदमा दर्ज हुआ था। एसपी कृष्ण कुमार विश्नोई, एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम दीपक कुमार के नेतृत्व में थाना साइबर क्राइम पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने विभिन्न खातों में होल्ड/फ्रीज कराए गए 2 लाख रुपये नफीस अहमद के खाते में वापस करा दिए।

### छेड़छाड़ व दुष्कर्म के प्रयास में 4 पर रिपोर्ट दर्ज

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही चार लोगों पर घर में घुसकर छेड़छाड़ व दुष्कर्म करने की कोशिश के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई। महिला ने कहा कि 29 जुलाई को पति किसी काम से बाहर गए हुए थे। 30 जुलाई की सुबह गांव के ही जफर, शफीक, कासम व आसिफ जबरदस्ती घर में घुस आए। छेड़छाड़ करते हुए जफर, शफीक, कासम व आसिफ ने महिला को दबोच लिया और महिला के साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की।

### महिला से दुष्कर्म करने के आरोप में युवक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार :** मुहल्ला नरोत्तम सराय में खुद रही भैंस नदी के पास खड़े महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव रुकनुद्दीन सराय निवासी फैजान एक महिला के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में फरार था। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मुहल्ला नरोत्तम सराय में भैंस नदी के पास से फैजान को गिरफ्तार कर लिया।



संभल कल्कि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ करते राज्य मंत्री गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, मालिनी अवस्थी व भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार



कल्कि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में मुरादाबाद गजेटियर का लोकार्पण करते राज्यमंत्री गुलाब देवी, कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह, डीएम राजेंद्र पैंसिया, मालिनी अवस्थी, जिला पंचायत अध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

### ग्राम प्रधानों को बताई गईं उनकी जिम्मेदारियां

**बहजोई, अमृत विचार :** जिला पंचायत राज अधिकारी उपेंद्र कुमार पांडे ने ग्राम पंचायतों द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि पंचायत की गतिविधियां ठीक तरीके से होनी चाहिए। पंचायत में विकास के कार्य के साथ-साथ ग्राम पंचायत में रहने वाले लोगों का सर्वांगीण विकास करने के लिए भी प्रधान व सचिव मिलकर काम करें। ग्राम पंचायतें डिजिटल मिशन को अपनाते हुए पंचायत सचिवालय में कार्यों का संपादन कर रही हैं। अब पंचायत सचिवालय से ही विभिन्न प्रमाण पत्रों को बनाने का काम किया जाता है।

# कल्कि महोत्सव का शानदार आगाज, प्रस्तुति पर झूमे लोग

## सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर छात्राओं ने बटोरी तालियां, प्रधान व किसान सम्मेलन में सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

संवाददाता, बहजोई(संभल)

**अमृत विचारः** जनपद संभल के स्थापना दिवस पर सात दिवसीय संभल कल्कि महोत्सव का शानदार आगाज हो गया। दोपहर को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की जानकारी के साथ ही किसान सम्मेलन में श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने और ग्राम प्रधान सम्मेलन में प्रधानों से अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया गया। सांस्कृतिक संध्या में पद्मश्री मालिनी अवस्थी की प्रस्तुति पर पंडाल में बैठे लोग झूम उठे।

बड़ा मैदान पर शनिवार दोपहर को कल्कि महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, डीएम राजेंद्र पैंसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कवंशी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने विद्युत संरक्षण के विषय पर आधारित लघु नाटिका प्रस्तुत कर लोगों को पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेने की बात कही। परियोजना अधिकारी यूपी नोएडा अजय कुमार ने पीएम कुसुम कंपोनेंट सी1 और सी2 के बारे में जानकारी दी। डीएम राजेंद्र पैंसिया ने पीएम सूर्य घर योजना को अपनाने की बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना का लाभ उठाकर अपना बिल कम करने का उपभोक्ता कम करें। इस दौरान सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एडीएम प्रदीप वर्मा, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, एसडीएम संभल विनय कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा राजेश सिंघल आदि मौजूद रहे। संचालन रचना यादव व डॉ. राजीव कुमार ने किया।



संभल कल्कि महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्कूली बच्चे।

### छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम से बटोरी तालियां

**बहजोई, अमृत विचार :** तीसरे सत्र में जनपद के कस्तूरबा गांधी विद्यालय से पहुंची छात्राओं ने कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया। वहीं स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। बीएमजी इंटर कॉलेज चंदौसी की बालिकाओं ने प्रस्तुति दी। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्राओं ने स्वच्छता को लेकर लघु नाटक प्रस्तुत किया तो को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। वहीं बहजोई कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राओं ने देश भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। हीरा देवी तोताराम इंटर कॉलेज की छात्राओं ने गीत प्रस्तुत कर जमकर तालियां बटोरी।



कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं लोक गायिका मालिनी अवस्थी।

### विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी में उमड़ी भीड़

**बहजोई, अमृत विचार :** बड़ा मैदान में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी में बच्चों को शिक्षित करने को लेकर प्रदर्शनी लगाई गई। जिसे देखने वालों की भीड़ उमड पड़ी। वहीं सूचना विभाग द्वारा सरकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया गया। स्वयं सहायता समूह द्वारा खाने की वस्तुओं की स्टाल लगाई गई। जिन पर पहुंचे लोगों ने जमकर खरीदारी की। वहीं कृषि विभाग द्वारा विभिन्न श्री अन्न की प्रजातियों को प्रदर्शित किया गया। किसानों से श्री अन्न की पैदावार कर अपना जीवन स्तर उठाने का आव्हान किया जा रहा था।

### डीएम ने भ्रमण कर कर्मियों से कराई सफाई

**बहजोई, अमृत विचार :** जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया समारोह शुरू होने से पहले के परिसर में पहुंचे जहां पर उन्होंने गंदगी देखी तो सभी मौजूद अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त की। इसके बाद उन्होंने पूरे परिसर में भ्रमण कर सफाई कर्मियों से सफाई कराई। उन्होंने कहा कि इतना भव्य समारोह आयोजित किया जा रहा है। ऐसे में कोई भी कचरे का टुकड़ा परिसर में नहीं रहना चाहिए। इसके बाद सफाई कर्मचारी अपने काम में जुट गए।

## मुरादाबाद के गजेटियर व महोत्सव की डायरी का लोकार्पण किया गया

संवाददाता, बहजोई(संभल)

**अमृत विचारः** संभल जनपद के बहजोई में संभल कल्कि महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में पद्मश्री मालिनी अवस्थी की प्रस्तुति पर लोग झूम उठे। इस कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की मंत्री गुलाब देवी के साथ ही मंडल के कमिश्नर आंजनेय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान मुरादाबाद के गजेटियर व महोत्सव की डायरी का लोकार्पण किया गया।

सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव, मालिनी अवस्थी व भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कलाकारों ने गंगा आरती की। राज्यमंत्री गुलाब देवी ने अपने संबोधन में कहा कि यह गर्व की बात है कि संभल कल्कि भगवान की अवतरण स्थली है। कलियुग में भगवान के चरणों में नमन, वंदन से उद्धार होगा। मंडलायुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने कहा कि संभल अपनी संस्कृति और विरासत को संजोकर नहीं रख पाया इसलिए पिछड़ गया। कहा कि संभल पृथ्वीराज चौहान ही नहीं सत्यवान और सावित्री की भी धरती है।

जिलाधिकारी डा. राजेंद्र पैंसिया ने संभल के इतिहास और महोत्सव के उद्देश्य को लेकर अपनी बात कही। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. अनामिका यादव ने भी अपने विचार रखे।

### मालिनी अवस्थी ने छेड़ी भजनों की तान

**बहजोई।** मशहूर कलाकार पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने संभल कल्कि महोत्सव में अपनी प्रस्तुति की शुरुआत गणेश वंदना से की। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण को समर्पित भजन- श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारे, हे नाथ नारायण वासुदेवा। गाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। इसके बाद मालिनी अवस्थी ने भगवान श्री राम जन्म का सोहर- अवध में बाजत बधैया, कौशल्या के ललना भये। गाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मालिनी अवस्थी ने एक और बधाई गीत- मांगे ननद रानी कंगना, लालन की बधैया। सुनाया तो पंडाल तालियों से गूंज उठा।



बहजोई में अंकों की करामात प्रतियोगिता के विजेता व आयोजक।

## क्षमावाणी पर्व पर प्रतियोगिता में दिखाया हुनर, बने विजेता

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचारः** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास द्वारा क्षमा वाणी पर्व के उपलक्ष्य में अंकों की करामात प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बीएमबीएल जैन सेवा न्यास के अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने कहा कि भारतीय संस्कृति पूरे विश्व में अलौकिक और अनूठी है। जैन सेवा न्यास द्वारा अंकों की करामात प्रतियोगिता के परिणाम संभव जैन ने घोषित करते हुए बताया कि सम्यक दर्शन टीम प्रथम, सम्यक ज्ञान टीम दूसरे जबकि सम्यक चारित्र टीम तीसरे स्थान पर रही। इस अवसर पर न्यास के संरक्षक संजय कुमार, कोषाध्यक्ष अलका जैन, प्रिया जैन, राशि जैन, श्री दिगंबर जैन सभा बहजोई के अध्यक्ष सुनील कुमार जैन, उपाध्यक्ष संजय कुमार जैन, संरक्षक राजेंद्र कुमार जैन, कोषाध्यक्ष मितेश जैन, चंद्र प्रकाश जैन, आलोक जैन, राहुल जैन, शुभम जैन, छाया जैन, स्वाति जैन आदि मौजूद रहे।

## पेंट कंपनी के निदेशक के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

**बहजोई, अमृत विचारः** घटिया पेंट सप्लाई को लेकर जिला उपभोक्ता आयोग ने पेंट निर्माता कंपनी के निदेशक के खिलाफ आदेश की अवहेलना करने के लिए गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

चंदौसी निवासी एडवोकेट प्रमोद कुमार गुप्ता ने घर में रंगाई पुताई का कार्य कंपनी की देखरेख में कराकर 99721 रुपए खर्च किए। गारंटी के बावजूद दीवारों में सीलन आना पपड़ी जमना आदि शिकायत हुई। जिला उपभोक्ता आयोग 16 मई को पेंट कंपनी को 99721 रुपए 7 प्रतिशत ब्याज सहित अंदर दो माह में अदा करने के साथ ही परिवादी को 25000 रुपए मानसिक कष्ट और आर्थिक हानि के मद में तथा 5000 वाद व्यय के अदा करने का आदेश दिया था। आदेश का अनुपालन दो माह में भी न किए जाने पर आयोग ने कंपनी को कारण बताओ नोटिस भेजा है। परंतु नोटिस पर भी कंपनी की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। आयोग ने पेंट कंपनी के निदेशक के खिलाफ जमानती वारंट जारी किए हैं।

## जनपद के ऐतिहासिक महत्व पर डाला प्रकाश, दिखाई डाक्यूमेंट्री

कार्यालय संवाददाता, संभल

- प्राचार्य ने जिले के उद्योगों के बारे में बताया
- छात्र छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई

**अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय हयातनगर में जनपद के स्थापना दिवस पर संभल महोत्सव एवं स्वच्छता अभियान को लेकर प्राचार्य डॉ.राष्ट्रवर्द्धन की अध्यक्षता में एनएसएस इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार व सचिन कुमार के निर्देशन में कार्यक्रम हुआ।

संचालन करते हुए डॉ.नौमी प्रिया ने कार्यक्रम की जानकारी दी। प्रमोद कुमार ने जिला संभल के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डाला। छात्र छात्राओं को डाक्यूमेंट्री दिखाई गई। प्राचार्य डॉ.राष्ट्रवर्धन ने जिले के ऐतिहासिक स्थलों और उद्योगों के बारे में बताया। छात्र छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस दौरान डॉ.जीत सिंह, डॉ.तनुज कुमार, डॉ.अब्दुल रहमान, डॉ.आसिम, सबा खान, मोहम्मद ऐजाज, रामनिवास, उन्नति वार्ष्णेय आदि रहे।

### आचरण में मानवीय मूल्यों को अपनाएं

**संभल, अमृत विचार :** जिला प्रशासन के निर्देश पर एमजीएम कॉलेज संभल में जनपद संभल स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्राचार्य डा. योगेंद्र सिंह ने संभल जनपद के स्थापना दिवस की बधाई देते हुए अपने आचरण में मानवीय मूल्यों, कर्तव्य परायणता और शैक्षिक उन्नयन को अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान कॉलेज के शिक्षकों, शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं की मौजूदगी रही। संचालन डॉ.संजय बाबू दुबे ने किया।

## सार संक्षेप




शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण पर युवक।

### शहीद भगत सिंह जयंती पर निकाला पैदल मार्च

**चन्दौसी, अमृत विचार :** शहीद भगत सिंह की जयंती उपलक्ष्य में युवाओं ने पैदल मार्च निकाला और उनकी देश के लिए दी गई कुर्बानी का उल्लेख किया। शनिवार की सुबह युवा सीता रोड स्थित हनुमान ग्राउंड पर एकत्र हुए। हनुमान ग्राउंड से आरंभ हुआ पैदल मार्च स्टेशन रोड स्थित भगत सिंह स्मारक पर पहुंच संपन्न हुई। यहां स्मारक की युवाओं ने सफाई की और भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। बताया गया कि भगत सिंह ने किस तरह अपने देश के लिए प्राण न्योछावर कर दिए। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर देश हित के कार्य करने चाहिए। इस अवसर पर पुष्पेंद्र कुमार, लोकेश यादव, शिवम मौर्य, कुलदीप यादव, विनायक मौर्य, प्रवीण यादव आदि मौजूद रहे।

### सिद्धांतवादी थे शहीदे आजम भगत सिंह

**असमोली, अमृत विचार :** ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के गांव कृषक नगर भवालपुर अड्डे पर चौधरी गंगाशरण सिंह के आवास पर शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। निकसम चौधरी ने भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि उन्होंने कभी समझौता नहीं किया। वह सिद्धांतवादी थे और ऊंच नीच, भेदभाव, जाति पाति के विरोधी थे। इस दौरान अरुण कलेर, चौधरी महीपाल सिंह, नरेंद्र सिंह, गंगा शरण सिंह, तनु राज कलेर, सुमित चौधरी, लवकुश बांगा, पिंटू बांगा आदि रहें।



असमोली में प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र-छात्राएं।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में पांच विद्यार्थियों का चयन

**असमोली, अमृत विचार :** असमोली विकासखंड क्षेत्र में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत आयोजित ब्लॉक स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में उत्तीर्ण श्रेष्ठ पांच विद्यार्थियों को अपने द्वारा आदर्श मॉडल के साथ के जिला स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए चयनित किया गया। विकासखंड क्षेत्र के गांव हरथला में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में खंड शिक्षा अधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विकासखंड क्षेत्र में स्थित सभी जूनियर हाईस्कूल के छात्र व छात्राओं ने संख्यात्मक रुप से भाग लिया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन प्रथम व द्वितीय दो चरणों में किया गया। कहा कि परीक्षा में शामिल होना छात्र छात्राओं की रुचि को दर्शाता है। इस परीक्षा में उत्तीर्ण श्रेष्ठ 5 विद्यार्थियों द्वारा आदर्श मॉडल के साथ आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होना होगा।

**परेशानी** कैला देवी क्षेत्र के गांव ततारपुर घोसी में डर का माहौल, बच्चों को स्कूल छोड़ने जा रहे लोग

# ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से जंगली जानवर को दौड़ाया

कार्यालय संवाददाता, संभल/सौंधन

**अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव ततारपुर घोसी के मुहल्ले में शुक्रवार को रात जंगली जानवर की मौजूदगी पर इकट्ठा होकर ग्रामीणों ने लाठी डंडों से उसे भगा दिया। ग्रामीणों ने जंगली जानवर के भेड़िया होने का दावा किया है। ग्रामीणों ने रात जागकर काटी तो सुबह को लाठी डंडे लेकर ही खेतों का रुख किया। इतना ही नहीं, ग्रामीण बच्चों को स्कूलों तक छोड़ने के लिए भी गए।

गांव ततारपुर घोसी में शुक्रवार को जंगली जानवर ने हमला कर अजब सिंह की बेटी डोली और रजनेश को घायल कर दिया था। आक्रोशित ग्रामीणों ने सियार को मौत के घाट उतार दिया था। वन विभाग की टीम ने सियार का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। देर रात करीब 12 बजे ग्रामीणों ने मुहल्ले में जंगली जानवर को घूमते हुए देखा तो डर का माहौल बन गया। ग्रामीणों ने हिम्मत जुटाकर लाठी डंडे लेकर जंगली जानवर को दौड़ा लिया। कुछ ग्रामीणों ने दावा किया कि जंगली जानवर भेड़िया था। आलम यह रहा कि रातभर ग्रामीण नहीं सोए। शनिवार को सुबह लाठी डंडों के साथ ही तीन-तीन ग्रामीण खेतों पर पहुंचे। इतना ही नहीं, कई ग्रामीण लाठी डंडे लेकर ही बच्चों को स्कूल छोड़ने के लिए गए। ग्रामीणों ने बाइक से भी बच्चों को स्कूल तक पहुंचाया। वहीं तमाम ग्रामीण खेतों पर जाने से डर रहे हैं। दूसरी तरफ गांव मल्लाह मुस्तफाबाद में भी जंगली जानवर द्वारा हमला किए जाने के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। दोनों गांवों के ग्रामीणों ने वन विभाग से जंगली जानवरों को पकड़ने की मांग उठाई है।



गांव में स्कूल के बच्चों के साथ लाठी डंडे लेकर जाते युवक। ● अमृत विचार



भेड़िये के डर से बच्चों को बाइक से स्कूल तक पहुंचाना पड़ा। क्योंकि पहले बच्चे पैदल ही गांव मल्लाह मुस्तफाबाद में पढ़ने के लिए जाते थे। - दानवीर



मैंने शुक्रवार को रात भेड़िया को देखा था। तभी ग्रामीणों को आवाज दी। ग्रामीण लाठी डंडे लेकर आए और गांव से भेड़िया को भगाया गया। - किरनपाल



जैसे ही भेड़िया होने का शोर मचा तो ग्रामीण इकट्ठा हो गए। लाठी डंडे लेकर उसे भगाया। डर की वजह से रात भी जागकर काटनी पड़ी। - महीपाल



देर रात भेड़िये के जैसा जंगली जानवर घर के पीछे था। मुहल्ले के लोगों को आवाज दी तो इकट्ठा हो गए। किसी तरह उसे जंगल में भगाया गया। - श्यामबाबू

## बाइक और मोबाइल बरामद, एक गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचारः** सदर कोतवाली क्षेत्र में छह दिन पहले ई रिक्शा में सवार व्यक्ति से झपट्टा मारकर मोबाइल छीनने वाले बाइक सवार मुहल्ला शेर खां सराय निवासी सलमान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सलमान के पास से मोबाइल व बाइक भी बरामद की।

सरायतरीन के मुहल्ला कच्चा इलाका निवासी अमान हाथ में मोबाइल फोन लेकर रविवार को ई रिक्शा में सवार होकर संभल मुरादाबाद मार्ग पर जा रहा था। मुहल्ला हल्लूसराय में बाइक पर सवार होकर पीछे से आए कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला शेर खां सराय निवासी सलमान झपट्टा मारकर अमान के हाथ से मोबाइल छीनकर भाग गया। शनिवार को सूचना मिलने पर पुलिस चंदौसी मुरादाबाद बाईपास पर पहुंची और बाइक व मोबाइल बरामद कर पुलिस ने सलमान को गिरफ्तार कर लिया।

## एक नजर

### चन्दौसी में आज भी आठ घंटे बंद रहेगी बिजली

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसडीओ प्रथम अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि विद्युत लाइन प्रणाली के सुदृढ़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। रविवार को हनुमानगढ़ी उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र बूढ़ी माता, पक्का कटरा, विजय लक्ष्मी टाकीज, मोहल्ला डहरिया, ब्रह्म बाजार, बारहसैनी धर्मशाला, हाथी खाना, कायस्थान मोहल्ला, खुर्जा गेट, करेली रोड व गांव पतरौआ में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। इसके अलावा हाईड्रिल कॉलोनी उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्र से अशोक नगर, देवरखेड़ा, चन्दौसी ग्रीन सोसाइटी, बालाजी धाम थाना बनियाठेर में 8 घंटे विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

### बंदर ने छत से गिराई ईट महिला घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव कैथल में आंगन में सो रही महिला के सिर पर बंदर ने छत से ईट गिरा दी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। गांव कैथल में माया देवी 60 वर्ष पत्नी रामपाल शनिवार की सुबह आंगन में सोई थी। तभी सुबह सात बजे छत से बंदर से ईट गिरा दी। जो महिला के सिर पर आकर गिरी। जिससे महिला गंभीर रूप से घायल हो गई।

# कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की जान गई

## अमरोहा जिले के गांव हाजीपुर मुबारिजपुर का रहने वाला था अनिल

संवाददाता, संभल/रजपुरा

**अमृत विचारः** रजपुरा थाना क्षेत्र में गवां हसनपुर मार्ग पर कंटेनर की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। युवक अमरोहा जिले के गांव हाजीपुर मुबारिजपुर का रहने वाला था और बाइक पर सवार होकर गवां से घर के लिए निकला था।

अमरोहा जिले में थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव हाजीपुर मुबारिजपुर निवासी अनिल कुमार 28 वर्ष शनिवार को बाइक पर सवार होकर रजपुरा थाना क्षेत्र की नगर पंचायत गवां से घर से जा रहा था। अनिल कुमार बाइक लेकर जैसे ही गवां हसनपुर मार्ग पर थाना क्षेत्र के गांव सिरसा के पास पहुंचा। सामने से आ रहे कंटेनर ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अनिल कुमार की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक क्षतिग्रस्त हो गई।

हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। वहीं मौका मिलते ही चालक कंटेनर छोड़कर भाग गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने कंटेनर कब्जे में लेकर हादसे की सूचना अनिल कुमार के परिजनों को दी।

मौत की सूचना मिलते ही परिजन रोते बिलखते मौके पर आ गए। जिसके बाद पुलिस ने पंचनामा भरकर युवक का शव पोस्टमार्टम को भेज दिया।

### राइस मिल में घायल हुए मजदूर की मौत पर हंगामा

**बहजोई, अमृत विचार :** भाजपा नेता की राइस मिल में काम करते समय घायल हुए मजदूर की इलाज के दौरान मौत के बाद परिजनों ने मजदूर का शव फैक्ट्री गेट पर रखकर जमकर हंगामा किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत किया। बहजोई के मोहल्ला टंकी निवासी प्रमोद कश्यप बबराला मार्ग स्थित भाजपा नेता की राइस मिल में मजदूरी करते समय 2 सितंबर को गंभीर रूप से घायल हो गया था। उसे गंभीर हालत में दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 26 दिन के बाद उपचार के दौरान प्रमोद ने दम तोड़ दिया। परिजन शाम 5 :00 बजे मजदूर का शव लेकर भाजपा नेता की राइस मिल पर पहुंच गए। मिल के बाहर शव रखकर हंगामा काटना शुरू कर दिया। परिजनों का आरोप था कि राइस मिल मालिक ने दिल्ली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कर दिया ठीक से उपचार भी नहीं कराया। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने हंगामा कर रहे लोगों को शांत कराया। राइस मिल मालिक ने बताया कि उन्होंने उपचार के लिए पूरा प्रयत्न किया लेकिन उसकी मौत हो गई।

# चाचा को फंसाने के लिए बेटे ने खुद मारी थी पिता को गोली

संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** धनारी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ा में चाचा व चचेरे भाई को फंसाने के लिए बेटे ने ही पिता के पेट में गोली मारी थी। पुलिस ने मामले का खुलासा कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने युवक के पास से नाल में फंसा खोखा सहित तमंचा भी बरामद किया।

थाना क्षेत्र के गांव गढ़ा निवासी इरशाद ने शुक्रवार को अपने चाचा जमील व चचेरे भाई दानिश के खिलाफ गुरुवार की देर रात घेर में सोते हुए पिता रफेदीन के पेट में गोली मारने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वारदात के समय मौके पर पहुंची पुलिस को घटना संदिग्ध लगी। पुलिस ने 150 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। सच्चाई सामने आने के बाद थाना प्रभारी नरेश कुमार ने शनिवार को खुलासा करते हुए बताया कि 31 दिसंबर 2022 को खेत में ट्रैक्टर खड़ा करने को लेकर रफेदीन का छोटे भाई जमील के साथ विवाद हो गया था। रफेदीन ने अपने बेटे इरशाद व एहसान के साथ मिलकर जमील व उसके बेटे दानिश को झूठे मुकदमें में फंसाने की योजना बनाकर रफेदीन ने बेटे एहसान से अपने पेट में गोली लगवा ली पुलिस ने रफेदीन के बेटे अहसान को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त नाल में फंसा खोखा सहित तमंचा बरामद कर लिया।

### डीजे बंद कराने को लेकर मारपीट, चार के खिलाफ रिपोर्ट

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव पैतिया निवासी अशोक ने शुक्रवार की देर शाम गांव के ही सगे भाई संजय, ओमवीर सहित चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। कहा कि बुधवार की रात ओमवीर के बेटे के जन्मदिन की दावत खाने गया था। यहां बज रहे डीजे को बंद कराने को लेकर अशोक का ओमवीर व संजय से विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि ओमवीर संजय ने अपने मुमेरे दो भाइयों अमरोहा जिले के गांव ढ़बारसी निवासी के साथ मिलकर अशोक के साथ मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद संजय ओमवीर व इनके दोनों मुमेरे भाई अशोक को उठाकर अपने घर ले गए और घर के अंदर लाठी डंडों से मारपीट कर अशोक को घायल कर दिया।

## सार संक्षेप



सरदार भगत सिंह को श्रद्धांजलि देते समिति से जुड़े लोग।

### भगत सिंह को श्रद्धांजलि देकर जीवन चरित्र पर डाला प्रकाश

**संभल, अमृत विचार :** शहीद भगत सिंह की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई और जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। संभल में शहीद भगत सिंह स्मारक समिति के कार्यकर्ताओं ने हल्लू सराय में पार्क में शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। अमर रस्तोगी ने कहा कि आज फिर विदेशी ताकतें भारत की बढ़ती लोकप्रियता से घबरा कर देश में अराजकता का माहौल फैलाना चाहती हैं। हमें सावधान रहकर ऐसे लोगों की जानकारी प्रशासन को देनी होगी। यही शहीद भगत सिंह का सच्चा आदर्श है। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू, नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता, कुलवीर सिंह, अनंत अग्रवाल, डॉ.बीपी सिंह, सभासद गगन वार्ष्णेय, लवकेश देवल एडवोकेट, दिनेश कुमार, कशिश कौशल एडवोकेट, अरविंद सिंह एडवोकेट, सभासद राजेंद्र कुमार, वेदप्रकाश, कौशल पाथुरिया, महेंद्र स्वामी, मनी विरमानी, नवज्योत सिंह, सौरभ गुप्ता आदि मौजूद रहे।


संभल में भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण करते हिंदू जागृति मंच के लोग।

### भगत सिंह के साहस से घबराती थी ब्रिटिश सरकार

**संभल, अमृत विचार :** हिंदू जागृति मंच की ओर से जयंती के मौके पर हल्लू सराय में स्थित पार्क में सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। संरक्षक सुभाष चंद्र शर्मा ने कहा कि भगत सिंह ने देश को स्वतंत्र कराने के लिए संकल्प लिया और अपने साथियों के साथ ब्रिटिश शासकों की रातों की नींद उड़ा दी। अंग्रेज सरकार उनके साहस और पराक्रम से घबराती थीं। भगत सिंह अपने साहस और देशभक्ति भावना से भारत की आने वाली कई पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे। प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि भगत सिंह ने आजादी की लड़ाई के दौरान कई नारे भी दिए। जिससे देशवासियों में आजादी की लड़ाई लड़ने का जज्बा पैदा हुआ।

### भगत सिंह के आदर्शों पर चलने का आह्वान

**संभल अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के कार्यकर्ताओं ने सरदार भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। युवा जिलाध्यक्ष चौधरी अर्जुन सिंह ने कहा कि मां भारती की स्वाधीनता हेतु सरदार भगत सिंह का अभूतपूर्व बलिदान सदियों तक राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा। वह युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। युवाओं को भगत सिंह के आदर्शों को मानना चाहिए। इस दौरान चौधरी जसपाल सिंह, सोनू चौधरी, अनुज चौधरी, समरपाल सिंह, जगवीर सिंह, प्रवीण सिंह, अभय चौधरी, सुरेंद्र सिंह, गोलू आदि मौजूद रहे।


एसएम इंटर कालेज में विजयी छात्र को प्रमाण पत्र देते हुए अतिथि।

### एसएम इंटर कालेज में हुई निबंध व भाषण प्रतियोगिता

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एसएम इंटर कालेज में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पेंटिंग, निबंध व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विजयी छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रभारी विपिन कुमार ने बताया कि विभिन्न कक्षा वर्गों के बीच विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत व वोकल फार लोकल विषयों पर पेंटिंग, निबंध व भाषण प्रतियोगिता हुई। जिसमें प्रतिभाग करने वाले छात्रों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले तथा अन्य प्रतिभागियों प्रज्ञान, रोहित सिंह मीना, आर्यंस, मयंक, शिवांश शर्मा, रोहित, अंजुमन, दुष्यंत यादव व देव प्रकाश गौड़ को मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज कठेरिया ने प्रमाण देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य राजेश गुप्ता, मनोज कुमार, योगेश बाबू, रामप्रकाश अग्रवाल, सत्यपाल, ममता शर्मा, डॉ. विनीता रानी, नेहा श्रीवास्तव, संदीप कुमार, आकाश, अभिषेक गौतम आदि मौजूद रहे।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता सेवा अभियान स्वच्छता पखवाड़ा 12वें दिन छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक का शीर्षक था स्वच्छ भारत ,स्वस्थ भारत । यह नाटक घटलेश्वर गेट के प्राथमिक विद्यालय के सामने पुलिया पर प्रस्तुत किया गया। छात्राओं ने नाटक के माध्यम से संदेश दिया कि कूड़ा कूड़ेदान में डालना चाहिए और गंदगी नहीं करनी चाहिए। गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग बाक्स में डालना चाहिए। डोर टू डोर कचरा संग्रहण सेवा का लाभ उठाना चाहिए। स्वच्छता के संदेश देने के साथ नगर को स्वच्छ रखने के साथ-साथ पीलिया, हैजा, मलेरिया व अन्य बीमारियों से बचाव का संदेश दिया गया। नाटक की प्रस्तुति छात्रा रेनू, मीनाक्षी यादव, भावना आर्य, तनु, प्रियम, शैली, राधा, सृष्टि ने दी। कार्यक्रम अधिकारी शीतल गहलोत आदि मौजूद रहीं।

### पोस्टर प्रतियोगिता में रहमीन व सत्यपाल रहे प्रथम

**चन्दौसी, अमृत विचार :** कुंवर कंचन सिंह महाविद्यालय नरौली में स्वच्छता पखवाड़े तहत स्वच्छता ही सेवा है, का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अनेक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। निर्णायक मंडल में इश्तियाक अहमद, आयुषी शर्मा, दानिश फात्मा, मौजूद रहीं। प्रतियोगिता में रहमीन व सत्यपाल ने प्रथम, शमा रानी व सानिया ने द्वितीय तथा साधना व जुनैरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा छात्र-छात्राओं को सफाई के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रूपेश कुमार मिश्रा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योत्सना शर्मा, धन सिंह, खेमेंद्र सिंह, केपी सिंह आदि मौजूद रही।

### एनकेबीएमजी कॉलेज में हुआ व्याख्यान

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में गुणात्मक व मात्रात्मक अनुसंधान विषय पर बीए-बीएससी, बीएड, एमएड व स्नातकोत्तर की समस्त छात्राओं का व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका रानी अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम में रिसर्च एवं डेबलपमेंट सेल की सदस्य डॉ. बविता ने अनुसंधान से संबंधित प्रश्नोत्तरी के उत्तर छात्राओं के मौखिक रूप से दिए। नवाचार विषय पर पेपर पेन गतिविधि कराई। इस अवसर पर डॉ. अमिता चौधरी, आकृति दुबे, डॉ. सुमन श्रेष्ठ, प्रज्ञा शर्मा आदि मौजूद रहीं।

### शिविर में हुआ 60 बच्चों का परीक्षण

**चन्दौसी, अमृत विचार :** रोटरी क्लब अमन की ओर से मल्होत्रा चाइल्ड केयर क्लीनिक सुभाष रोड पर निशुल्क बाल रोग परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नवजात शिशुओं से लेकर 20 वर्ष के युवाओं का बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अमित गुप्ता ने परीक्षण किया। शिविर में 60 बच्चों की जांच कर उचित परामर्श कर दवा का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष अमित कुमार, अतुल गुप्ता, मोहित सर्राफ, दीपेश गुप्ता, प्रदीप वार्ष्णेय, पवन कुमार, विकास गुप्ता, संजीव अग्रवाल, आदि मौजूद रहे।

### मंदिर के आश्रम से कब्जा हटवाने की मांग की

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** कैलादेवी थाना क्षेत्र के गांव गोहत में स्थित राम जानकी मंदिर आश्रम पर रह रहे बाबा लखनदास ने शनिवार को थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी। कहा कि आश्रम में रह रहे गुरु संत रामदास की 2015 में मृत्यु हो गई थी। प्राण त्यागने से पहले संत रामदास ने आश्रम की देखभाल करने की जिम्मेदारी अपने शिष्य बलवीर दास व लखनदास को दी थी। वर्तमान में आश्रम की देखभाल बाबा लखनदास कर रहे हैं। आरोप है कि अयोध्या से आए एक बाबा ने गांव के ही कुछ लोगों की मदद से आश्रम पर कब्जा जमा लिया है।

# सीएमओ को गैरहाजिर मिले डॉक्टर समेत तीन कर्मचारी

कार्यालय संवाददाता, संभल/रजपुरा

- सीएचसी रजपुरा में मीटिंग हाल का किया उद्घाटन
- मरीजों से दवा वितरण के बारे में जानकारी भी ली

**अमृत विचार :** सीएमओ ने सीएचसी रजपुरा का औचक निरीक्षण किया तो डॉक्टर समेत तीन कर्मचारी गैरहाजिर मिले। सीएमओ ने मरीजों से दवा वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने मीटिंग हाल का उदघाटन भी किया।

सीएमओ डॉ. तरुण पाठक शनिवार को अचानक सीएचसी रजपुरा पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उपस्थिति रजिस्टर देखा तो डॉक्टर समेत तीन कर्मचारी अनुपस्थित मिले। सीएमओ ने इमरजेंसी, लेबर रूम, ओटी रूम आदि का निरीक्षण किया। मरीजों से दवा समय से मिलने के बारे में जानकारी ली। सीएमओ ने स्टाफ नर्सों को निर्देश दिए कि डिलीवरी हॉस्पिटल में ही होनी चाहिए। साफ सफाई व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। सीएमओ ने सीएचसी रजपुरा मीटिंग हाल उद्घाटन किया। चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि मीटिंग हाल में लगभग 70 लोगों की बैठने की समुचित व्यवस्था है। मीटिंग हाल में एसी के साथ-साथ प्रोजेक्टर और पर्दे से सुसज्जित हैं। इस दौरान सीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा। सीएमओ ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर हिरौनी और सिंहपुर के सेंटर को भी चेक किया। सीएचओ को लक्ष्य के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए।

# शबरी के जूठे बेर खाकर प्रभु राम ने दिया प्रेम का संदेश


रामलीला में प्रभु श्री राम को बेर खिलाती शबरी।

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- भगवान का प्रेम देख दर्शकों ने श्री राम के जयकारे लगाए

**अमृत विचारः** ग्राम बनियाखेडा में रामलीला के आठवें दिन कलाकारों ने शबरी प्रसंग का मंचन किया। जिसे दर्शक भाव-विभोर हो गए।

श्री आदर्श युवक रामलीला समिति बनियाखेड़ा के तत्वावधान में शिव मंदिर पर हो रही श्री रामलीला में प्रथम दृश्य में दिखाया गया कि मां सीता की खोज को निकले प्रभु श्री राम को शबरी को मिलते है। जहां शबरी उनकी प्रतीक्षा में होती है। शबरी प्रभु श्री राम को देख भाव-विभोर हो जाती है। प्रभु को देख शबरी की आंखों से आंसू निकलने लगते हैं। शबरी श्री राम को बेर खाने को देती है। बेर कहीं खट्टे न हो इस कारण प्रत्येक बेर को चख कर प्रभु को खाने को देती है। शबरी की श्रद्धा व भगवान राम का प्रेम देख दर्शकों ने श्री राम के जयकारे लगाए। इस दौरान अंश प्रजापति, वंश प्रजापति, ताराचंद मौर्य, जागरण सिंह मौर्य, एकराम प्रजापति, सोमपाल, अनिल गिरी, रोहित मौर्य, महेश मौर्या, लीलाधर, कपिल प्रजापति का सहयोग रहा।

### धर्म की हानि होने पर अवतार लेते हैं भगवान


कथा वाचक डॉ. लवी मैत्री।

**चन्दौसी, अमृत विचार :** श्री गीता सत्संग भवन में श्री वाल्मीकि रामायण कथा का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को कथा के चौथे दिन कथा वाचक डॉ. लवी मैत्री ने कहा कि जब धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान अवतार लेते हैं। यह भगवान का नियम है कि पाप का जब बोलबाला होता है, चारों तरफ धर्म की हानि होने लगती है व अधर्म का साम्राज्य हो जाता है। तब भगवान धर्म को स्थापित करने के लिए अवतार लेते हैं। जिस समय त्रेता युग में जब राक्षसों का बोलबाला हो गया, तब राक्षसों ने ऋ षि-मुनियों पर अत्याचार शुरू कर दिए। रावण ने अपना साम्राज्य फैला दिया, तब पृथ्वी भगवान ब्रह्मा जी की शरण में गई। ब्रह्मा जी भगवान विष्णु को बताया, इसके बाद भगवान श्रीराम का जन्म अयोध्या में हुआ। उन्होंने युवा अवस्था में राक्षसों का वध किया। इस अवसर पर सुनील कुमार, कंचन अग्रवाल, जिवेंद्र कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार, अनूप कुमार अग्रवाल, विनय अग्रवाल, विपिन अग्रवाल, वीरेंद्र सर्राफ, सोम प्रकाश कसेरे, पराग बंसल, वरुण बंसल, अनुज कुमार आदि मौजूद रहे।

# 100 मीटर दौड़ में शिवा व पूजा ने मारी बाजी

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी


ग्राम बेरनी के विद्यालय में कबड्डी खेलते छात्र।

- परिषदीय विद्यालयों की न्याय पंचायत बेरनी में हुईं प्रतियोगिताएं

**अमृत विचारः** परिषदीय विद्यालयों की खेलकूद प्रतियोगिताएं आरंभ हो गई है। शनिवार को न्याय पंचायत बेरनी में प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें प्राथमिक बालक वर्ग की 50 व 100 मीटर दौड़ में शिवा ने प्रथम, 200 मीटर दौड़ में मोहित प्रथम, बालिका वर्ग की 50 मीटर दौड़ में लता यादव प्रथम, 100 मीटर दौड़ में पूजा प्रथम, 200 मीटर दौड़ में रश्मि ने प्रथम प्राप्त किया। इसके अलावा बालक वर्ग की लंबी कूद में मोहित ने प्रथम, बालिका वर्ग में दुर्गेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में शिव कुमार प्रथम, 200 मीटर में फैजान प्रथम, 400 मीटर दौड़ में फतेह सिंह प्रथम स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में 100 मीटर नव्या ने प्रथम, 200 मीटर में सलोनी प्रथम, 400 मीटर दौड़ में अंजलि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग की लंबी कूद में यश ने प्रथम, बालिका वर्ग की अंजलि ने प्रथम, कबड्डी व खो-खो में बालक वर्ग में बेरनी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर खेल संकुल प्रभारी हफीज, रवि कुमार, श्रद्धा शर्मा, अशोक, सुरीति, जय प्रकाश, पुष्पेंद्र सिंह, मोहम्मद शरीफ, हुकुम सिंह, प्रभाकर मिश्रा, अमन दीक्षित, ममता यादव, आशु रानी, यशपाल, अमित कुमार, प्रेमपाल संह, पारुल शर्मा, प्रवीण कुमार, सुनीता सागर, डॉ. गौरव मिश्रा, असोक पाठक, भूदेव शंखधार आदि मौजूद रहे।

## जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के लिए बच्चों का हुआ चयन

**संभल, अमृत विचारः** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत विकास खंड क्षेत्र संभल की ब्लॉक स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। सर्वश्रेष्ठ पांच बच्चों का चयन हुआ। संभल के सेंट जिलानी पब्लिक स्कूल देहली दरवाजा में हुई क्विज प्रतियोगिता में शामिल बच्चों में से विजेता मरियम देहरा, अमन मेहंदी, शरद, विनीत और विशाल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस दौरान अनुज कुमार, मोहम्मद शोएब, सोनू कुमार, मधुलिका सिंह, अभिषेक रस्तोगी, शिल्पी गुप्ता, राजीव, समी, प्रियंका, प्रतियोगिता प्रभारी ओम प्रकाश, अकादमिक रिसोर्स पर्सन विज्ञान देवेंद्र सिंह,सर्वेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, आदिल बेग के अलावा अजय कुमार, मनीष, हसन, सलमान, रफत अली, प्रेमदत्त, राजवीर, वीरेंद्र आदि रहे।


पनीर फैक्ट्री को सील करने की कार्रवाई करते अधिकारी।

# नियम विरुद्ध संचालित पनीर फैक्ट्री सील

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ.राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर जनपद में अवैध रूप से संचालित पनीर फैक्ट्रियों पर कार्रवाई का सिलसिला शुरु हो गया है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व प्रशासनिक अधिकारियों ने अवैध रूप से संचालित पनीर फैक्ट्री को सील करा दिया।

सूचना मिली थी कि अशरफपुर गांव में अवैध रूप से पनीर फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है। इसी के चलते शनिवार को नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों ने तहसील क्षेत्र के गांव अशरफपुर में छापेमारी की। जांच पड़ताल में पता चला कि जावेद की पनीर फैक्ट्री का संचालन बिना प्रदूषण विभाग की एनओसी के हो रहा था। जिसके बाद टीम ने पनीर फैक्ट्री को सील करने की कार्रवाई की। नायब तहसीलदार ने बताया कि प्रदूषण विभाग की एनओसी नहीं होने के कारण पनीर फैक्ट्री को सील किया गया। इस दौरान पुलिस बल भी मौजूद रहा।


गुमथल में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को संबोधित करती नूतन चौधरी।

# महिलाएं किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

**अमृत विचारः** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल स्थित गंगा प्रसाद मेमोरियल जूनियर हाईस्कूल में मिशन शक्ति के तहत एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सक्षम सेवा संस्था की सचिव नूतन चौधरी ने ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया।

नूतन चौधरी ने मिशन शक्ति के तहत चल रही योजनाएं के बारे में बताया कि वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, चाइल्ड लाइन, नारी अदालत, स्पॉन्सरशिप आदि योजनाएं महिलाओं के लिए हैं। कहा कि महिला होना अपने आप में एक शक्ति का प्रतीक है, इसलिए महिलाएं अपनी शक्ति को पहचानें व सशक्त बनें। आज हर क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर काम कर रही है, किसी भी क्षेत्र में महिलाएं पुरुषों से कम नहीं हैं। अंत में छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। इस अवसर पर विनीता सक्सेना, रचना सक्सेना, लवली, गार्गी, शिवानी, अनीता आदि मौजूद रहीं।

## नामांकन खारिज होने पर की जिलाधिकारी से जांच की मांग

**संभल/रजपुरा अमृत विचार :** गन्ना समिति रजपुरा के पूर्व चेयरमैन चरन सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। कहा है कि गन्ना समिति के प्रतिनिधि के लिए नामांकन किया था। जिसका प्रदर्शन 27 सितंबर को सुबह 10 बजे से 3 बजे तक होना था। रात से ही समिति कार्यालय के बाहर बैठे रहे। आशंका थी कि नामांकन खारिज तो नहीं हो रहा है। 28 सितंबर को सुबह 9 बजे जब सूची लगी तो पता चला कि नामांकन राजनीतिक विद्वेष के कारण जानबूझ कर निरस्त कर सूची चस्पा कर दी गई। किसी अधिकारी द्वारा अलग से नाम लिखा गया। चरन सिंह ने जिलाधिकारी से नामांकन खारिज होने की जांच कराकर दोषी के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है।

**अनदेखी** कई वर्षों से जर्जर है मार्ग, निकलना हुआ दूभर

# नगर पालिका की बेरुखी से गुलडेरा रोड बदहाल

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचारः** नगर पालिका की अनदेखी के चलते गणेश कालोनी गुलडेरा मार्ग की सड़क का हाल बदहाल है। पांच वर्ष में कई बार स्थानीय लोगों ने प्रशासन से सड़क निर्माण की मांग की, लेकिन सड़क का निर्माण नहीं हुआ।

इन दिनों नगर पालिका परिषद क्षेत्र की सड़कें अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही हैं। इसी क्रम में गणेश कालोनी की गुलडेरा की सड़क है। जो करीब पांच वर्षों से जर्जर हो चुकी है। यह सड़क सीता रोड से शुरु होकर कैथल गेट तक जाती है। यह सड़क मिनी बाईपास के रूप में जानी जाती है। जिस कारण उक्त मार्ग पर वाहनों का अवागमन ज्यादा रहता है। सड़क के दोनों ओर मकानों का निर्माण हो चुका है। मौजूदा समय में सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं। सड़क के दोनों ओर की नालियां टूटी हुई हैं। जिस कारण सड़क पर जलभराव भी रहता है। स्थानीय लोग कई बार पालिका से गुहार लगा चुके है। लेकिन पालिका इस सड़क के निर्माण को लेकर गंभीर नहीं दिख रही है। फिलहाल सड़क पर जलभराव को देखते हुए मिट्टी डाल दी गई थी। बरसात के बाद मिट्टी भी बैठ गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क का निर्माण न होने से गंदगी पसरी रहती है। इस मामले में कोई सुनवाई न होने पर प्रदर्शन भी किया है। लेकिन समस्या जस की तस बनी है।


गुलडेरा की जर्जर सड़क से गुजरता टेंपो।

> मैनें कुछ समय पहले ही कार्यभार ग्रहण किया है। सड़क जर्जर अवस्था में है, तो उसकी पूर्ण जानकारी करने के बाद उसका शीघ्र निर्माण कराया जायेगा।
> -कृष्ण कुमार सोनकर
> ईओ, नगर पालिका परिषद

## एक नजर

### चिकित्सक ने 30 हजार छीनने का लगाया आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** चिकित्सक ने बाइक सवार पांच युवकों पर 30000 रुपये छीनने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। सैदनगली क्षेत्र के कस्बा उझारी निवासी डॉ. अरशद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह शुक्रवार शाम बाइक से आ रहा था। इस दौरान उझारी के ही पांच युवक बुलेट से आए। उन्होंने उसे रोक लिया और उसकी जेब में रखी 30000 की नकदी की छीन ली। डॉ. अरशद ने पांचों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

### अवैध खनन में ट्रैक्टर ट्रॉली और हाइड्रा सीज

**हसनपुर, अमृत विचार :** खनन अधिकारी ने देर रात छापेमारी ट्रैक्टर-ट्रॉली और एक हाइड्रा पकड़ कर कोतवाली पुलिस को सौंप दिया। शुक्रवार देर रात्रि खनन अधिकारी ने नगर के झकड़ी अड्डे के पास छापेमारी की। इस दौरान खनन अधिकारी ने अवैध खनन कर रहे एक ट्रैक्टर-ट्रॉली और हाइड्रा पकड़ लिया और कोतवाली लाकर सीज कर दिया।

### युवक को पीटकर बाइक छीनने का किया प्रयास

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव दयावली खालसा निवासी विक्रम सिंह शुक्रवार को पड़ोसी गांव धौरिया निवासी रिंकू सिंह की बाइक मांग कर अपने भाई की ससुराल आदमपुर गए थे। देर शाम आदमपुर से लौटकर वह रिंकू की बाइक देने उनके गांव जा रहे थे। इस दौरान धौरिया दयावली के बीच गंगा तटबंध पर शमशान घाट के पास तीन युवक खड़े मिले। आरोप है कि उन्होंने बाइक छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर पिटाई कर घायल कर दिया मामले की शिकायत पुलिस से की गई है। पुलिस जांच कर रही है।

### मानव श्रृंखला बनाकर दिया स्वच्छता का संदेश

**डिडौली, अमृत विचार :** डीएनएस कॉलेज में शनिवार को छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। भारत के मानचित्र के स्वरूप में लगभग 8000 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में मानव श्रृंखला बनाई गई। स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया व सहायक विकास अधिकारी मौजूद रहे।


गजरौला में रैली निकालते भाजपा के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक के साथ युवा।


गजरौला में भगत सिंह को नमन करते शिक्षक।


हसनपुर में रैली में शामिल कार की छत व बोनट पर बैठे युवक।

# जयंती पर भगत सिंह के बलिदान को किया याद

## जिलेभर में मनाई गई शहीद भगत सिंह की जयंती, जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** जिले भर में शनिवार को शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई। लोगों ने जगह-जगह उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर देश की आजादी में उनके बलिदान को याद किया। उनके जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

श्री वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में शनिवार को शहीद भगत सिंह की जयंती पर एक संगोष्ठी हुई। इसमें वक्ताओं ने शहीद भगत सिंह के बलिदान को याद कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर देश सेवा की शपथ ली।

वैंकटेश्वरा विश्वविद्यालय के अब्दुल कलाम सभागार में शहीद भगत सिंह की जयंती पर हुई संगोष्ठी का आरंभ संस्थापक अध्यक्ष डॉ. सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. (डॉ.) कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव डॉ. पीयूष पाण्डे किया। डॉ. सुधीर ने अमर शहीद भगत सिंह के बलिदान को याद करते हुए कहा कि हर देशवासी के नसीब में भगत सिंह की तरह अपने आप को बलिदान करने का सौभाग्य नहीं होता। लेकिन यदि हम सभी अपने कार्यक्षेत्र में शानदार काम कर भारत को दुनिया का सबसे शक्तिशाली देश बनाने में योगदान दें तो यह भी आजादी के अमर शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि सरदार भगत सिंह के बचपन में उनका मां भारती के प्रति अगाध प्रेम व देश की आजादी के लिए जूनून का जिक्र किया। कहा कि भगत सिंह की मां ने उनसे कहा था, बेटा तुम अब शादी कर लो, देश सेवा तो शादी के बाद भी कर लेना। इस पर भगत सिंह ने हंस कर अपनी मां से कहा था कि वतन के वास्ते उसके इरादे देख फौलादी हैं। इस दौरान यूनिवर्सिटी का स्टाफ मौजूद रहा।


हसनपुर में भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पालिका अध्यक्ष व अन्य।

### भगत सिंह के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**हसनपुर, अमृत विचार :** भगत सिंह की जयंती पर नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष व भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलकर उनके सपनों को साकार करने का संकल्प लिया। कहा कि शहीद भगत सिंह ने देश की आजादी के लिए अपना जीवन लगा दिया। अंग्रेजों ने उन्हें शहीद कर दिया था। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष मयंक अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष संजय शर्मा, सौरभ गुप्ता, पवन राज, इशांत सैनी, कृष्ण वाल्मीकि, संजय सहदेव, अर्पण गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### जयंती पर युवाओं ने निकाली रैली

**गजरौला, अमृत विचार :** शहीद भगत सिंह की जयंती पर युवाओं ने एक रैली निकाली। रैली को भाजपा के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों पर घूमकर सम्पन्न हुई। रैली का नेतृत्व युवा नेता वंश शर्मा ने किया। शनिवार को पूर्वान्ह में रैली का शुभारंभ मोहल्ला अतरपुरा से हुआ। भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने कहा कि महान क्रांतिकारी भगत सिंह के देश के प्रति योगदान की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम ही कम है। उनकी देशभक्ति की भावना प्रत्येक देशवासी के लिये सम्मान और गर्व का विषय है। रैली शहर के मोहल्ला अतरपुरा से प्रारंभ होकर इंदिरा चौक, खादगूजर तिराहा, चौपला आदि पहुंचकर पुन: अतरपुरा पहुंचकर समाप्त हुई। रैली में शामिल युवा देशभक्ति नारे लगा रहे थे और डीजे से देशभक्ति गीतों के स्वर गुंजित हो रहे थे।


सरदार भगत सिंह को नमन करते विद्यार्थी।

### सरदार भगत सिंह के जीवन लें प्रेरण

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल में शनिवार को शहीद सरदार भगत सिंह की जयंती मनाई गई। छात्र-छात्राओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। विद्यालय के अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा ने बताया कि भगत सिंह ने लाखों देशवासियों में आजादी की अलख जलाई थी। इसके बाद हमें अंग्रेजों की गुलामी से आजादी मिली थी। अंग्रेजी हुकूमत ने 23 वर्ष की उम्र में उन्हें फांसी की सजा सुनाई थी। इस अवसर पर प्रबंधक सुशील चंद्र, प्रधानाचार्य निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, सोहनलाल, राजीव शर्मा, अनुराधा चौधरी, भावना सक्सेना, सीमा वर्मा, चरन सिंह, कीर्ति, मंजरी दीक्षित, खुशबू, लक्ष्मी, नीलम सक्सेना, चंद्रशेखर सिंह आदि मौजूद रहे।


बुरावली में सरदार भगत सिंह की जयंती मनाते शिक्षक।

# जयंती पर रैली में युवकों ने उड़ाईं यातायात के नियमों की धज्जियां

संवाददाता, हसनपुर

- कार की छत और बोनट पर बैठे दिखे युवक, पुलिस ने नहीं रोका

**अमृत विचार :** नगर में सरदार भगत सिंह की जयंती पर रैली निकाली गई। रैली में शामिल बाइक और कार सवार युवकों ने यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाईं। डीजे पर देशभक्ति गीत गूंजे।

शनिवार को सैदनगली क्षेत्र के गांव ईशापुर शर्की से शहीद सरदार भगत सिंह की जयंती पर युवकों ने बाइक व कार रैली निकाली। रैली से पहले भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। रैली में युवकों ने चलती कारों की छत व बोनट पर बैठकर यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाईं। इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोका तक नहीं। रैली गांव ईशापुर शर्की से शुरू होकर हसनपुर संभल मार्ग पर भीकनपुर शर्की, कालाखेड़ा, अब्दुल्ला कॉलोनी, संभल अड्डा, रहरा अड्डा से हसनपुर रहरा मार्ग पर गांव मंगरोला में स्थित फौजी शहीद अजीत सिंह की प्रतिमा पर पहुंचकर संपन्न हुई।

इस दौरान भगत सिंह एवं देश के अमर शहीदों को नमन करते हुए शहीद अजीत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम के दौरान ओविन्द्र पोसवाल ने क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह के जीवन पर भी प्रकाश डाला। भूपेंद्र उर्फ पिंटू गुर्जर व विनोद गुर्जर ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# भगत सिंह की वीरता व निडरता से प्रेरणा लेने की दी गई सीख

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के राजवती विद्यापीठ इंटर कॉलेज बुरावली में शनिवार को सरदार भगत सिंह की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह आर्य व शिक्षकों ने भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया।

इस दौरान उन्होंने भगत सिंह के आदर्शों और उनके बलिदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को भगत सिंह के साहसिक कार्यों, साइमन कमीशन के विरोध, असेंबली में बम फेंकना और काकोरी कांड में उनकी भूमिका के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को भगत सिंह के वीरता और निडरता से प्रेरणा लेने की सीख दी। इस दौरान महेंद्र सिंह, प्रबंधक सरोज गुर्जर ,सुभाष सिंह, इरम, प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह आर्य, चंद्रवीर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# किसानों का शोषण नहीं किया जाएगा सहन: नरेश

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा की एक पंचायत शनिवार को शहर के नवादा मार्ग पर मुजाहिद ठेकेदार के आवास पर हुई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी का स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि बिजली विभाग की टीमें गांवों में जाकर कनेक्शन काट जा रही हैं, उसे भाकियू संयुक्त मोर्चा सहन नहीं करेगा। जब तक किसानों की फसल नहीं आती है, तब तक किसानों के कनेक्शन काटने का दुस्साहस न करें। यदि बिजली विभाग द्वारा शोषण को बंद नहीं किया गया तो भाकियू संयुक्त मोर्चा बिजली विभाग के कार्यालय पर तालाबंदी करेगा। इस दौरान संजय शर्मा को प्रदेश महामंत्री और मंडल अध्यक्ष मुजाहिद ठेकेदार को प्रमाण पत्र देकर मनोनीत किया। राष्ट्रीय सचिव चंद्रपाल सिंह, अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष कामिल चौधरी, नगर अध्यक्ष डॉक्टर अरकान आलम, सलमान चौधरी, मुनेंद्र चौधरी आदि मौजूद रहे।

### दिल्ली चलने की अपील

**बुरावली/रहरा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अंबावता के पदाधिकारियों ने गांव हिरनौटा में बैठक कर दो अक्तूबर को दिल्ली चलने की अपील की। 2 अक्टूबर को लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर विजय घाट दिल्ली में मनाई जाएगी। किसानों से अनुरोध किया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में 2 अक्टूबर की सुबह दिल्ली कुच करें। भाकियू नेता गजेंद्र विधूड़ी ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष रिशिपाल अंबाबता के नेतृत्व में सैंकड़ों लोग जनपद अमरोहा से दिल्ली के लिए रवाना होंगे। इस दौरान कलवा, बलवीर सिंह, सचिन, विपिन, सतपाल, प्रेम सिंह आदि रहे।

# दोनों पक्षों को समझाकर करें शिकायतों का निस्तारण

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली में शनिवार को थाना समाधान दिवस में डीएम व एसपी ने लोगों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने थाना प्रभारी को शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया।

समाधान दिवस में जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स के सामने गांव डिडौली में महबूब की डेयरी के पास कल्लू और नरेश की भूमि के सीमांकन की शिकायत दर्ज कराई गई। इस पर डीएम ने नायब तहसीलदार, लेखपाल और पुलिस की टीम भेजकर सीमांकन कराने का निर्देश दिया। इस दौरान भूमि का पैमाइश व अवैध कब्जे की शिकायतें अधिक रहीं। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले दो माह से मामला लंबित है, इतनी देरी क्यों हो रही है। कहा कि आप लोग खुद जनता को सिविल कोर्ट में जाने के लिए मजबूर करते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ गुणवत्तापूर्ण किया जाएं।

जमीन से संबंधी शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से करें। ग्राम समाज की भूमि, चकरोड पर अवैध कब्जा है तो उन्हें प्राथमिकता के साथ दोनों पक्षों को बुलाकर सुना जाएं। एक पक्ष के साथ निर्णय न किया जाए। फैसला दोनों पक्षों की सहमति के आधार पर ही करें। इस दौरान जिलाधिकारी ने संपूर्ण समाधान रजिस्टर, थाना समाधान रजिस्टर, भूमि विवाद रजिस्टर भी देखा। एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने थाना प्रभारी से कहा कि समाधान दिवस में आई शिकायतों को गुणवक्ता के साथ निस्तारण होना चाहिए।


डिडौली कोतवाली में लोगों की शिकायतें सुनतीं डीएम व एसपी।

### थाना समाधान दिवस में चार शिकायतें आईं

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली परिसर में थाना समाधान दिवस में एसडीएम सुनीता कुमारी व सीओ दीप कुमार पंत ने लोगों की शिकायतें सुनीं। एसडीएम ने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाना चाहिए। लेखपाल मौके पर जाकर सही रिपोर्ट तैयार करें। पुलिस से संबंधित शिकायतों का भी निस्तारण करने के लिए सीओ ने निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस विभाग की एक तथा राजस्व विभाग की तीन शिकायतें दर्ज की गईं। जिनके निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधीनस्थों को शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया है। इस मौके पर कोतवाल रविंद्र प्रताप सिंह, एसएसआई कुमरेश त्यागी समेत हल्का लेखपाल मौजूद रहे।

## सार संक्षेप

### इंदिरा चौक पर छात्रों के दो गुट भिड़े, हंगामा

**गजरौला, अमृत विचार :** छात्रों के दो गुटों के बीच शनिवार सुबह मारपीट हो गई। लोगों ने छात्रों को समझा बुझाकर शांत कराया। शहर से मुरादाबाद पढ़ने जाने वाले छात्र इंदिरा चौक पर खड़े होकर स्कूल वाहन का इंतजार करते हैं। बताया कि छात्रों के दो गुटों के बीच बीते कई दिन से किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। शनिवार सुबह भी दोनों गुटों के बीच विवाद बढ़ने पर गाली-गलौज होने लगी। बाद में दोनों गुटों के छात्र आपस में भिड़ गए और मारपीट करने लगे। इसस हंगामा हो गया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



पोस्टर दिखाकर स्वच्छता का संदेश देते विद्यार्थी, साथ में शिक्षक।

### सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**मंडी धनौरा, अमृय विचार :** नगर स्थित वाईएमएस पीजी कॉलेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवियों ने सफाई कर श्रमदान किया। प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने बताया कि यदि हम स्वयं को साफ रखेंगे तभी समाज को भी साफ और स्वच्छ रख पाएंगे। इससे हम स्वच्छ एवं निरोगी जीवन जी पाएंगे लेकिन स्वच्छता में बहुत गिरावट आई है। इससे मनुष्य तरह-तरह की बीमारियों से ग्रसित हो रहा है। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर में कूड़ा एकत्र कर निर्धारित स्थान पर डाला। इससे स्वच्छता का संदेश दिया। बाद में स्वयसेवियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान डॉ. शीबा फरीदी, डॉ. नाहीद परवीन, डॉ. मनु सिंह, डी प्रेता देवी, जयवीर सिंह, सुर्वेद सिंह आदि मौजूद रहे।


निबंध प्रतियोगिता में शामिल छात्र-छात्राएं।

### निबंध प्रतियोगिता में दिखाई प्रतिभा

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** नगर स्थित भागीरथी देवी महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता अग्रवाल के निर्देशन में स्वयंसेवक, सेविकाओं का एक शिविर लगा। इस दौरान स्वच्छता पर निबंध प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता में चीनू प्रथम, काकुल द्वितीय और हर्षिता तृतीय स्थान पर रहीं। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। स्वयंसेविका चीनू ने अपने निबंध में लिखा कि स्वच्छता के प्रति जागरूक होना, हर नागरिक का कर्तव्य है। कुछ लोग जो स्वच्छता रखने में लापरवाही बरतते हुए कूड़े को सड़क पर फेंकते हैं, जिससे मच्छर व मक्खियां पनपते हैं और बीमारियां फैलाते हैं। ऐसे लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, हर व्यक्ति का फर्ज है। काकुल ने निबंध में गांधी जी द्वारा स्वच्छता अपनाने को लेकर विचार लिखे। उसने लिखा कि महात्मा गांधी जी स्वच्छता के प्रति इतने जागरूक थे कि वह अपने घर व कार्यालय की सफाई स्वयं किया करते थे। इस दौरान प्राचार्य डॉ. अभय कुमार, डॉ. अवनीश कुमार, डॉ. सुधा रानी, संजीव कुमार, मानसी, भूमिका, वंशिका आदि मौजूद रहे।

**रामलीला** | बीजलपुर गांव में किया जा रहा है रामलीला का मंचन

# मेघनाद और लक्ष्मण के बीच हुआ युद्ध

संवाददाता, ढबारसी

**अमृत विचार :** गांव बीजलपुर में आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से चल रही रामलीला में शुक्रवार रात लक्ष्मण शक्ति की लीला का मंचन किया गया। लीला में भगवान राम, सुग्रीव, जामवंत के साथ बैठकर मंत्रणा करते हैं। इसके बाद वानर सेना को लंका पर चढ़ाई करने का आदेश देते हैं।

रावण के दूतों ने जानकारी दी कि वानर सेना लंका के द्वार पर आ गई है। तब रावण ने अपने पुत्र मेघनाद से अपनी सेना के साथ वानर सेना पर आक्रमण करने का आदेश दिया। राक्षस सेना को देखकर रामादल में हलचल मच गई। मेघनाद वानरों को मारते हुए आगे बढ़ रहा था। यह देख राम का आदेश पाकर लक्ष्मण युद्ध करने पहुंचे। मेघनाद और लक्ष्मण के बीच भीषण युद्ध हुआ। जब मेघनाद के सभी अस्त्र असफल हो गए तो उसने अमोघ शक्ति लक्ष्मण पर छोड़ दी। शक्ति के लगते ही लक्ष्मण मूर्छित होकर गिर पड़े। यह देख हनुमान जी लक्ष्मण को लेकर रामादल में पहुंचे। लक्ष्मण को मूर्छित देख भगवान राम विलाप करने लगे। तब विभीषण ने उन्हें बताया कि मेघनाथ ने शक्तिबाण का प्रयोग किया है। इसका उपचार लंका में रहने वाले सुषैन वैद्य ही कर सकते हैं। हनुमान जी सुषैन वैद्य की सलाह पर द्रोण पर्वत से संजीवनी बूटी लेकर आए और लक्ष्मण की मूर्छा दूर हुई। इस मौके पर प्रवेश कुमार अग्रवाल, अमित कुमार शर्मा, यादराम चौकीदार, जयपाल, मनोज उर्फ बंटी, नन्नू आदि मौजूद रहे।


रामलीला का मंचन करते कलाकार।

## युवक की मौत के मामले में पत्नी समेत दो पर रिपोर्ट

**गजरौला, अमृत विचार :** 29 जून को संदिग्ध परिस्थितियां में हुई युवक की मौत के मामले में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उसकी पत्नी और एक अन्य आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

क्षेत्र के गांव कुमराला निवासी राहुल (32) अपने परिवार से अलग पत्नी के साथ रहता था। बताया कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर बीते कई दिन से अनबन चल रही थी। इस बीच 29 जून की रात राहुल का शव उसके कमरे में फंदे पर लटका मिला था। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। नरेंद्र सिंह का आरोप है कि उनके बेटे राहुल की पत्नी के गांव निवासी एक युवक संग प्रेम संबंध थे। इसके चलते दोनों ने मिलकर उसकी हत्या कर दी। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में कोर्ट के आदेश पर मृतक की पत्नी अंजली व सेवेंद्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते सनातन जागरण मंच के कार्यकर्ता।

# प्रसाद में मिलावट का मुद्दा उठाया

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** सनातन जागरण मंच के पदाधिकारियों ने गणेश शोभा यात्रा पर पत्थर बाजी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है।

सनातन जागरण मंच के पदाधिकारियों ने उप जिलाधिकारी सुनीता सिंह को ज्ञापन सौंप दिया। इसमें उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है। यहां 80 प्रतिशत से ज्यादा सनातन धर्म को मानने वाले लोग रहते हैं। लेकिन यह समाज अपमानित हो रहा है और हमले भी झेल रहा है। उन्होंने बताया कि श्री तिरुपति बालाजी महाराज मंदिर के प्रसाद में चर्बी की मिलावट का प्रकरण सामने आया है। इससे सनातनी समाज की भावनाओं को आघात लगा है। ॅकुछ शक्तियों द्वारा सनातनी समाज में विघटन पैदा करने, जातिवाद के नाम पर आपस में भेदभाव पैदा करने की कोशिशें की जा रही हैं। इस दौरान अतुल शर्मा, राहुल गुप्ता, विभोर अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, महेश सिंह, विष्णु, अमित अग्रवाल, महेश, रोहताश आदि रहे।

## एक नजर

### दहेज की खातिर महिला को पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**गजरौला, अमृत विचार :** दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने महिला को पीटकर घर से निकाल दिया। एसपी के आदेश पर पति समेत दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। शहर के मोहल्ला सुल्तान नगर निवासी शिवानी की शादी वर्ष 10 जुलाई 2019 को अमरोहा के मोहल्ला पुष्कर नगर निवासी नितेश कुमार के साथ हुई थी। दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर ससुराल वालों ने उसका प्रताड़ित किया। शिवानी का पति नोएडा में नौकरी करता है। वह उसे शादी के छह माह बाद अपने साथ नोएडा ले गया। बाद में वह मायके में रहने लगी। इसके बाद ससुराल ने इसे घर से निकाला दिया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में पति नितेश व सास मंजू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# कार्रवाई का खौफ, बंद रखे अस्पताल

संवाददाता, सैदनगली


भाजपा के जिला महामंत्री को समस्या बताते निजी चिकित्सक।

**अमृत विचार :** झोलाछापों और नियम विरुद्ध संचालित निजी अस्पतालों के संचालकों ने भाजपा के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान किया जा रहा है।

बताया कि जिले में कई दिन से एसडीएम, तहसीलदार व स्वास्थ्य विभाग की टीमें कार्रवाई कर रही हैं। इससे दुकानदारों और झोलाछापों में खौफ है। शनिवार को उझारी में झोलाछापों ने अपने अस्पताल और मेडिकल स्टोर कर बंद रखे। निजी चिकित्सकों ने बताया कि अस्पताल और मेडिकल स्टोर बंद होने से मरीज भटकते रहे। बताया कि 24 से ज्यादा अस्पताल सील किए जा चुके हैं। प्रशासन की कार्रवाई से नाराज होकर शनिवार को जिले के अलग अलग स्थानों पर डिग्री धारक निजी चिकित्सकों ने अपने अस्पताल व मेडिकल स्टोरों पर ताला लगा दिया। चिकित्सकों ने कहा कि अगर प्रशासन को कार्रवाई ही करनी है तो उन पर करें जो बिना डिग्री के अस्पताल चला रहे हैं। जिन चिकित्सकों के पास डिग्री है, उन्हें परेशान न किया जाए। उझारी व अन्य जगहों पर अस्पताल बंद होने से मरीजों को इलाज के लिए भटकना पड़ा। सैदनगली में भी अस्पताल बंद रहे। इस बीच अपंजिकृत चिकित्सक सैदनगली के नगर स्वच्छता प्रेरक व भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक से मिले। उन्होंने प्रशासन की कार्रवाई की विरोध किया। भाजपा जिला महामंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया है। इस दौरान 70 निजी चिकित्सक, लैब संचालक और मेडिकल स्टोर संचालक मौजूद रहे।

### कमरे में बंद होकर दोस्त से बनवाया वीडियो, परिजनों से मांगी थी 25 लाख की फिरौती

# रुपयों के लिए नाजिम ने रची थी अपने अपहरण की साजिश

संवाददाता, मंडी धनौरा (अमरोहा)


दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा करते सीओ श्वेताभ भास्कर।

**अमृत विचार :** अपने अपहरण का वीडियो बनवाकर परिजनों से 25 लाख रुपये की फिरौती मांगने वाले युवक और उसके दोस्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने रुपयें की तंगी होने का हवाला देकर अपना जुर्म कबूल किया है। पुलिस ने आरोपियों से तीन मोबाइल बरामद किए हैं।

यह मामला थाना बछरांयू क्षेत्र के गांव कुआंखेड़ा का हे। यहां के रहने वाला नाजिम 25 सितंबर को लापता हो गया था। उसके भाई आरिफ ने पुलिस को बताया था कि उसका भाई गजरौला क्षेत्र के गांव बलदाना असगरी खां निवासी अमित के साथ मुरादाबाद में रहने वाली अपनी बहन रूबी के पास गया था। तभी से वह लापता है। परिजन व पुलिस की उसकी तालाश में जुटे थे। इस बीच शुक्रवार रात नाजिम के मोबाइल नंबर से रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव टांडा पूठी में रहने वाले उसके बहनोई शौकीन के मोबाइल फोन पर एक वीडियो भेजा गया। इसमें नाजिम बंधा हुआ दिखाई दे रहा है। वीडियो देख शौकीन ने आरिफ को भेजा दिया।

इसमें नाजिम व उसका दोस्त परिजनों से 25 लाख रुपये की फिरौती मांगते दिखे। बाद में उन्होंने यह वीडिया पुलिस दिखाया। अपहरण का मामला देख एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने खुलासे के लिए कई टीमों का गठन किया। शनिवर को पुलिस ने खुलासा कर दिया। सीओ श्वेताभ भास्कर ने बताया कि नाजिम के दोस्त अमित का फोन नंबर सर्विलांस पर लगाया गया। मुखबिर की सूचना पर गांव मलेशिया के पास चीनी मिल के यार्ड के पास नाजिम व अमित को पकड़ लिया। थाने लाकर दोनों से पूछताछ की गई। सीओ ने बताया कि दोनों ने मिलकर इस पूरी घटना की कहानी रची थी। नाजिम ने घर वालों से रुपये ऐंठने के लिए दोस्त के साथ मिलकर खुद के अपहरण की साजिश रची। अमित ने उसको बांधकर उसका वीडियो बनाया और 25 लाख रुपये की फिरौती की मांगी। सीओ ने बताया कि घटना का खुलासा कर आरिफ की तहरीर पर नाजिम व अमित के खिलाफ अपहरण की झूठी सूचना व अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। दोनों को जेल भेज दिया गया है।

# वाहन की टक्कर से किसान की मौत

## नौगांवा तगा चौराहा के पास हुआ हादसा, रिपोर्ट

संवाददाता, नौगांवा सादात


क्षतिग्रस्त ट्रक में फंसे युवक को निकालते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** क्षेत्र में शनिवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से मोपेड सवार किसान की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यह हादसा नौगांवा तगा चौराहा के पास हुआ।

क्षेत्र के गांव कूड़ा माफी में बुद्ध सिंह (55) का परिवार रहता है। उनके परिवार में पत्नी संतोष है। पिछले वर्ष उन्होंने अपनी बेटी बेबी की शादी मंडी धनौरा में की थी। शनिवार को बुद्ध सिंह कूड़ा माफी से कार्य से नौगांव सादात आए थे। जब वह यहां से अपने गांव वापस जा रहे थे तो रास्ते में नौगांवा तगा चौराहा के पास पहुंचे तभी अज्ञात वाहन ने उनकी मोपेड को पीछे से टक्कर मार दी।

हादसे के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। हादसे में बुद्ध सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। राहगीरों ने उन्हें उठाया और डायल नंबर 112 को सूचना दी।

पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए थाने में तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल सिंह ने बताया कि मामले में अज्ञात वाहन चालक पर रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपी तलाश में जुटी है।

### ट्रक और डीसीएम की भिड़ंत में युवक घायल

**गजरौला, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर ट्रक और डीसीएम की भिड़ंत हो गई। इसमें डीसीएम सवार युवक घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। शुक्रवार देर रात बिहार निवासी मोहन डीसीएम में सवार होकर मुरादाबाद की ओर से दिल्ली जा रहा था। जैसे ही नेशनल हाईवे पर गजरौला स्थित सीओ कार्यालय के पास पहुंचा तो डीसीएम आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। इसमें डीसीएम सवार मोहन गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस 108 एंबुलेंस से घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक की टक्कर से अधेड़ घायल, रेफर

**हसनपुर, अमृत विचार :** एसडीएम कोर्ट में तारीख कर पैदल घर लौट रहे अधेड़ को बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। इससे घायल अधेड़ को हायर सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने बाइक चालक को हिरासत में लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव नबावपुरा खादर निवासी ओतारी शनिवार को एसडीएम कर्ट में मुकदमे की तारीख करने के लिए आए थे। इसके बाद वह पैदल ही अपने घर लौट रहे थे। जैसे ही वह नगर में स्थित आंबेडकर पार्क के पास पहुंचे तो बाइक सवार ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बाइक सवार युवक को हिरासत में लिया है। लोगों ने घायल को नगर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। बाद में परिजन भी मौके पर पहुंच गए। चिकित्सक ने घायल की हालत नाजुक होने पर उसे मेरठ रेफर कर दिया।

## यूसुफपुर गांव में तेंदुए ने नीलगाय को बनाया निवाला, फैली दहशत

**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांवा सादात क्षेत्र में तेंदुए ने नीलगाय को अपना निवाला बना लिया। खेत में नीलगाय के अवशेष मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची वन विभाग की टीम ने कांबिंग की। लोगों ने तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है।

जिले में तेंदुए की दहशत बरकरार है। हर रोज अलग-अलग क्षेत्रों में तेंदुआ देखा जा रहा है। अब नौगावां सादात क्षेत्र के गांव यूसुफपुर में तेंदुआ दिखाई दिया। शनिवार को गांव की महिलाएं मंदिर में पूजा अर्चना करने के लिए जा रही थीं। तभी प्राइमरी स्कूल के पास स्थित तालाब के किनारे तेंदुआ दिखा। उन्होंने शोर मचाया तो ग्रामीण दौड़ पड़े। सूचना के बाद पहुंची पुलिस व वन विभाग की टीम ने खेतों में कांबिंग की। इस दौरान खेत में नीलगाय के अवशेष मिले। तेंदुआ दिखने से ग्रामीणों में दहशत है। लोगों ने वन विभाग की टीम से पिंजरा लगाने की मांग की है।


प्रदर्शनी में शिक्षिकाओं से जानकारी लेतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स। ● अमृत विचार

# शिक्षिकाओं ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में शनिवार को मंडल स्तरीय टीएलएम प्रदर्शनी लगाई गई। इसमें मुरादाबाद, रामपुर, बिजनौर, संभल, अमरोहा से हिंदी, अंग्रेजी, गणित, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, इतिहास, भूगोल, नागरिक शास्त्र विषयों के चयनित सर्वश्रेष्ठ टीएलएम बनाने वाले 43 शिक्षकों-शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी का आरंभ डीएम निधि गुप्ता, संयुक्त शिक्षा निदेशक मुरादाबाद मनोज कुमार ने किया।

राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। इस दौरान जिलाधिकारी ने टीएलएम प्रदर्शनी में अवलोकन कर मार्गदर्शन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि शिक्षक क्षिशिकाओं ने बहुत मेहनत से टीएलएम बनाए हैं। इसका लाभ छात्र-छात्राओं को शिक्षण के माध्यम से मिलना चाहिए। वर्तमान परिपेक्ष्य के दृष्टिगत शिक्षण में भी परिवर्तन आना चाहिए। हम एआई और गूगल जैसे ऑनलाईन प्लटफार्म की दुनिया में हैं, लेकिन ये सब शिक्षक की भूमिका नहीं ले सकते हैं। सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र ने कहा कि इस प्रदर्शनी की टीएलएम का लाभ अंतिम बच्चे तक मिलना चाहिए। शिक्षण कौशल के टीएलएम को अपने तक सीमित न रखकर विभिन्न सोशल मिडिया के माध्यम से प्रसारित किया जाए।

## उत्तराखंड-आसपास

# पांच करोड़ की ठगी का सरगना बलवीर दिल्ली से गिरफ्तार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** कुमाऊं साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पांच करोड़ से अधिक की साइबर ठगी के सरगना को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। सरगना पर नैनीताल के एक कारोबारी को ऑनलाइन शेयर मार्केट में निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर 65 लाख रुपये हड़प लिए थे।

साइबर थाना प्रभारी अरुण कुमार ने बताया कि अगस्त माह 2024 को नैनीताल के रहने वाले एक कारोबारी ने मुकदमा दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया था कि उसके व्हाटसअप ग्रुप पर बारक्लेश सिल सिक्योरिटी इंडिया लिमिटेड का मैसेज आया। इसमें चैटिंग करने वाले ने ऑनलाइन ट्रेडिंग से जोड़ा और उसके बाद ऑनलाइन शेयर मार्केट का प्रलोभन देकर बैंक के कई खातों से 64.59 लाख रुपये की धोखाधड़ी कर ली। जब खाते में मुनाफा मांगा तो मोबाइल व संपर्क करना बंद कर दिया।

मामले की जांच कर रही टीम ने तत्काल सुरागरसी व साइबर तकनीकी के आधार पर 27 सितंबर को बिजवासन, साउथ वेस्ट, नई दिल्ली में दबिश देकर ठगी के मुख्य आरोपी बलवीर सिंह नेगी निवासी ग्राम नैल थाना गैरसैंण (चमोली) को गिरफ्तार कर लिया।

### बेची गई जमीन पर लिया 8 लाख का लोन, रिपोर्ट दर्ज

**काशीपुर, अमृत विचार :** एक महिला ने पहले तो अपनी जमीन एक व्यक्ति को बेच दी फिर उस जमीन पर आठ लाख का लोन ले लिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया है। गिरीताल निवासी देवराज शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसने ग्राम खरमासा निवासी चंचल रानी से भूमि खरीदी थी। जब उसने 23 नवंबर 2023 को खतौनी निकाली तो पता चला कि उसकी खरीदी गई भूमि पर चंचल रानी द्वारा बैंक से आठ लाख रुपये का ऋण ले लिया है जबकि भूमि पर उसका कब्जा है।

### बंधक रखे प्लॉट को बेचकर की 35 लाख की धोखाधड़ी

**काशीपुर, अमृत विचार :** एक व्यक्ति ने दंपति व बैंक प्रबंधक पर धोखाधड़ी कर बैंक में बंधक रखे प्लॉट को बेचकर 35 लाख की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। ग्राम धनौरी पट्टी, प्रतापपुर निवासी दिनेश कुन्द्रा पुत्र शान्ति स्वरूप ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि गढ़ी इन्द्रजीत निवासी गुरुदयाल सिंह व उसकी पत्नी हरप्रीत कौर ने उससे कहा कि उनका एक प्लॉट ग्राम नीझड़ा में है जिसे वह बेचना चाहते हैं। जब उसने उक्त प्लॉट की बात अपने मिलने वालों से की तो उन्होंने कहा कि इन लोगों ने इलाहाबाद बैंक (इण्डियन बैंक) शाखा काशीपुर से कई प्रॉपर्टी पर लोन ले रखे हैं, सोच समझकर ही उनके साथ डील करना। पीड़ित ने बताया कि वह उक्त पर लोन है या नहीं की जानकारी लेने के लिए शाखा प्रबंधक इलाहाबाद बैंक काशीपुर के पास गया तो उन्होंने जानकारी देने से मना कर दिया। इसके बाद उसने गुरदयाल सिंह व हरप्रीत कौर से कहा कि उसे पता चला है कि आपने इस प्लॉट को बंधक रखा हुआ है, तब दोनों ने कहा कि तुम्हें किसी ने गलत जानकारी दी है, हमारा प्लॉट ठीक है। जिसके बाद उसने प्लॉट का सौदा कर लिया और 6400 वर्ग फीट के प्लॉट के 35 लाख रुपये देकर अपने नाम पर बैनामा करा लिया। जिसका दाखिल खारिज भी उसके नाम हो गया है। इसके बाद जब बैंक ने उक्त प्लॉट की नीलामी की घोषणा की तो उसे पता चला कि गुरुदयाल सिंह व हरप्रीत कौर ने इस प्लॉट पर लोन ले रखा है। जब उसने गुरुदयाल सिंह व हरप्रीत कौर से कहा कि तुमने मुझे लोन लिया हुआ प्लॉट बेचकर मेरे साथ धोखाधड़ी की है। पीड़ित ने आरोप लगाया कि गुरुदयाल सिंह, हरप्रीत कौर व शाखा प्रबंधक इलाहाबाद बैंक (इण्डियन बैंक) शाखा काशीपुर ने एक षड़यंत्र के तहत उसके साथ छल कपट व धोखाधडी कर पैसा हड़प लिया है। उसने उक्त लोगों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस गुरुदयाल सिंह, हरप्रीत कौर व शाखा प्रबन्धक के खिलाफ आईपीसी की धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## बस की टक्कर से महिला की मौत

**उघैती (बदायूं), अमृत विचार :** उघैती थाना क्षेत्र के एक गांव में सड़क पार कर रही महिला को स्कूल बस ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक फरार हो गया। महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते में महिला की मौत हो गई। परिजनों में चीत्कार मचा है।

थाना उघैती क्षेत्र के गांव खंडुआ निवासी महिपाल की मां रामा (83) शनिवार दोपहर घर के पास की दुकान से सामान खरीदने गई थीं। दुकान पर जाने के लिए वह सड़क पार करने लगीं। इसी दौरान बच्चों को छोड़ने के बाद एक प्राइवेट स्कूल की बस बैक की जा रही थी। महिला बस की चपेट में आ गई। उम्रदराज होने की वजह से वह खुद को नहीं बचा सकीं और घायल हो गईं। हादसे के बाद से ही बस का चालक भाग गया। हादसे की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। परिजन महिला को लेकर अस्पताल जा रहे थे लेकिन रास्ते में महिला की मौत हो गई। जानकारी होने पर स्कूल बस संचालक और पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

# स्मैक बना रहे पिता-पुत्र दबोचे

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 400 ग्राम स्मैक के अलावा इसे तैयार करने वाला अन्य सामान और कैमिकल बरामद

**अमृत विचार :** अपने घेर में स्मैक तैयार कर रहे पिता पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। 400 ग्राम स्मैक के अलावा इसे तैयार करने वाला अन्य सामान और कैमिकल बरामद हुआ। गिरफ्तार करने वाली टीम को 10 हजार रुपये का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में स्मैक और अन्य सामान की कीमत लगभग 1.20 करोड़ रुपये आंकी गई है।

थाना अलापुर के गांव नैथू में स्मैक बनाने की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने पुलिस बल के साथ छापा मारा। अपने घेर में स्मैक तैयार करते जाने आलम पुत्र अफसर खां और उसके बेटे खुर्शीद आलम को पकड़ लिया। पुलिस को 400 ग्राम तैयार स्मैक, अफीम का 11.29 ग्राम घोल, 1.8 ग्राम तैयार गीला माल, 25.90 ग्राम कैमिकलयुक्त पानी, 1.50 अफीम के हिस्से की क्रूट पारदर्शी पन्नी, 7 किग्रा वेटोनेट कैमिकल, 12 किग्रा अधबनी स्मैक, 12 किग्रा सफेद सोडा, एक बलेनो कार आदि बरामद हुई। आरोपियों ने कबूल किया कि वे सफेद सोडा, कैमिकलयुक्त पानी, अफीम पाउडर के अलावा अन्य कैमिकल मिलाकर स्मैक तैयार करते हैं।

## मामूली विवाद में फाड़ दिया सिर, काट डाली अंगुलियां

**रुद्रपुर, अमृत विचार:** वार्ड-24 रंपुरा निवासी कमलेश ने बताया कि वह मोहल्ले में किराए के मकान में परिवार के साथ रहती है। 23 सितंबर की रात्रि आठ बजे पड़ोसी अमित नाम का युवक उसके बेटे यश को गालियां दे रहा था। उसी वक्त पिता दीपक कोली ने इसका विरोध किया। जिससे बौखलाकर आरोपी युवक ने लोहे की सरिया से पति का सिर फाड़ दिया।

**हेतु सदर्शित करने की सूचना**
**न्यायालय श्रीमान प्रधान न्यायाधीश पारिवारिक न्यायालय जिला रामपुर**
**सिविल मिस0 वाद संख्या - 10/2023**

सिराज उर्फ सिफत उम्र 23 वर्ष पुत्र मुशर्रफ खां निवासी ग्राम बड़ागांव, तहसील शाहबाद जिला रामपुर (उ0प्र0). ... याची बनाम 1. श्रीमती निशा खां पत्नी इक्दार हुसैन निवासी मौ0 कागजी कस्बा व तहसील चंदौसी जिला संभल उ0प्र0 2. मुमताज खां पुत्र इल्याज खां निवासी ग्राम बड़ागांव, तहसील शाहबाद जिला रामपुर (उ0प्र0) 3. आम जनता ...... विपक्षीगण चूंकि उपर नामांकित प्रार्थी ने स्वयं अवयस्क रय्यान खां व जियान खां का संरक्षक नियुक्ति करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में संस्थित किया है अत: आपको सूचित किया जाता है कि उक्त प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु दिनांक 04.10.2024 नियत की गई है। आप स्वयं सम्यकरूपेण अनुदिष्ठ अभिवक्ता द्वारा दिनांक 04.10.2024 को प्राप्त 10 बजे न्यायालय में उपस्थित हो और अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर उचित पैरवी करें। ध्यान रहे कि आपके अनुपस्थित रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सूना जायेगा और नियमानुसार आदेश पारित कर दिये जायेंगे। आज न्यायालय की आज्ञानुसार मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित दिनांक 19.09.2024 को जारी किया गया।

न्यायालय की मुहर
प्रार्थना पत्र की प्रति संलग्न है।
आज्ञानुसार
प्रबन्धक
प्रधान न्यायाधीश परिवार
न्यायालय रामपुर (उ0प्र0)

**कथा** पौड़ा खेड़ा मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा संपन्न

# कृष्ण-सुदामा की मित्रता का वर्णन सुनाया

संवाददाता, बिलारी


कथा के दौरान मौजूद चेयरमैन, एसडीएम विनय कुमार सिंह व सीओ राजेश कुमार तिवारी।

**अमृत विचार :** पौड़ा खेड़ा मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा के अंतिम दिन कथा व्यास आचार्य ओम कृष्ण शास्त्री ने सुदामा चरित्र और कृष्ण से मित्रता का वर्णन किया। शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा के विश्राम पर कथा व्यास आचार्य ओम कृष्ण शास्त्री ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मानव को जीवन में धैर्य रखना चाहिए। जीवन में कितनी भी विपत्तियां क्यों न आएं। लेकिन मनुष्य को अपना धैर्य नहीं खोना चाहिए। इसका साक्षात विग्रह सुदामा हैं। उनके जीवन में कितनी विपत्तियां आईं, जबकि उनके मित्र स्वयं द्वारकाधीश थे। लेकिन उन्होंने अपने मित्र से कभी कुछ नहीं मांगा और जब वह द्वारिकापुरी पहुंचे तब भी कन्हैया से उन्होंने कुछ नहीं मांगा। कथा को सुनकर महिलाएं भावुक हो गई।

इस दौरान मुख्य रूप से आशीष जादौन, सत्यम जादौन, संध्या जादौन, महन्त राहुल सांवरिया और तरुण कपूर, नीतू कपूर, तिलक राज चांदनाए सुशीला चांदना, गौरव यादव ममता यादव, निखिल शर्मा, निधि शर्मा, सुरेश पाल सिंह, देवी आदि पूजा में शामिल हुए। कथा में पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, उप जिलाधिकारी विनय कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी, बिलारी कोतवाली प्रभारी लखपत सिंह को सम्मानित किया गया। कथा की व्यवस्था में सनातन धर्म ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान, ध्रुव शर्मा, कमल किशोर शर्मा, मुन्ना सोती, दुष्यंत चौहान, सचिन चौहान, निखिल शर्मा, गोपेश पांडेय, अभिषेक पांडे, तरुण कपूर, दुष्यंत चौहान, छविराज चावला, संजय सक्सेना, राजू गुप्ता, विक्रांत सक्सेना, केके गुप्ता, डॉ. देवेंद्र शर्मा, पीयूष गोयल, सुरेंद्र चुग, याद कुमार डूडेजा, संजय जैन आदि रहे।

# महिला ने फंदे से लटककर की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मझोला थाना क्षेत्र का मामला, मायके वालों ने आत्महत्या के लिए मजबूर करने का लगाया आरोप, कपति समेत चार पर रिपोर्ट

**अमृत विचार:** मझोला थाना क्षेत्र में महिला ने फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस ने मायके वालों की तहरीर पर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में मामला दर्ज कराया है।

बदायूं जिले के गांव सैदपुर निवासी आरती (27) पुत्री वीरेंद्र कश्यप की शादी 30 अप्रैल 2017 को मझोला थाना क्षेत्र के मंगूपुरा निवासी राहुल कश्यप से हुई थी। राहुल फर्म में काम करता है। पिता वीरेंद्र कश्यप ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शादी के बाद आरती के कोई संतान नहीं हुई थी। जब वह पति से जांच कराने के लिए कहती थी तो वह सब टाल देते थे। यह भी आरोप लगाया कि आईवीएफ कराने के लिए पति और ससुराल वाले 50 हजार रुपये की मांग कर रहे थे। जबकि वह खुद दामाद राहुल से कह रहे थे कि तुम भी अपनी जांच करा लो। उसे यहां तक कहा कि दिल्ली आ जाओ मैं यहीं जांच करा दूंगा। आरोप लगाया कि राहुल खुद ही जांच नहीं करना चाहता था। इसकी बजाय राहुल, उसके पिता पप्पू, मां और बहन आरती को ही ताने मारते थे। इससे वह परेशान हो चुकी थी। कई बार इसकी शिकायत भी की थी। पिता वीरेंद्र के अनुसार शुक्रवार को भी पति और ससुरालियों ने बच्चा न होने का ताना मारते हुए आरती के साथ मारपीट की। जब वह कॉल करके बेटी से बात कराने के लिए कहे तो ससुराली टालमटोल करते रहे। बाद में दोपहर में सूचना मिली की आरती ने घर के पास ही पेड़ से लटका मिला। सूचना पर एसएचओ मझोला मोहित चौधरी की टीम ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल करने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम में फांसी लगाने से मौत की पुष्टि हुई। थाना प्रभारी मोहित चौधरी ने बताया कि पिता वीरेंद्र की तहरीर पर आरती के पति राहुल कश्यप, ससुर पप्पू और सास व ननद के खिलाफ मारपीट और आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज किया गया है। आरोपी पति राहुल को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। उधर पोस्टमार्टम के बाद मंगूपुरा में ही गमगीन माहौल में आरती का अंतिम संस्कार किया गया। आरती तीन बहन दो भाईं थी। उसकी मौत के बाद से पूरे परिवार में कोहराम मचा है।

### नाव चालकों को जैकेट उपलब्ध कराने के निर्देश

**नैनीताल, अमृत विचार:** नैनीताल में पालिका की ओर से बीते लंबे समय से नाव चालकों को नई जैकेट नहीं मिलने से नाव चालकों में नाराजगी है। पुरानी व फटी जैकेट होने के चलते पर्यटक बिना लाइफ जैकेट के ही नौकायन कर रहे हैं। जिससे पर्यटकों की जान को खतरा है। जिसको देखते हुए डीएम ने पालिका के अधिकारियों व नाव मालिक संघ के साथ बैठक कर पालिका को 30 सितंबर तक लाइफ जैकेट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

**सूचना**
मेरा नाम पासपोर्ट में ABDUL HASIV है, जो गलत है, मेरा सही नाम ABDUL HASIB है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए
अब्दुल हसीब पुत्र अब्दुल अज़ीज़
(ABDUL HASIB S/o ABDUL AZIZ)
मोहल्ला फर्राशान शाहबाद
जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश

## एके शर्मा दूसरे व ब्रजेश पाठक तीसरे स्थान पर, संगठन नेताओं की नहीं दिखी धाक

# मुख्यमंत्री योगी सदस्यता अभियान में सबसे आगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पहले चरण में उप्र ने बनाए 1.5 करोड़ सदस्य, लक्ष्य पाने में असम रहा अव्वल
- खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक व बिहार शामिल

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश भाजपा के सदस्यता अभियान के पहले चरण में प्रथम रहे। दूसरे स्थान पर उर्जा मंत्री एके शर्मा के बाद सभी मंत्रियों और संगठन नेताओं से लेकर जनप्रतिनिधियों की खास धाक नहीं दिखी।



1.5 करोड़ सदस्य बनाकर संख्या के मामले में भी उप्र सबसे आगे रहा, मगर लक्ष्य पूर्ति 65 फीसदी ही है। ऐसे में 85 फीसदी लक्ष्य के साथ असम ने सभी प्रदेशों को पीछे छोड़ दिया है। खराब प्रदर्शन करने वाले राज्यों में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक व बिहार शामिल है।

देशभर में भाजपा ने दो सितंबर को प्रधानमंत्री को सदस्यता दिलाने के साथ अभियान का पहला चरण शुरू किया था। यह चरण 25 सितंबर को खत्म होने के बाद प्राप्त हुए आंकड़ों के अनुसार उप्र में भाजपा ने सर्वाधिक करीब 1.5 करोड़ सदस्य बनाए हैं। इसमें प्रदेश मुख्यालय आई 19 सितंबर तक की रिपोर्ट के अनुसार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे अधिक 53 हजार 55 सदस्य बनाए हैं। उर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने 35 हजार 353, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने 15 हजार 827, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने 12 हजार 208 और औद्योगिक मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी 9 हजार 198 सदस्य बनाकर क्रमशः टॉप फाइव में शामिल हैं। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, सूर्य प्रताप शाही, लक्ष्मीकांत बाजपेयी, महेंद्रनाथ पांडेय और स्वतंत्र देव सिंह जैसे दिग्गज भी दो हजार का आंकड़ा पार नहीं कर पाए हैं। 28 ऐसे मंत्री हैं, जो एक हजार भी सदस्य नहीं बना पाए। तमाम विधायक और सांसद तय लक्ष्य का 20 फीसदी भी सदस्य नहीं जोड़ पाए। मुख्य संगठन से लेकर अनुषांगिक संगठनों की हालत भी खस्ता मिली है। हालांकि संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह दूसरे चरण को लेकर अभी से पिछले सभी रिकार्ड तोड़ने में संगठन और जनप्रतिनिधियों को कसने में जुटे हुए हैं।

### 23 दिनों में बने छह करोड़ सदस्य

भाजपा ने पहले चरण के 23 दिनों में करीब 6 करोड़ सदस्य बनाए हैं, हालांकि इसे अपेक्षा से कम माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश सर्वाधिक सदस्य बनाने में प्रथम स्थान पर है। तय किए गए राज्यवार लक्ष्य में असम भाजपा 85 फीसदी उपलब्धि के साथ प्रथम स्थान पर है। 75 फीसदी से अधिक लक्ष्य पूरा कर मध्यप्रदेश, गुजरात और त्रिपुरा दूसरे स्थान पर हैं। खराब प्रदर्शन वाले राज्यों की सूची में राजस्थान, तेलंगाना, कर्नाटक और बिहार जैसे राज्यों का स्थान है। सदस्यता के मामले में देश के सभी महानगरों में दिल्ली प्रथम है। दूसरा चरण 2 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। पार्टी ने झारखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा और महाराष्ट्र जैसे चुनावी राज्यों को सदस्यता अभियान से दूर रखा है।

## एल्विश के मोबाइल का डाटा बनेगा अहम दस्तावेज

**लखनऊ, अमृत विचारः** प्रवर्तन निदेशालय ने यू-ट्यूबर एल्विश यादव की जब्त हुई मोबाइल से डिलीट किए जा चुके डाटा की रिकवरी के लिए नोएडा स्थित लैब को रिमाइंडर भेजा है। ईडी अधिकारियों का मानना है कि डाटा एक अहम दस्तावेज साबित हो सकता हैं। ईडी ने जिन तीन मोबाइल के डाटा को रिकवरी के लिए भेजा है उनमें दो मोबाइल एल्विश के दोस्तों का भी है। अधिकारियों के मुताबिक रेव पार्टी और एल्विश की संपत्ति से जुड़ी अहम जानकारी मोबाइल से मिल सकती है। एल्विश के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद सपेरे राहुल को लेकर नोएडा पुलिस जब फरीदाबाद और फाजिलपुर गांव गई तो वहां पर तलाशी के दौरान एक रजिस्टर मिला था।

# अवनीश अवस्थी से अमिताभ ने माफी मांगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ


अवनीश अवस्थी


अमिताभ ठाकुर

**अमृत विचारः** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर व उनकी पत्नी डॉ. नूतन ठाकुर ने शनिवार को रिटायर्ड आईएएस व मुख्यमंत्री के प्रशासनिक सलाहकार अवनीश अवस्थी को अलग-अलग पत्र भेजकर उनके संबंध में की गई अपनी पोस्ट पर माफी मांग ली।

अवनीश अवस्थी ने अमिताभ ठाकुर व नूतन ठाकुर को भेजे अलग-अलग कानूनी नोटिस में कहा था कि उनका उस पोस्ट में अंकित प्रकरण से कोई संबंध नहीं है, जिसमें उनके संबंध में गलत व भ्रामक खबरें फैलाई जा रही हैं। इस पर अमिताभ व उनकी पत्नी ने अपनी पुरानी 'एक्स' पोस्ट को 'डिलीट' कर दिया, साथ ही, खेद व्यक्त करते हुए उनसे क्षमा याचना की। अमिताभ ठाकुर ने 'एक्स' पर नई पोस्ट के जरिये कहा कि रिटायर्ड आईएएस के संबंध में सोशल मीडिया की खबरों के आधार पर जांच की मांग की गई थी। रिटायर्ड आईएएस ने खबरों को पूर्णतः निराधार व असत्य बताया है, इसलिए वह पूर्व पोस्ट से उन्हें हुई पीड़ा के लिए सार्वजनिक तौर पर क्षमा मांगते हैं।

# प्रदेश में एमबीबीएस की सीटें दोगुना से ज्यादा हुईं

## 5,390 से बढ़ाकर 11, 200 की गईं सीटें, वर्तमान में 78 मेडिकल कॉलेज हैं संचालित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ




- पीजी की 3,781 सीटों पर हो रहा दाखिला
- सरकारी मेडिकल कॉलेजों में हो चुकी हैं 5,150 सीटें

**अमृत विचार :** वन डिस्ट्रिक्ट वन मेडिकल कॉलेज की योजना के तहत साढ़े सात सालों में प्रदेश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या 39 से 78 हो गईं तो एमबीबीएस सीटों की संख्या 5,390 से बढ़कर 11 हजार 200 और पीजी की तीन हजार 781 सीटें हो चुकी हैं। अकेले सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 5,150 सीटें हो चुकी हैं।

चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने बताया कि वर्ष 2016 में प्रदेश के 14 सरकारी और 25 निजी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की कुल पांच हजार 390 सीटें थी। इनमें सरकारी कॉलेजों में पांच हजार 150 सरकारी सीटें और 6050 सीटें प्राइवेट कॉलेज की हैं। इसी तरह 2016 में पीजी की 1,344 सीटें थी, जो कि बढ़कर तीन हजार 781 हो चुकी हैं। इनमें सरकारी कॉलेजों में 1,759 और निजी कॉलेजों की 2022 सीटें हैं। इससे मेडिकल कॉलेजों में दाखिला लेने वाले बच्चों को काफी मदद मिलने की उम्मीद है।

### बागपत, हाथरस और कासगंज में भी खोले जाएंगे मेडिकल कॉलेज

डीजीएमई ने बताया कि इस सत्र 2024-25 में राज्य के 12 नए स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की कुल सीटों में 85 प्रतिशत सीटों पर दाखिले के लिए काउंसिलिंग चल रही है। पहले चरण की काउंसिलिंग में अधिकांश सीटें भर चुकी हैं। उन्होंने बताया कि सोनभद्र के मेडिकल कॉलेज को मान्यता देने के लिए केंद्रीय मंत्री से दोबारा अपील की गई। अमेठी में मेडिकल कॉलेज निर्माणाधीन है। अगले साल, सत्र 2025-26 में 100 सीटों की लेटर ऑफ परमिशन प्राप्त करने के लिए एनएमसी, नई दिल्ली का पोर्टल खुलते ही आवेदन किया जाएगा। पीपीपी मोड अंतर्गत मऊ में कल्पनाथ राय इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज निर्माणाधीन है। इस कॉलेज में सत्र शुरू करने के लिए एनएमसी के लेटर ऑफ परमिशन की जरूरत पड़ रही है। पीपीपी मोड के वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) स्कीम के तहत बागपत, हाथरस और कासगंज में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए जल्द ही कैबिनेट के समक्ष प्रस्ताव रखा जाएगा।

## नीट यूजी काउंसिलिंग में 5 अक्टूबर तक लेना होगा दाखिला

**लखनऊ, अमृत विचारः** यूपी नीट यूजी की दूसरे चरण की काउंसिलिंग में एमबीबीएस व बीडीएस सीट आवंटित कर सूची जारी कर दी गई है। आवंटित सीट पर दाखिले की प्रक्रिया 30 सितंबर से 5 अक्टूबर तक पूरी की जाएगी। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक कार्यालय द्वारा शनिवार को निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

डीजीएमई द्वारा जारी निर्देशानुसार, अभ्यर्थियों को दाखिला लेने से पूर्व नोडल सेंटर पर मेडिकल परीक्षण कराना होगा। पहले चरण की काउंसिलिंग में दाखिला पा चुके छात्रों द्वारा कॉलेज बदलने की सूरत में, या उसी कॉलेज में सीट आवंटित होने पर, प्रवेश प्रक्रिया पुनः पूरी करनी होगी। अन्यथा पूर्व की सीट भी निरस्त हो जाएगी।

# समान पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति के मिलें समान अवसर

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पदोन्नति मामले पर की टिप्पणी

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पदोन्नति के एक मामले पर विचार करते हुए कहा कि जिस उम्मीदवार के पास अपेक्षित शैक्षणिक योग्यता है, वह अन्य सभी मानदंडों को पूरा करने पर पदोन्नति का हकदार है। यह मायने नहीं रखता है कि यह मानदंड सेवा से पहले पूरे किए गए थे या सेवा के दौरान पूरे किए गए। पदोन्नति के नियमों को उदारतापूर्वक लागू किया जाना चाहिए, जिससे कर्मचारियों में ठहराव न आए और उनका मनोबल बढ़े।

कोर्ट ने यह माना कि समान पदों पर कार्यरत कर्मचारियों को पदोन्नति के समान अवसर दिए जाने चाहिए। कोर्ट ने मौजूदा मामले में विपक्षी के तर्क का खंडन करते हुए कहा कि स्टोरकीपर के पद का नियमों में उल्लेख न होने के कारण याची को पदोन्नति के लिए अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता। समान या एक ही कैडर में आने वाले कर्मचारियों को सेवा में अपने करियर को आगे बढ़ाने के लिए समान अवसर दिए जाने चाहिए। राजकुमार की याचिका को स्वीकार करते हुए न्यायमूर्ति अजीत कुमार की एकलपीठ ने विपक्षियों को याची की पदोन्नति के संबंध में उचित आदेश पारित करने का निर्देश दिया।

दरअसल याची स्टोरकीपर ग्रेड-1 के पद पर कार्यरत है। जूनियर इंजीनियर के पद पर पदोन्नति के लिए उसका आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया गया कि उपरोक्त पद के लिए उपलब्ध 5 प्रतिशत कोटा केवल ड्राफ्ट्समैन/ ड्रेसर/ क्लर्क/प्रयोगशाला सहायकों की श्रेणी में आने वाले कर्मचारियों द्वारा ही प्राप्त किया जा सकता है, जिनके पास इंजीनियरिंग में आवश्यक डिप्लोमा है और जिन्होंने 5 साल की नियमित सेवा पूरी कर ली है। याची के पदोन्नति के अनुरोध को इस आधार पर भी खारिज किया गया कि उसने सेवा में प्रवेश करने से पहले अपना डिप्लोमा हासिल कर लिया था। अस्वीकृति आदेश को चुनौती देते हुए याची ने तर्क दिया कि किसी उम्मीदवार को सेवा अवधि के दौरान या उससे पहले अपेक्षित योग्यता हासिल कर लेने पर अयोग्य घोषित करना हाई कोर्ट द्वारा निर्धारित दिशा निर्देशों के विपरीत है।

# स्टर्लिंग टेक्नालॉजीज डाली जाएगी काली सूची में

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम क्षेत्र में बिजली बिलिंग करने वाली पूर्व एजेंसी स्टर्लिंग टेक्नालॉजीज एंड सर्विसेज तीन साल के लिए काली सूची में डाली जाएगी। विभाग में अतिरिक्त आर्थिक खर्च की रिकवरी भी इस एजेंसी से की जाएगी। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं।

एजेंसी ने प्रयागराज, वाराणसी व मिर्जापुर क्षेत्र में बिजली बिलिंग व राजस्व वसूली कार्य अचानक बंद करने, खराब कार्यप्रणाली, उपभोक्ताओं को समय से बिल न देने व अनुबंध का उल्लंघन किए जाने का आरोप है। कंपनी के पास कार्य का अनुबंध 36 महीने के लिए था। इस एजेंसी ने बीते जून में आठ दिन पूर्व सूचना देकर जुलाई से कार्य बंद कर दिया। पूर्वांचल निगम ने एजेंसी से कई बार अनुबंध के तहत कार्य करने को कहा, पर एजेंसी ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया।

## अयोध्या से हैदराबाद के लिए फ्लाइट का संचालन

**अयोध्या, अमृत विचारः** अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से अयोध्या-हैदराबाद के बीच इंडिगो एयरलाइंस ने फ्लाइट का संचालन शुरू किया है। डायरेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि यह फ्लाइट हफ्ते में चार दिन उड़ान भरेगी। सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को दोपहर एक बजकर 55 मिनट पर हैदराबाद से टेकऑफ होगी। यहां चार बजकर पांच मिनट पर लैंड करेगी। इसके बाद यहां चार बजकर 40 मिनट पर उड़ान भरेगी।

# भदरसा कांड के आरोपी मोइद खान और राजू खान पर गैंगस्टर

मसौधा, अयोध्या

**अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के भदरसा में हुए किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म मामले में आरोपी मोइद खान की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। एक तरफ मोईद खान की तरफ से उच्च न्यायालय में जमानत को लेकर 30 सितम्बर को सुनवाई होनी है वहीं उसके विरुद्ध पूराकलंदर थाने में गैंगस्टर का मुकादमा दर्ज करा दिया गया।

इस मामले में आरोपी की बेकरी और शापिंग काम्पलेक्स पर बुलडोजर चल चुका है। मामले में जेल में निरुद्ध मोईद खान ने जिला न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन किया लेकिन जमानत नामंजूर हो गई थी। जिसको लेकर मोईद खान ने मामले में उच्च न्यायालय लखनऊ खंड पीठ में जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दिया है। जिस पर 30 सितंबर को सुनवाई होनी है। उससे पहले ही अब पूराकलंदर थाने में मोईद खान और राजू खान पर गैंगस्टर केस पंजीकृत कर लिया गया है।

### वर्ग पहेली-206

**बाएं से दाएं**

1.1. पुट्ठा 2. ढोल पर मढ़ा जाने वाला चमड़ा।

3.1. चित्तवृत्तियों का निरोध और इन्हें सांसारिकता से विमुख कर अंतर्मुखी करने की एक जटिल भारतीय साधना पद्धति 2. नाथ पंथियों में योग का एक प्रकार जिसमें कुंडलिनी जागरण कराकर 'सहस्रारचक्र' तक ले जाया जाता है। उक्त योग में कठिन आसन मुद्राओं का विधान है।

5. मृतक संबंधी एक कृत्य जो किसी की मृत्यु के छह महीने बाद किया जाता है, छमासी।

8.1. बहुत दूर या समुद्र पार का देश, पराया देश, विदेश 2. पिछली सदी में भारतीय जन सामान्य द्वारा इंग्लैंड के लिए प्रयुक्त नाम।

**ऊपर से नीचे**

2. अलग करने वाला, पृथक करने वाला।

4. सूर्यकांत मणि।

6. ऊँचे पहाड़ों की एक लता, निसोथ।

7.1. रेती (औज़ार) से रगड़कर काटना 2. चिकना करना 3. रेतने वाले औज़ार की धार से रगड़ना।



### वर्ग पहेली -205 का हल




# ग्रेडिंग में फेल हो गए आश्रम पद्धति से संचालित विद्यालय

राजीव शुक्ला, लखनऊ



- मूल्यांकन में 43 विद्यालयों में एक भी ए प्लस या ए श्रेणी में नहीं
- 15 अगस्त के बाद विद्यालयों में परीक्षा हुई थी

> ग्रेडिंग कराई गई थी परिणाम बेहतर नहीं आए हैं। परिणामों का परीक्षण किया जाएगा और सुधार के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। शिक्षकों को सुधार करने के लिए चेतावनी दी जा रही है। – **कुमार प्रशांत**, निदेशक समाज कल्याण

**अमृत विचारः** प्रदेश में समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित सीबीएसई के 43 आश्रम पद्धति विद्यालय ग्रेडिंग में फेल हो गए। विद्यालयों में न तो छात्रों की हाजिरी संतोषजनक मिली है और न ही अध्यापकों की।

साफ-सफाई, सुरक्षा, सांस्कृतिक कार्यक्रम और खेलकूद प्रतियोगिताओं में भी यह विद्यालय फिसड्डी साबित हुए हैं। शैक्षणिक सत्र (2024-25) के पहले मूल्यांकन में इसका खुलासा हुआ है। 43 विद्यालयों में एक भी विभाग की ओर से तय मानकों को पूरा नहीं कर पाए हैं। 'ए प्लस या ए' श्रेणी में विद्यालय नहीं आ सके हैं।

पढ़ाई की स्थिति सुधारने के लिए आश्रम पद्धति विद्यालयों में इस शैक्षणिक सत्र से ग्रेडिंग सिस्टम को लागू किया गया है। यूपी में 52 आश्रम पद्धति विद्यालय यूपी बोर्ड के हैं और 43 सीबीएसई के। दोनों बोर्डों से जुड़े विद्यालयों की रैंकिंग अलग-अलग की जानी है। सीबीएसई के 43 विद्यालयों में पिछले माह 15 अगस्त के बाद अंग्रेजी स्कूलों की तर्ज पर परीक्षा (यूनिट टेस्ट) कराए गए। परीक्षा, उपस्थिति, नवाचार समेत अन्य को लेकर ग्रेडिंग कराई गई।

### 11 मानकों पर तैयार किया है सौ नंबरों का प्रारूप

ग्रेडिंग के लिए प्रत्येक शैक्षणिक सत्र में प्रत्येक विद्यालय का पांच बार मूल्यांकन किया जाएगा। पहला मूल्यांकन पहले यूनिट टेस्ट के बाद, दूसरा मूल्यांकन दूसरे यूनिट टेस्ट के बाद, तीसरा मूल्यांकन अर्द्धवार्षिक परीक्षा के बाद, चौथा मूल्यांकन तीसरे यूनिट टेस्ट के बाद होगा और पांचवां मूल्यांकन वार्षिक परीक्षा के बाद होना है। समाज कल्याण निदेशालय ने ग्रेडिंग के लिए 11 मानकों के आधार पर सौ नंबरों का एक प्रारूप तय किया है।

### सुडोकू-119

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 4 | | 2 | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 5 | | 1 | | 7 |
| | | 6 | | | | | 8 | |
| 9 | 3 | | | | 1 | | 2 | 4 |
| | 8 | | | | | | 6 | |
| 2 | 6 | | 7 | | | | 5 | 9 |
| | 9 | | | | | 5 | | |
| 1 | | 8 | | 3 | | 2 | | 6 |
| | 7 | | | 8 | | 4 | | |

### सुडोकू - 118 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 8 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 1 |
| 5 | 4 | 7 | 1 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 |
| 9 | 1 | 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 1 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 4 |
| 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 3 | 5 | 9 | 7 | 4 | 1 | 8 | 6 | 2 |
| 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 7 | 2 | 4 | 6 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 |

### आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 सितंबर रविवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-आश्विन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-द्वादशी 16.47 तक तत्पश्चात त्रयोदशी।

**मेष** – आज यदि नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है। विद्यार्थियों को अपनी पढ़ाई के प्रति आपकी एकाग्र रहना होगा। दूसरों की गलतियां गिनाने के बजाय सही सलाह देकर समझाने का प्रयास करें। प्रेम विवाह में कुछ बाधाएं आ सकती हैं।

**वृष** – आज नए लोगों के साथ संपर्क प्रगाढ़ होंगे। भविष्य को लेकर योजना बनाने के लिए दिन अच्छा है। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं वरना समस्या हो सकती है। वैवाहिक जीवन में किसी कारण को लेकर तनाव को सकता है।

**मिथुन** – आज घर के कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे। आप लोगों के मन के विचारों को समझ लेते हैं, जिसके कारण लोग आपसे सलाह की अपेक्षा रखेंगे। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कुछ महत्वपूर्ण और साहसिक निर्णय ले सकते हैं।

**कर्क** – आज आपको आराम पर्याप्त मात्रा में करना चाहिए। हृदय रोगियों को परेशानी हो सकती है। नया काम शुरू करने में कठिनाई होगी। आप कार्यक्षेत्र में सहकर्मियों के साथ कड़ाई से पेश आ सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूरा करने का दबाव रहेगा।

**सिंह** – आज व्यवसाय में आपको बड़ा आर्थिक लाभ हो सकता है। निजी रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। नए रचनात्मक कार्यों में आप रुचि ले सकते हैं। परिवार को आप पर्याप्त समय देंगे। आर्थिक मामलों को लेकर आप काफी गंभीर रहेंगे। आपको जिम्मेदारी वाला पद मिल सकता है।

**कन्या** – आज मानसिक तनाव आपको परेशान कर सकता है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें। बदलता मौसम आपको सर्दी-जुकाम से पीड़ित कर सकता है। परिवार के लोगों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। धन की कमी का सामना करना पड़ेगा।

**तुला** – आज आपके लिए दिन बहुत ही शुभ है। आय के नए स्रोत विकसित होने के योग बन रहे हैं। जॉब में आपका प्रदर्शन लोगों के लिए अनुकरणीय रहेगा। आपकी तार्किक क्षमता आपको सभी जगह सफलता प्रदान करने में मदद करेगी।

**वृश्चिक** – आज अपनी प्रतिभा को विकसित करने का प्रयास करें। पैतृक संपदा में वृद्धि होगी। कला जगत से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में नए कर्मचारियों की नियुक्ति करने का विचार बनाएंगे। सीनियर्स आपसे काफी प्रभावित रहेंगे।

**धनु** – आज सहयोगियों के साथ आपके संबंध मधुर होंगे। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। काम का दबाव कम होगा। दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएंगे। व्यापार में लाभ कमाने के नए मौके खोज लेंगे।

**मकर** – आज आप स्वयं को काफी समय देंगे। चलते कार्यों में अचानक विघ्न आ सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भावनाओं में आने के कारण काम बिगड़ सकते हैं। फिलहाल आपका समय ठीक नहीं है, इसीलिए लोगों से सलाह न लें।

**कुंभ** – आज लोक कल्याण के कार्यों में आप रुचि लेंगे। सरकारी कार्य समय से पूर्ण हो जाएंगे। दिनचर्या काफी व्यवस्थित और संतुलित रहेगी। एकांत में बैठकर आत्मविश्लेषण कर सकते हैं। व्यापार में कमजोर पहलुओं को दूर करने में सफलता मिलेगी।

**मीन** – आज गूढ़ विषयों के अध्ययन के प्रति आकर्षित रहेंगे। आपका सामाजिक दायरा बढ़ेगा। मित्रों के साथ आपके संबंध और प्रगाढ़ होंगे। आपके उदार व्यवहार की लोग प्रशंसा करेंगे। कार्यक्षेत्र की बिगड़ी हुई स्थितियां आपके नियंत्रण में आ जाएंगी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल- मिथुन, सिंह, तुला, वृश्चिक, कुंभ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- मघा पूर्ण रात्रि तक।

### आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
पृथ्वी – सुबह : 09.25
बच्चन पांडे – रात : 07.20

**&pictures**
आचार्य – सुबह : 09.45
खिलाड़ी 786 – शाम : 05.28

**SONY PIX**
जॉम्बीलैंड – रात : 09.43
सैन एंड्रियास – रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
राधे – सुबह : 09.15
स्कंदा – रात : 08.00

**ZEE ACTION**
देवी – सुबह : 10.26
हॉलीडे – रात : 07.30

#### आज की सुपरहिट फिल्म



जी एक्शन पर रात : 07.30 बजे

### जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- लड़कों का कॉमनसेंस बिल्कुल जीरो होता है।
पति- कैसे?
बीवी- अब देखो ना जेंटस टॉयलेट में लिख कर आएंगे शालू आई लव यू। अब क्या शालू वहां पढ़ने जाएगी?

पत्नी- तुम मुझे कितना प्यार करते हो?
पति-72 फीसदी मेरी जान...
पत्नी -100 फीसदी क्यों नहीं करते हो?
पति- पगली, लग्जरी चीजों पर 28 फीसदी जीएसटी भी तो लगता है न।

## एक नजर

### शिवपुरी में गड्ढे के पानी में डूबने से तीन बच्चों की मौत

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिले में पानी से भरे गड्ढे में गिरकर तीन चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार कोलारस थाना क्षेत्र के ग्राम निबोदा में दोपहर में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से नीरज (8), संजय (6) और वीरु बंजारा (4) की मौत हो गई। यह बच्चे दोपहर स्कूल से पढ़कर लौट रहे थे।

### बिहार में नदियों का जलस्तर बढ़ा, हालात चिंताजनक

**पटना।** बिहार में वाल्मीकि नगर एवं बीरपुर बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद बाढ़ का संकट गहराने से गंडक, कोसी, बागमती, महानंदा एवं अन्य नदियों के जलस्तर में वृद्धि हुई है। बाढ़ से प्रदेश के 13 जिलों की 1.41 लाख आबादी प्रभावित हुई है। राज्य जल संसाधन विभाग के प्रधान सचिव संतोष मल्ल ने बताया कि शनिवार अपराह्न दो बजे तक कोसी नदी पर बने बीरपुर बैराज से 5.31 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जो 56 वर्षों में सबसे अधिक है।

### सोशल मीडिया पोस्ट पर झड़प के बाद नौ हिरासत में

**भुवनेश्वर/भद्रक।** ओडिशा सरकार ने आपत्तिजनक पोस्ट पर प्रदर्शन के दौरान लोगों के समूह द्वारा पुलिस पर पथराव करने के बाद भद्रक जिले में इंटरनेट सेवा शनिवार को दो दिन के लिए बंद कर दी। लोगों ने धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के लिए आपत्तिजनक पोस्ट के आरोप में युवक की शिकायत की थी, लेकिन पुलिस की कार्रवाई में देर पर शुक्रवार को रैली निकाली थी। पुलिस ने रैली रोका तो लोगों ने पथराव किया जिसमें एसपी समेत दो पुलिसकर्मी घायल हो गए और भद्रक तहसीलदार का वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं पुलिस ने मामले में नौ लोगों को हिरासत में लिया।

### हिमाचल में बारिश से 27 सड़कें अवरुद्ध

**शिमला।** हिमाचल में बारिश से 27 सड़कों पर यातायात अवरुद्ध हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में कहीं कहीं बारिश हुई। नैना देवी में 84.2 मिमी, रायपुर मैदान में 51.2 मिमी, ओलिंडा में 28.6 मिमी और ऊना में 23.4 मिमी में बारिश हुई। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र (एसईओसी) के अनुसार कांगड़ा में 10 सड़कें, मंडी और सिरमौर में सात-सात, कुल्लू में दो और शिमला में एक सड़क पर यातायात बंद है।

### पोर्ट ब्लेयर का नाम बदलने से कोर्ट का इनकार

**पोर्ट ब्लेयर।** कलकत्ता हाईकोर्ट की पोर्ट ब्लेयर सर्किट पीठ ने अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह की राजधानी का नाम बदलने के सरकार के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया। कहा कि यह कार्यपालिका का विशेषाधिकार है। केंद्र ने 13 सितंबर को इसका नाम श्री विजयपुरम कर दिया था।

# बेरोजगारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं

## कांग्रेस अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को घेरा, सवाल किया- क्या 2023-24 में बेरोज़गारी दर 10.2% नहीं रही

नई दिल्ली, एजेंसी



- श्रम बल सर्वेक्षण का डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने युवाओं में बेरोजगारी के भयावह स्तर को लेकर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का घेराव किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी दर 10.2 प्रतिशत नहीं रही। उन्होंने आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के आंकड़ों का हवाला देते हुए यह भी कहा कि लाख कोशिशों के बावजूद ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है।

खरगे ने एक्स पर कहा कि बेरोज़गारी से बड़ा देश में कोई मुद्दा नहीं है। युवाओं के भविष्य को बर्बाद करने में मोदी का सबसे बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि पीएलएफएस के ताज़ा आंकड़ों को अगर बारीक़ी से देखें तो लाख कोशिशों के बावजूद भी ये सरकारी डेटा युवाओं की बेबसी को छिपा नहीं पा रहा है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को बताना चाहिए कि क्या 2023-24 में युवा बेरोज़गारी 10.2% के भयावह स्तर पर नहीं रही? रंगबिरंगे नारे देने और फ़ोटोबाज़ी करने के बजाय मोदी जी ने युवाओं को नौकरियां देने के लिए क्या किया?

खरगे ने यह सवाल भी किया कि विनिर्माण क्षेत्र पर रोज़ाना ढिंढोरा पीटने वाली मोदी सरकार ने इसमें पिछले 7 वर्षों में रोज़गार में बढ़ोतरी क्यों नहीं की है तथा ये आंकड़ा 15.85% (2017-18) से लुढ़कर मात्र 11.4% (2023-24) कैसे रह गया? उन्होंने कहा कि मोदी, याद रखिए भारत का एक-एक युवा जिसके रोज़गार को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है, वो चुनाव दर चुनाव भाजपा को हराने का एकमात्र काम करेगा।

### हरियाणा में 'दर्द के दशक' का अंत करेंगे: राहुल



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए जारी कांग्रेस के घोषणापत्र का हवाला देते हुए शनिवार को कहा कि उनकी पार्टी की सरकार राज्य में दर्द के दशक का अंत करेगी। कांग्रेस की हरियाणा इकाई ने विधानसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया, जिसमें किसानों के कल्याण के लिए आयोग के गठन, शहीद सैनिकों के परिवारों के लिए 2 करोड़ रुपये, रोजगार सृजन समेत कई वादे हैं। राहुल गांधी ने एक्स कहा कि भाजपा ने एक दशक में हरियाणा से उसकी समृद्धि, उसके सपने और शक्ति छीन ली। अग्निवीर से देशभक्त युवाओं की आकांक्षाएं छीन ली, बेरोज़गारी से परिवारों की हंसी छीन ली और महंगाई से महिलाओं की आत्मनिर्भरता। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने काले कानून ला कर किसानों का हक तक छीन लेने का प्रयास किया, तो नोटबंदी और गलत जीएसटी से छोटे व्यापारियों का मुनाफा छीन लिया। अपने मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए हरियाणा का आत्मसम्मान तक छीन लिया।

## वाईएसआरसीपी के नेताओं ने अनुष्ठान कर किया प्रायश्चित

**लड्डू विवाद**

**अमरावती।** वाईएसआरसीपी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने शनिवार को क्षमायाचना अनुष्ठान किया और कहा कि इसके जरिए उन्होंने तिरुपति लड्डुओं की पवित्रता पर सवाल उठाकर आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा किए पाप का प्रायश्चित किया। नायडू ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के विधायक दल की बैठक में आरोप लगाया था कि पिछली वाईएसआरसीपी सरकार ने श्री वेंकेटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डू बनाने में घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया। इन आरोपों से हिंदू भावनाएं आहत हुईं और देशभर में जनाक्रोश भड़क गया। इस जनाक्रोश के बाद जगनमोहन रेड्डी ने आरोप लगाया कि नायडू लड्डुओं के बारे में सरासर झूठ बोल रहे हैं।

**अयोध्या पर कांग्रेस नेता की टिप्पणी से गुस्सा**

## झूठों के सरदार हैं राहुल गांधी : विहिप

नई दिल्ली, एजेंसी

- गांधी ने हरियाणा में कहा था कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में कोई दलित नहीं था, वहां नाच-गान हो रहा था

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 22 जनवरी को राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह पर की टिप्पणी की निंदा की और उन्हें झूठों का सरदार बताया। विहिप की यह प्रतिक्रिया गांधी का वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद आई है।

वीडियो में राहुल गांधी को यह कहते सुना जा सकता है कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में अमिताभ बच्चन, अंबानी और अडाणी आमंत्रित थे लेकिन किसी गरीब, मजदूर या किसान को नहीं बुलाया गया। गांधी ने गुरुवार को हरियाणा के बरवाला में चुनावी सभा में कहा था कि वहां नाच-गान हो रहा था। यही कारण है कि भाजपा अयोध्या सीट हार गई। विहिप के संयुक्त महासचिव सुरेन्द्र जैन ने कहा कि राहुल गांधी झूठों के सरदार हैं। वह देश की संस्कृति, हिंदू धर्म और समाज का अपमान करने का मौका नहीं छोड़ते। जैन ने कहा कि समारोह में 200 से अधिक मजदूर मौजूद थे। कामेश्वर चौपाल दलित हैं, जोकि राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य हैं। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने आलोचना करते हुए कहा कि राम मंदिर पर कांग्रेस नेता का प्रलाप कुछ और नहीं बल्कि हिंदू विरोधी मानसिकता के कारण होने वाली खुजली है जो उन्हें अकसर महसूस होती है। उन्हें हिंदुत्वफोबिया का इलाज कराने की जरूरत है।

## भाजपा ने विकास के नए आयाम किए स्थापित

फरीदाबाद, एजेंसी



- फरीदाबाद पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस पर साधा निशाना

हरियाणा विस चुनाव में भाजपा के प्रचार के लिए फरीदाबाद पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 10 साल पहले राज्य में कांग्रेस के शासन के दौरान खनन, वन और भू माफिया सक्रिय थे, लेकिन भाजपा की सरकार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए।

योगी ने फरीदाबाद एनआईटी विधानसभा स्थित डबुआ मंडी में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि देश के विभाजन और आतंकवाद की जिम्मेदार कांग्रेस है। योगी ने अतीत में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण में रुकावटें पैदा करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि रामलला की जन्मभूमि के लिए हिंदुओं ने 76 बड़ी लड़ाइयां लड़ी। लाखों हिंदू, सिखों ने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए बलिदान दिया, लेकिन कांग्रेस ने विवाद खड़ा करवाकर राम मंदिर नहीं बनने दिया। कांग्रेस जिस विवाद का समाधान 65 साल में नहीं करवा पाई, उसे प्रधानमंत्री ने समाप्त कर दिया।

योगी ने सवाल किया कि क्या कांग्रेस कभी अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण करवा पाती? उन्होंने आरोप लगाया कि देश के विभाजन से लेकर आतंकवाद की समस्या तक जितनी भी समस्याएं हैं, वह कांग्रेस ने ही दी है। योगी ने कांग्रेस पर योजनाओं में भेदभाव का आरोप लगाते हुए कि भाजपा का मतलब बिना भेदभाव के सरकारी योजनाओं से सभी को लाभान्वित करना है।

## चुराचांदपुर व कांगपोकपी में बंदी, जिरीबाम में फिर हिंसा

इंफाल। मणिपुर के चुराचांदपुर व कांगपोकपी जिलों में कुकी-जो समूहों के बंद के आह्वान से शनिवार को जनजीवन प्रभावित रहा। वहीं जिरीबाम के गांव से हिंसा की खबर भी है।

दोनों जिलों में बंद शुक्रवार को शुरू हुआ और रविवार तक जारी रहेगा। सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के बयान के विरोध में इंडिजिनस ट्राइबल लीडर्स फोरम और कुकी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन सहित कुकी-जो समूहों ने बंद का आह्वान किया है। सुरक्षा सलाहकार ने 20 सितंबर को दावा किया था कि उग्रवादी इंफाल के बाहरी गांवों में हिंसा कर सकते हैं। राज्य सरकार ने इस पर कहा था कि सशस्त्र समूहों द्वारा दुस्साहस न्यूनतम और निराधार है। पुलिस ने बताया कि जिरीबाम जिले के गांव में हथियारबंद लोगों ने पहाड़ियों और आसपास के जंगलों से मोंगबुंग गांव पर गोलीबारी की, जिस स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की।

## रिचार्ज के पैसे न देने पर की पिता की हत्या

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में मोबाइल रिचार्ज के लिए पैसे न देने पर पुत्र ने कुल्हाड़ी के पासा से पिता पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई सौतेली मां को भी पीटा। हमले से घायल पिता की मौत हो गई। आरोपी को हिरासत मे लिया है। पत्थलगांव थाना क्षेत्र के छुरीपहरी गांव में सैनाथ तिर्की बेटे रंजित और दूसरी पत्नी सुमाती के साथ रहता था। रंजित ने मजदूरी कर पैसे कमाए थे और पिता को रखने के लिए दिया था। बेटे ने रिचार्ज के लिए पिता से रुपये मांगे। पैसे न होने पर दोनों में विवाद हुआ, जिसके बाद घटना घटी।

## एमसीडी की असंवैधानिक चुनाव के खिलाफ जाएंगे कोर्ट : आतिशी



**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने भाजपा पर शनिवार को लोकतंत्र की हत्या करने का आरोप लगाया और दावा किया कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की स्थायी समिति में एक सदस्य का चुनाव गैरकानूनी और अलोकतांत्रिक था। आतिशी ने कहा कि आप शुक्रवार को हुए चुनाव के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट जाएगी। भाजपा ने एमसीडी की 18 सदस्यीय स्थायी समिति की एकमात्र रिक्त सीट पर निर्विरोध जीत हासिल की क्योंकि सत्तारूढ़ आप और कांग्रेस के पार्षदों ने चुनाव का बहिष्कार किया था। आतिशी ने भाजपा को एमसीडी को भंग कराने और यह देखने के लिए चुनावों में आप का मुकाबला करने की चुनौती दी कि लोग नगर निगम में किस पार्टी को चाहते हैं।

## न्याय प्रणाली दिव्यांग बच्चों की कमजोरियों पर दे ध्यान : चंद्रचूड़

नई दिल्ली, एजेंसी



- बाल संरक्षण पर हितधारक परामर्श में सीजेआई ने रखे विचार

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि यह सुनिश्चित होना चाहिए कि थानों से लेकर अदालतों तक न्याय प्रणाली दिव्यांग बच्चों की कमजोरियों को समझे और उन पर कार्रवाई करे। बाल संरक्षण पर नौवें राष्ट्रीय वार्षिक हितधारक परामर्श में प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि दिव्यांगों के सामने आने वाली चुनौतियां भौतिक पहुंच के मुद्दों से कहीं अधिक हैं और उन्हें उन सामाजिक पूर्वाग्रहों, रूढ़ियों तथा गलत धारणाओं से भी निपटना होगा जो जीवन के हर पहलू में व्याप्त हैं। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि थानों से लेकर अदालतों तक की न्याय प्रणाली इनकी कमजोरियों को समझे और उन पर कार्रवाई करे।

## झारखंड में आजसू, जदयू के साथ चुनाव लड़ेगी भाजपा : हिमंत

- सरमा ने कहा- सहयोगियों के साथ 99 प्रतिशत सीट पर बनी सहमति

**रांची।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को घोषणा की कि भाजपा झारखंड में विधानसभा चुनाव राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के घटक दलों ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) और जनता दल (यूनाइटेड) के साथ मिलकर लड़ेगी। भाजपा के झारखंड चुनाव के सह-प्रभारी सरमा ने कहा कि सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे का समझौता अंतिम चरण में है। उन्होंने रांची में कहा कि भाजपा, आजसू और जदयू के साथ मिलकर झारखंड चुनाव लड़ेगी। सहयोगियों के साथ 99 प्रतिशत सीट पर सहमति बनी है। बाकी की एक या दो सीट के लिए बातचीत की जा रही है और इन पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा।

## वक्फ बोर्ड समाप्त करने को लेकर रैली

**हमीरपुर (हिप्र)।** हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में शनिवार को सैंकड़ों लोगों ने देवभूमि संघर्ष समिति के तत्वाधान में रैली निकाली तथा वक्फ बोर्ड को समाप्त करने एवं राज्य में प्रवासियों के पहचान संबंधी दस्तावेजों के सत्यापन की मांग की। इस संगठन ने विभिन्न मुद्दों पर राज्यव्यापी प्रदर्शन का आह्वान किया था। देवभूमि संघर्ष समिति के जिला अध्यक्ष सुरजीत सिंह एवं बजरंग दल के जिला अध्यक्ष आशीष शर्मा की अगुवाई में जुलुस निकाला गया जिसमें कई लोगों ने हिस्सा लिया।

## क्या राहुल सिद्धरमैया के साथ : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा- मामले ने कांग्रेस के भ्रष्ट चेहरे को किया बेनकाब

भाजपा ने शनिवार को कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के खिलाफ भ्रष्टाचार समेत कई आपराधिक आरोपों पर मामला दर्ज होने से कांग्रेस का पर्दाफाश हो गया है। प्राथमिकी अदालत के आदेश के बाद दर्ज हुयी।



भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि यह विरला मामला है जब किसी मुख्यमंत्री को भ्रष्टाचार का आरोपी बनाया गया है और इसने कांग्रेस के भ्रष्ट चेहरे को बेनकाब कर दिया है। सिद्धरमैया मामले में आरोपी नंबर एक हैं। उन्होंने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए पूछा कि क्या वह आरोपी मुख्यमंत्री के साथ हैं।

### मुडा मामला: हाईकोर्ट में याचिका

**बेंगलुरु।** मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुडा) घोटाला में स्नेहमयी कृष्णा के अधिवक्ता वसंत कुमार ने बताया कि सीबीआई जांच की मांग को लेकर कर्नाटक हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। यह याचिका एक विशेष न्यायालय के उस आदेश के बाद दायर हुई है, जिसमें लोकायुक्त को सिद्धारमैया द्वारा पत्नी पार्वती को 56 करोड़ की 14 साइटों के आवंटन में शामिल अनियमितताओं की जांच करने तथा तीन महीने के रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया गया है।

# कारोबार/कृषि

## एक नजर

### कृषि स्टार्टअप के लिए प्रशिक्षण जरूरी : चौहान

**नई दिल्ली।** कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शनिवार को कहा कि देश में कृषि स्टार्टअप के लिए प्रशिक्षण जरूरी है। चौहान ने डिजिटल रूप से हैदराबाद में राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान के कार्यकारी छात्रावास ब्लॉक और प्रशिक्षण ब्लॉक की आधारशिला रखने के बाद कहा कि कृषि स्टार्टअप का प्रशिक्षण आज बहुत महत्वपूर्ण है। सरकारी बयान के अनुसार उन्होंने संस्थान को विस्तार कार्य के हर पहलू पर ध्यान देने का सुझाव दिया। इसके लिए, प्रशिक्षण मॉड्यूल और पाठ्यक्रम न केवल पारंपरिक होने चाहिए, बल्कि आज की जरूरतों को पूरा करने में भी सक्षम होने चाहिए। उन्होंने फसल विविधीकरण, मूल्य संवर्धन और प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का भी आह्वान किया। चौहान ने झारखंड के डाल्टनगंज में प्रदेश में अरहर खेती में गिरावट आने को लेकर चिंता व्यक्त की और घोषणा की कि केंद्र दालों की खरीद करेगा।

### मुरादाबाद मंडी

दालें : दाल चना : 75 से 78 रुपये मसूर : 60 से 68 रुपये मलका : 62 से 68 रुपये अरहर : 140 से 150 रुपये उड़द : 100 से 110 रुपये धोआ उड़द : 110 से 130 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 95 से105 रुपये मूंग साबुत : 90से105 रुपये चना देसी : 60से 70 रुपये चना कावली : 90 से 130 रुपये राजमा लाल : 130 से140 रुपये राजमा चित्ता : 125 से 130 रुपये लोबिया लाल : 90से 110 रुपये लोबिया सफेद : 80 से 100 रुपये।

### मेंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक– 965 फ्लैग– 1080 बोल्ड– 1140 डीएमओ– 880
**रामपुर :** शिवालिक–985 फ्लैग–1100 डीएमओ–855 बोल्ड–1180

### सर्राफा




मुरादाबाद

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 78,200 |
| चांदी आभूषण | 92,200 |

# गैर-बासमती सफेद चावल का निर्यात शुल्क 490 डॉलर प्रति टन निर्धारित

## 2023 में निर्यात पर लगा प्रतिबंध सरकार ने हटाया, निर्यात शुल्क से दी छूट

नई दिल्ली, एजेंसी



- घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए सफेद चावल के निर्यात पर लगा था प्रतिबंध

सरकार ने शनिवार को गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर लगे पूर्ण प्रतिबंध को हटा दिया। इसके साथ इस पर 490 डॉलर प्रति टन का न्यूनतम मूल्य तय किया और इसे निर्यात शुल्क से भी छूट दे दी है। घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा देने के लिए गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर 20 जुलाई, 2023 से प्रतिबंध लगा दिया गया था।

विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कहा कि गैर-बासमती सफेद चावल (अर्ध-मिल्ड या पूर्ण रूप से मिल्ड चावल, चाहे पॉलिश किया हुआ हो या नहीं) के लिए निर्यात नीति को प्रतिबंधित से मुक्त में संशोधित किया गया है, जो अगले आदेश तक लागू रहेगा। यह 490 अमेरिकी डॉलर प्रति टन के एमईपी (न्यूनतम निर्यात मूल्य) के अधीन है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है कि जब देश में सरकारी गोदामों में चावल का पर्याप्त भंडार है और खुदरा कीमतें नियंत्रण में हैं। सरकार ने सफेद चावल को निर्यात शुल्क से छूट दे दी है, जबकि उसना चावल पर शुल्क घटाकर 10% किया है। वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले राजस्व विभाग ने शुक्रवार को कहा कि उसने ब्राउन राइस और धान पर निर्यात शुल्क घटाकर 10% किया है।

### फिर से काम कर सकेंगी 500-600 मिलें : उद्योग

**कोलकाता।** प. बंगाल के चावल उद्योग ने गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के केंद्र के फैसले का स्वागत किया है। बंगाल राइस मिल्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार चौधरी ने कहा कि राज्य में 500-600 चावल मिलों को फिर से खोलने में मदद मिलने की उम्मीद है। ये मिलें निर्यात प्रतिबंधों के बाद मांग में कमी से बंद हैं।

# भारतीय सूचकांकों की समीक्षा, निवेश और जोखिम

भारतीय सूचकांक जैसे निफ्टी 50 और सेंसेक्स निवेशकों के लिए बाजार का महत्वपूर्ण संकेतक हैं। इन सूचकांकों की नियमित समीक्षा करना जरूरी है, जिससे आप बाजार की प्रवृत्तियों और मौसमी प्रभावों को समझ सकें। निवेश के लिए विभिन्न विकल्प जैसे इंडेक्स फंड्स और ईटीएफ उपलब्ध हैं, जो जोखिम को कम करने में मदद करते हैं। हालांकि, निवेश के साथ जोखिम भी आता है, जैसे मार्केट रिस्क और सेक्टर संबंधी जोखिम। इसलिए, सूचकांकों का गहन अध्ययन और समझदारी से निवेश निर्णय लेना महत्वपूर्ण है। इस पर जरा गौर किया जाए...




### भारतीय सूचकांक

**निफ्टी 50 :** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का सूचकांक, जिसमें 50 प्रमुख कंपनियां हैं। यह इक्विटी बाजार के समग्र स्वास्थ्य का प्रतिनिधित्व करता है।

**सेंसेक्स :** बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक, जिसमें 30 प्रमुख कंपनियां हैं। शेयर बाजार के प्रदर्शन को मापने के लिए यह व्यापक दृष्टिकोण प्रदान करना।

**निफ्टी बैंक :** बैंकिंग क्षेत्र की 12 प्रमुख कंपनियों का सूचकांक। बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन का मापन करने में सहायक है।

**निफ्टी आईटी :** सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों का सूचकांक। जो आईटी क्षेत्र की स्थिति और विकास को दर्शाने में अपनी भूमिका निभाती है।

**निफ्टी मिडकैप 50 :** मिड कैप कंपनियों का सूचकांक, जिसमें 50 कंपनियां हैं। इसका कार्य मिड कैप क्षेत्र के प्रदर्शन को मापना।

**निफ्टी नेक्स्ट 50 :** निफ्टी 50 के बाद की 50 कंपनियों का सूचकांक। जो उभरती हुई कंपनियों के प्रदर्शन का प्रतिनिधित्व करती है।

### समीक्षा

**विश्लेषण :** सूचकांकों के पिछले प्रदर्शन का अध्ययन करें, जैसे कि वृद्धि, गिरावट, और वोलैटिलिटी। ये आपको समझने में मदद करेगा कि बाजार कहा जा रहा है।

**मौसमी रुझान :** कई समयावधियों में सूचकांकों का आकलन करें। इससे मौसमी प्रभावों को पहचान सकेंगे।

**सामाजिक-आर्थिक कारक :** आर्थिक नीतियों, वैश्विक घटनाओं, और सामाजिक कारकों का प्रभाव भी सूचकांकों पर पड़ता है।

### निवेश

**इंडेक्स फंड्स :** इन फंड्स में निवेश करने से आप सीधे सूचकांक का हिस्सा बन जाते हैं और ये जोखिम कम करता है।

**ईटीएफ (एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स) :** ये फंड भी सूचकांकों का अनुसरण करते हैं, और आपको शेयर बाजार में ट्रेड करने की सुविधा प्रदान करते हैं।

**स्वतंत्र शेयर निवेश :** यदि आप किसी विशेष कंपनी के बारे में आश्वस्त हैं, तो आप सीधे उसके शेयरों में निवेश कर सकते हैं।

### जोखिम

**मार्केट रिस्क :** सूचकांकों के गिरने पर निवेश की कीमत भी गिरती है। यह बाजार उतार-चढ़ाव का परिणाम है।

**संपत्ति वर्ग जोखिम :** कई सेक्टरों (बैंकिंग, आईटी) के प्रदर्शन में भिन्नता जोखिम बढ़ता है। यदि एक में गिरावट आई तो अन्य भी प्रभावित होते हैं।

**सूचना का अभाव :** निवेशकों को सूचकांकों और संबंधित कंपनियों की जानकारी का अभाव हो सकता है, जिससे वे गलत निर्णय ले सकते हैं।

## दिव्यांगों के लिए एमएफ, आईपीओ, बॉण्ड जैसे शब्दों का सांकेतिक भाषा में अनुवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

- वित्तीय प्रणालियों को श्रवण बाधित लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना लक्ष्य

दिव्यांगजनों तक पहुंच बेहतर बनाने और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने को म्यूचुअल फंड (एमएफ), आईपीओ, बॉण्ड और निवेशक जैसे प्रमुख मौद्रिक शब्दों का सांकेतिक भाषा में अनुवाद किया है। दिव्यांग मामलों के सचिव राजेश अग्रवाल ने बताया कि यह पहल बड़े सहयोग का हिस्सा है जिसका लक्ष्य वित्तीय प्रणालियों को श्रवण बाधित लोगों के लिए अधिक सुलभ बनाना है ताकि उन्हें बाजारों से जुड़ने में सक्षम बनाया जा सके।

अग्रवाल ने बताया कि इन संकेतों के अनुवाद से बधिर समुदाय को वित्तीय प्रणालियों और सेवाओं में भाग लेने के अवसर खुलेंगे। नये विकसित संकेतों में म्यूचुअल फंड, आईपीओ, बॉण्ड और निवेशक जैसे प्रमुख शब्द हैं। भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र (आईएसएलआरटीसी) ने विभिन्न वित्तीय और बैंकिंग शब्दों के लिए ये संकेत विकसित किए हैं। आईएसएलआरटीसी के उप निदेशक (प्रशासन) संजय कुमार ने बताया कि केंद्र ने शब्दकोश के विस्तार को अन्य संगठनों से भागीदारी की है। अकादमिक शब्दावली एनसीईआरटी जबकि विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित चंडीगढ़ स्थित वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद-सूक्ष्मजीव प्रौद्योगिकी संस्थान की जानकारी पर बनाई गई है।

## एनएलसी ने किया 1,234 करोड़ यूनिट हरित बिजली का उत्पादन

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएलसी इंडिया लिमिटेड ने 1,234 करोड़ यूनिट हरित बिजली का उत्पादन किया है। कोयल मंत्रालय ने कहा कि इससे एक करोड़ टन कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) का उत्सर्जन रोका गया है।



मुख्य रूप से लिग्नाइट आधारित बिजली उत्पादन कंपनी एनएलसी ने 2030 तक 10,000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रखा है। एनएलसी इंडिया (एनएलसीआईएल) ने 1,380 मेगावाट सौर ऊर्जा संयंत्रों और 51 मेगावाट पवन ऊर्जा संयंत्रों के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में कदम रखा है। कंपनी ने 10,000 मेगावाट के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नई अनुषंगी कंपनियों- एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) तथा एनएलसी इंडिया ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनआईजीईएल) का गठन किया है।

## लौह अयस्क उत्पादन 7.4% बढ़ा, 11.6 करोड़ टन



नई दिल्ली, एजेंसी

**लौह अयस्क**
उत्पादन : 11.6 करोड़ टन
वृद्धि : 7.4% (10.8 करोड़ टन)

**प्राथमिक एल्युमीनियम**
उत्पादन : 17.49 लाख टन
वृद्धि : 17.26 लाख टन

**मैंगनीज अयस्क**
उत्पादन : 15 लाख टन
वृद्धि : 15.4% (13 लाख टन)

**परिष्कृत तांबा**
उत्पादन : 2.02 लाख टन
वृद्धि : 5.8% (1.91 लाख टन)

देश में लौह अयस्क उत्पादन चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त के दौरान 7.4% बढ़कर 11.6 करोड़ टन रहा। खान मंत्रालय के अनुसार 2023-24 की इसी अवधि में यह 10.8 करोड़ टन था। मंत्रालय ने कहा कि अप्रैल-अगस्त की अवधि के दौरान मैंगनीज अयस्क का उत्पादन 15.4% बढ़कर 15 लाख टन हो गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह 13 लाख टन था।

मूल्य के संदर्भ में लौह अयस्क कुल खनिज उत्पादन का 70% है। अलौह धातु क्षेत्र में, प्राथमिक एल्युमीनियम उत्पादन बढ़कर 17.49 लाख टन हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 17.26 लाख टन था। मंत्रालय ने कहा कि आलोच्य अवधि के दौरान, परिष्कृत तांबे का उत्पादन 5.8% बढ़कर 2.02 लाख टन हो गया है, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1.91 लाख टन था। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एल्युमीनियम उत्पादक, परिष्कृत तांबे के शीर्ष 10 उत्पादकों में से एक और चौथा सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक देश है। चालू वित्त वर्ष में लौह अयस्क के उत्पादन में निरंतर वृद्धि उपयोगकर्ता उद्योगों, मुख्य रूप से इस्पात में मजबूत मांग की स्थिति को बताती है।

## एआईटीए अध्यक्ष के खिलाफ प्रदेश संघों ने वापस लिया अविश्वास प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ अध्यक्ष अनिल जैन के खिलाफ प्रस्तावित अविश्वास प्रस्ताव वापिस ले लिया गया है। सूत्रों ने जानकारी दी। एआईटीए से मान्यता प्राप्त आठ प्रदेश टेनिस संघों ने जैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया था। शनिवार को बैठक बुलाई गई थी। जैन ने इस पर रोक लगाने के लिए अदालत की शरण ली थी लेकिन उनकी याचिका स्वीकार नहीं की गई। आरोप लगाया था कि विभिन्न पदों के लिये नामांकन दाखिल करने वाले कई उम्मीदवारों ने खेल कोड का उल्लंघन किया था।

# अनुबंध के अलावा हर मैच के लिए मिलेंगे 7.50 लाख

**मुंबई, एजेंसी**

आईपीएल

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मेगा आक्शन की तैयारियों के बीच बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने ऐलान किया है कि फ्रेंचाइजी के खिलाड़ियों को अनुबंध के अतिरिक्त हर मैच के लिये साढ़े सात लाख रुपये मैच फीस के तौर मिलेंगे।

शाह ने शनिवार शाम एक्स पर पोस्ट किया आईपीएल में निरंतरता और उत्कृष्ट प्रदर्शन का जश्न मनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम में, हम अपने क्रिकेटरों के लिए प्रति गेम 7.5 लाख रुपये की मैच फीस शुरू करने से रोमांचित हैं। एक सीजन में सभी लीग मैच खेलने वाले क्रिकेटर को उनकी अनुबंधित राशि के अतिरिक्त 1.05 करोड़ रूपये अतिरिक्त मिलेंगे। प्रत्येक फ्रेंचाइजी सीजन के लिए मैच फीस के रूप में 12.60 करोड़ रुपये आवंटित करेगी। गौरतलब है कि आईपीएल का मेगा ऑक्शन नवंबर या दिसंबर में हो सकता है जिसमें हर फ्रेंचाइजी के पास पांच खिलाड़ियों को रिटेन करने का विकल्प होगा।

## दक्षिण अफ्रीका ने टी-20 में आयरलैंड को दी शिकस्त

**अबुधाबी।** रियान रिकेलटन और रीजा हेंडरिक्स के शानदार प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आयरलैंड को टी-20 मैच में आठ विकेट से हराया। रिकेलटन ने कैरियर की सर्वश्रेष्ठ 75 रन की पारी खेली और हेंडरिक्स ने 16वां अर्धशतक जमाया।

आयरलैंड के आठ विकेट पर 171 रन के जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 18वें ओवर में दो विकेट पर 178 रन बनाए। एक समय पर लग रहा था कि आयरलैंड 180 रन के पार जायेगा लेकिन आखिरी ओवर में उसने तीन विकेट गंवा दिए। मध्यम तेज गेंदबाज पैट्रिक क्रगर ने 27 रन देकर चार विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के लिये रिकेलटन ने बेहतरीन पारी खेली। हेंडरिक्स ने 31 गेंद में पचासा जड़ा लेकिन अगले ओवर में आउट हो गए। रिकेलटन 48 गेंद में 76 रन बनाए।

# अंतर्राष्ट्रीय मैचों की वापसी से दिग्गज खुश

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक दशक के इंतजार के बाद नई दिल्ली में अंतर्राष्ट्रीय मैच की वापसी से भारतीय हॉकी के पूर्व दिग्गज हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल खासे उत्साहित हैं। नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में 23 और 24 अक्टूबर को भारतीय हॉकी टीम ओलंपिक की रजत पदक विजेता का मुकाबला करेगी। अरसे बाद हो रहे इस मैच को देखने के लिए हॉकी इंडिया ने कई पूर्व हॉकी सितारों को न्योता भेजा है। भारत ने आखिरी बार जनवरी 2014 में मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में हीरो हॉकी वर्ल्ड लीग का फाइनल खेला था।

ओलंपिक में 1964 टोक्यो स्वर्ण, 1968 मेक्सिको कांस्य और 1972 म्यूनिख कांस्य के विजेता पद्मश्री हरबिंदर सिंह ने कहा 1972 में मैंने आखिरी बार राष्ट्रीय टीम के लिए दिल्ली में हॉकी खेली थी। मुझे याद है कि शिवाजी स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था और प्रशंसक खड़े होकर हमारा उत्साह बढ़ा रहे थे। मेरा मानना है कि बहुत सारे प्रशंसक भारत और जर्मनी का उत्साह बढ़ाने के लिए भी आएंगे। आखिरकार वे एक दशक के बाद एक उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय मैच देखेंगे।



• हरबिंदर सिंह और जफर इकबाल बोले- एक दशक के बाद उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय मैच देखने को मिलेगा

1980 के मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता और 1982 में दिल्ली में एशियाई खेलों की रजत विजेता टीम के कप्तान जफर इकबाल ने कहा हमारे युग में, हॉकी के बहुत बड़े प्रशंसक थे। नेहरू गोल्ड कप, एशियाई खेलों और अन्य अंतरराष्ट्रीय मैचों जैसे आयोजनों में बहुत सारे समर्थक शामिल हुए और जिन विशाल स्टेडियमों में हम खेले। जर्मनी एक कठिन टीम है। हाल ही में पेरिस में सेमीफाइनल में उनसे मुकाबला हुआ था, इसलिए मुझे यकीन है कि भारतीय उनसे आगे निकलने के लिए पूरा जोर लगाएगी।

## खेल डायरी

### क्रिकेटर मुशीर खान सड़क हादसे में घायल

**लखनऊ।** ईरानी कप में भाग लेने लखनऊ आ रहे मुबंई रणजी टीम के सदस्य मुशीर खान पूर्वांचल एक्सप्रेस पर हादसे का शिकार हो गए जिन्हे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकृत सूत्रों के अनुसार मुशीर शुक्रवार शाम अपने गृहनगर आजमगढ़ से कार द्वारा लखनऊ के लिए रवाना हुए थे मगर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर उनकी कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में क्रिकेटर की गर्दन और कंधे पर चोट लगी है। उन्हे तुरंत लखनऊ के मेदांता हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत खतरे बाहर मगर स्थिर बनी हुई है। अस्पताल प्रशासन ने शनिवार को एक मेडिकल बुलेटिन जारी कर क्रिकेटर के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी साझा की। उन्होने कहा कि हड्डी रोग विभाग के निदेशक डा धर्मेंद्र सिंह की निगरानी में मुशीर का इलाज चल रहा है। उनकी हालत खतरे से बाहर है। चोट के चलते मुशीर का लखनऊ के इकाना स्टेडियम में एक अक्टूबर से शुरु होने वाले ईरानी कप से बाहर रहना तय माना जा रहा है और चोट की तीव्रता से जल्द ही निर्धारित होगा कि वे रणजी ट्रॉफी में भाग ले पाएंगे कि नहीं। बताया कि इस हादसे में उनके पिता और दो अन्य को भी चोट लगी है।

### फ्रांस में कट से चूकीं त्वेसा और प्रणवी

**ड्यूविले (फ्रांस)।** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक लचर प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां दूसरे दौर के बाद लाकोस्टे लेडीज ओपन डि फ्रांस टूर्नामेंट में कट से चूक गईं। पहले दौर में 72 का स्कोर बनाने वाली प्रणवी ने दूसरे दौर में 79 का बेहद खराब प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ पहले दौर में 76 का स्कोर बनाने वाली त्वेसा ने दूसरे दौर में 72 का बेहतर प्रदर्शन किया लेकिन एक शॉट से कट से चूक गईं।

### न्यूजीलैंड का क्लीनस्वीप करने के करीब श्रीलंका

**गॉल (श्रीलंका)।** श्रीलंका शनिवार को यहां दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन दूसरी पारी में न्यूजीलैंड का स्कोर पांच विकेट पर 199 रन करके जीत से पांच विकेट दूर है। श्रीलंका अगर जीत दर्ज करता है तो दो मैच की शृंखला में न्यूजीलैंड का सूपड़ा साफ करेगा और इस टीम के खिलाफ 15 साल में पहली टेस्ट शृंखला जीतेगा। फॉलोआन खेलने उतरे न्यूजीलैंड को पारी की हार टालने के लिए अब भी 315 रन की दरकार है। मैच के तीन दिन के भीतर खत्म होने की संभावना थी लेकिन खराब रोशनी के कारण अंपायरों ने 20 ओवर शेष रहते खेल को रोकने का फैसला किया। दिन का खेल खत्म होने पर टॉम ब्लंडेल 47 जबकि ग्लेन फिलिप्स 32 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों छठे विकेट के लिए 78 रन जोड़ चुके हैं। तीसरे दिन न्यूजीलैंड की टीम ने 13 विकेट चटकाए जिसमें सुबह के सत्र के नौ विकेट भी शामिल हैं। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत पहली पारी में दो विकेट पर 22 रन से की और सुबह के सत्र में पहली पारी के बाकी बचे आठों विकेट गंवा दिए जिससे टीम 88 रन पर सिमट गई। मेहमान टीम पहली पारी के आधार पर 514 रन से पिछड़ी और उसे फॉलोआन के लिए मजबूर होना पड़ा। न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज टॉम लैथम (00) का विकेट पहले ही ओवर में गंवा दिया। उन्होंने पदार्पण कर रहे ऑफ स्पिनर निशान पेइरिस (91 रन पर तीन विकेट) ने आउट किया। सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (61) और कप्तान केन विलियमसन (46) ने दूसरे विकेट के लिए 97 रन

### त्रिशा-गायत्री की हार, भारत का अभियान समाप्त

**मकाऊ।** मकाऊ ओपन 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला युगल सेमीफाइनल में शनिवार को त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को चीनी ताइपे की हंग एन-त्ज़ु और हसीह पेई शान से मिली हार के बाद भारत का अभियान भी समाप्त हो गया। विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 23वें स्थान पर काबिज त्रिशा जॉली और गायत्री गोपीचंद को 54वीं रैंक की चीनी ताईपे की लड़कियों ने मात्र एक घंटे के खेल में 17-21, 21-16, 10-21 से घुटनो पर बैठा दिया। पहले गेम में अच्छी शुरुआत के साथ चीनी ताइपे की जोड़ी ने 13-8 की बढ़त बना ली। हालांकि, हंग और हसीह की जोड़ी ने अगले आठ में से छह अंक लेकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। तीसरी वरीयता प्राप्त त्रिशा और गायत्री ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए शानदार खेल का मुजाहिरा किया और मैच में वापसी की। दूसरे गेम को भारतीय जोड़ी ने 21-16 से अपने नाम किया। बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने के मकसद से, चीनी ताइपे की टीम ने निर्णायक गेम में एक बार फिर भारतीय शटलरों पर दबाव बनाते हुए उनके खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया और 21-10 से इस गेम को अपने नाम किया।

# बारिश की भेंट चढ़ा मैच का दूसरा दिन

## ग्रीनपार्क में मैदान से नहीं हटे कवर्स, आज भी पूरा मैच होने के आसार कम

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

• होटल से सुबह ड्रेसिंग रूम पहुंचीं दोनों टीमें, एक घंटे में वापस लौट गईं

• आसमान पर घने बादलों के कारण स्टेडियम में दिन में छाया रहा अंधेरा




**अमृत विचार।** ग्रीनपार्क स्टेडियम में भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच का दूसरा दिन बारिश की भेंट चढ़ गया। रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण शनिवार को पूरे दिन मैदान से कवर्स नहीं हटाए जा सके। सुबह स्टेडियम पहुंचे दोनों टीमों के खिलाड़ी एक घंटे बाद ही वापस होटल लौट गए। पहले दिन भी बारिश के कारण सिर्फ 35 ओवर का खेल संभव हो पाया था, जिसमें बांग्लादेश की टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए थे। माना जा रहा है कि अगर मौसम नहीं सुधरा तो रविवार को तीसरे दिन का खेल भी बाधित हो सकता है।

कानपुर में शुक्रवार रात से ही रुक-रुककर बारिश हो रही थी। शनिवार सुबह भी आसमान पर घने काले बादल डेरा जमाए थे। इसके चलते ग्रीन पार्क मैदान पर रोशनी काफी कम थी। बारिश के कारण कवर्स भी नहीं हटाए गए। सुबह से कवर्स के ऊपर जमा पानी हटाने का काम शुरू किया। लेकिन बीच-बीच में बारिश और बौछारें काम में व्यवधान के साथ परेशानी और बढ़ाती रहीं। दोनों टीमें तय समय पर सुबह 8.30 बजे होटल से ड्रेसिंग रूप पहुंच गईं। टीमों के कोचों ने बाउंड्री पर जाकर मैदान की स्थिति देखी और वापस ड्रेसिंग रूम में लौट गए। करीब एक घंटा तक दोनों टीमें ड्रेसिंग रूम में रुकीं। इसके बाद खिलाड़ी वापस होटल लौट गए। मैच रेफरी जेफ क्रो ने कहा कि दोपहर एक बजे तक यदि आसमान साफ हो जाता है तभी मैच के बारे में निर्णय लिया जाएगा। लेकिन दिनभर की मेहनत के बाद भी न कवर्स के ऊपर जमा पानी सुखाया जा सका और न ही बारिश बंद हुई। आखिरकार दोपहर 2.03 बजे दूसरे दिन के खेल का निरस्त करने की घोषणा कर दी गई। इसके बाद मायूस दर्शक दीर्घाओं से बाहर निकलना शुरू हो गए।

### दिन भर मैदान पर चले तीन सुपर सॉपर

मैदान में कवर्स पर जमा बारिश का पानी निकालने के लिए शनिवार को दिन भर तीन सुपर सॉपर चलते रहे। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बारिश कितनी हुई। मैदान का एक राउंड लगाने के बाद सुपर सॉपर का टैंक खाली करना पड़ रहा था।

# आईसीसी की सभी बैठकों में बीसीसीआई प्रतिनिधि चुनना एजीएम का मुख्य एजेंडा

**बेंगलुरू, एजेंसी**

• 93वीं सालाना बैठक में होगा दो प्रतिनिधियों का चुनाव

भारतीय क्रिकेट बोर्ड की रविवार को यहां होने वाली 93वीं सालाना बैठक का मुख्य एजेंडा आईसीसी की बैठकों में भारत के दो प्रतिनिधियों का चुनाव होगा और निवर्तमान सचिव जय शाह के बाद नये सचिव की तलाश एजेंडे में नहीं है। बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यूएई में महिला टी20 विश्व कप के बाद दुबई में आईसीसी कांक्लेव होने वाली है।

महिला टी-20 विश्व कप का फाइनल 20 अक्टूबर को दुबई में है और तब तक शाह बीसीसीआई सचिव पद पर रहेंगे। वह एक दिसंबर को आईसीसी चेयरमैन का पद संभालेंगे। बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में सौरव गांगुली का कार्यकाल खत्म होने के बाद से शाह आईसीसी बैठकों में भारत की नुमाइंदगी करते आए हैं। बोर्ड के मौजूदा अध्यक्ष रोजर बिन्नी वैकल्पिक निदेशक हैं जो बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व आईसीसी बैठकों में कर सकते हैं लेकिन अभी तक ऐसा हुआ नहीं है। उनके कार्यकाल का एक ही साल बचा है लिहाजा देखना होगा कि वह वैकल्पिक निदेशक बने रहेंगे या किसी और को नामित किया जाएगा। सचिव का चयन एजेंडे में नहीं हैं। यहां अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के नए परिसर के उद्घाटन के लिये एकत्र हुए सदस्य इस पर आपस में बात कर सकते हैं।

फिलहाल दो नामों गुजरात क्रिकेट संघ के सचिव अनिल पटेल और रोहन जेटली पर विचार हो रहा है जो दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष भी हैं। समझा जाता है कि पटेल दौड़ में आगे चल रहे हैं। एजीएम में भारतीय क्रिकेट संघ के प्रतिनिधि और आमसभा में से दो को शामिल करना, उप समितियों की नियुक्ति और 2024-25 के सालाना बजट को मंजूरी देना भी शामिल है। आईपीएल संचालन परिषद की बैठक भी यहां शनिवार को बुलाई गई है और इसमें रिटेंशन के नियम पर बात होगी।

अंडर-20 एशियाई कप क्वालीफायर

## भारत के सामने करो या मरो मैच में लाओस की चुनौती

**वियनतियाने (लाओस)।** ईरान के खिलाफ हार का सामना करने के बाद भारतीय फुटबॉल टीम को एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के मुख्य टूर्नामेंट में जगह बनाने के लिए रविवार को क्वालीफायर मुकाबले में मेजबान लाओस से भिड़ेगी। भारत एएफसी अंडर 20 एशियाई कप के फाइनल राउंड में पिछली बार 2006 में पहुंचा था। इस टूर्नामेंट को पहले एएफसी युवा चैंपियनशिप और एएफसी अंडर 19 चैंपियनशिप के नाम से जाना जाता था, जिसकी भारत ने 2006 में मेजबानी की थी।

भारत ग्रुप जी में ईरान के बाद दूसरे स्थान पर है। प्रत्येक ग्रुप की शीर्ष टीमों के अलावा दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमों में से पांच टीम मुख्य टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। मुख्य टूर्नामेंट का आयोजन अगले साल (2025) चीन में होगा। भारतीय टीम शुक्रवार को मैच के ज्यादातर हिस्से में मजबूत प्रतिद्वंद्वी ईरान को गोल से दूर रखने के बाद एक गोल गंवा बैठी।

# चाइना ओपन : सिनर दूसरे दौर में, जैस्मीन भी जीतीं

**बीजिंग, एजेंसी**

शीर्ष वरीय यानिक सिनर ने शनिवार को यहां चाइना ओपन के दूसरे दौर में रोमन सफीउलिन को 3-6, 6-2, 6-3 से शिकस्त दी। बीजिंग में जब सिनर कोर्ट पर थे तब विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) ने घोषणा की कि वह अमेरिकी ओपन चैंपियन के लिए एक से दो साल का प्रतिबंध लगाने की मांग कर रही है जिनकी मार्च में एनाबॉलिक स्टेरॉयड के लिए जांच दो बार पॉजिटिव आई थी। सिनर अब जिरी लेहेका से खेलेंगे जिन्होंने रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुत को 3-6, 6-2, 6-1 से हराया।

शनिवार को इटली के फ्लावियो कैबोली ने पावेल कोटोव पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। महिलाओं के ड्रॉ में अमेरिकी ओपन चैंपियन आर्यना




• सबालेंका ने सवांगकेव को हराकर तीसरे दौर में किया प्रवेश

सबालेंका ने थाईलैंड की क्वालीफायर मनंचया सवांगकेव पर 6-4, 6-1 से जीत के साथ तीसरे दौर में प्रवेश किया। सबालेंका की भिड़ंत अमेरिका की एशलिन क्रुगर से होगी जिन्होंने न्यूजीलैंड की लुलु सन को 6-1, 7-6 (4) से हराया। इटली की तीसरी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी ने पहले सेट में खराब प्रदर्शन से उबरते हुए डेनमार्क की क्लारा टॉसन को 1-6, 7-5, 6-4 से हराया। पाओलिनी पोलैंड की मैग्डा लिनेट से खेलेंगी जिन्होंने 31वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी मोयुका उचिजिमा को 6-4, 4-6, 6-3 से मात दी। रूस की नौवीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना ने क्रोएशिया की जना फेट को 6-1, 6-2 से शिकस्त दी। उनका सामना अमांडा अनिसिमोवा से होगा जिन्होंने कोलंबिया की कैमिला ओसोरियो को हराया। विंबलडन चैंपियन बारबोरा क्रेजिकोवा को रोमानिया की जैकलीन क्रिस्टियन ने पराजित किया।

वहीं जापान ओपन में टॉमस मचैक ने पांचवीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल को 2-6, 6-3, 7-6 (4) से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

### बोपन्ना-डोडिग की जोड़ी चीन ओपन के पहले दौर में हारी

**बीजिंग।** भारत के स्टार टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और क्रोएशिया के उनके जोड़ीदार इवान डोडिग शनिवार को यहां चीन ओपन एटीपी 500 टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में फ्रांसिस्को सेरुंडोलो और निकोलस जैरी की जोड़ी के खिलाफ हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। भारत और क्रोएशिया की दूसरी वरीय जोड़ी को अर्जेन्टीना के सेरुंडोलो और चिली के जैरी की गैरवरीय जोड़ी के खिलाफ प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एक घंटे और 31 मिनट में 5-7 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। बोपन्ना के नियमित जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन ने इस एटीपी 500 प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लेने का फैसला किया था। बोपन्ना इससे पहले 2017 और 2021 में भी डोडिग के साथ जोड़ी बनाकर खेल चुके हैं। इस जोड़ी का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2017 में एटीपी मांट्रियल मास्टर्स 1000 प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचना रहा।

## बॉलीवुड हलचल



### देवरा की बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत

**मुंबई।** मैन ऑफ मासेस जूनियर एनटीआर की फिल्म देवरा-पार्ट 1 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाकेदार शुरूआत करते हुए भारतीय बाजार में नेट 82 .5 करोड़ की कमाई कर ली है। निर्देशक कोराटाला शिवा की एक्शन थ्रिलर फिल्म देवरा-पार्ट 1 लंबे समय से सुर्खियों में रही। जूनियर एनटीआर, जाह्नवी कपूर और सैफ अली खान की फिल्म देवरा-पार्ट 1, 27 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की गई है। जूनियर एनटीआर छह साल के लंबे इंतजार के बाद अपनी सोलो फिल्म के जरिए एक बार फिर से छा गए हैं। इस फिल्म में जूनियर एनटीआर डबल रोल में हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, देवरा पार्ट 1 ने पहले दिन 82 .5 करोड़ की कमाई कर ली है। फिल्म ने सभी भाषाओं को मिलाकर यह कलेक्शन किया है। शुक्रवार को इस फिल्म ने तेलुगु भाषा में 73 .25 करोड़, हिंदी में 7 .5 करोड़, कन्नड़ में 35 लाख, तमिल में एक करोड़ और मलयालम भाषा में 40 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। उम्मीद जताई जा रही है कि दूसरे दिन यह फिल्म भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लेगी।

# पुरस्कार विजेता सितारों में ऐश्वर्या, मणिरत्नम और नानी शामिल

**यास आइलैंड (अबू धाबी), एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय भारतीय फिल्म अकादमी (आइफा) पुरस्कार-2024 के लिए आयोजित तीन दिवसीय समारोह के शुरुआती कार्यक्रम आइफा उत्सवम में ऐश्वर्या राय बच्चन, मणि रत्नम, एआर रहमान, नानी और मृणाल ठाकुर पुरस्कार पाने वाले कलाकारों में शामिल रहे।

आइफा उत्सवम में सभी चार दक्षिण फिल्म जगत तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ के कलाकारों को सम्मानित किया गया। प्रत्येक फिल्म जगत ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म, निर्देशन, मुख्य भूमिका (पुरुष और महिला), सहायक भूमिका (पुरुष और महिला), नकारात्मक भूमिका, संगीत निर्देशन, गीत और पार्श्व गायक (पुरुष और महिला) की श्रेणियों में विजेताओं को सम्मानित किया। तमिल सिनेमा में अभिनेता रजनीकांत अभिनीत एक्शन कॉमेडी जेलर को सर्वश्रेष्ठ फिल्म (तमिल) घोषित किया गया। पोन्नियिन सेलवन-2 में अभिनय के लिए ऐश्वर्या को सर्वश्रेष्ठ मुख्य अभिनेत्री (महिला) घोषित किया गया जबकि फिल्म के निर्माता मणिरत्नम को सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार दिया गया। विक्रम और जयराम रवि को क्रमशः सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) और सहायक भूमिका (पुरुष) का विजेता घोषित किया गया। वहीं एआर रहमान को पोन्नियिन सेलवन 2 में संगीत के लिए सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन का पुरस्कार दिया गया जबकि गायक हरिचरण और शक्तिश्री गोपालन ने सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक श्रेणी में पुरस्कार जीता।



आइफा उत्सवम 2024

वहीं तेलुगु सिनेमा में एक्शन थ्रिलर दसरा ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार जीता। फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाले नानी ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता और शाइन टॉम चाको ने फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ नकारात्मक कलाकार श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया। मलयालम फिल्म जगत की बात करें तो सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार 2018: एवरीवन इज ए हीरो को मिला, जो पिछले साल ऑस्कर में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि थी। जियो बेबी को काथलः द कोर के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार प्रदान गया। कन्नड़ फिल्म जगत में काटेरा को सर्वश्रेष्ठ फिल्म के पुरस्कार से नवाजा गया, जबकि इसी फिल्म के लिए फिल्म निर्माता थरुन किशोर सुधीर ने सर्वश्रेष्ठ निर्देशन श्रेणी में पुरस्कार हासिल किया। यहां आयोजित 24वें आइफा पुरस्कार समारोह का समापन रविवार को होगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# हैरिस ने आव्रजन प्रणाली को सुधारने का लिया संकल्प

- उपराष्ट्रपति कमला ने अमेरिका मैक्सिको सीमा का दौरा करने के बाद की टिप्पणी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका में नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने सीमा पर कड़े सुरक्षा उपाय लागू करने और अमेरिका की आव्रजन प्रणाली को मजबूत करने का संकल्प लिया है। हैरिस ने अपने प्रतिद्वंद्वी और रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप द्वारा इस मुद्दे को लेकर उन पर बार-बार किए गए राजनीतिक हमलों का जवाब देते हुए यह बात कही।

अमेरिका की उपराष्ट्रपति हैरिस ने एरिजोना के डगलस में अमेरिका-मैक्सिको सीमा का दौरा



करने के बाद यह टिप्पणी की। हैरिस ने सीमा सुरक्षा पर कड़ा रुख अपनाने के साथ यह भी कहा कि वह अमेरिका में वर्तमान में बिना दस्तावेज के रह रहे प्रवासियों को नागरिकता प्रदान करने के संबंध में भी कदम उठाएंगी।

# नदी नहीं, मानो यहां शीशे की सतह पर चल रही नाव....

## मेघालय की उमंगोट को देश की सबसे साफ-स्वच्छ नदी का टैग, सतह तक गहरे में देख सकते हैं कंकर, पत्थर और मछलियां

शैलेश अवस्थी, शिलांग (मेघालय)

शिलांग से कोई 95 किलोमीटर दूर इस उमंगोट नदी का ऐसा नजारा है, जिसे देखे बिना यकीन करना मुश्किल है। खूबसूरत पहाड़ियों और हरियाली से घिरे डौकी गांव के बीच बहती उमंगोट नदी इतनी स्वच्छ है कि उस पर चल रही नाव देख अहसास होता है जैसे वह हवा में तैर रही हो। अब जलशक्ति मंत्रालय ने इसे देश की सबसे साफ-स्वच्छ नदी का तमगा दिया है। जब गंगा और यमुना नदी को निर्मल-अविरल बनाने के लिए करोड़ों खर्च किए जा रहे हों और फिर भी वे प्रदूषण की मार से बेहाल हों, ऐसे में यह उमंगोट नदी सुकून देती है। यह नदी मेघालय के दरंग और शेनानंगगेडेग गांव से होकर बहती और बांग्लादेश तक जाती



है। देश-विदेश के पर्यटकों को लुभाती यह नदी कुदरत के करिश्मे से कम नहीं है। पहाड़ों के बीच से निकलती यह नदी वहीं से प्राकृतिक रूप से फ़िल्टर होकर निकलती है। इसे स्वच्छ रखने की बाकी जिम्मेदारी गांव के लोग संभालते हैं। बगल में ही डौकी गांव है तो इसे डौकी नदी भी कहते हैं। सख़्ती इतनी कि पर्यटक भी वहां कचरा फेंकने से पहले कई बार सोचते हैं, पकड़े गए तो गांव का दरबार पेशी करके तगड़ा जुर्माना वसूलता है। यहां आठ सौ रुपए देकर नाव की सवारी कर सकते हैं, जो आपको बांग्लादेश बार्डर तक की सैर कराती है। नाव पर बैठ कर सैकड़ों फुट गहरी नदी के तल तक एक-एक कंकर साफ देख सकते हैं। रंग-बिरंगी कई नस्ल की मछलियां आप को मंत्रमुग्ध कर देंगी। कुछ दूर किनारे पर लोग मछलियों को पकड़ने के लिए जाल डाले भी दिखे। कई तरह के पक्षियों की चहचाहट माहौल को और ज्यादा खुशनुमा बनाती है। नाविक शर्लिन ने बताया कि पास के गांव मॉलनयांग को एशिया का सबसे स्वच्छ गांव माना जाता है। सब पढ़े-लिखें हैं और यहां सबकी प्राथमिकता नदी को बिल्कुल स्वच्छ रखना है। सरकार के भरोसे नहीं रहते। भारत के लोगों को यहां के लोगों से नदी साफ रखना सीखना चाहिए।

### होमस्टे व नदी तट पर टेंट उपलब्ध

डौकी गांव से सटे एक गांव के किनारे उमंगोट नदी तट पर टेंट-घर छह सौ रुपए में उपलब्ध है। वहां आप रात बिता सकते हैं। अक्सर नवदंपत्ति वहां ठहरते हैं। पहाड़ियों के बीच सुंदर-साफ नदी तट पर रात की चांदनी माहौल को बेहद खूबसूरत बनाता है। तट पर आपकी पसंद और मेघालय के व्यंजन भी उपलब्ध हैं, लेकिन गंदगी की अनुमति नहीं है।

### नदी पर 92 साल पुराना पुल

उमंगोट नदी पर अंग्रेजों ने 1932 में बनवाया था, जो मजबूती में आज भी वैसा ही है। इसकी तुलना ऋषिकेश के लक्ष्मण झूला से की जाती है। चलने पर हिलता-डुलता है, जो झूले सा लगता है। इसे संसपेंशन ब्रिज कहते हैं।

## एक नजर

### भारत ने नेपाल को 47.4 करोड़ देने का किया वादा

**काठमांडू।** भारत ने नेपाल में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल और संस्कृति क्षेत्रों में 12 महत्वपूर्ण सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए 47 .4 करोड़ नेपाली रुपये देने की प्रतिबद्धता जताई है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई है। भारतीय दूतावास और नेपाल सरकार के संघीय मामले एवं सामान्य प्रशासन मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां इन परियोजनाओं के लिए सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

### दक्षिण अफ्रीका में गोलीबारी की दो घटनाओं में 17 की मौत

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के एक ग्रामीण कस्बे में गोलीबारी की दो घटनाओं में 17 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय पुलिस प्रवक्ता ब्रिगेडियर एथलेंडा मैथे ने एक बयान में कहा कि संदिग्धों की तलाश जारी है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों में 15 महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं। एक अन्य व्यक्ति अस्पताल में गंभीर हालत में भर्ती है।

### लाहौर में मनाई गई भगत सिंह की 117वीं जयंती

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक गैर-लाभकारी संस्था ने शनिवार को भगत सिंह की 117वीं जयंती मनाई। भगत सिंह मेमोरियल फाउंडेशन ने लाहौर उच्च न्यायालय (एलएचसी) के परिसर में स्वतंत्रता सेनानी की जयंती मनाई और इस दौरान केक भी काटा गया। फाउंडेशन के प्रमुख इम्तियाज रशीद कुरैशी ने स्वतंत्रता सेनानी को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंग्रेजों ने 1931 में भगत सिंह को उनके साथियों राजगुरु और सुखदेव के साथ फांसी दी थी। कुरैशी ने कहा कि भगत सिंह के साथ अन्याय हुआ था।

### प्रसिद्ध लेखिका विजया भारती का निधन

**हैदराबाद।** जानी मानी लेखिका बी विजय भारती का शनिवार को यहां निधन हो गया। भारती कवि, लेखक एवं राजनीतिक कार्यकर्ता बोज्जा थारकम की पत्नी तथा आईएएस अधिकारी बोज्जा राहुल की मां थीं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने सुश्री भारती के निधन पर शोक जताया है। रेड्डी ने अपने शोक संदेश में कहा कि भारती ने तेलुगु अकादमी की उप निदेशक के रूप में कार्य किया और प्राचीन साहित्य कोषम और आधुनिक साहित्य कोषम का प्रकाशन किया। उनकी सेवाएं सराहनीय हैं।

# कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान को फटकार

## भारत ने कहा- आतंकवाद को लेकर अनिवार्य रूप से भुगतने होंगे अंजाम

- दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में पाकिस्तान का हाथ रहा
- पाकिस्तान के प्रधानमंत्री द्वारा कश्मीर का मुद्दा उठाए जाने पर भारत की प्रतिक्रिया

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में पाकिस्तान को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि दुनियाभर में आतंकवादी घटनाओं में उसका हाथ रहा है और पड़ोसी देश को यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के परिणाम अनिवार्य रूप से भुगतने पड़ेंगे। भारत ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र की आम बहस में अपने संबोधन में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाने जाने की प्रतिक्रिया में अपने जवाब देने के अधिकार का शुक्रवार को इस्तेमाल किया।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन ने भारत के जवाब देने के अधिकार के तहत कहा, इस महासभा ने खेदजनक रूप से एक हास्यास्पद घटना देखी। आतंकवाद, मादक पदार्थ के कारोबार और अंतर्राष्ट्रीय अपराध के लिए दुनियाभर में पहचाने जाने वाले एवं सेना द्वारा संचालित एक देश ने विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र पर हमला करने का दुस्साहस किया। उन्होंने कहा कि जैसा कि दुनिया जानती है कि पाकिस्तान अपने पड़ोसियों के खिलाफ हथियार के तौर पर सीमा पार आतंकवाद का लंबे समय से इस्तेमाल करता रहा है। उन्होंने पाकिस्तान स्थित आतंकी समूहों द्वारा भारतीय संसद पर 2001 के हमले और मुंबई के 26/11 आतंकी हमलों के संदर्भ में कहा, उसने हमारी संसद, हमारी वित्तीय राजधानी मुंबई, बाजार तथा तीर्थस्थलों पर हमला किया है। मंगलानंदन ने कहा, सूची लंबी है। ऐसे देश का हिंसा के बारे में कहीं भी बोलना पूरी तरह पाखंड है। शरीफ ने अपने संबोधन में अपेक्षा के मुताबिक कश्मीर मुद्दा उठाया और कहा था कि स्थायी शांति सुनिश्चित करने के लिए अनुच्छेद 370 को बहाल करना होगा और शांतिपूर्ण समाधान के लिए बातचीत शुरू करनी होगी।



संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन में प्रथम सचिव भाविका मंगलानंदन पाकिस्तान के प्रधानमंत्री को कश्मीर पर करारा जबाव देती हुईं।

### पाकिस्तान ने लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल किया

भारत ने जोर देकर कहा कि चुनावों में धांधली के इतिहास वाले देश के लिए एक लोकतंत्र में राजनीतिक विकल्पों के बारे में बात करना बड़ा अजीब है। उन्होंने कहा असल सच्चाई यह है कि पाकिस्तान की नजर हमारे क्षेत्र पर है और वास्तव में, उसने भारत के अविभाज्य और अभिन्न अंग जम्मू-कश्मीर में चुनावों को बाधित करने के लिए लगातार आतंकवाद का इस्तेमाल किया है। युवा भारतीय राजनयिक ने कहा कि यह हास्यास्पद है कि एक देश जिसने 1971 में नरसंहार किया था और जो अब भी अपने अल्पसंख्यकों पर लगातार अत्याचार करता है, वह असहिष्णुता और भय के बारे में बोलने की हिमाकत करता है। दुनिया खुद देख सकती है कि पाकिस्तान की असलियत क्या है। इसके बाद एक पाकिस्तानी राजनयिक ने जवाब देने के अधिकार के तहत मंगलानंदन के बयान पर प्रतिक्रिया दी।

### आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता

भाविका मंगलानंदन ने कहा कि भारत ने आपसी सामरिक व्यवस्था के उनके देश के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। सामरिक व्यवस्था के किसी प्रस्ताव के संदर्भ में जवाब देते हुए भारत ने कहा कि आतंकवाद के साथ कोई समझौता नहीं हो सकता। बल्कि पाकिस्तान को भी यह पता होना चाहिए कि भारत के खिलाफ सीमा पार आतंकवाद के अनिवार्य रूप से परिणाम भुगतने पड़ेंगे। मंगलानंदन ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय को याद दिलाया कि यह वही देश है जिसने लंबे समय तक अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन को पनाह दी थी। उन्होंने कहा कि दुनियाभर में कई आतंकवादी घटनाओं में पाकिस्तान का हाथ है। भारतीय अधिकारी ने कहा शायद इसमें कोई आश्चर्य नहीं होना चाहिए कि उसके (पाकिस्तान के) प्रधानमंत्री इस प्रतिष्ठित सभागार में ऐसा बोलेंगे। फिर भी हमें यह स्पष्ट करना चाहिए कि उनके शब्द हम सभी के लिए कितने अस्वीकार्य हैं।

# संरा का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है भारत: भूटान

**संयुक्त राष्ट्र।** भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे ने कहा कि भारत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति और ग्लोबल साउथ में अपने नेतृत्व के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है। तोबगे ने भूटान के सबसे कम विकसित देशों (एलडीसी) की श्रेणी से बाहर निकलने के लिए भारत की ओर से मिले समर्थन व मित्रता को लेकर हार्दिक आभार जताया। तोबगे ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र को संबोधित करते हुए कहा संयुक्त राष्ट्र को आज की दुनिया की वास्तविकताओं के अनुरूप बनाया जाना चाहिए। सुरक्षा परिषद का मौजूदा स्वरूप अतीत की निशानी है। हमें ऐसी परिषद की आवश्यकता है जिसमें वर्तमान भू-राजनीतिक, आर्थिक परिदृश्य और सामाजिक वास्तविकताएं झलकती हों। उन्होंने कहा कि भूटान लंबे समय से 15 देशों वाली सुरक्षा परिषद में सुधार करने की पैरवी करता रहा है ताकि इसे अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और प्रभावी बनाया जा सके। तोबगे ने कहा कि हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थायी सदस्य बनाने का भी समर्थन किया है। उन्होंने कहा भारत महत्वपूर्ण आर्थिक प्रगति, जनसंख्या तथा ग्लोबल साउथ में नेतृत्व के कारण संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बनने का हकदार है।

## इजराइल का लेबनान पर भीषण हमला

# हिजबुल्ला की मिसाइल इकाई के कमांडर व डिप्टी की मौत



हिजबुल्ला के मुख्यालय में हुए धमाके की तस्वीर।

- लेबनान के साथ तनाव बढ़ने पर इजराइली सेना ने अतिरिक्त रिजर्व सैनिक तैनात किए

बेरूत, एजेंसी

लेबनान की राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगर पर इजराइली हवाई हमले में हिजबुल्ला की मिसाइल इकाई के कमांडर मोहम्मद अली इस्माइल और उनके डिप्टी हुसैन अहमद इस्माइल की मौत हो गई। लेबनान के एमटीवी ने यह जानकारी दी। वहीं उससे पूर्व हिजबुल्ला के मुख्यालय पर हमला कर हिजबुल्ला चीफ को मार गिराया।

इजराइली सेना लेबनान के साथ तनाव बढ़ने के बीच अतिरिक्त रिजर्व सैनिकों को तैनात कर रही है। सेना ने कहा कि वह रिजर्व सैनिकों की तीन बटालियन को सक्रिय कर रही है। इससे पहले सप्ताह की शुरुआत में दो बटालियन को संभावित जमीनी आक्रमण के मद्देनजर प्रशिक्षण देने के लिए उत्तरी इजराइल भेजा गया था। हिजबुल्ला ने शनिवार को उत्तरी और मध्य इजराइल तथा इजरायल के कब्जे वाले वेस्ट बैंक पर दर्जनों रॉकेट दागे।

### नेतन्याहू के पहुंचते ही हमले के बजने लगे सायरन

**बेरूत।** प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के अमेरिका की यात्रा से लौटते ही तेल अवीव अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित पूरे मध्य इजराइल में हवाई हमले के सायरन बजने लगे। इजराइली सेना ने कहा कि सायरन बजने के कुछ ही देर बाद यमन से दागी गई मिसाइल को मार गिराया गया। इसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# फ्लोरिडा में हेलेन तूफान के कारण 44 लोगों की मौत

**पेरी (फ्लोरिडा)।** अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र और फ्लोरिडा में हेलेन तूफान के कारण आई बाढ़ और इससे जुड़ी घटनाओं में कम से कम 44 लोगों की मौत हो गई है। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। इससे कई पेड़ उखड़ गए हैं और कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। तूफान के कारण एक मकान पर पेड़ गिर जाने के कारण वहां रह रही एक महिला, उसके एक महीने के जुड़वां बच्चे तथा एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई है। घटनास्थल पर राहत-बचाव अभियान के दौरान तीन अग्निशमन कर्मियों की भी मौत हो गई। हेलेन तूफान के कारण फ्लोरिडा, जॉर्जिया, उत्तरी कैरोलाइना, दक्षिण कैरोलाइना और वर्जीनिया में कम से कम 44 लोग मारे गए हैं।

# इमरान की पार्टी के विरोध प्रदर्शन से पहले बढ़ाई सुरक्षा

- सैन्य शहर रावलपिंडी में विरोध प्रदर्शन का आह्वान

इस्लामाबाद, एजेंसी

पंजाब सरकार ने इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन से पहले शनिवार को सैन्य शहर रावलपिंडी में सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं। पीटीआई के संस्थापक खान ने शहर के ऐतिहासिक लियाकत बाग पार्क में जलसा (रैली) आयोजित करने के अपने पूर्व निर्णय को पलटते हुए शहर में विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया था।

उन्होंने कहा था कि सरकार इस स्थल पर रैली आयोजित करने की अनुमति नहीं देगी और इसके बजाय शहर से दूर सभा के लिए स्थान उपलब्ध कराएगी। प्रांतीय सरकार ने



विरोध प्रदर्शन से पहले सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया और शहर की ओर जाने वाली सभी प्रमुख सड़कें बंद कर दीं। पीटीआई पंजाब के कार्यवाहक अध्यक्ष हम्माद अजहर ने कहा कि पार्टी शांतिपूर्ण राजनीतिक सार्वजनिक सभा आयोजित करेगी।

# नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से 59 लोगों की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 59 लोगों की मौत हो गई और 36 अन्य घायल हो गए। नेपाल के कई हिस्सों में गुरुवार से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण आपदा अधिकारियों ने अचानक बाढ़ की चेतावनी जारी की है। नेपाल पुलिस के उप प्रवक्ता बिश्वो अधिकारी ने बताया कि लगातार बारिश के कारण नेपाल में हुई 59 लोगों की मौत 34 काठमांडू घाटी में हुई हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ में 36 लोग घायल भी हुए हैं। उन्होंने बताया कि देशभर में कुल 44 लोग लापता हैं जिनमें से 16 काठमांडू घाटी में लापता हैं। उन्होंने बताया कि एक हजार से ज्यादा लोगों को बचाया भी गया है।

# बांग्लादेश में राजनीतिक दल बनाएंगे हिंदू

## हिंदू समुदाय के नेता अस्थिरता व भय के माहौल में चाहते हैं स्थिरता

ढाका, एजेंसी

बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के नेता एक समर्पित राजनीतिक दल के गठन पर विचार-विमर्श कर रहे हैं, जो अस्थिरता और भय के माहौल में उनकी सुरक्षा तथा उनके अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व की सख्त जरूरत को दर्शाता है।

बांग्लादेश हिंदू बुद्धिस्ट क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल (बीएचबीसीओपी) और अन्य संगठनों के हिंदू नेता अब पृथक राजनीतिक दल के गठन या आरक्षित संसदीय सीट की मांग की संभावना पर चर्चा करने में लगे हैं। बीएचबीसीओपी के प्रेसिडियम सदस्य काजल देबनाथ ने कहा फिलहाल तीन विकल्पों पर विस्तार से चर्चा की जा रही है। पहला, 1954 से पृथक निर्वाचन प्रणाली पर लौटना। दूसरा, हिंदुओं के लिए एक अलग राजनीतिक पार्टी का गठन और तीसरा, अल्पसंख्यकों के लिए संसद में सीट आरक्षित करना। आवामी लीग की नेता शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद हिंदू समुदाय के विरुद्ध हुई हिंसा के पश्चात इन बातों पर चर्चा होने लगी है।

### 1971 में हिंदू 22 प्रतिशत थे, आज 8 प्रतिशत रह गए

हिंदू समुदाय के नेता राजन कर्माकर ने कहा, एक राजनीतिक दल बनाने के बारे में चर्चा एवं विचारों का आदान-प्रदान हमारी शीर्ष प्राथमिकता है। हालांकि अभी कुछ भी तय नहीं हुआ है, लेकिन इस विषय पर कार्य जारी है। उन्होंने कहा प्रस्तावित राजनीतक दल बदलाव का एक महत्वपूर्ण जरिया हो सकता है और सुनिश्चित करेगा कि उनकी चिंताओं को सुना जाए तथा उनका समाधान हो। ऐतिहासिक रूप से, 1971 में मुक्ति संग्राम के दौरान बांग्लादेश में हिंदू कुल जनसंख्या का करीब 22 प्रतिशत थे लेकिन आज वे करीब आठ प्रतिशत रह गए हैं। हिंदुओं ने हिंदू जनसंख्या में इस गिरावट के लिए सामाजिक-राजनीतिक रूप से हाशिए पर धकेले जाने एवं हिंसा को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, देबनाथ ने कहा कि हिंदुओं के लिए पार्टी बनाने से अल्पसंख्यकों को संभवत: फायदा नहीं होगा क्योंकि इससे धर्मनिरपेक्ष वोट बिखर सकते हैं और मकसद में कामयाबी नहीं मिल पाएगी।

# बिम्सटेक से संबंध मजबूत करने को प्रतिबद्ध

- विदेश मंत्री ने सात देशों के समूह से व्यापक भागीदारी की पुष्टि की

न्यूयॉर्क, एजेंसी

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपनी पड़ोस प्रथम और एक्ट ईस्ट नीतियों के अनुरूप सात देशों के समूह बिम्सटेक के साथ व्यापक भागीदारी की भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जयशंकर ने शुक्रवार को उच्च स्तरीय सत्र के इतर न्यूयॉर्क में बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल (बिम्सटेक) की विदेश मंत्रियों की अनौपचारिक बैठक की शुक्रवार को अध्यक्षता की। यह बैठक बिम्सटेक नेताओं के शिखर सम्मेलन की तैयारी करने के लिए की गयी। जयशंकर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, व्यापार, निवेश, अर्थव्यवस्था और ऊर्जा में हमारे करीबी सहयोग का जायजा लिया। पूरे क्षेत्र में भौतिक, समुद्री और डिजिटल कनेक्टिविटी में सुधार पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने कहा क्षमता निर्माण, कौशल विकास और परस्पर संपर्क में सुधार लाने के अवसर तलाश किए। विदेश मंत्री ने कहा, बिम्सटेक उत्कृष्टता केंद्र का विकास एक सामूहिक संकल्प है।



विदेश मंत्री जयशंकर सिंगापुर के अपने समकक्ष के साथ बातचीत करते हुए।

### सिंगापुर व अन्य देशों के अपने समकक्षों से की मुलाकात

**संयुक्त राष्ट्र।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र के इतर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सिंगापुर, उज्बेकिस्तान और डेनमार्क के अपने समकक्षों से मुलाकात की। नेताओं के बीच हुई वार्ता के दौरान भारत के इन देशों के साथ संबंधों को मजबूत करने तथा मैत्रीपूर्ण संबंधों को विस्तार देने पर जोर दिया गया। जयशंकर 79वें संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र में भाग लेने के लिए अमेरिका में हैं।

# खैबर पख्तूनख्वा में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में छह लोगों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को इंजन के काम नहीं करने के कारण एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें छह लोगों की मौत हो गई। यह घटना अफगानिस्तान की सीमा के करीब उत्तर वजीरीस्तान जिले में हुई। अधिकारियों ने बताया कि हेलीकॉप्टर में 14 लोग सवार थे। एक तेल कंपनी का विशेष हेलीकॉप्टर तकनीकी खराबी के कारण उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य जख्मी हो गए। हेलीकॉप्टर मरी पेट्रोलियम कंपनी का था। आठ घायलों में से तीन रूसी पायलट शामिल हैं जिन्हें 'कम्बाइंड मिलिट्री हॉस्पिटल' (सीएमएच) में भर्ती कराया गया है।

## ज्ञान-विज्ञान | शोध में यह जानकारी सामने आई जो समुद्री जीवों के लिए चिंताजनक हो सकती है

# कृत्रिम प्रकाश प्रदूषण मछलियों के लिए बड़ा खतरा

संवाददाता, नैनीताल

अमृत विचार : प्रकाश प्रदूषण मछलियों की अगली पीढ़ी के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। नए शोध में यह जानकारी सामने आई है। इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोबायोलॉजी चाइनीज एकेडमी ऑफ साइंसेज और मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट ऑफ एनिमल बिहेवियर के वैज्ञानिकों ने यह शोध किया है। वैज्ञानिकों ने कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में आने वाली जेब्राफिश पर अध्ययन किया।

रात में प्रकाश प्रदूषण के संपर्क में आने वाली ज़ेब्राफिश पर किए गए शोध से पता चला कि प्रकाश के संपर्क मे आने से इनके व्यवहार में बड़ा परिवर्तन देखा गया, जो बेहद चिंताजनक है और इसका अधिक बूरा असर मछलियों की अगली



पीढ़ी में देखने को मिल सकता है। दरअसल मछलियों का जीवन बेहद संवेदनशील होता है, जिसे प्रकाश भी प्रभावित कर सकता है और कृत्रिम प्रकाश तो और भी बुरा असर डाल सकता है। वर्तमान में कृत्रिम प्रकाश का उपयोग बड़ी मात्रा में होने लगा है। इसका सबसे बुरा प्रभाव खगोलीय अध्ययन में पड़ा है। जिस कारण खगोल वैज्ञानिकों का अंधेरी रातों में अध्ययन दूभर हो चला है। मगर समुद्री जीवों को भी प्रकाश प्रभावित कर सकता है, इसका खुलासा अब होने लगा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि कृत्रिम प्रकाश के दूसरे कुप्रभाव भी हो सकते हैं। जिसका पता शोध के बाद ही चल सकता है। नए अध्ययन से पता चला है कि रात में कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में आने वाली मछलियाँ न केवल चिंताजनक व्यवहार प्रदर्शित करती हैं, बल्कि उनकी संतानें, जो रोशनी के संपर्क में नहीं थीं, उन्होंने भी अजीब व्यवहार प्रदर्शित किया है। कृत्रिम प्रकाश के संपर्क में आने वाली जेब्राफिश पर यह अध्ययन किया। अध्ययन में प्राकृतिक अंधेरे-प्रकाश चक्र को बाधित कर दिया और नीली रोशनी का प्रयोग किया। नीली रोशनी हमारे फोन समेत अन्य उपकरणों में उत्सर्जित होती है, जो जीवों के लिए बेहद हानिकारक है।

### चिंता का विषय है कृत्रिम रोशनी

नैनीताल : रात में कृत्रिम प्रकाश जीवों के प्राकृतिक व्यवहार को प्रभावित करती है और शरीर विज्ञान और सर्कैडियन लय को बाधित कर सकती है। यह भले ही नया शोध है, लेकिन महत्वपूर्ण और व्यापक पारिस्थितिक चिंता का विषय है। वैज्ञानिकों ने इस अध्ययन को साइंस ऑफ द टोटल एनवायरनमेंट में प्रकाशित किया है।